श्रीप्रभुजीके आगे शोकत्व रहोंगो तो मेरो अलौकिक बिगडेगो ॥ तासों अति प्रसन्नतासों लौकिक शोकको त्याग करीके अति आनंदयुक्त प्रभुनके सन्मुख गावत बजावत गये ॥ जो आप देखिके कहेंगे जो तुम्हारो आछो न भयो तो मेरो सर्वस्व बिगड जायगो ॥ तासों लौकिक सोच कछु न राख्यो ॥ न आपको दिखायो ॥ फेरी थोडी बिरियां गदाधरदासके घर बिराजके पाछें पधारे ॥ सो भोजन करी बिडी आरोगीके शैयापें पधारे ॥ सो निज सेवकको आज्ञा करी ॥ जो दश पांच वा बिरीयां पास बेठे हते ॥ तिनसों कही जो देखो इनको धर्म ॥ जो विवेक, धैर्य, ओर आश्रय तीनों इनकूं सिद्ध भयो काउकुं कछु सिद्ध भयो ओर इनको तो तीनो पदार्थ एकही काल सिद्ध भयो हे ॥ सो सुनीके सब वैष्णव वा समय पास बेठे हते सो प्रशंसा करी गदाधरदासकी सराहना करवे लगे ॥ सो जीनके श्रीप्रभुजी आप श्रीमुखते सराहना करे हे जो पुष्टिमार्गमें विवेक धैर्य ओर आश्रय तीन पदार्थ मुख्य हे ॥ तामेंते कोइ भाग्यवानकुं एक पदार्थ सिद्ध होय हे ओर ए गदाधरदासकुं तीनो पदार्थ सिद्ध भये ॥ सो ए गदाधरदासके अहोभाग्य हे ॥ सो वे गदाधरदास एसे टेकके कृपापात्र हते ॥ तासों वैष्णवकुं तीनों जो विवेक धैर्य ओर आश्रय विषे रेहेनो मुख्य पदार्थ येइ हे ॥ श्रीमहाप्रभुजी ने विवेक धैर्याश्रय ग्रंथ, षोडष ग्रंथमें निरुपण कर्यो हे ॥ तासों ए ग्रंथ मुख्य हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकवीसमो संपूर्ण ॥ २१ ॥

 [वचनामृत २२ मो.] 

अब आपने बावीसमो वचनामृत आज्ञा करी ॥ जो जेपुरके राजेन्द्र माधोसिंहजी परम वैष्णव हतो ॥ सो वाके राजमें एसी रीति हे ॥ जो गलताजीवारे संत महंत राजमें आवे ताकी संग चेला आवे तिन सबनको चरणामृत राजाजी आप ले एसी ठेठकी रीति हे ॥ राजाजी अपने हाथसों सबको पांव धोवे ओर सबको चरणामृत लेते ॥ सो माधोसिंहजीकुं ए

बात आछी न लागती ॥ परंतु ठेठका रीतिसों करनी पडती ॥ सो वाको एक प्रयत्न रच्यो सो अपने घोडाको चरवादार हतो ताको बिन गलता-जीवारेनको चेला करवायो ॥ फेरी वे संत महंत आये तब चेलानमें वेहु आयो ॥ तब इनकी रीति प्रमाण राजेन्द्र इनके पांव धोवते जाय ओर चरणामृत लेते जाय ॥ सो लेते लेते वे चरवादारको नाम पुरिया हतो सोउ पांव धोवायवेकुं आयो ॥ तब राजेन्द्रजीने कही के अरे पुरिया तुं हे ॥ तब उठीके हाथ जोडीके कही जो अन्नदाताजी इनमें सगरे पुरियाइ पुरीया हे ॥ कोइ अधूरो नही हे ॥ वे सबकी पेहेचान वा पुरियानें याद दिवाइ जो ए फलांणो हे ए ढोकणो हे एसे सबकुं ओलखाये ॥ फेरी वा दिनसुं वे संतमहंतको चरणामृत लेनो बंध भयो ॥ दूर ते जल डारी देहें इतनो वाको सन्मान राख्यो ॥ ओर पांव अपने हाथसों धोवते चरणामृत लेते सो सब छोड दीयो ॥ फेरी सबनकुं शीख दीनी ॥ ओर कह्यो जो एसेइ गवोला सबनमें चलेहें ॥ मार्ग तो एक श्रीमहाप्रभुजीको मुख्य हे ॥ जामें काहु बातकी कसर नहीं हे ॥ एसे निश्चय भयो ॥ जो ए माधवसिंहजीसों आज तांइ जेपुरके राजा हमारे घरके सेवक होते आये हे ॥ सो ए मर्यादा इननें तोडी ॥ ओर सब संप्रदायको हक्क राजमेंते उठाय दीयो ॥ ए जेपुरको घर सातसें वर्ष पहेलेके राजा कछु समजते न होयंगे जो वैष्णवताको संग्रह कर्यो होयगो ॥ वा समयमें कोइ शास्त्रार्थ करवेवाले न होयंगे सो आपनहो चतुर भये ॥ एसी पूछताछ अबही भइहे ॥ ओर भगवद् द्वेष अबही होवे लग्यो हे ॥ सो भगवद् द्वेषीनकुं कहा कहेनो ॥ आपने आज्ञा करी सो श्लोक ॥

यः पुमान्पितरं द्वेष्टि तम् विद्यादन्यरेतसं ।
यः पुमान् श्रीहरिद्वेष्टि तं विद्यादन्यरेतसं ॥ १ ॥

यह श्रीजगदीशकी आज्ञा हे ॥ जो अपने बापसों तथा श्रीठाकुरजीसों द्वेष करे सो दुसरेके वीर्यतें उत्पन्न भयो जाननो निश्चय हे ॥ ता पर एक

प्रसंग कह्यो ॥ के इन राजाजीकुं नाम सुनायवेकुं श्रीदादाजी महाराज जेपुर पधारे ॥ तब इनकुं नाम सुनायके पधारे तब राजाजी विदा करीवेको आये ॥ तब रावलजी लक्ष्मणसिंहजो तथा बडी राणी केसरबाइने राजाजीकुं शिखायके विनति करवाइ जो पृथ्वीनाथ ! म्हारो सगपण उदयपुर व्हे एसे आप करें ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो हम दिवानजीसों केहे देइंगे ॥ करनो नकरनो तो इनके हाथ हे ॥ फेरी आप कांकरोली पधारे ॥ पाछें जब आप उदयपुर पधारे तब महाराणाजी स्वरूपसिंहजी स्हामें पधरायवे आये ॥ जब जेपुर संबंधी बात्त भइ ॥ तब आज्ञा करी जो जेपुर राजेन्द्रने हमकुं बोहोत प्रसन्न राखे ॥ फेरी आज्ञा कीये जो बडे राणाजी सिरदारसिंहजीकी बाइ दोय हे तिनमें सुं एकादको सगपण जेपुर होय तो बोहोत आछो ॥ क्योंके बराबरीकोठिकानोहे तासों व्याहको आनंद आछो आवेगो ॥ ओर इननें या बातकी कहेनहु करी हे ॥ तब राणाजीनें कहीजो आप कहे तेसें संमत हे सब तरेह आछो हे ॥ परंतु आपकी आज्ञा उल्लंघन सर्वथा नहीं करनी ॥ परंतु वीर्यपलट सुनेहे ॥ सो लोकप्रसिद्ध हे ॥ तासों आप नाहीं लिखेंगे ॥ पाछें एकाद दिन बिराजीके आप कांकरोली पधारे ॥ फेरी जेपुर लिखी दीनो जो इहां करवेको इनको मन नहीं हे ॥ सो एसे वे बातकी आज्ञा करीके आप पोढे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत बावीसमो संपूर्ण ॥ २२ ॥

[वचनामृत २३ मो.]

अब तेवोसमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो माधासिंहजोके बेटा प्रतापसिंहजी हते सोउ बडे भक्त हते ॥ सो श्रीव्रजनिधजीके उपर बोहोत आसक्ति हती ॥ ओर इननें पद ख्याल ठुमरी बोहोत कीये हे तामें छाप श्रीव्रजनिधजीकी धरीहे ॥ सो श्रीव्रजनिधजी श्रीविट्ठलनाथजी महाराज तातजीके सेव्य कोये हे ॥ सो इन प्रतापसिंहजीके अगाडी वात चली जो श्रीवल्लभकुल तो आखो दिन सेवामेंइ रहेहे ॥ सो या बातमें राजाकुं संदेह

भयो ॥ जो मंगलातें राजभोग पर्यन्त तथा उत्थापनतें लगाय सेन पर्यन्त तो सेवा हे सो तो जाने हे॥परंतु आखो दिन कहेहे सो बिचमें कहा करते हायगे एसे संदेह मनमें रह्यो तब एक दिना राजभोग उपरांत प्रहर एक पीछे अचानक श्रीगोकुलनाथजीके मंदिरमें चले गये ॥ सो जातेइ जनानामें चले गये ॥ सो इहां श्रीदादाजी, श्रीकमलावहुजी, श्रीगोस्वामी श्रीगोवर्धनेशजीके बहुजी सो गादि तकिया उपर बिराज रहे हते ओर अगाडी आरति थालमें पुरत हते ॥ सो राजाको देखीके चादर ओढी लीनी ओर बाइनसों हेला पाडे सो बाइ सब खाय रही हती ॥ फेरी राजाने विनति करी जो आप तो मेरी मा हो ओर में बेटा हुं ॥ अब लाज केसी ॥ तो हुं आपतो बोले नहीं ॥ चादर ओढीके गादीपें बिराज रहे ॥ फेरी राजाने माको पटा भेट कर्यो ओर वा दिनासों मा कहीके बोलते ॥ ओर गाम भेट करे ओर निश्चय भयो ॥ जो इनको व्यवहार आठो प्रहर सेवामेंइ हे ॥ सो ए तो काननसोंसुनी आगली वात हे ॥ ओर अब देखवेमें हमारे भाभीजी श्रीपद्मावती वहुजी महाराजको अष्टप्रहर सेवामेंही लग्न हे ॥ दोउ बिरियां न्हाये विना चले नहीं ॥ ओर जगायवेतें लगाय पोढायवे तांइकी सेवा सब अपने श्रीहस्तसों करते हे ॥ ओर भोग रागसों तथा अनेक तरेहके मनोरथसों श्रीद्वारकाधीशको लाड लडावेहें ॥ काहु वातकी कसर नही॥रसोइ अपने श्रीहस्तसों बोहोत सुंदर करे॥सो श्रीप्रभुजी चारों श्रीहस्तसों आरोगे हे॥सो महाप्रसादद्वारा स्वाद मालम पडे हे॥तथा आरति ओर छट्ठी आप बहुत सुंदर मंडे हे॥सो ओर तो काहा जाने परंतु हमारी जातिके वहु बेटी तथा कोइ वैष्णव भाविक सेवामें रीतिभांति जाने सो समजे ॥ सो बोहोत सरावे हे ॥ छट्ठीकी वेली प्रतिसाल नइ नइ होवे हे ॥ सो एसी विचित्रता ओर जगे देखवेमें आवे नहीं ॥ ओर हमकुं तो श्रीद्वारकाधीशकी सेवाको अलौकिक फल आपके चरणारविंदके प्रतापसों मिल्यो हे ॥ ओर हमतें जो कछु बने हे सो सब आपका अनुग्रह जाननो ॥ ओर हमतो

नित्य प्रति श्रीद्वारकाधीशपें यह मांगे हे ॥ जो यह चरण सदा हमारे माथेपें रहे ॥ ओर आज कालजो सुख श्रीप्रभुजीको हे एसो सुख सदा सर्वदा बन्यो रहे एह मागे हे ॥ ओर श्रीविट्ठलेशरायजीके घरमें श्रीविट्ठलरायजी के वहुजी श्रीरुकमणीवहुजी जाको उपनाम श्रीदादीजी महाराज सब कोउ कहेते हे ॥ सो आप बिराजे तहां तांइ श्रीविट्ठलेशरायजीकी सेवा बडी अलौकिक स्नेह रीतिसों करी ॥ सो सेवा तो आज हु होय हे ॥ ओर श्रीनटवरलालजीके यहां हमारे नानीजी श्रीव्रजकोरवहुजीने श्रीनटवरलालकुं वेसेइ लाड लडाये ॥ सो वा समय द्रव्यादिकको संकोच हतो ओर अबके तो द्रव्यादिकसों आनंद हे ॥ सो काकाजी श्रीव्रजरायजीहुं परम स्नेहसों दोउ मंदिरमें सेवा करे हे ॥ सो बडो वैभव तथा रागभोगमें कछु कसर नही ॥ ए तो हमारी दृष्टिपथसों देखी वात हे ॥ ओर कीर्त्तनको सुख तो श्रीद्वारकाधीशको जो हे ॥ वेसो ओर जगे नहीहे ॥ तासों अपने भक्तिमार्गमें मुख्य सेवाही पदार्थ हे ॥ जो स्नेहपूर्वक करे जाकी सराहना ओर बडाइ होय सो कहां तांइ लिखे ॥ मुख्य सार सेवाहि जाननो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजीमहाराजके वचनामृत त्रेवीसमो संपूर्ण. ॥२३॥

[वचनामृत २४ मो.]

अब चोवीसमो वचनामृत आपनें आज्ञा करी जो आजकाल तो राजानमें मुख्य भगवद्भाविक श्रीकिसनगढके राजाजी पृथ्वीसिंहजी हें ॥ सो अपने मार्गमें बोहोत कुशल हे ओर अपने मार्गके ग्रंथ बोहोत देखेहे तथा पढेहुहे ॥ ओर सेवामें स्नेह बोहोत हे ॥ सो श्रीकल्याणरायजो श्री गुसांइजीके सेव्य हे ॥ सो इनके माथे बिराजे हे ॥ सातो बालक इन श्रीकल्याणरायजी सों शृंगार शिखते सो स्वरूप किसनगढ राजाजीके माथे बिराजे हे ॥ ओर नागरिदासकृत कीर्त्तन गवेहे सो वे अगाडी किसनगढके राजा भये तिननें करेहे ॥ सो नागरिदास बडे भगवदी भये हे ॥ तासों आज तांइ किसनगढके राजाजीके घरमें अखंड भक्तिभाव अबीतांइ एक-

सार चल्यो जाय हे ॥ हम किसनगढ गये सो देखीके चित्त बोहोत प्रसन्न भयो ॥ राजाजीने ब्रह्मसंबंध कोटावारे गोस्वामी श्रीकन्हैयालालजीको कर्यो हे ॥ ओर महाप्रसाद मंदिरमें ही लेवेहे ॥ ओर सावकाशमें विद्वन्मंडनकी पोथी देखे हे ॥ ओर श्रीमहाप्रभुजीको चित्र जो आप बिराजतेइ भयो हे सो प्राचीन स्वरूप चित्र इनके यहां बिराजत हे ॥ सो मंदिरमेंइ श्रीकल्याणरायजीके पास बिराजे हे ॥ तब दासने विनति करी ॥ जो कृपानाथ ए चित्र इनकुं केसे प्राप्त भयो ॥ तापर आपने आज्ञा करी ॥ जो पृथ्वीपतिने चितेरे पठायके चारों संप्रदायके आचार्य ता समय जो होइंगे तिन सबनके चित्र करवाय मंगाये तामें श्री महाप्रभुजीके चित्र पृथ्वीपतिके पास आयो ॥ सो किसनगढ राजाजीनें दर्शन करे सो चित्तमें आइ जो ए पदार्थ इहां न चैये ॥ ए पदार्थ काहु भांतिसो अपने माथे बिराजे तो अहोभाग्य ॥ सो देशाधिपतिके सब राजा चाकरी करते ॥ सो एक समे कछु भारी काम आयो ॥ सो काहुसों न बन्यो सो किसनगढ राजाजीने श्रीप्रभुनकी कृपातें वे काम सही कर्यो ॥ सो देशाधिपतिकी बहुत प्रसन्नता भइ ॥ तब कह्यो जो जो मागो सो देउं ॥ तब इनने यह माग्यो जो हमारे इष्टगुरुदेवको चित्र आपके यहां बिराजे हे सो देउ ॥ तब वे चित्र देशाधिपतिने किशनगढ राजाजीकुं दियो ॥ सो ता दिनसों ए श्रीमहाप्रभुजीको चित्र किसनगढ बिराजे हे ॥ ओर श्रीगुसांइजको असल चित्र श्रीचंद्रमाजीके घरमें बिराजे हे ॥ सो श्रीगुसांइजी आप श्रीहस्तसों अलंकृत करीके श्रीरघुनाथजीकुं दीयो हे ॥ सो स्वरूप[१] गौर हे ॥ तहां संदेह होय जो आपको श्याम स्वरूपको वर्णन कहे हे ॥ सो तहां निर्णय ॥ जो छितस्वामी वधाइमें कही आये हे ॥ जो "सांवरे वर्णपूर्ण घनचंदा देखीयत तीनलोक उजीयारे" ॥ तथा वल्लभाख्यानमें दोउ जगे निरूपण हे. प्रथम ही आरंभमें "वंदु श्रीविठ्ठलवर सुंदर नव घनश्याम

१. श्रीगुसांइजीना गौर स्वरुप संबंधी अमे प्राचीन भगवदीयोना श्रीमुखथी जे आख्यायिका श्रवण करी छे ते नीचे मुजबः—

तमाल"॥ सो ए हु स्याम स्याम स्वरूप निरुपण भयो तथा दुसरे॥ "सगुण स्नेही श्यामलावाला अहर्निश दर्शन आपोजी"॥ यहां हु श्याम-स्वरूप निरूपण हे॥ तासों इत्यादि वाक्यतें निश्चय तो श्यामस्वरूप हे॥ परंतु ए वात हमने एक दो शिष्ट चितेरेनकुं पूछी सो इनने कही के हमकुं तो लिखिके श्लोक दियो हे॥

सायं कुञ्जालयस्थासनमुपविलसत्स्वर्णपात्रं सुधौतं
राजद्यज्ञोपवितं परितनु वसनं गोरमम्भोजवक्त्रम्।
प्राणानायम्य नासापुटनिहितकरं कर्णराजद्विमुक्तं।
वन्देऽर्धोन्मीलिताक्षं मृगमदतिलकं विट्ठलेशं सुकेशम्॥

तथा कवित॥ आपको कर्यो थको सो कवितः—सांझके समय कुंजसदनमें बिराजमान कनकके पात्र शुभ धोवती कसतहें॥ यज्ञोपवित अंग उपरना हुं श्वेत सोहे गौर ए भोजमुख मंद मुसकत हें॥ नासिकापकरि प्रणायम्यहुं आप करे सुंदर सुकेश कर्ण मोती द्वे लसत हें॥ अर्ध यन्मिलनेत्र तिलक मृगमदको भाल एसे विट्ठलेश भक्तहृदयमें बसत हे॥१॥ याको अर्थ॥ जो सायंकालके विषे कुंजालयमें बिराजत हे सो आपके सन्मुख सुवर्णपात्र धर्यो हे॥ ओर सुंदर धोती धारण करी हे॥ शोभायमान यज्ञोपवित धारण कर्यो हे॥ ओर उपरणा धारण कर्यो हे. ओर सुफेद कमल जेसो मुखार-

आपश्रीना पंचमलालजी श्रीरघुनाथजीने एवो नियम हतो के पोते शैयामांथी उठतां नेत्रकमल मुंदीनेज उठता अने श्रीगुसांइजी पासे पहोची दंडवत करी आपश्रीना मुखारविंदनो झांखी करे त्यारे नेत्र खोलता. एक समय पोते सहेज अवेरा जाग्या तेथी पोताने श्रीगुसांइजी पासे लेइ जनार खवास भगवदिच्छाथी ते स्थळे हाजर नही होवाथी आपश्री एकलाज श्रीगुसांइजी पासे चाल्या, नेत्र मुंदेला होवाथो वच्चे एक थांभलो आव्यो ते आपश्रीने वाग्यो छतां पीते तो श्रीगुसांइजी पासे पहोच्या, दंडवत करी मुखारविंदनां दर्शन करी नेत्र खोल्यां. श्रीगुसांइजीए पुछ्युं! बावा आ शुं थयुं? पोते सघळी हकीकत निवेदन करी आथी तत्क्षणेज श्रीगुसांइजीए एक चितारानें बोलावी पोतानुं स्वरुप सिद्ध कराव्युं तो गौर स्वरूप आव्युं, बीजी वखत पण गौर स्वरुप आव्युं, त्रीजी वखत पण तेमज थयुं, तेथी पोते विचार कर्यो के हवे आ स्वरुपथीज भूतल उपर बिराजवानी श्रीनी इच्छा जणाय छे त्यारथी पोतानुं गौर स्वरुप थयुं छे, आ वार्त्ता श्रीगुसांइजीनो ५८ वर्षनी उम्मरे बनी छे एम भगवदीयो कहे छे.

विंद ॥ ओर श्रीहस्तसों प्राणायम्य करे हे ॥ ओर दोनोइ श्रीकर्णमें मुक्ता धारण करे हे ॥ ओर कछुक खुले नेत्र हें ॥ ओर कस्तुरीको तिलक श्री मस्तकपें सदाइ बिराजेहे ॥ सुंदर हे केश जीनके ॥ एसे श्रीगुसांइजी आप हे ॥ सोइ आज्ञातें गौर वर्ण चित्र भये ॥ परंतु आपको स्वरूप तो श्यामहीहे यह निर्धार भयो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत चोवीशमो संपूर्ण ॥ २४ ॥

 [वचनामृत २५ मो.] 

अब पचीशमो वचनामृत आप आज्ञा करी जो संवत् १९३३ के माघ कृष्ण ९ नोमके दिन सोमवार हतो ॥ सो श्रीभाभीजी महाराजने आज्ञा करी जो अबके आखे शीतकालमें मावठा भयो नहीं ॥ एसी आज्ञा राजभोग आरती समे करी ओर कह्यो जो राजभोग उपरांत चंदोवा बंधाय दीजो ॥ ओर उत्थापन समय अंगीठी तीन करवाइयो ॥ तब हमने फेरि विनती करी जो जे जे जोरावरीसों ॥ तब आज्ञा करी जो आखो शीतकाल यैंाइ जावे लग्यो तब केसे करे ॥ सो झापटीयाजीसुं केहेवाय दीनी जो चंदोवा बंधाय दीजो तथा अंगीठी तीन कराय दोजो ॥ सो वाइ प्रमाण मंदिरमें तो भयो ओर ठंडहु पडी जो ॥ मावठाको कार्य एसेही होत लग्यो ॥ एसे श्रीप्रभुजी अपने स्वकीय भक्तनके मनकें मनोरथ निरंतर सिद्ध करत हे ॥ ए वार्ता आज भइ ॥ सो एइ आज्ञा करिके पोढे ॥ एसे श्रीवल्लभदेवके बालकको प्रताप हे जो इच्छामें आवे सोइ करे ॥ श्रीवल्लभ चाहे सोइ करे ॥ सो जाबिरियां आज्ञा भई ॥ ताबिरियां कछु न हतो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पचीशमो संपूर्ण ॥ २५ ॥

 [वचनामृत २६ मो.] 

अब छवीसमो वचनामृत आपनेआज्ञा करी ॥ जो हमारे श्रीचन्द्रमाजीके चरणस्पर्श तथा आरतीको व्यवहार हे ॥ ओर शृंगारको नही हे ॥ सो मुखीयाजीके पुत्र द्वारकादासनें प्रश्न कर्यो ॥ जो चरण स्पर्शवारेकों

आरती केसे मिले ? ओर चरण स्पर्शवारे कुं आरती ए तो नइ बात हे ॥ ताको कारण कहा ? तापर आपनें आज्ञा करी जो अपने घरके श्रीगिरिधरलालजी भवाइवारेनें श्रीचंद्रमाजीके घरके श्रीवल्लभजी महाराजके पास गानविद्याको अभ्यास कर्यो हतो ॥ सो श्रीवल्लभजी महाराज श्रीजीद्वार हते ॥ सो कांकरोली आये सो गुरुदक्षिणामें श्रीद्वारकाधीशकों शृंगार दियो ॥ ओर परस्पर व्यवहार कर्यो ॥ ओर शृंगारकी सेवा सब दीनी ॥ सेवा करि विदा होयके कामवन पधारे ॥ फेरि श्रीगिरिधरलालजी महाराज व्रजकुं पधारे यात्राके लिये ॥ सो खबर गोस्वामी श्रीवल्लभजीकुं भइ जो श्रीगिरिधरलालजी श्रीगोकुल पधारे हे ॥ तब आप श्रीवल्लभजी महाराजने मुखीयाजीसों आज्ञा करि जो मैं कांकरोली गयो तब श्रीद्वारकानाथजी के सेवा शृंगार करे हे ॥ सो अब ए अपने इहां आवेंगे तब देने पडेगें ओर अपने इहां तो कोइको शृंगार देवेकी रीति हे नही ॥ जो में यहां रहुंगो ॥ ओर ये इहां आवेंगे तो शृंगार जरुर देने पडेगें ॥ तासों परदेश जाउं ॥ ओर ए इहां आवे तो तुम सेवा शृंगारीकी करवाइयो ॥ परंतु शृंगारकुं तुम बेठी जइयो ॥ वा बिरियां ए कछु कहे तो तुम कहियो "जो हमारे महाराज तों परदेश पधारे हे ओर मेरो सामर्थ्य नहीं हे" एसे कहियो ॥ ओर सब भांतिसो समाधान राखोगे ॥ ओर मेरो तो एसे करें बिना बचवेको उपाय हे नही ॥ तासों एसे समजायके काशीके परदेशकुं पधारे ॥ शिघ्र ही तैयारी छानें छानें करी दीनी ॥ सो काहुको खबर न पडी, जो काशीके परदेशकों पधारे हे ॥ फेरि श्रीगिरिधरलालजी कामवन पधारे, सो श्रीचन्द्रमाजीके मंदिरमें इ उतरे ॥ सवेरकी वखत आप स्नान करि शंखनाद करवाये ओर मुखीयाजी हुं आप सो अत्यंत प्रसन्नतासों सब सेवामें हाजर रहे ॥ ओर मुखियाजीने मंगलभोग धरिके आपसुं विनति करि जो आपके पधारेकी महाराजकुं खबर नही ओर कछु अचानक बात आय पडी सो उतावले काशीको पधारे ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो हमारे मिलवेको

चित्त बहोत हतो॥ सो बिराजतें तो हमकुं हुं मिलते ॥ फेरि समय भये मंगलभोग सराये, मंगला आरति करिके श्रीहस्त धोवे पधारे इतनें मुखियाजी शृंगारकी चोकी उपर श्रीठाकोरजीकुं पधरायके शृंगार करवें लगि गये ॥ फेरि श्रीगिरिधरलालजी श्रीहस्त धोयके पधारे ओर आज्ञा करि जा मुखियाजी ए बात केसे ॥ तब मुखियाजीनें बिनती करी जो कृपानाथ ! ए बात मेरे बलकी नांही हे ॥ आपने मोकों आज्ञा नही करी ॥ जो शृंगार देवेकी मेरी सामर्थ्य नही हे ॥ जो आप बिराजते तो सब बात होती ॥ तासों ओर सेवा तो आप भलेइ करे ॥ आपको घर हे ॥ फेरि आपनें आज्ञा करि जो भले जेसो हमकुं इहां मिलेगो तेसे हमारे घरसों इनकुं मिलेगो ॥ एसे कहे के बिराजे, ओर तो सब सेवा करी ॥ तबसों श्रीचन्द्रमाजीके घरवारेनसों शृंगार व्यवहार नहीं हे ॥ ओर सेवा तथा आरतीको व्यवहार रह्यो ॥ ओर सातो घरनके श्रीगुसांइजीको व्यवहार तो लेनो देनो बराबर हे ॥ ओर श्रीगुसांइजीकुं तो देनोइ हे ॥ श्रीचन्द्रमाजी सानुभाव हते दिखावते ओर काकाजी श्रीव्रजभूषणजीकी हुं बडी कृपा हती ओर इनके बेटा व्यास मुरलीधरजी बेहु बहोत आछे हते ॥ कितनेक समाचार श्रीचन्द्रमाजीके घरकी रीतिके इनके मुखतें वाकब भयेहे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत छवीसमो संपूर्ण ॥ २६ ॥

[वचनामृत २७ मो.]

अब सत्ताइसमो वचनामृत आपने आज्ञा करी ॥ जो श्रीगुसांइजी आपनें श्रीमहाप्रभुजीके तीन ग्रन्थ कीये हे ॥ जाके नाम ॥ एकतो [1]श्रीसर्वोत्तम हे ॥ जोयामें आपके अष्टोत्तरशत नाम निरूपण करेहें ॥ ओर सर्वोत्तम नाम धर्यो ॥ सो सबनमें श्रेष्ठ हे ॥ तासों सर्वोत्तम एसो नाम धर्यो ॥ ओर [1]श्रीवल्लभाष्टक किये ॥ तामें आपके स्वरूपको वर्णन कर्यो ॥

१ २. श्रीसर्वोत्तमस्तोत्र तथा श्रीवल्लभाष्टक आ बे ग्रन्थ उपर गुजराती टीका अमारा तरफथी छपाइ हालमां प्रगट थइ छे.

ओर श्रीस्फूर्त्तिकृष्णप्रेमामृत ग्रन्थ कीयो तामें आपके गुणको वर्णन कर्यो॥ जो श्रीमहाप्रभुजीके गुणानुवाद एसे हे॥ जो ए तीन्यो ग्रन्थको पाठ वैष्णवकुं नित्य प्रति करनो चाइये॥ ओर श्रीमहाप्रभुजीके तथा श्रीगुसांइजीके बावन ग्रन्थ हे तामें षोडश ग्रन्थ श्रीमहाप्रभुजी आप प्रथम किये॥ तिनमें आपनें सब मार्गको सिद्धान्त निरूपण कर्यो हे॥ तामें प्रथम श्रीयमुनाष्टकको आरंभ कर्यो॥ जामें कारण येइ हे जो "स्वभावविजयो भवेद्वदति वल्लभः श्री हरेः" याको पाठ करेतें स्वभावको विजय होवे हे॥ तासों श्री यमुनाष्टकको पाठ प्रथम करनो॥ षोडश ग्रन्थके प्रारंभमें प्रथम श्रीयमुनाष्टक राख्यो हे॥ सो याइ कारण॥ जो प्रथम स्वभावको विजय होय तब अलौकिकमें प्रवेश होय॥ ओर श्रीयमुनाजीकी तिन ठोर मुख्यता राखी हे॥ "विशुद्धमथुरातटे" सो तो "विश्रांत" जहां श्रीमहाप्रभुजी तिबारीमें विराजे हे॥ ओर दुसरो "सकल गोप गोपीवृते"? "रावल ओर ठकुराणी घाट हे"॥ सो मम मनःसुखं भावय॥ जो मेरे सुखपूर्वक भावना होय॥ सो ए श्रीमहाप्रभुजीके वचनामृतहे॥ दुसरो ग्रन्थ सिद्धान्त मुक्तावलि किये॥ तामें सब संशयको नाश होय॥ ओर मुख्य जो मानसी सेवा ताको प्रश्न बताये ताके साधन दोय "तनुजा तथा वित्तजा" ओर तिसरो ग्रन्थ बालबोध किये तामें मार्गकी रीति बताइ॥ ब्रह्मको निरूपण किये॥ ओर बालबोध यातें नाम धर्यो जो सहजमेंइ बोध बलवंत् होय ओर चतुर्थ ग्रन्थ पुष्टिप्रवाहमर्यादा करे॥ जामें पुष्टिको तथा प्रवाहको तथा मर्यादाको भेद तीनों न्यारे न्यारे देखाये॥ पांचमो ग्रन्थ सिद्धान्तरहस्य किये॥ जामें जीवकुं ब्रह्मसंबंध अवश्य करनो॥ जासों सर्व दोषकी निवृत्ति होय॥ भगवद् प्राप्ति होय॥ ओर छट्ठो नवरत्न ग्रन्थ आज्ञा किये॥ जामें चिंताकी निवृत्ति किये॥ चिंता निवृत्त भये विना अलौकिक प्राप्ति न होय॥ तामें मुख्य "श्रीकृष्णः शरणं मम" येह औषधि रूप साधन हे॥ तासों चिंता रेहेवे पावे नही॥ जब

चिंताकी निवृत्ति भइ तब अंतःकरणमें बोध लगे ॥ सो फेरि सातमो अंतः-करण प्रबोध कर्यो सो अंतःकरण प्रबोध कर्यो जामें श्रीकृष्णके नाम विना परम दैवत नांहिहे ॥ येहे निश्चय भयो तब अंतःकरणको प्रबोध भयो ॥ तदनंतर अष्टम विवेकधैर्याश्रय ग्रन्थकीयो जामें विवेक, धीरज ओर आश्रय ए तीनों निरूपण किये ॥ जो वैष्णवकुं समयानुसार तीनोंको ग्रहण अष्ट-प्रहर राखनो ॥ तब नवमो श्रीकृष्णाश्रय निरूपण कर्यो ॥ जामें आगे आश्रय उपर निरूपण कर्यो हे सोइ श्रीकृष्णाश्रय मुख्य हे ॥ तदनंतर दशमो चतुःश्लोकी निरूपण कर्यो ॥ जो आश्रय करिके श्रीकृष्णको चर-णारविंद सेवनभजन करनो ॥ येइ मुख्य पदार्थ हे इनसों भक्ति बढे ॥ ता पाछें एकादशमो भक्तिवर्द्धनि किये ॥ जासों भक्ति बढे जामें दोय मुख्य राखे सेवा ओर कथा ॥ पाछें द्वादशमो जलभेद भयो ॥ जामें वक्ता वीश-प्रकारसों निरूपणकरे ॥ ता पाछें त्रयोदशमो पंच पद्यानि आज्ञा करे तामें श्रोताके भेद कहे ॥ ता पीछे चतुर्दशमो संन्यासनिर्णय आज्ञा करे सो कलिमें संन्यास वर्जित हे ॥ क्यों जो संन्यासी होयके कर्मत्याग होय नही तो वा संन्यासीके लीये शास्त्रमें ओर श्रीगीताजीमें लिख्यो हे जो श्लोकः—काम्यानां कर्मणां त्यागं संन्यासं कवयो विदुः ॥" तासों काम्य कर्मको त्याग करनो सो या युगमें होय न सके, तासों भक्तिरूपी संन्यास करनो ॥ ताकी विधि सब या ग्रन्थमें बताइ हे ॥ ता पीछे पंदरमो निरोध लक्षण आज्ञा किये ॥ जो भक्तिरूपी संन्यस्त सिद्ध भये पीछे निरोध होय सो कहा ॥ तब आपने आज्ञा करि ॥ जो सब इंद्रिनके अनुरागसों तथा लौकि-कसों आसक्ति छूटि जाय ओर केवल भगवद्चरणारविंदमें चित्त लगी जाय ताको नाम निरोध हे ॥ सो निरोध सिद्ध भये पीछे सेवाफल निरूपण कर्यो जो निरोध भये पीछे सेवा सिद्ध होय ॥ सेवा सिद्ध भये पीछे कछु न रह्यो ॥ सर्वोपर साधन मुख्य सार हे सोइ सेवाहे ॥ या प्रकार श्रीमहाप्र-भुजी अपने आधुनिक जीव उपर कृपा करिके स्वाभिप्राय षाडशग्रन्थ निरू-

पण किये॥ सो वैष्णवको षोडशग्रन्थको पाठ नित्य नियमपूर्वक करनो उचित हे ॥ तासों अन्यथा दोष बाधा न करे॥ ओर श्रीपुरुषोत्तमसहस्र नाम स्तोत्र आपके बडे पुत्र श्रीगोपीनाथजीकों यह नेम हतो जो श्रीमद्-भागवतजीको पाठ भये पीछे भोजन करनो ॥ सो तिसरे दिन श्रीभागवतजीको पाठ पूरो होतो तब भोजन करते ॥ सो बात श्रीमदाचार्यजीको निभ्यति न दिखी सो या के लिये श्रीभागवतजीमेंसों श्रीपुरूषोत्तमके सहस्रनाम प्रगट करिकें श्रीगोपीनाथजी सों आज्ञा करी जो याको पाठ करवो करो जासों श्रीमद्भागवतजीके समग्र पाठको फल होयगो ॥ यह आज्ञा भई तब श्रीगोपीनाथजीकुं नित्य भोजनकी अवकाश आइ ॥ तासों श्रीमहाप्रभुजीने तथा श्रीगुसांइजीने जीतने ग्रंथकिये हे सो सब स्वाभिप्राय आज्ञा किये हे ॥ तासों ए ग्रन्थको परिचय वैष्णवकुं राखनो॥ ओर प्रबोध तथा श्रीमधुराष्टक तथा श्रीस्वामिन्यष्टक तथा श्रीस्वामिनीस्तोत्र तथा परिवृढाष्टक तथा आर्या तथा गुप्तरस तथा व्रतचर्या इतने ग्रंथको पाठ श्रीगोस्वामी बालक करे ॥ वैष्णवकुं योग्यता नही हे ॥ एसे आज्ञा करिकें आप पोषाक धरिकेखिरकमें गौमाताकुं मीठी थुली अरोगायवेकुं पधारे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सत्तावोशमो संपूर्ण ॥ २७ ॥

[वचनामृत २८ मो.]

अब अट्ठावीशमो वचनामृत आपने आज्ञा करे ॥ जो खिरकमें पधारे सो गौमाताकुं थुलीप्रसाद खवायके बेठकमें पधारे ॥ सो वा दिन मिति माघकृष्णपक्ष १० मंगलवार, संवत १९३३ के दिन आप अत्यंत प्रसन्नतामें बिराजे ॥ ओर आज्ञा करि जो आजको दिन अत्यंत आनंदको हे ॥ खिरकमें ग्वाल गांगबोले ॥ फेरि ग्वालको मुखिया गौरज लायो ॥ सो गौरज आपने नेत्रनसुं लगाइ तथा श्रीअंगमें लगाइ ॥ तब दासने विनती करी जो कृपानाथ ! गौरज मोढेमें लेनी के न लेनी ॥ तब आपने आज्ञा करि जो गौरज तो शरीरसों तथा आंखनसों लगावनी चाहीये मोढेमें नही लेनी

॥ तब आपनें आज्ञा करि हे "जो गौरज गंगा न्हात हों" जो इनको माहात्म्य शरीरकों लगायवेको हे ॥ सो सब देह पवित्र हो जाय ओर मोढेमें न लेवेको अभिप्राय ये हे ॥ जो गौरजमें बाल आवेहे सो बाल आवे तो बडो अपराध पडें तासों न लेनी ॥ तापें आपने आज्ञा करि जो एक मुकुंद ब्रह्मचारी हतो ॥ सो देशाधिपति होवेके लीये नखशीख तांइ अपने शरीरको होम कर्यो ॥ सो चेलानकुं कही राख्यो जो सब देहहोमते मोढो आवे तब मोकों दुध पिवाइयो ॥ सो सब देह होमते जब मोढो शेष रह्यो तब दुध पिवायो ॥ सो बिनाछांनें पिवायो तासों देशाधिपति तो भयो ॥ परंतु म्लेच्छ भयो ॥ सो अकबर पादशाह भयो ॥ सो दुधमें केश आयो तासों ॥ ओर चेलाने हुं पियो सोउ सब म्लेच्छ भये ॥ ओर जिन चेलाने दुध नहि पियो सो उत्तम जातिमें बिरबलादि हिंदु भये ॥ सो ए बाल दुधके भीतर आवे ताको अपराध एसो हे ॥ तासों गौरज लेवेके तांइ विचार रखनो सों गौरज शरीरकोंइ लगावनी ओर जलहुं छांनें बिना नहि पिवनो ॥ जलके भीतर बारिक जीव रहे हे देखे न पडे एसे ॥ तासों जल छांनिके इ पोवनो ॥ ओर शास्त्र श्रीमद्भागवत *एकादश स्कंधमें श्रीठाकुरजीने उद्धवजी प्रति आज्ञा करि हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत अट्ठावीशमो संपूर्ण ॥ २८ ॥

[वचनामृत २९ मो.]

अब उनतीसमो वचनामृत आपने आज्ञाकिये जो ॥ श्रीगुसांइजीके पांचमें लालबावा श्रीरघुनाथजीको व्याह हतो ॥ सो ताइ दिना तुलसीदासजी अयोध्याजीसुं आये हते ॥ सो भीड भाडसों भीतर जावे न पायें ॥ ओर भीतर श्रीगुसांइजी आप समाधि धरके बिराजे हते ॥ सो आप

*दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्
सत्यपूतां वदेद्वाचं मनःपूतं समाचरेत् ॥ श्री. भा. ११. १८. १६.

अर्थ—दृष्टिथी पवित्र करीने पग मूकवो जोइए, वस्त्रथी पवित्र करेलुं जळ पीवुं जोइए, सत्यथी पवित्र थयेली वाणी बोलवी जोइए, अने मनथी पवित्र थइने आचरण करवां जोइए.

अंतर्यामी हते ॥ सो खवासको आज्ञा करी जो बाहर एक लंबे तिलकवारो डोकरा आयो हे ताको बुलाय लाउ ॥ सो खवास जायके सब भीडमेंतें तुलसीदासकुं भीतर ले आये ॥ फेरि श्रीगुसांइजीकों तुलसीदासने दंडवत करे ॥ वा समयकी शोभा देखिके बोहोत प्रसन्न भये ॥ श्रीगुसांइजी भारी पोषाक जामा पहेरे तथा बालकहुं भारी पोषाक आभूषण विगेरे जामा धरे थके सो अत्यंत शोभाभइ थकी दर्शन करिके बडे प्रसन्न भये ॥ ओर श्रीरघुनाथजी तथा श्रीजानकीजी के दर्शन करे सो जेसी अपनी भावना हती तेसे इ दर्शन भये ॥ प्रत्यक्ष श्रीरामचन्द्रजी तथा जानकीजी साक्षात देखे ॥ तब श्री गुसांइजीसों प्राथना करी जो मोको शरण लिजिये ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो हमारे तो तुम सरिखे ओर हु बहुत हे ओर उहां श्रीरघुनाथजीको तो तुम आखे संप्रदायमें तुम्हारे जेसे तुम ही हो ॥ पूर्ण भक्त तुमही हो ॥ तासों तुम तो उहांइ रहो ॥ एसेइ बडे चोबेजुनें श्री-गुसांइजीसों विनति करी ॥ जो कृपानाथ मोको शरण लिजिये ॥ तब आपने आज्ञा करी जो तुमारे पांवतो हम पूजे हे ॥ ता करिके तुमकुं सेवक नहीं करे ॥ ओर तुम मथुराजीमें बडे पुरोहित हो ॥ तासों ए बात तो न होय सके ॥ तब फेरी विनति करी जो मोको कहा आज्ञा हे तब आपनें कही जो कंठी तो तुम वृंदावनवारे हरिदासजीवारे मोहनदासवारेकी बांधो, ओर तिलक छापा ओर संप्रदाय हमारी राखो ॥ सो आज्ञा प्रमाण अद्यापीतांइ एसेइ करे हे ॥ ओर श्रीगुसांइजीके श्रीहस्ताक्षर पुरोहिताइके इनके घरमें बिराजे हे ॥ ओर श्रीठाकुरजी इनके घरमें बिराजे हे ॥ तिनकी सेवा पुष्टि मार्गकी रीतिसों करे हे ॥ ओर श्रीहरिरायजीके श्रीपादुकाजी इनके घरमें बिराजे हे ॥ अब इनके घरमें आजके समय सोले सत्तरे आदमी हे ॥ नारायणचंद्रजीहु आछे हे, पंडित हे ओर श्रीभागवतमें हुं बोहोत आछे समजे हे, सत्संग करिवे लायक हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत उनतिसमो संपूर्ण ॥२९॥

[वचनामृत ३० मो.]

अब तीसमो वचनामृत आप आज्ञा करि॥जो एक समय श्रीगुसांइजी आप श्रीनवनितप्रियजीके शृंगार करत हते॥ ता समय सब बालक पास हते सो शृंगार करत करत आप आज्ञा किये जो "मंजुषाम् आनय" इतनेमें श्रीरघुनाथजी बोले जो जो आज्ञा॥ यौं कहेके शैया मंदिरमें पधारे॥ सो आप नीपट बालक हते॥ तासों ओर सब बालक परस्पर बातें करिवे लगे॥ जो ए कहा लावेंगे॥ ओर श्रीरघुनाथजी शैया मंदिरमें जायके विचारिवे लगे॥ जो मैं कहा ले जाउं॥ जो वेसे जाउंगो तो सब भाइ हसेंगे एसे विचार करत आपकुं रोयआइगइ॥ सो अत्यंत विरह भयो॥ इतने शैयामंदिरमें श्रीमहाप्रभुजीके दर्शन भये॥ ओर आज्ञा करी जो पेटी मगाइ हे सो ले जाउ॥ ओर आपके श्रीमुखको चर्वित तांबुल श्रीमुखमें दिये॥ ओर आप अंतर्धान भये॥ ओर श्रीरघुनाथजी पेटी लेके पधारे॥ सो नाम रत्नको प्रथम श्लोक श्रीमुखतें केहेत पधारे॥ सो सुनिके श्रीगुसांइजी तथा सब बालक आश्चर्ययुक्त भये॥ ओर श्रीगुसांइजी आज्ञा करी जो इनके उपर कृपा भइ॥ जो या नामरत्नमें श्रीगुसांइजीके अष्टोत्तरशत नाम हे॥ जेसे सर्वोत्तम हे तेसे ए नामरत्न हे॥ सो दोउ बराबर जानने॥ तासों वैष्णवकुं नामरत्नको पाठ नीत्य करनो॥ ओरहु ग्रंथ श्री रघुनाथजीने किये हे ओर व्याससूत्रको भाष्य अढाई अध्यायको श्रीमहाप्रभुजीने कर्यो हे॥ ओर दोढ अध्यायको श्रीगुसांइजीने संपूर्ण कर्यो हे॥ तासों अपने मार्गमें आचार्यत्व दोउनको हे॥ श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजीको॥ ओर श्रीसुबोधिनीजी हुं चतुर्थ स्कंधके चार अध्यायकी श्रीगुसांइजीनें करी हे परंतु श्रीमदाचार्यजीकी आज्ञा न भइ तासों प्रकरण न चल्यो॥ ताको अभिप्राय ये हे जो श्रीभागवत हे सो श्रीनाथजीको स्वरूप हे॥ ओर श्रीसुबोधिनीजी हे सो श्रीस्वामिनीजीको स्वरूप हे॥ तासों जितने श्रीअंगकी दर्शनकी योग्यता होय तितनें

निरूपण करे हे ॥ तासों प्रथम स्कंध तथा द्वीतीय स्कंध तथा तृतीय स्कंध तथा दशमो स्कंध तथा एकादश स्कंधके चार अध्याय तांइ आपने करी हे ॥ सो तो दर्शन देत हे ॥ ओर ओर स्कंधमें जहां टीकाको काम पडे तहां निबंधमें तत्वदीप भागवतार्थ प्रकरण हे तामें देखि लेनों ॥ तामें हु समज नही पडे तो अबी काशीवारे श्रीगिरिधरजीको सेवक मुकुंददासकी प्रकट करी थकी श्रीमद्भागवतकी रसप्रबोधिनी टीका हे तामें देखि लेनो ॥ ओर श्रीसुबोधिनीजीमें हुं काहु ठोर संदेह अपने मनमें रेहे जाय तो श्रीगुसांइजीने श्रीटीप्पणीजीमें संदेह निवर्त्त करे हे ॥ ओर श्रीसुबोधिनीजी उपर हु लालुभट्टने योजना करी हे ॥ ए सब ग्रंथ श्रीभागवतजीके उपयोगी हे ॥ ओर श्रीसुबोधिनीजी तो श्रीमहाप्रभुजीकी कृपासाध्य हे ॥ ए पदार्थ पंडिताइके अभिमान करिके कोइ विचार्यो चाहे सो नही होय सके ॥ ए तो केवल कृपासाध्य ही हे ॥ तब आपकी कृपा तें दासने विनति करी जो कृपानाथ कृपा कोंन बातसों होय ? सो कृपा करिके कह्यो चाहीये ॥ तब आपनें आज्ञा करि जो प्रथम तो आज्ञा प्रमाण चलनो तथा सर्वोत्तमको अवगाहन बोहोतसो राखे तब कृपा होय ॥ सर्वोत्तमजीकी टीका पांचसात बालकननें करी हे ॥ परंतु श्रीबालकृष्णजी महाराजने करी हे सो सर्वोपर हे ताको नाम सर्वोत्तम भाष्य हे ॥ सो छेहजार श्लोकको पूर हे ॥ सो टीका हमने सरस्वती भंडारमें ढूंढी परंतु पाइ नही ॥ सो जेकीसन पंडया तथा रंगलाल उपाध्यायसों पूछी तब इननें कही के किसनगढवारे व्यास रहेते सो शोधवेकुं ले गये हते ॥ श्रीव्रजभूषणजी काकाजीके आगे सो आप तो ग्वालियेरमें पधारे फेरि कोइने शुद्धि नही करी ॥ सो वा पोथीमें चली गइ होय तो कहा ठीक सो ॥ हमहुं कृष्णगढ गये तब शोध तो करी परंतु ठीक नही पडी ॥ सो ए पोथीपें चित्त बोहोत हे परंतु भगवद्इच्छातें मिले तब मनोरथ सिद्ध होय ॥ ओर हु श्रीबालकृष्णजी महाराजने ग्रंथ बोहोत करे हे ॥ सो पुस्तकालयमें हे ओर आपके श्रीमद्-

भागवतके पाठ करवेकी पोथी हे सो श्रीडोलतिबारीमें बिराजे हे ॥ तामें शोध अपने श्रीहस्तकी हे ॥ सो श्रीबालकृष्णजी महाराजके जेष्टपुत्र श्रीद्वारकेश्वरजीको जन्मदिन नृसिंहचतुर्दशीको आवे हे ॥ तासों श्रीगुसांइजीने विनको नाम श्री केसरीरायजी धर्यो हे सो श्रीकेसरीरायजी कहेके बुलावते ॥ सो श्रीद्वारकेश्वरजी महाराजनें श्रीबालकृष्णजीके अष्टोत्तरशतनाम नाम्ना नामामृतग्रन्थ कियो हे ॥ सो अष्टोत्तरशतनाम हे ॥ सो अतिही मनोहर हे ॥ ताको पाठ घरके बालक वहु बेटी तथा वैष्णवको अवश्य कर्यो चाहीये ॥ सर्वोत्तमवत् हे सो ताकी टीका हमने अमथाके पास श्रीमथुराजीमें लिखाइ हें ॥ सो अलौकिक भाषा करी हे ॥ ओर श्रीकल्याणरायजीनें हु अनेक वादके ग्रन्थ करे हे ॥ ओर श्रीहरिरायजीने तो आधुनिक जीवपें बडी कृपा करी हे ॥ जो शिक्षापत्र प्रकट करें हे ॥ ताकी भाषा श्रीहरिरायजीके भाइ श्रीगोपेश्वरजीनें करी हे ॥ तासों सब जीवकुं सुगमता भइ ॥ ओर श्रीबालकृषणजीके चोथे लालजी श्रीपितांबरजीके वंशमें श्रीपुरुषोत्तमजी लेखवारे बाजे हे सो प्रसिद्ध हे ॥ विननेंहु भाष्यप्रकाश किये ओर अनेक वादके ग्रन्थ किये हे ॥ ओर काशीमें दिग्विजय करिके पंडितजीते सबनके पास विजय पत्र लियो ॥ एसे आप प्रखर पंडित हते ॥ ओर चापासेनीवारे श्रीविट्ठलरायजी श्रीसुबोधिनीजीकी कथा बोहोत सुंदर केहेते ॥ जामें सब कोउ समजे एसे आज्ञा करते ॥ स्त्री बाल अबुध पर्यन्त समजावते ॥ ओर गोस्वामी श्रीगोपीनाथजी हु बडे पंडित हते ॥ परंतु कछु ग्रन्थ कियेकी तो खबर नहीं ॥ ओर काकाजी श्रीब्रजभूषणजीने श्रीबालकृष्णजीके सहस्त्रनाम किये हे ॥ ओर सब उत्सवनके, सेवाविधिके, विज्ञप्तिके, खरडा करे हे तथा ओरहु पाठके ग्रन्थ किये हे ॥ ओर श्रीव्रजाभरणजी दिक्षितजीने वादके ग्रन्थ तथा श्रीवल्लभाख्यानकी टीका भाषामें कियेहे ॥ अबिके समयमें काशीवारे श्रीगिरिधरजी सरिखे पंडित नही सुने हे ॥ तापर एक प्रसंग चल्यो जो श्रीगोकुलनाथजीके टिकेत श्रीलक्ष्मणजी

महाराज हते ॥ सो रीमां गाम हे तहां पधारे ॥ सो उहांके राजाको सेवक करवेको प्रयत्न कर्यो ॥ सो राजा तो रामानुज संप्रदायके श्रीवैष्णव हते ॥ सो इननें छलकरिके हामी भरी जो हम सेवक होइंगे ॥ पीछे रस्तामें रामानुज संप्रदायके आछे प्रखर पंडित दश बार बेठाये ओर महाराजकुं पधरायवेकुं आसामी पठायो ॥ सो महाराज पधारे तब पंडितने रोके जो बाद करिके पधारो ॥ तासों मेंना पीछो फिरायो ॥ ओर दुसरे दिन रीमाहुं छोडनो पडयो ॥ सो बात काशीमें श्रीगिरिधरजी महाराजने सुनि ॥ सो रामकृष्ण शास्त्रीको राजद्वारमें पठाये ओर कहेवाये जो तुम्हारे जीतने शास्त्री होय सो सबनको हमारे पास पठावो ॥ सो येहे बात सुनिके राजा सब पंडितनकुं लेके श्रीमहाराजके पास दर्शनकुं आये ॥ सो भेट दंडवत् करिके बेठे ॥ फेरि श्रीगिरिधरजी आज्ञा करे जो तुम्हारे जो प्रश्न करनो होय सो करो ॥ सो वें पंडितनसों वाद करिके निरूत्तर करे ॥ फेरि वे राजा विश्वनाथसिंहने विनति करी जो कृपानाथ मोको शरण लिजिये ॥ तब आपनें आज्ञा किये जो तुम वैष्णवही हो शरण लियेको शरण कहा लेंगे ॥ वे संप्रदाय ओर ए संप्रदाय कछु भिन्न नही हे ॥ एसे केहेके समाधान कर्यो ओर हमारे आयवेको कारण तो येहे जो आज पीछे जो श्रीगोस्वामी बालक पधारे तिनसों एसो छल नही करनो ॥ सो राजाने या बातको लेख करिके भेट कर्यो ॥ पीछे एसें न करंगो एसें बिनति करी ॥ पीछे आपनें काशीको विजय कियो ॥ आपने बादके अनेक ग्रन्थ श्रुति रहस्य आदि कीये हे ॥ सो काशीमें एसो डंकाबजायो ॥ एसे प्रतापी पंडित भये ॥ आप पुष्टिमार्गके पताका रुप हते ॥ तेसे चरणारविंद पास रामकृष्ण शास्त्री हु हते ॥ सो स्वामी सेवकको जोडा हते ॥ ओर नगरवारे श्रीबाबुरायजी महाराज काकाजी आपकुं कर्मकांड उपर रुचि आछी हती ॥ ओर छोटे भाइ श्रीव्रजवल्लभजी सो पंडित तो कछु कम हते परंतु प्राचीन

वार्त्ताकी खबर बोहोत हती ॥ ओर हमारे गुरुदेव [1]श्रीद्वारकेशजी महाराज दादाने हुं पुष्टिमार्गके ग्रन्थ पाठके तथा वादके बहुत किये हे ॥ ओर श्रीवल्लभाख्यानकी शोध करिकें श्रीगुसांइजीके सहस्त्रनाम प्रकट कोये हें ॥ ओर श्रीसर्वोत्तमको नाम उद्धार हुं किये हे ॥ ओर श्रीसुबोधिनीजीको अवगाहन अष्टप्रहर रहेतो ॥ लीलामें प्रवेश होते तांइ पुस्तक आपके श्रीहस्तमें रह्यो ॥ ओर चारो वेदमें आप अत्यंत प्रवीण हते ॥ अथर्वण हु अद्याप बिराजते तांइ देख्यो करते ॥ ओर अलौकिक वार्त्ता प्राचीन प्राचीनकी खबर बहुत सो सबनकुं कृपा करिके केहेते ॥ ओर सेवामें हु दोउ बेर प्रीते स्नान करते ॥ आलस क्षण एकको नही ॥ एसे स्वरुपको दर्शन तो जाके भाग्य होइंगे तिनने करे ॥ ओर श्रीविट्ठलेशरायजी वारे श्रीयोगी गोपेश्वरजी महाराज हु अलौकिक दर्शन दे ते ॥ ओर वेदांतके भाष्य उपर रश्मी किये हे ॥ तामें अक्षर बोहोत झीणे लिखे हे ॥ ओर वे पोथी आपनें करिके लिखिके बांधे पीछे कोइने खोली नही ॥ ओर श्रीसुबोधिनीजी आप वांचते सो कोइ पंडित होय सो समजतो ॥ ओर वैष्णवकुं तो श्रवण मंगल हतो ॥ ओर अष्टप्रहर अलौकिकतामें मग्न हते ॥ जो लौकिक प्रपंचादिककी खबर नहीं ॥ एसे अलौकिक स्वरूप हते ओर एसे हमारे काकाजी श्रीव्रजपालजी महाराज कामवनवारे श्रीमदनमोहनजीके टिकेत सोउ अत्यंत अलौकिक लीला देखावेहे ॥ ओर श्रीमदनमोहनजीकी सेवामें अष्टप्रहर आसक्त रहे हे ॥ ओर अबके हम व्रजमें पधारे तब कामवन गये ॥ सो हमारे उपर अत्यंत कृपा करी बडे प्रसन्न भये ॥ ओर आज्ञा करी जो मेरे तो एक आंख श्रीमदनमोहनजी ओर एक आंख श्रीद्वारकानाथजी हे ॥ ओर हमारे यहांकी प्राचीन वार्त्ताकी खबर बोहोत

१ आ श्रीद्वारकेशजी महाराज कृत "श्रीगोवर्धनाष्टक," तथा "श्रीगिरिराजजीनी नामावली" अमारा तरफथी प्रगट थयेल "श्रीगिरिराजभूषणग्रन्थ"मां आवी छे ते जोइ लेवुं

१ आ श्रीयोगी गोपेश्वरजी महाराजश्रीनुं चित्र तथा पोते श्रीहस्तथी लखेल श्रीरश्मिजीना ग्रन्थनुं एक पत्रनुं चित्र अमारा तरफथी प्रगट थयेल "श्रीस्वरुपदर्शन" ए पुस्तकमां आप्युं छे ते जोइ लेवुं.

हे ॥ सो सुनिके चित्त बाहोत प्रसन्न भयो ॥ परंतु विशेष रेहेवेको अवकाश नही ॥ तासों सुनवेंको चित्त रेहे गयो ॥ ओर श्रीकोटावारे श्रीमथुरेशजीके टिकेत श्रीविट्ठलनाथजी उपनाम श्रीकन्हैयालालजी सोउ बडे पंडित हे अबके वारेमें सब बालक बिराजे हे तामें तो पंडित आप ही हे ॥ बडे विद्वान हे ॥ ओर श्रीमथुराधीशकी सेवामें आप तथा आपके लालजी श्रीरणछोडलालजी बोहोत निपूण हे ॥ ओर पंडित तो आप बोहोत हे परंतु गुप्त बोहोत राखे हे ॥ तासुं पांडित्य प्रसिद्ध थोडी दीसे हे ॥ ओर श्रीचंद्रमाजीके टिकेत श्रीगोविंदरायजी इनको शास्त्रको परिचय थोडो ॥ परंतु पोथीको शोख बोहोत हे निरंतर पोथी देखवोइ करे हे ॥ तासों निज सेवकको पुष्टिमार्गकी रीतिसों शिक्षा आछी रीतिसों करे हे ओर श्रीनटवरलालजीबारे गोस्वामी श्रीव्रजरायजी काकाजीसो श्रीवल्लभाख्यानकी टीका संस्कृतमें तथा दानलीला "श्रीगोवर्धनगिरि शिखरतें मोहनदीनीटेर" इनकी टीका संस्कृतमें करी हे ॥ ओर संस्कृतको अभ्यास हु आछो हे ॥ ओर श्रीनटवरलालजीकी सेवामें हु तत्पर हे ॥ ओर गोस्वामी श्रीजीवणलालजी मुंबाइवारेने श्रीबालकृष्णचंपुग्रंथ बोहोत आछो कर्यो हे॥वामें पदनकी लालित्य बोहोत सुंदर धरी हे॥ओरहु कवितालंकारके साहित्यमें आप बोहोत निपूण हे॥ओर श्रीवल्लभाख्यानकी टीका भाषामें करिहे ओर श्रीबालकृष्णजीकी सेवामेंहु निपूण हे ॥ ओर गोस्वामी श्रीदादा गोपिकालंकारजी उपनाम [1]श्रीमद्दुलालजी सो श्रीदादाजीके अष्टोत्तरशत नाम प्रगट किये॥ ताकी टीकाको आज्ञा हमकु भइ हे सो सावकाश सो होयगी ॥ ओर आपश्री श्रीमदनमोहनजीकी सेवा बोहोत स्नेहपूर्वक करे हे ॥ आभरणसों तथा सामग्रीसों अनेक तरेहसों लाड लडावत हे ॥ तथा सांझकुं दोउ

१. आ श्रीमद्दुलालजीमहाराजनां बनावेलां "३२ वचनामृत" तथा "दीनता आश्रयनां ७५ पद" तथा श्रीद्वारकामां करेल छप्पन भोगनुं धोळ, तथा "महाराजश्रीना जीवनचरित्रना केटलाक प्रसंगो"नुं पुस्तक हालमां अमारा तरफथी छपाइ तैयार थयुं छे. जीज्ञासुए मगावी लेवुं.

बिरियांकी सेवासों पोंहोंचिके कथा नित्यनेमपूर्वक करते ॥ तामें अलौकिक आनंद आवे जाको भाग्य होय सो सुने ओर समजे हे ॥ ओर गोस्वामी-दादाजीश्री गोकुलाधीशजी वैयाकरणमें बोहोत समजे हे परंतु प्रकट नही करे हे ॥ ओर अद्भुत लीला दिखावे हे ॥ अगाडीके बालकनकी कथा बार्त्ता तथा वेदवार्त्तामें निपूणताइ सेवामें प्रीति पूर्वक जो याद हती सो लिखाये ॥ एसो तो सब श्रीमहाप्रभुजीको कुल सब एकसार हे ॥ अब तो "लीला लाल गोवर्धनधरकी" हे ॥ ओर अबकें जो कोउ बालकमें विद्याको तथा वेदाध्ययन तथा सेवाविषे शिथिलता दिखे हे सो ईश्वरहुं कालको ग्रहण न करे तो ओर कोन करे? तासों कलियुगको सन्मान राख्यो हे ॥ सो ताइ करीके अन्यमार्गीयको पाखंडबढे हे ॥ सो श्रीमदाचार्यजीकी कहा इच्छा हे सो जानी नही पडे हे ॥ तासो ए मार्ग तो आपकी इच्छा अनुसार हे ॥ ओर अबी हमारे कृत्य देखते तो एक दिन हुं नांही निभे नित्य सोवे हे ॥ नित्य भोजन करे हे ॥ नित्य गपोडा मारे हे ॥ ओर चेन उडावे हे ॥ ए हमारे चरित्र हे ॥ सो पलंगडिवारे इ पार लगावेंगे ॥ क्यों जो निजवंशमें जन्म लियो हे तासों पक्को भरोंसो हे ॥ ओर श्रीगुसांइजी आपने विद्वन्मंडन ग्रंथ किये हे तामें आपके जेष्ठ पुत्र श्रीगिरिधरजीकुं वादी किये ओर आप प्रतिवादी भये ॥ सो विद्वन्मंडन ग्रंथ बडो चमत्कारिक हे ॥ शुद्धाद्वैत मतको प्रतिपादन करिके स्थापित किये हे ॥ सो वादमें बोहोत उपयोगी हे ॥ ताकी टीका लेखवारे श्रीपुरुषोत्तमजी महाराजने "सुवर्णसूत्रनामा" करीहे ओर अपने मतके ग्रंथ तो बहुत हे ॥ वादके तथा पाठके बडेनने बहुत करेहे काहु बातकी कसर नही राखी हें ॥ अत्यंत परिश्रम करिके संग्रह किये ॥ परंतु अब लोंकनकी बडी कसर हे तासों अहर्निश चिंता रही आवे हे ॥ ओर पोरबंदरवारे श्रीशोभावहुजी हुं बडे प्रतापी भये ॥ जिनने श्रीसुबोधिनीजी अनुसार श्रीभागवतजी द्वादशस्कंध पर्यन्तके धोल १६ करे हे ॥ जामें सबनको बोध होय ॥ सुंदर राग,

न्यारे न्यारे ढाल, सहित अर्थ प्रकरण न्यारे न्यारे बताये हे ॥ तथा श्री-ठाकुरजीके, तथा श्रीस्वामिनीजी, श्रीमहाप्रभुजी, श्रीगुसांइजीके प्रागटयके धोल, वधावा, तथा कीर्त्तन, तथा सांजीके कीर्त्तन, विगेरे बहोत सुंदर कीये हे ॥ जामें 'हरिदासनामा' छाप धरी हे ॥ सो आपनें श्रीहरिरायजीको ब्रह्मसंबंध कर्यो हतो तासों हरिदासनामा छाप धरी हे ॥ तासों ए वहुजी नमन योग्यहे ॥ इनके उपर श्रीमहाप्रभुजीकी पूर्णकृपा हती ॥ इति श्री-गिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत त्रीशमो संपूर्ण ॥ ३० ॥

 [वचनामृत ३१ मो.] 

अब एकत्रीसमो वचनामृत आपने आज्ञा किये ॥ जो श्रीगुसांइजीने कीर्त्तन किये हे तामें कहुं तो छाप ललितादिककी राखी हे ॥ ओर काहुमें सहज प्रीत राखी हे ॥ ओर एक प्रेखपर्यंक शयनं या पलनामें छाप धरो हे ॥ एसे नव वल्लभाख्यानमें छाप नहीं हें ॥ सो ए नव वल्लभाख्यान आपनें इ करे हे ॥ जो गोपालदास नाम कर्त्ता दिखाये हे ॥ परंतु गोपाल-दास तो गुंगे हते ॥ सो आपनें भाइला कोठारीको पूछी जो ए कोन हे ॥ तब कोठारीनें विनति करी जो कृपानाथ ए तो गोमतीको वर हे सो तब आपनें आज्ञा करी जो गोमतीको वरतो सागर चाहीये ॥ तब आपनें चर्वित तांबुल देके सागर किये ॥ सो ताको प्रत्यक्ष कारण ए हे जो ए नवआख्यान आपनें करे दिखे हे ॥ ताको अभिप्राय ॥ जो यामें आपके दोय वहुजीके नाम निरूपण नही हे ॥ ताको येइ कारण जो पत्नीको नाम पतिको लेनों वर्जित हे ॥ तासों आप कर्त्ता निश्चय समजनों ॥ ओर श्री-गिरिधरलालजीने हु कीर्त्तन किये हे ॥ तामें छाप अनेक तरेहकी धरी हे ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजीने कीर्त्तन किये हे तामें वल्लभकी छाप धरी हे ॥ जो इनके कीर्त्तनमें मुख्य कीर्त्तन, ॥ बेठे हरी राधा संग कुंज भवन अपने रंग ॥ सो या कीर्त्तनमें श्रीगोकुलनाथजीको वर्णन आपनें कीयो हे ॥ सो बडे श्रीस्वामिनीजीके श्रोहस्तमें बीन हे तासों या कीर्त्तनको भाव समज

लेनो ॥ ओर श्रीहरिरायजीनें कीर्त्तन कीये हें, तामें रसिक रायको छाप धरी हे ॥ ओर काका श्रीवल्लभजीने कीर्त्तन कीये हे तामें निजदासकी छाप धरी हे ॥ ओर सूरश्यामकी छाप जामें आवे सो कीर्त्तन श्रीनाथजीकृत जाननें ॥ ओर ॥ "आवत बने कान्ह गोप बालक संग" इतमें "वलय-कंकण" यहां सो श्री नाथजीकृत हे ॥ ओर दुसरे बालक तथा वैष्णवने जो कीर्तन कीये हे ॥ तामें तो अपनी प्रसिद्ध छाप धरी हे ॥ तासों मालम पडे इ हे ॥ ओर जा ठोर "श्रीद्वारकेश पदवंदन" एसी छाप आवे ॥ सो धोल तथा कीर्त्तन श्रीभाभीजी महाराजके किये जाननें ॥ओर श्रीव्रज-उत्सवजी श्रीघनश्यामजीके वंशमें भये तिनके पदमें 'व्रजजन' ओर 'व्रजपति' एसी छाप आवे हे ॥ ओर श्रीगोपिकालंकारजी श्रीमदुलालजी दादानें पद किये हे तामें 'रसिकदास' एसी छाप धरी हे ॥ ओर 'भक्तनामा' छाप हे सो हमारी हे ॥ तथा एक चोखरा हे "वल्लभी निजदासदासी भाग्य अपने मानिके" एसी छाप हें ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीके सेवक कृष्णदासी बाइ हते तिननें किये पद हे ॥ ओर श्रीपुरूषोत्तमजी मथुराजीवारे आगे भये जिनके ख्याल हे सो रासलीलामें रासधारी गावे हे ॥ ओर आपकुं रासको शोख बोहोत हतो तासों ए ख्याल रासमेंइ गवे हे ॥ एसे आज्ञा करिके आप पोढे ॥ फेरि आज्ञा किये जो गोविंदस्वामीके कीर्त्तन दोयसो बावन राखेहे तथा धमार साढेबारहे तामें 'श्रीगोवर्धनरायलाला' ए अधीकहे 'अचका अचका आयके भाजी गिरिधर गाल लगाय' यहां तांई गाये, पीछे रेहे गये ॥ तब श्रीगुसांइजी आप आज्ञा किये जो गोविंददास एसे क्यों रही गये ? तब विनति करी जो कृपानाथ ! धमार भाज गइ तासों इतनोइ खेल रह्यो ॥ एसे कहीके झांझ हाथमें तें गिरि गइ ओर देहाध्यास रह्यो नही सो लीलामें प्राप्त भये ॥ फेरि श्रीगोकुलनाथजीने तुक पूरी करी ॥ "यह बिधि होरी खेलही व्रजवासीन संग लगाय" ए तुक हे ॥ ओर सूरदासने अवसान समय "दृढ इन चरणन केरो भरोंसो" ए पद चत्र-

भूजदासके आग्रह तें कर्यो ॥ ताको अभिप्राय जो सूरदासजीके अवसान समय चत्रभूजदास मिलवेकूं आये ॥ सो सूरदासजीने लक्षावधि कीर्त्तन श्रीठाकुरजीके किये ॥ एसे चत्रभूजदासने सूरदासजीसों कही ॥ जो इतनें पद श्रीठाकुरजीके कहे ॥ परंतु श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजीके तो कछु नहीं किये हे ॥ तब सूरदासजीने कह्यो जो अरे बावरे ! श्रीठाकुरजी तथा श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजी ए तेनें न्यारे जानें कहा ॥ मेनें तो सगरे पद श्रीमहाप्रभुजीके ओर श्रीगुसांइजीके इ गाये हे ॥ ओर इनको दो रूप होय तो दो बेर गाउं ॥ ए तीन्यो एकही रूप हे तासों इनके पद न्यारे नही गाये ॥ अब तेरो आग्रह हे तो ए ले ॥ राग बिहागरो ॥ भरोसों दृढ इन चरणन केरो ॥ श्रीवल्लभ नखचंद्र छटा बिन सब जगमांज अंधेरो ॥१॥ साधन ओर नही या कलिमें । जासों होय निवेरो ॥ सूर कहा कहे द्विविध आंधरो । विना मोलको चेरो ॥२॥ या कीर्त्तनमें आखो सिद्धांत धरि दियो ॥ अब थोडी बेर पीछे श्रीगुसांइजी आप पधारे तब आपतें दंडवत् करे ॥ ओर गदगद होइ गये ॥ तब आपनें आज्ञा किये जो सूरदासजी चित्तकी वृत्ति कहां हे ॥ तब सुरदासजीने कीर्त्तन गायो ॥ राग बिहाग ॥ खंजन नैंन रूप रसमाते, अतिसें चारू चपल अनियारे पल पिंजरा न समाते ॥१॥ उडि उडि जात निकट श्रवणनके ॥ अरूतार्टक फंदाते ॥ सूरदास अंजन गुन अटके । नांतर अब उडि जाते ॥२॥ ए पद सुनतही आप पधारे ॥ ओर सूरदासजी लीलामें प्राप्त भये ॥ ताको अभिप्राय जो ॥ सूरदास अंजनगुन अटके ॥ सो आपके दर्शनके तांइ रह्यो हुं । सो दर्शन होत मात्र देह छोडी लीलामें प्राप्त भये ॥ सो सूरदासजी एसें परम कृपापात्र जो श्रीगुसांइजी आप श्रीमुखतें आज्ञा करते पुष्टिमार्गको झहाझ (वहाण) केहेते ॥ अरे वैष्णव हो ! जाको कछु लेनो होय सो ले लेउं ॥ अब पुष्टिमार्गको झहाझ जात हें ॥ एसे आप श्रीमुखतें सराहना करते ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकत्रिसमो संपूर्ण ॥ ३१ ॥

 [वचनामृत ३२ मो.] 

अब बत्तीसमो वचनामृत ॥ जब मकरकी संक्रांति हती तब दासनें विनति करी ॥ जो महाराजाधिराज संक्रांति तो बारे हे ॥ ओर दोयको सन्मान दान प्रसंग विषे तथा श्रीठाकुरजी तलुवा अरोगे तथा सतुवा अरोगे हे सो वात कृपा करिके कहिये ॥ ओर दुसरी संक्रांति नही माने हे ताको अभिप्राय कृपा करिके आज्ञा करीये ॥ तब आपने आज्ञा करी ॥ जो प्रथम मकरसंक्रांति हे सो उत्तरायणके सूर्य होवे हे सो देवताको दिवस उदय भयो सो देवताके तथा लौकिकमें हुं प्रातःकाल होवे ता समय दानपुन्य तथा भगवद्नाम उच्चार करवे कोइ समय हे ॥ कारणके कालकी निवृत्ति पुन्यतेंइहे ॥ तासों देवताको प्रातःकाल हे सो पुन्यदानतें देवता लोक बोहोत प्रसन्न होय हे ॥ याको नाम षट् तिला हे ॥ सो तिल सुवर्णको दान अत्यंत श्रेष्ठ हे ॥ पातक निवृत्ति होयेहे ॥ "षट् तिला पापनाशनी" ए वचन हे ॥ सो जीव अनेक तरेहके पातक करे हे सो ए संक्रांतिके पुन्यकाल समय तिलसुवर्णदान यथा शक्ति कियेतें निवृत्त होवे हे ॥ एसे वेदोक्ति प्रसिद्ध हे ॥ सो श्रीठाकुरजी हुं वेदोक्त रीतिसों तिलकी सामग्री अरोगे हे ॥ ओर मेष संक्रांति मने हें ॥ ताको कारण ॥ जो मेषके सूर्य हे सो प्रथम सूर्य हे तथा उष्णकालको आगम हे सो ता करिके सतुवा अरोगे हे ॥ सो वात्सल्यतासों ॥ ओर पुन्यकाल हे ॥ सो तो प्रथम संक्रांति हे तासों वेदोक्त रीतिसों हे ॥ तथा मकरसंक्रांतिके दिन गेंद उत्सव हे सो अपने घर बाललीलाको शृंगार टोपाको होवे हे ॥ ओर गेंदके खेलके कीर्त्तन होये हे ॥ ओर धनसंक्रांतिको तो एक मास पर्यंत सामग्री अरोगे ॥ ओर धनुर्मास माने हे ॥ सो भाव गुप्त हे लिखवेमें नहीं आवे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत बत्तीसमो संपूर्ण ॥३२॥

 [वचनामृत ३३ मो.] 

अब तेतीसमो वचनामृत आपने आज्ञा करी ॥ जो एक बनिया

हतो ॥ सो बडो कृपन हतो ॥ कबहुं काहुको छदामकी कोडि न देतो ॥ सो एसे कुटिल कर्म करत अवसान समय आयो सो कोउ ब्राह्मणने कही जो शेठजी एकाद गौदान तो कर्यो चाइये ॥ तब शेठजीने कही के दोय रूपैयामें गाय मिले तो गौदान करे ॥ सो वाके पाडोशीके घर बुढी गाय हती ताको अवसान समयहुं आयो हतो ॥ तब पाडोशीने कह्यो जो दोय रूपैयामें मेरी गाय लेउ ॥ फेरि दोय रूपैया देके लीनी ॥ ओर गाय तो चली शके नही ॥ तासों वा पडोशीके घरमेंइ नाडी बांधिके संकल्प करायो ॥ सो दान करे ॥ पीछे दोय घडी जावी ॥ फेरि देहान्त भयो ॥ फेरि एकाद दिनमें सेठजीहुं देहांत भये ॥ सो यमदूत ले गये ॥ तब चित्रगुप्तके उपर हुकम भयो जो या जीवको कृत्य देखो ॥ तब कृत्य लिखीयाजीने देख्यो ॥ सो पुन्य संबंधी तो ए गाय दोय घडी जीइ सो निकसी ॥ ओर पातककी तो गिनती नहीं ॥ सो या बनियासों पूछयो जो पेहेले कहा भुकतनो हे ॥ सो यानें कही जो पापमें तो रहेइ बनेगो ॥ परंतु पुन्य तो रंचक हे ॥ सो पहेलेइ भुकतुंगो ॥ इतनो केहेतही गाय लायके याके पास ठाडी करी ॥ तव गाय बोली जो दोय घडीको मेरे उपर तेरो हुकम हे ॥ जो तुं कहे सो मैं करुं ॥ तब बनियानें कही जो तुं वैकुंठको मार्ग जाने हे ॥ तब गायने कही हां जानुं हुं ॥ मेरो पुच्छ पकड ले ॥ सो बनियाने गायको पुच्छ पकडि लीनो ॥ सो वैकुंठके द्वारपें ले गइ ॥ इतने दोय घडी पूरी भइ ॥ सो गाय तो अंतर्ध्यान हो गइ ॥ इतनेइ प्रभुजीकी स्वारी इनकें भाग्यसों पधारी ॥ सो पार्षदने देखतही कही के या पापीको यहां कोननें लाय धर्या हे ॥ इनको यहांसो काढो ॥ तब वा बनियानें कही जो एक मेरी विनति प्रभूजी आगे होवे देउं फेरी काढीयो ॥ इतने श्रीप्रभुजी पधारे सो दर्शन करिके विनति करि जो कृपानिधान मेरे दोय विनति करनी हे जो मृत्यु लोकमें आपको माहात्म्य एसो सुन्यो हे ॥ जो कोउ जीव वैकुंठमें जाय सो निर्भय हो जाय ॥ वैकुंठमें गये पीछे ओर जगे

न जाय ॥ ओर आपके भृत्य कहे हे जो याकों काढो ॥ सो केसें ए बात सुनिके श्रीप्रभुजी मुस्काये ॥ इतने फेरि विनति करी जो अजामिल सरिखे अधमको आपके नाम मात्रसों उद्धार भयो एसे आपके यश में सुने हे ॥ तो आपके शाक्षात् दर्शन करे जाको कहा फल ॥ सों आप सुनिके बोहोत प्रसन्न भये ॥ ओर आज्ञा भइ जो याकों यहांइ रेहेवे देउ सो यह आज्ञा करिके आप निजमंदिरमें पधारे॥ओर वा बनिया चतुर्भूज स्वरूप भये ॥ ओर सायुज्यकी प्राप्ति भइ ॥ तासों गौदान एसो हे घडि जीइ सो दोइ घडिके पुन्यको एसो प्रताप हे ॥ तो आछि रीतिसों उत्तम गौदान करे ॥ ताको कहा कहेनो ॥ तासों जीवकुं गौदान तो जरुर कर्योंइ चाइये ॥ गौदानकी एसी महिमा हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत तेतीसमो संपूर्ण ॥ ३३ ॥

 [वचनामृत ३४ मो.] 

अब चोतीसमो वचनामृत आप आज्ञा करि ॥ जो श्रीविट्ठलनाथजीने सब मंदिरमें सोनोंई सोनों करि दियो ॥ जो उत्सवादिमें सब पीरोइ पीरो हो जाय॥दीवी तथा धोवेके घडा पर्यंत सुवर्णके कराये॥एक दिन बडे तातजी श्रीव्रजभूषणजी महाराजके आगे काहु वैष्णवने रहस्यमें विनति करी जो लालजीने सब मंदिरमें सोनाकोइ साज करि दियो हे ॥ एसे विनति करी ॥ तापर आप आज्ञा करे ॥ जो तुं देखे जो में याके घर जन्म लेके सब अरोगाय देउंगो॥फेरी श्रीविट्ठलनाथजीमहाराजके वहां अष्टमासाको प्रस्ताव आयो ॥ सो बडि प्रसन्नतासों आपने कर्यो ॥ पाछें जब प्रागटयको समय भयो तब आप मोहोरनकी थेली लेकें बिराजे ॥ ओर आज्ञा करे जो विट्ठलके बेटाकी वधाइ दे ॥ ताकुं ए थेली मोहोरनको देउ ॥ इतनेमें कोइने आयके वधाइ खाइ ॥ जो लालबाबाको प्रागटय भयो ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो क्यों जुठो बोले ॥ में तो बेठ्यो हुं ओर लालजी कहांसो होवे ॥ जो फेरि खबर ल्याउ ॥ तब वानें फेरि जायके तजविज

करि ॥ तब बेटीजीको प्रागटय हे ॥ तब रुपैयानकी थेली वाको दीनी ॥ ओर सब आनंद वधाइ पुत्रवत् मानी॥ओर शोभा बेटी याकोनाम धर्यो॥ ओर आज्ञा करे जो ए शोभा प्रकट भइ हे ॥ फेरि श्रीव्रजभूषणजी काकाजीको प्राकटय भयो ॥ सो बडे तातजीको निश्चय जानिकें श्रीविट्ठलनाथजी तातजीने श्रीव्रजभूषणजी नाम धर्यो ॥ तासों श्रीमहाप्रभुजीके कुलमें पुनः पुनः प्रागटय तिसरी चोथी पुरुषावेइ प्रागटय होवे हे ॥ तासों नाम हु वेइ धरे हे ॥ जो स्वरूपलीला संबंधी हे सो कारणरुप प्रागटय होय हे ॥ ओर श्रीदादाजीमहाराजको प्रागटय हे ॥ सो लेखवारे श्रीपुरूषोत्तमजीको हे ॥ सो श्रीगोकुलनाथजी तातजीको स्वप्नद्वारा आज्ञा करे जो पहले मेरे श्री द्वारकाधीशकी सेवा पठन पाठन करिकें न भइ हती तासों अब सेवा होइगी ॥ सो श्रीप्रभुनकी सेवा मन करिकें करेंगे ॥ एसे आज्ञा करिके प्रगट भये ॥ सो श्रीगोकुलनाथजी तातजीनें नाम श्रीपुरूषोत्तमजी धर्यो सो जाको प्रागटय सो इ नाम जाननों येइ निश्चय समज ॥ एसे आज्ञा करिके आप पोढे ॥ फिर पोढे पोढे आज्ञा करि जो ए बात हमसों कपडवंजके पास चोइला (बायड) गाम हे तहां एक बाइ वैष्णव श्रीगोकुलनाथजी तातजीकी सेवक बोहोत वृद्ध हती ओर भगवदी हती वानें कही ॥ ओर दादाजी महाराजसों लालजी केहेती ॥ ओर यौं केहेती जो जब आपको प्रागटय भयो तब मेरेहु एक बेटा भयो हतो ॥ एसी वे पुरातन हती ॥ सो हमकुं कपडवंजसों पधरायके ले गइ ॥ एक दिन राखे ॥ ओर बोहोत स्नेह कर्यो ओर हमकुंहुं लाला कहेके बोलती ॥ सो दुपेरीमें पोढे तब ए वार्त्ता कही ॥ सो पचीसाकी सालमें भगवद् चरणारविंदमें प्राप्त भइ ॥ एसे भगवदीके दर्शन एसे समयमें भगवद् कृपासों होय हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत चोत्रीसमो संपूर्ण ॥ ३४ ॥

[वचनामृत ३५ मो.]

अब पेंतीसमो वचनामृत आपनें आज्ञा किये ॥ जो श्रीगुसांइजीके

प्रागटय पीछे श्रीविट्ठलनाथजी तातजीको प्रागटय हें ॥ तासों श्रीविट्ठलनाथजी नाम धर्यो ॥ सो प्रागटय श्रीगुसांइजी आप को इ हे ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजीके प्रागटय आगम पास श्रीगोकुलनाथजीतातजीको प्रागटय हे ॥ सो श्रीगोकुलनाथजीकोइ हे ॥ ओर ए दोउ भाइके स्वरूप बोहोत सुंदर दोउनको एक अनुहार हतो ॥ ओर आपसमें दोउ भाइनको स्नेह बोहोत हतो ॥ सो श्रीजीद्वार पधारते तब मुखियाजी पूछते जो आप श्रीविट्ठलनाथजीहो के श्रीगोकुलनाथजीहो ॥ सो आज्ञा करते तब खबर पडती ॥ ओर श्रीद्वारकाधीशकुं अकेले नहीं छोडते ॥ दोउ भाइमें ते एक पासइ बिराजते ॥ एक भाइ परदेश पधारते ॥ तो एक भाइ घर रहते ॥ ओर नरभेरामभट्टजी भये सो इनके आगे भये ॥ सो ॥ इनने कल्पवृक्ष श्लोकबंध बनायो हे ॥ तामें सब बालकनके यश धरे हे ॥ तथा उत्सव निर्णयहु करे हे ॥ सो अपने मार्गमें प्रमाण मने हें ॥ ओर उत्सवको संदेह होय तो इहांसो निर्णय करी पठावते ॥ सो श्रीजीद्वारमें मानतो ॥ अबहुं बोहोत संदेह होय तो इन नरभेरामभट्टके लेखतें निश्चय होवे हें ॥ वे नरभेरामजी श्रीप्रभुनके प्रतापतें प्रखर पंडित भये हते ॥ अब तो पुष्टिमार्गमें पंडित गुप्त हे ॥ मुंबइमें श्रीजुनागढवारे गोस्वामी श्रीमगनजीके दोहिता गोवर्धनलाल उपनाम 'गट्टुलाला' कहे हे सो श्रीमदाचार्यजीकी कृपातें अलौकिक नेत्र खुले हे ॥ सो अबी तो हमारी ज्ञातमें इनके जेसो विद्वान कोउ दिसें नहीं हे ॥ जेपुरसें चोसठ प्रश्न आये ताको प्रतिउत्तरको ग्रन्थ 'सत् सिद्धान्तमार्तंड' नामा कियो हे जामें अपने मार्गकी बात बोहोत आछी हे ॥ ओर ग्रन्थ इननें बोहोत किये हे ॥ सो आजके समयमें ए गट्टुलाल शिघ्र कवि हे ॥ ओर मथुरास्थ भट्टनमें मथुरादास भट्ट हते ॥ सो वैष्णव हते ओर श्रीसुबोधिनीजीको कथा बोहोत सुंदर करते ॥ सो श्रीनाथजीद्वारमें श्रीगोकुलनाथजीके मंदिरमें रहेते ॥ ओर श्रीनाथजीकी शाकगरकी सेवा अष्टप्रहर करते ॥ ओर कथाप्रसंग हु चलावते ॥ सेवा-

स्मरण दोउ बात निरंतर अवगाहन हते ॥ ओर श्रीदादाजी महाराज कथा केहेते ॥ सो ए भट्ट मथुरास्थ भट्टनमें गंगाधर शास्त्रीके बेटा कन्हैयालाल शास्त्री हे सोउ बडे पंडित हे ॥ ओर अलौकिक दृष्टि हे ॥ ओर हमारे बालकृष्ण शास्त्री हुं वेदांतमें बोहोत आछे ॥ वैष्णवताहुं हे ॥ इनके भाइ श्रीकिसनजीकों उदेपूरके राणाजी स्वरुपसिंहजीने परीक्षार्थ कंठिको उपद्रव उठायो ॥ जो कंठि सगरे तोडि नांखो ॥ सो कितनेकने तो डरके मारे कंठि तोडी नाखी ॥ फेरि इनसों कही के तुमहुं तोडी नाखो ॥ तब इननें कहो जो हमारे प्राण जाते तो कबुल हे परंतु ए बात तो मोसों नही होय ॥ एसे कह्यो ॥ सो वा बाबत राणाजीने बडो धमको दीनो ॥ साम, दाम, दंड, भेद करे परंतु इननें मानी नही ओर कही के, राजा रुठेगो तो देश लेगो परंतु धर्म तो नहीं छोडेंगे ॥ एसी दृढता देखीके राणाजी बोहोत प्रसन्न भये ॥ ओर दुशाला दीनों ओर बडी सराहना करी ओर कह्यो जो तुं धन्य हे जो सब तरेहको कष्ट सह्यो परंतु डिगे नहीं ॥ तासों तुम्हारे अहोभाग्य हे एसे राणाजीने शाबाशी देकें विदा किये ॥ तासों ए राणाजी स्वरुपसिंहजी हुं एसे हते जो जीनके अंतःकरण विषे निश्चय हतो जो सबनमें शिरोमणी श्रीमहाप्रभुजीको मार्ग हे ॥ तामें वैष्णवकी परीक्षार्थ यह काम उठायो सो आपने आखे उदेपुरमें श्रीकिसनजी शास्त्री अत्यंत धीरज़वान वैष्णव देखे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पांत्रिसमों संपूर्ण ॥ ३५ ॥

 [वचनामृत ३६ मो.] 

अब छत्तीसमो वचनामृत आपने आज्ञा किये ॥ जो एक समय आप प्रसन्नतामें बिराजे ता समय पास बालकृष्ण शास्त्री तथा धंधुकावारे वैष्णव विशाभाइ, मुखियाजी द्वारकादास आदि बेठे हते ॥ वा समय आपनें अमथासों आज्ञा करि ॥ जो कृपानाथ में कहा प्रश्न लायक हुं तब आपनें आज्ञा करि ॥ जो कछु चिंता नहीं कछु तेरी बुद्धि पोहोंचे एसो हुं कर ॥

तब आपकी कृपा प्रादुर्भावसों एक प्रश्न कर्यो ॥ जो कर्म प्रबल के शरण प्रबल ? तब शास्त्रीजीनें कही जो प्रश्न तो आछो हे ॥ ताके वचनः— नकर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः । [भ. गी. अ. ५. श्लो. १४]

रेके वहुजी ॥ ११ जुनागढवारे श्री द्वारकानाथजीके वहुजी ॥ १२ जुनागढवारे श्री वच्छालालजीके वहुजी, बेटीजी तथा पुत्रवधु २ जुंमे १५ ॥ १६ गोस्वामी दादा श्रीगोकुलेशजीके वहुजी ॥ १७ गोस्वामीनी श्रीगुंगावहुजी श्रीदामोदरजी भाइके ॥ १८ गोस्वामी श्रीलालमणिजीके घरमें वहु बेटी ॥ १९ श्रीकमलाबेटीजी श्रीनृसिंहलालजीकी बेहेन ॥ २० श्रीलक्ष्मीबेटीजी श्रीविट्ठलरायजीके बेटी ॥ एसे गोस्वामी बालक तथा वहु बेटी मिलीके चोतीस पेंतीसके आशरे स्वजातको समुदाय बहोत भयो ॥ ता समयके यशके कवित जामातु यशोदानंदनजीने करेहे ॥ तथा धवल इत्यादिक वैष्णवने करेहे ॥ तथा ओरहु कविननें अपनी मति अनुसार करेहे ॥ ओर वा समय ॥ हक प्रत्यक्ष प्रताप दिखायो जो उहां जलको अरबडाट ठेठसों हतो, तलावहे जामें जल नही रहेतो ॥ सो जात्रीलोक मारगमें सोच करते आवते इतने समुदायमें जलको केसे होयगो ॥ सो अकस्मात मेह वरस्यो तासों तलाव भरि गयो ॥ ओर मुद्दल सुक्यो नहि ॥ सो जात्रीकों जलकों अंत्यत सुख रह्यो एसो प्रताप जलके प्रभावसें दिखायो ॥ सो एसी अनिर्वचनीय वार्ता कहां तांइ लिखे ॥ वाइ वर्षमें चार कार्य गोस्वामी श्रीलक्ष्मणलालजीके वहुजी श्रीचंद्रावलि वहुजीने करे ॥ सो चार्यो कार्यको कंकोतरी एकहि साथ सब ठिकाने आइ ॥ लालजी श्रीकन्हैयालालजीको यज्ञोपवित तथा व्याह तथा श्रीगोकुलनाथजीको छप्पन भोग तथा श्रीप्रभुन सुद्धां यात्रा ॥ यां प्रकार चार कार्यको लिख्यो कंकोतरीमें आयो ॥ सो हमारे तो श्रीवेटकी तरफ जानों हतो सो श्रीगोकुल नहि गये परंतु ज्ञातके नसुं तथा वैष्णवनके मोढे सुं समाचार अद्भुत सुने जो चार्यो कार्य अद्भुत रीतिसों भये ॥ छप्पन भोगके दर्शनमें भीड बोहोत सो दर्शनीक वैष्णव बहोतसे दर्शन करे बिना रेहे गये एसे वैष्णवके मोढेसों सुनीहे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महराजके वचनामृत छेंतालीसमो संपूर्ण ॥

[वचनामृत ७४ मो.]

अब सुडतालीसमो वचना अमृत आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीगोकुनाथजी श्रीसुबोधिनीजी विचारते ॥ तब पास कल्याणभट्टजी बेठते ॥ सो जहां कठिन विषय आवतो तहां आप आज्ञा करे जो भट्टजी कठिन विषय बोहोत हे ॥ तब भट्टजी केहेते जो राजकों कठिन हें हमकुं तो कठिन नही हे ॥ ताको अभिप्राय जो आपकुं कठिन कह्यो जो जाको चौदशास्त्रको नीरंतर अभ्यास, एकएक अक्षर विषे प्रविनताको, कछुक विकटता मालुल पडे कोइ पद अटपटो आये तें, ओर हमसे मूर्खको एक अक्षरकी खबर नही हे ॥ ताको विकट पदको सोच काहेको? तासों आपको सब बातको बिचार हे ॥ हमारे तो कछु न बंचेको सोच कहा ॥ ओर बंच गइ तो हु कहा ॥ एसे कल्याणभट्टजीने विनति करी ॥ तासों श्रीसुबोधिनीजीमें श्रीगोकुलनाथजीको विकटता मालम पडी ॥ तो ओरकी गम्य कहा चले ॥ तासों श्रीसुबोधिनीजी श्रीमहाप्रभुजीकुं अतिप्रिय हे ॥ आपके मुख्य हार्द सर्वस्व हे सो आपके अनुग्रह बिना कहांसो उद्बोध होय सो कल्याणभट्टजी श्रीगोकुलनाथजीके परम भगवदी वैष्णव हुते ॥ कल्याणभट्टजी सों श्रीगोकुलनाथजी अलौकिक वार्ता करते वे आधुनिक सेवक जेसे न हुते ॥ सो इनद्वारा कितनीक वार्ता वचनामृत प्रसिद्ध हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सुडतालीसमो संपूर्ण ॥४७॥

[वचनामृत ४८ मो.]

अब अडतालीसमो वचनामृत आपने आज्ञा किये ॥ जो श्रीजीस्द्वारसों श्रीमट्टुजीदादा फागुनके महिनामे शिंगार करवेकों पधारे ॥ सों भोलीराम पारेखको बेटा बलदेव संग हुतो ॥ वाके दोय चाकर हते ॥ सो बडेबागमें सेल करवे गये ॥ सो जलपानकी वावडीके पास गये ॥ सो उहां कोइ मनुष्य देख्यो नही ॥ तब एकने जल पीवेको मन कर्यो ॥ तब दुसरेने कही जो भलेइ पीले यहां कोन दिखेहें ॥ तब वानें जल पियो ॥ जल

पीके घर आयो ॥ घर आये पीछे जल पीवे वारेके शरिरमें झंद आयो ॥ सो पेहेले तो धुजो बोहोत, पीछे जल पीले एसे कही ताको नाम परसराम हतो ॥ जातको श्रोमाली ब्राह्मण हतो ॥ ओर जल पीयो वाको नाम गणेश हतो ॥ जातको गुजर हतो ॥ गणेश गुजरके देहमें झंदने प्रवेश करीके परशराम श्रीमाळी ब्राह्मणको मार्यो ॥ ओर कहीके तेंनें जल प्रीवेकी सलाह क्यों बताइ ? एसे कहेके मार्यो जो श्रीठाकुरजीके जलपानकी वावडी छुवाइ ॥ ओर कहे यहां कोन हे तासों तेरी गुन्हेगारी सब माफ करुंगो जो पचास चपटियां जलकी भरिके बाहिर काढि डारे ॥ एसे कही तब वे परसराम श्रिमालीने अपने हाथसों जलकी चपटियां पचास गिनके बहार काढि दीनी तब छोड्यो ॥ एसे श्रीठाकुरजीकी श्रीद्वारकाधीशकी सेवामें गुप्त रक्षक हे ॥ सो जलपानकी रक्षा याही रितिसों करेहे ॥ एक बिरियां श्रीमद्दुलालजी महाराज श्रोबालकृष्णजोकी बेठक आगे कथा केहत हते ॥ सब वैष्णव सेवक इत्यादिक हुते सो वानें अपनो कान तोड्यो ॥ सो दिखायो ओर केहेवे लग्यो कृपानाथ मोकों बोहोत मार्यो ॥ सो आपके आगे बलदेव समेतने विनती करि ॥ सो सुनिके सब आश्चर्य पांमे ॥ एसो श्रीप्रभुनको अतुल प्रताप हे ॥ जो एसे समयमें हुं प्रभु निज प्रताप अपने भक्तनकुं दिखावे हे ॥ अगाडिहुं एसी अनेक बात सुनते हते ॥ सुरतवारे वैष्णव ब्रजवल्लभदास छे महिना तांइ रात्रि दिवस उहां रहेते ॥ सो वे आयके वात करते ॥ परंतु सांच नही आवती ॥ सो ए बात सुनते ॥ ये बात सांच लगेहे ॥ सो इनकी छेलकडी तोडी लोनी ओर कांन तोडि डार्यो ॥ सो सबननें देख्यो ॥ ए बात सं. १९३३ के फागण वदी ६ के दिन भइ ॥ ओर कितने लोक बात करेहे जो बडे बागमें भुत हे ॥ सो भुत हे नहीं परंतु कछु प्रभुनकी इच्छाको कारण हे ॥ जो भुतकी योनी शास्त्रमें हुं निरूपण हे ॥ या बातको वचन "भूतोपि देवयोनयः" ओर पूतना मोक्ष तथा नारायण कवचमें इत्यादिकमें हे ॥

ओर पुराणान्तरमें हुं हे ॥ ओर दोयसोबावनकी वार्तामें हतीत पतित भये तासों या बात मीथ्या नही कही जाय ॥ परंतु आजकाल यामें पाखंड बोहोत चले हे ॥ तासों जुठो सरिखो लगे हे ॥ सं. १९१४ की सालमें बडोदाके प्रदेशकुं हम गये हुते ॥ तहांहुं एक कौतक एसो देख्यो ॥ तब आप आज्ञा किये जो ॥ एक प्रभु काशीवारे हमारे घरके वैष्णव हे ॥ विनके घरमें भुतनी देखी ॥ प्रत्यक्ष सो बातें करे ॥ ओर पुछे ताको उत्तर देती ॥ कोउ गाली दे तो वाकों वे गाली देती, ओर वाको शरिर अदृश्य रहे ॥ वाको नाम झवेरवहु हुतो ॥ वासों हमने बोहोत बात पुछो ॥ ताकों सब उत्तर दियो ॥ ओर वासों पुछीके तुं एसे प्रत्यक्ष क्यों बोलत हे ॥ ओरनके शरिरमें कयों नही बोलत हे ॥ तब वानें कही जो हमारेमें कोइ बोहोत बुरो होय सो ओरनके शरिरमें आवे हे ॥ ओर मनुष्यनकुं दुःख देहे एसी गंदी कायामें कोन घुसे ? ॥ आर याकों भूतनी होवेको कारण ? वानें कह्यो सो बात, जो मेरे बेटा भयो हुतो ओर प्रसूतिकामें मृत्यु भयो ॥ सो वे बेटामें मेरो चित्त रह्यो ॥ तासों यह दिशाकों प्राप्त भइ ॥ तब मेरे धनीने मोको शीसामें उतरवाइ ॥ सो वे शीसामें बोहोत दिना तांइ जमीनमें रही फेरि ए जमीन प्रभु काशीवारेनें वेचाण लीनी ॥ तब वाकी नीम खोदते वे सिसा जमिनमेंते निकस्यो ॥ सो फुटो गयो ॥ तब में बहार निकसी ॥ वा दिनातें चोडे सबनसों बोलचाल करे ॥ दोय तिन वर्ष तांइ ॥ एसे ए बात राजद्वार बडोदाके तथा अंग्रेज सुद्धांने जानी ॥ अंग्रेज प्रेतयोनीको नही माने हे ॥ वानें हुबोल बतरावन सुनी ॥ तासों शास्त्रमें निर्माण हे सो प्रमाण आज्ञा हे ॥ सो प्रेत योनी नीश्चे हे ॥ तासों चित्तकी वृत्त स्थिर राखी के अवसान समय भगवत् चरणारविंदमें चित्त लगावे ओर देह संबंधी हितकारक सगे होय सो केवल भगवद् नामोच्चारणकी धुम मचाइ दे ॥ तासों भगवद्लीला संबंधी वा जीवके चित्तकी वृति पोहोचे ॥ तब भगवद् चरणारविंद यथा भवना प्राप्त होय ॥ इति श्रीगि-

रिधरलालजी महाराजके वचनामृत अडतालीसमो संपूर्ण ॥ ४८ ॥

 [वचनामृत ४९ मो.] 

अब ओगणपचासमो वचनामृत आप आज्ञा करे जो ॥ जेपुरके राजा मानसिंह कुंभनदासजीको जडाव दर्पण देवे लगे ॥ सो न लीनो, तब दासनें विनती करी ॥ जो क्यों न लीनो लेके श्रीनाथजीकुं भेट करते ॥ तो वे वस्तु श्रीनाथजीके अंगीकार होती यामें अपनी सिद्धाइ न दिखावते तो कहा चिंता हती ॥ प्रभुनके अंगीकार तो होतो ॥ तब आपनें अज्ञा करी जो ॥ वे आरसी प्रभुनके अंगीकार उपयोग लायक न हती ॥ श्रीप्रभु तो नौतन सामग्रि अंगिकार करेहे ओर ए तो राजाकी देखी भइ हुती तासों ए विचारिके पीछी दिनी जो श्रीप्रभुके उपयोग लायक होती तो सर्वथा पीछी न देते यामें अपनी सिद्धाइ जतायवेके लिये न लीनी सो बात नही हे ॥ परंतु वे अंगिकार लायक न हती तासों पीछी दीनी ॥ ओर कुंभनदासजीको सात बेटा हुते, परंतु डेढ बेटा केहेते ॥ सो आखे तो चत्रभुजदासजी ओर आधे कृष्णदासजी ॥ ओर दुसरे पांच वैष्णव न हते तासों वाको बेटा न गीनते ॥ तासों वैष्णवको बेटा वैष्णव न होय ताको बेटा न जाननो ॥ शरिरको मेल जाननो ॥ एसे शेठजी दामोदरदासजी संभरवालने बेटा अपनो न जान्यो ॥ जन्म ही त्याग करी दीयो वाको मोढोहुं स्त्रिपुरुषने न देख्यो ॥ वे म्लेच्छ हुतो तासों ॥ बेटा कोनसों कहेनो जो अपने कुलके धर्ममें रहे ॥ कुलको धर्म छोडे सो बेटा काहेको तहां फेरि दासनें प्रश्न कर्यो ॥ जो कुलके धर्ममें तो प्रह्लादजीने हिरण्यकशिपुको कह्यो न मान्यो सो क्यों ॥ सो आप आज्ञा करिये ॥ जो प्रह्लादजीने पीताकी आज्ञा न मानी ताको अपराध कछु लाग्यो के नही ? ॥ तब आप आज्ञा करे जो ॥ पिताको धर्म येइहे जो पिता पुत्रको सत्कार्यमें लगावे सो आज्ञा न माने तो अपराध लगे ॥ ओर ए तो भगवद्धर्मको निंदिक हतो तासों अपराध न लग्यो ॥ जेसे यदुराजाके पास ययातीरा-

जाने तरुन अवस्था मागी सो न दीनो तो हुं यदुराजा धर्मशील कहाये ताको कारण पिताकी आज्ञा न मानी ओर तरुणावस्था आपनी न दीनी ताको अपराध यदुराजाको न लग्यो ॥ कारण जो बेटाकी अवस्था लेके मातासों पीता भोग करे तासों यदुराजाने पीताकी आज्ञा न मानी ॥ एसेइ प्रह्लादजीने हिरण्यकशिपुको आज्ञा न मानी ॥ तब फेरि विनती करी जो कुल धर्म तो प्रह्लादजीको न रह्यो ॥ तापें आपने आज्ञा करे जो श्रीगीताजी अष्टादशाध्यायमें श्रीठाकुरजीने अर्जुन प्रति आज्ञा करी हे ॥ सो श्लोकः—

सर्वधर्मान्परित्यज्यमामेकंशरणं व्रज ॥
अहंत्वासर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामीमाशुचः ॥१॥ इति वचनात् ।

याको अर्थ ॥ हे अर्जुन ! सर्व धर्मको परित्याग करिके मेरेइ शरण आव, ओर में तेरे सब पापनको मोक्ष करुंगो, सोचमतिकरे, एसे आज्ञा हे ॥ तासों भगवद् धर्म मुख्य हे ॥

ओर प्रह्लादजीको कुल धर्म सोइ भगवद्धर्महे क्यों जो ब्रह्माजी तथा कश्यपजी भगवद्धर्म में हुते ॥ तासों कुल धर्म प्रह्लादजीने त्याग कयों हे ॥ तब दासने विनति करी जो मेरे पिताके पिता सखीदास रामानंदी संप्रदायमें हते ॥ ओर मेरो पिता ओर में आदि परिवार सबतो राजके शरण हे ॥ तामें कछु कुलधर्म तो बाधक नही ॥ तब आपनें कृपा करिके आज्ञा करी जो ए बात तो तेरे पिताने विशेषता करी जो मर्यादामें हते सो पुष्टिमें भए तामें कछु हिनता न भइ ॥ तासों हिनता हे सो कुलधर्म में बाधक हे ॥ ता समें जा समागमके शास्त्रि राधाकिसनजो पास बेठे हते विनने विनति करी जो ॥ कृपानाथ ! श्रीगीताजीमें भगवद् आज्ञा हे के "स्वधर्मे निधनंश्रेयः परधर्मो भयावहः" याको अर्थ ॥ जो अपनो कुलधर्म बुरोहे तोहु श्रेय करता हे ॥ ओर दुसरेको धर्म आछो हे तोहु अपनेकुं तो भय कारक हे ॥ एसो भगवद् आज्ञा हे तब आपने आज्ञा

करी जो तुमने प्रश्न बाहोत आछो कर्यो याको उत्तर यह जो ए कारिका वरण धर्मके उपरहे ॥ ब्राह्मण हे सो ओर तीन वरणको धर्म करे ओर शुद्र हे सो ब्राह्मणको धर्म करे तो वे भयावहहे तासों जा वर्णमें होय सोइ करनो ॥ सोइ श्रीगीताजीमें आज्ञा करी हे ॥ तासों ए वचन कुल धर्मके उपर नहि लगे ॥ कुलधर्मके उपरतो "सर्व धर्मान् परित्यज्य" ए श्लोक हे जो आगे लिख्यो हे ॥ तासों भगवद् धर्म हे सोइ मुख्य हे ॥ तासों वैष्णवकुं भगवद् धर्म, सेवा, कथा, किर्त्तन, यहलोक परलोक के श्रेयकी इच्छा राखतो होय तो ताकोतो भगवदाश्रय इ करनो ॥ तासों सकल मनोर्थ सिद्धि होय ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत ओगणपचासमो संपूर्ण ॥ ४९ ॥

 [वचनामृत ५० मो.] 

अब आपने पचासमो वचामृत आज्ञा करे जो ॥ उद्धवजी भगवानके परम सखा हते ओर स्वरूपाकृतीहु आप सदृश श्री ठाकुरजी जेसेहे ॥ ओर वृत्तिमें श्रेष्ट हे ॥ एसे उद्धवजी तिनको गोपीजनकी शांतना करिवेके लिये श्रीगोकुलकों पठाये ॥ सो गये तो हते ज्ञान देवेकुं सो आप ज्ञान प्राप्त होयके आये ॥ ओर व्रजको प्रेम देखीके उद्धवजीको नेम तथा ज्ञान हतो सो कीतको कीतवा प्रेम समुद्रमें बहे गयो ॥ ओर श्रीनंदबावाजु तथा श्रीव्रजराणीजु तथा समस्त व्रजभक्त आदि बाल वृद्ध पर्यंत ओर वृक्षादिक सब गौ, पशु, पक्षी, सब व्रजके मंडलेनकेकों श्रीठाकुरजिके उपर अत्यंत स्नेह देखिके उद्धवजी अत्यंत प्रेम विवस भये ॥ गद्गद कंठ होय गये ॥ ओर एइ मनमें आइ जो में या व्रजमें रहुं तो बोंहोत आछो ॥ सो प्रभुनसो एइ माग्यो जो व्रजमें गुल्म लतौषधि होउं ॥ तापें दासने प्रश्न कर्यो जो ॥ एसे परम सखा होयके ए कहा माग्यो ए तो अपनोइ स्वारथ माग्यो ॥ जो व्रजमें रहेनो परंतु एसो क्यों न माग्यो जो बडे वृक्ष अब कदंबादिक होयके श्रीप्रभुजी व्रजभक्तन संग विहार करतमें छायारूपी सेवा करनी ओर लीलाके दर्शनहू होते ॥ ओर व्रजको वासहुं

होतो ॥ सो कृपानाथ उद्धवजी मागवेमें भूले हे ॥ ए तो ध्रूवजीकी नांइ इनने माग्यो ॥ जो ध्रुवजी पांच वर्षके हुते ओर श्रीभगवद् प्राप्ति भइ ॥ ता समय श्रीठाकुरजीके पास राज माग्यो ॥ ओर चरणारविंदकी सेवा न मागी ॥ ताको सोच बडो रह्यो ॥ पश्चात्ताप बहुत भयो ॥ ए बाततो एसे भइ ॥ तापर आपनें आज्ञाकिये जो ए बात एसे हे ॥ जो ए तो समजवेको फेर पड्यो ॥ उद्धवजीने ठीकही माग्यो जो गुल्म लतौषधि होउं ताको अभिप्राय ये रह्यो जो व्रजमें सदा श्रीठाकुरजी नागे चरण सोइ फिरेहे ॥ सो भगवदिने हुं गाये हे ॥ जो "सुरदास प्रभु नागे पायन अनुदिन गैयाचारी" ॥ एसे गाये हे तासों उद्धवजीने यह माग्यो जो गुल्म लतौषधि होउं तो आप चरणारविंद धरे ॥ तहां कांटा, गोखरु, विगेरे चरणारविंदमें चुमे तासों गुल्म लतौषधि होयके चरणारविंद नीचे रहुं ॥ ओर प्रभुनकुं सुखदलगे ओर शिल कंटकादिक चरणारविंदमें चुभे नहि ॥ ताके यत्न सों यह माग्यो ॥ जो प्रभुनकुं सुखदत्व ओर अपनो कृतार्थ तासों पश्चात्ताप होय ॥ एसी बात नही हे ॥ क्यों जो ध्रूवजो तो बालक हते ॥ ओर राज आकांक्षासों तप करवे गये हते ॥ तासों राज माग्यो ॥ ओर इनकुं तो व्राजभक्तद्वारा ज्ञान प्राप्त भयो ॥ तासों उचित ही माग्यो हे ॥ यामे संदेह न करनों ॥ तासों दासकों वैष्णवकुं चरण सेवा ही मुख्य हे ॥ तासों व्रजमें श्रीगिरिराजजीके पास उद्धवजीकी बेठक हे ॥ ओर १गुल्म लता रुपी सदाइ उद्धवजी उहां बिराजे हे ॥ फेरि वैष्णव नथुभाइने विनति करिजो नंदगामके पास उद्धवजीकी क्यारी हे उहां नही हे ?॥ तब आपनें आज्ञा किये जो उहांतो गोपीजन सों ज्ञान प्राप्त भयो सो स्थल हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पचासमो संपूर्ण ॥

[वचनामृत ५१ मो.]

अब एकावनमो वचनामृत आपने आज्ञा किये ॥ जो श्री महाप्रभु-

१ कुसुम सरोवर उद्धवजीनी कदमखंडी केहवाय छे ते स्थल.

जीके बालक तो सब एक सार महद्कुलहे ॥ ओर पुजनीय हे ॥ यामें ए हमारे इष्ट हे ॥ ए दुसरे घरके हे हमतों फलाणे घरके हे ॥ ए जो भीन्न भाव हे सो कृपानाथ हमारी जीवकी अज्ञानता दीसेहे ॥ ओर आपतो सब एकही हो ॥ सो ब्रह्मसंबंध दुसरे बालकको लेनो के न लेनो ॥ एसो प्रश्न दासने कर्यो ॥ तामें आपने आज्ञा करी जो मुख्य तो सातघर हे ॥ ओर बालक हे सो सातघरके हे ओर सातघरमें सेवाकी रीति न्यारी न्यारी हे ॥ कोइ ठोर उत्सवको क्रम कछु हे ॥ कोउ घरको क्रम कछु हे ॥ सो वैष्णव जाके घरके सेवक होय ता घरकी रिति करेहे ॥ बाप श्रीमथुरेजीके घरको सेवक ओर बेटा दुसरे घरको होय ओर घरमें श्रीठाकुरजी बिराजते होय तब कोनसे घरकी रिति करे ? तासों एक ही घरमें रहेनो उचित हे ॥ ताको कारण जो पिता श्रीमथुरेशजीके घरको सेवक होय ॥ ओर बेटा श्रीद्वारकानाथजीके घरको सेवक होय तब श्रीठाकुरजीकी सेवामें रिति अगाडिसों श्रीमथुरेशजीके घरकी चलती होय ॥ ओर पांच पैसाकी सेवाहु श्रीमथुरेशजीके घर पहोंचती होय ॥ एसे चलते पिताको देहांत भयो ॥ आर बेटाकी घरमें मुखत्यारि भइ ॥ ओर श्रीठाकुरजीकी तथा घरकी रीति श्रीमथुरेशजीके घरकी होती होय ॥ ओर बेटा श्रीद्वारकानाथजीके घरको सो वाको तो ॥ श्रीद्वारकानाथजीके घरकी रीति करनी उचित हे ॥ ओर श्रीप्रभु तो श्रीमथुरेशजीके घरकी रीतिसों हीलेहे सो रीति न करे तो गुरु द्रोही होय ॥ सो नवरत्नमें कह्यो हे ॥ जो श्रीमहाप्रभुजी आप आज्ञा करे हे जो "सेवाकृतिर्गुरोराज्ञा" ओर शास्त्रमें गुरुको आज्ञा हे सोइ मुख्य हे ॥ तासों सेवक तो जा घरके हो ते होइ वा घरकेनसों ब्रह्मसंबंध करनो ॥ ओर बालककी सेवा तो भले इ अपनी शक्ति प्रमाण करे ॥ परंतु सेवक तो एकही घरको होनो मुख्य हे ॥ तामें प्रभु प्रसंन्न रहे ॥ ओर घरकी रीति नही मिटे ओर वेसेतो गुरुकुलके सबहें ॥ सो माननो तो सबकुंही चैये यामें आपनो धर्म रहे तासों दासने विनती करीके ए मेरी अज्ञानता

हे ॥ सो बालक विषे भिन्न भावतो नही गिननो ॥ भीन्न भावगिने सो तो अज्ञानही हे ॥ ओर ब्रह्मसंबंध तो एक ही घरको लेनो ब्रह्मसंबंध भये विना जीवकी शुद्धता नही हे ॥ ओर जीवकी शुद्धता विना सेवाको अधिकार नही हे ॥ ओर सेवा सिद्ध भये बिना पुष्टिमारगमें अंगिकार नहि होय ॥ तासों सेवा विषे विरुद्धता न होय ॥ ओर श्रीप्रभुप्रसन्न रहे ॥ ओर श्रीगुरुदेवकी आज्ञा सधे ॥ या प्रमाणे जीवकुं रहेनो ॥ इति श्रीगिरिधलालजी महाराजके वचनामृत एकावनमो संपूर्ण ॥ ५१ ॥

[वचनामृत ५२ मो.]

अब बावनमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो कामको दहनतो कोइ करि शके, परंतु रोष दहन करनो बोहोत ही कठिन हे ॥ श्रीमहादेवजी भक्तनमें शिरोमणि हे ॥ श्रीप्रभुजीको अह निश ध्यान करेहे ॥ सोउ कामदेवकों तो जरायो परंतु क्रोधको दहन तो नहि होय शक्यो ॥ क्रोध तथा कामको दहन तो श्रीप्रभुजीसोइ भयोहे ओर कोइको सामर्थ्य नहि ॥ ब्रह्मादिक शिवादिकको सामर्थ्य नहि तो ओरनको कहा चलाइ ॥ बद्रिकाश्रममें श्रीनरनारायण तपस्या अद्यापहु करेहे सो एक समय इंद्रनेजानी जोइनकी तपस्या बोहात बढी सो तपके जोर सों मेरो इंद्रासन ले लेइंगे ॥ तासों वसंतऋतु तथा मंदवायु तथा अप्सरागणको पठाइ ॥ ओर कह्यो जो तुम सब जायके इन नरनारायणजाको तप भंगकरो ॥ सो वे सब बद्रिकाश्रममें गये सो सब दुर रहे इनके तपके तेजसों नजीक जाय न सके ॥ सो आपनें देखिके नजीक बुलाए ॥ जो तुम आवो एसे आदर आपनें कयों ॥ फेरि आपको वैभव सब इनकों दिखायो ॥ सो देखिके बडे विस्मयकों प्राप्त भये जो ए सो वैभव तो इंद्रने स्वप्नमेंहु न देख्यो होयगो एसो अद्भुत वैभव आपने श्रीनरनारायणजीने कृपा करिके देखायो ॥ ओर एक अप्सरा उर्वशी वाको नाम हतो ॥ सो इनकुं दीनी ॥ जो इनकुं तुम इंद्रके लिये ले जाउ ॥ एसी आपनें कृपा करी ॥ जो इंद्रने तो योग

भंग करवेके तांइ इतनों उपद्रव कर्यो ॥ ओर आपनें तो कृपा करिके उलटि उर्वशी इनकुं रिझके दीनी ॥ जेसे गोवर्धन यज्ञमें श्रीठाकुरजीने अपने भक्तनको अन्याश्रय छोडायवेके निमित्त श्रीगोवर्धन पूजा करवाइ ॥ तासमय इंद्रनें बडो कोप कर्यो ॥ ओर जल बरसायो ॥ ताकोहु आपने सेवामानी लीनी ॥ तासों श्रीप्रभुजी ऐसें दयाल हे ॥ जो जीवको सेवा थोडीसी होय ताकुं आप बोहोत करि माने हे ॥ तहां भगवदीने गायो हे ॥ जो "राइ जीतनी सेवाको फल मानत मेरु समान ॥ समजदास अपराध सिंधु सम बुंद न एको जान" एवचन हे ॥ तासों श्रीप्रभुजो एसे दयाल हे ॥ पुतना विष देवेकुं आइ ताकों माताकी योग्यता दिनि ॥ एसे भृगुजीने हृदयस्थलके विषे लत्ताप्रवहार कर्यो ॥ सो आश्रण करिके मान्यो ॥ ओर उलटो आज्ञा करी जो तुम्हारे पांवनमें लगी होयगी ॥ श्रीप्रभुजी एसे उदार राय, करुणा समुद्र हे ॥ जो ए एसो न विचारे तो अपनो ठेकाणो कहूं लगे नही ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत बावनमो संपूर्ण ॥ ५२ ॥

 [वचनामृत ५३ मो] 

अब त्रेपनमो वचनामृत आपनें आज्ञा करी ॥ जो एक समें होल्करके आगे काहुने कही जो मेवाडमें श्रीनाथजी बिराजे हे सो पारसको स्वरूप हे ॥ लोहके स्पर्श करे तो सोनो हो जाय ॥ सो सुनिके बिचारी जो में उनकुं ले आउं ॥ ताके लिये बहोत बडि फोज लेके मेवाडमें आयो ॥ जो इनके समाचार इंदोरके वैष्णवने श्रीगिरिधारीजी महाराजसों लिखे ॥ जो ए दुष्ट एसो विचारके अपने इहां आवे हे ॥ सो समाचार वांचीके श्रीगिरिधारीजी बोहोत सोच युक्त भये ॥ राणाजीको पत्र लिखे ॥ ताको जुबाब राणाजी लिखे जो आप मारी पास पधारी आवे तो आछो, नाँहि तो एती दुरसों ठीक नही पडे ॥ तासों श्रीनाथजीकों उदेपुर पधरायवेको उद्योग कर्यो ॥ सो गोपीवल्लभ श्रीजी द्वारमें अरोगे ॥ ओर उस्ताकों बुलाए ॥

सो सघरे घणे लगे ॥ सो श्रीनाथजी उठे नही ॥ सो संध्याआरतिको समय होय गयो ॥ पीछे व्रजवासीननें गारी दीनी के मुंड कटावेगो कहा? चले क्यों नहि ? तब आप उठे, चोडोलमें पधारे फेरि सब व्रजवासी लगिके गाडामें पधराये ॥ सो वाढेरा पधारे ॥ ओर खीचडीको राजभोग आयो ॥ जब होल्करकी खबर आइ के श्रीजीद्वार पोहोंच्यो हे सो सुनिके तत्काल राजभोग आरति भइ ॥ ओर उदेपुर आडि कुच भयो ॥ श्रीनवनीत-प्रियाजी तथा श्रीविट्ठलेशरायजी उदेपुर पधारे ॥ सेवक व्रजवासी सब संग हतो ॥ सब श्रीजीद्वार खाली करि दियो ॥ सो देखिके होल्करने कहि जो भागे ताको पिछाडो नहि करनो ॥ इहां रहेते तो जो होती सो होती ॥ ओर याके तो भागवेकी टेव हे, सो भाग गयो ॥ एसे केहेके रेहे गयो ॥ ओर श्रीनाथजी तो उदेपुर पधारे ओर होल्कर आयवेकी सुनिकें अपने-इहां काकाजो श्रीव्रजभुषणजी महाराजसों सबननें विनतो करी ॥ जो श्री-नाथजी तो उदेपुर पधारे हे, ओर आपुनहु इहांसो उदेपुर तथा जहां अपनी इच्छा होय उहां पधरावे तेा ठिक हे ॥ क्यों के ए दुष्ट हे ॥ तापर आपनें आज्ञा करी के जो में तो प्रभुनकुं कहुं न पधराउंगो क्यों के हमारे बडेननें इहां पधराये हे ॥ सो में तो पधरावुं नही ॥ एसे आज्ञा करिके पधराये नहि ॥ फेरि होल्करके डेरा राजनगर भये, ओर फोजके मनुष्य सब दर्शनकुं आये ॥ सो जगमोहनमें दुसरो स्वरूप पधरायके दर्शन कराये सो तहां बनियाको भेटको द्रव्य बहोत आयो ॥ दर्शनीनें रुपैयानकी मुठी भरी भरिके फेंके, ओर सांजके समय होल्कर दर्शनकुं आयो ॥ सो मलुकचंद-जीनें कहीके पहेले हमकुं महाराजके दर्शन करावो तब मलुकचंदजीनें श्रीकाकाजीसों बिनती करिके होल्कर आपके दर्शनकी विनती करेहे ॥ तब आपने आज्ञा किये जो में तो या दुष्टको मोंढो न देखुं ॥ इनने श्री-नाथजीकुं बोहोत परिश्रम करायो हे तांसों मेंतो याको मोंढो न देखुंगो ॥ ओर आयो हे ताको सन्मान कर्यो चाइये ॥ सो लालजीके दर्शन करावो ॥ सो फेंरि श्रीगिरिधरलालजीके दर्शन बेठककी नीचली तीबारीमेंसों कराये

सो साक्षात् श्रीद्वारकाधीशके दर्शन श्रीगिरिधरलाल दादाने सबनकुं दिये॥ फेरि इहां दर्शनको समय भयो, आरतिकी खबर आइ, तब आप आज्ञा करे॥ जो दर्शनकुं चलो॥ तब फेरि विनती करी जो दर्शन कोंनके करने कन्हैया तो इहांइ दर्शन देहे॥ ओर विनती करी जो में खरचीमें टुट रह्योंहुं सो कछुक टुकडा मोंको हुं मिल्यो चाइये॥ जो वासो इंदोरपार हो जाउं॥ सो आप साक्षात् कन्हैयाके पास न मागुं॥ तासों मोको टुकडा मिल्यो चइये॥ सो वाइ समय बडोदावारे शेठजी हरिभक्तिवारी शेठाणी रतन-बाइको पलना सोनाको नव्वे (९०) हजारको वृथा पडी रह्यो हतो सो देदियो॥ फेरि श्रीप्रभुनको दर्शन करिके वहार निकस्यो॥ सो वहार निकसिके देखेतो कांकरोलीके दरवज्जे तथा कोट सुवर्णमय देखे॥ ओर गामकी वस्तीमें छपरेके केलु केलु प्रति सिरबंधी शस्त्रधारी देखी॥ सो देखीके अत्यंत विस्मय भयो ओर केहेवे लग्यो जो इहां तो शिरबंधी बहोत हे॥ ओर ए टेकरीवारे देव सच्चे हे॥ फेरि डेरापें गयो॥ सो कछु सुझे नही आंधरो सो होय गयो॥ फेरि इहांसो महाप्रसाद पधारे॥ सो तब मुखियाजीसों वानें कहि, जो हमकुं तो सुझे नहि हे सो काहेतें॥ तब कहीके मोकों एसो दिसेहे जो ए देव द्रव्य लायो हों तासों होयगो॥ तब मुखियाजीनें कहिके एसे तो सहि॥ तब वा द्रव्यके मेवाडके सरदारन उपर आधेके रुक्का करि दिये॥ ओर आधे रुपैयानको अपने नामके कर-जाउ खत लिखि दियो॥ सो मुखियाजी लेके श्रीकाकाजी महाराजके पास आये॥ सो आपने देखे तेा मेवाडके सरदारनके खत देखिके कह्यो जो हमतो विनके पास लेवे मांगे कोइ नही ओर इन दुष्टनकुं पीछे दे तो वाकुं दुख देवे सोवे सब रुक्का तलावमें डारि दिये ओर सबनकुं छुडाये॥ एसे आप दयालु हते॥ ओर इनके नामको खत सो आजहुं भंडारमें पड्यो हे॥ सो कोउ लेवे गयो नहि॥ ओर इननें पठायेहुं नही॥ एसे करि करायकें डेरा उठे॥ अब श्रीनाथजी तो उदेपुर बिराजे॥ पीछे घस्याढ

पधारे ॥ मंदिर तैयार भयो ॥ इतनें घस्याढ बिखजे ॥ फेरि घस्याढमेंते स्वइच्छा भइ तब सिंहाडके मंदिरमें बिराजे ॥ राणाजी पधरावेकी नांहि करते ॥ सो श्रीकाकाजी महाराजने आपने पधराए सो अद्यापतांइ सिंहाडमें आनंद सों बिराजे हे ॥ सो सिंहाडमें पधरायवेके तांइ अपने घरको द्रव्य एक लक्ष रुपैया खरच भयो ॥ ओर श्रीनाथजी उदेपुर पधारे सो होल्करको तो व्याज नाम मात्र हे परंतु कार्य कारण ओर हतो ॥ जो उदेपुरमें अजब-कुंवरबाइको वचन दियो हतो तासों पधारे ॥ ओर श्री विट्ठलेशजी उदेपुरसों कोटा पधारे ॥ फेरि सात स्वरूप श्रीदाउजी महाराजने मनोर्थ करिके पधराये ॥ तब पधारे ॥ सो अद्यापतांइ श्रीसिंहाडमें बिराजे हे ॥ अब जो पलना होल्करको दिये सो वृथा पडि रह्यो हतो एसे आज्ञा करि लिखायो ॥ जो वृथा पडि रह्यो हे सो दिये सो वा बिरियां मुखियाजी द्वारकादासनें प्रश्न कर्यो जे कृपानाथ ! एसो सोनाको पलना वृथा पड्यो हतो ताको कारण कहा सो कृपा करिके कहिये ? तब आपने आज्ञा करी जो जाबिरियां हरि-भक्तिवारी शेठाणीरतनबाइनें पलना भेट कर्यो ओर, जन्माष्टमी उपर झुले ओर दर्शन करे ॥ फेरि श्रीकाकाजी महाराजके पास आइ तब आपनें आज्ञा करी जो पलना तो बोहोत सुंदर हे परंतु सांकल पतली बोहोत हे तासों प्रभुनकुं पधरावते डर लगेहे ॥ तासों सांकलमें ओर सोनों पडेतो ठीकहे ॥ सो तववानें आपके अगाडि विनती करीके महारी श्रद्धा एटलीज छे, फेरि निचे उतरतें केहेते उतरीके महाराजने पण लोभ छे ॥ सो आपने कर्णमें सुनि लीनी, वाइ बिरियां आज्ञा भइ जो अब ए तेरो पलना प्रभु कबहुं अंगिकार न करेंगे ॥ तासों ऐ वृथा लिखायो ॥ फेरि दुसरे दिन दंडोत करिवेआइ तब विनती करी जो महाराज अपने घरको केटलो खरच हे सो मोको लिखाय दिजीये ॥ सो प्रति साल पठावती जाउं ॥ सो आप सुनिके मुस्कायके कहि जो तेरी कहा सामर्थ्य हे ॥ ओर मेरीहुं कहा सामर्थ्य हे जो प्रभुनके खर्च चलावेंगे ॥ ए तो पलंगडिवारो

सब चलावेहें ॥ ओर तासों एसो अहंकार आयो जो में श्रीप्रभुनको खरच चलाउं जा हमकों मोढो मति देखावे ॥ एसे आज्ञा करि सो फेरि बडोदा चलिगइ ॥ तासो जीवकुं प्रभुनके आगे बिचारके बोलनो ॥ ए बात सहज नही समजनी ॥ ए अग्नि हे आज्ञा प्रमाणें चलवेकी आज्ञा करनी परंतु आशंका न करनी ॥ एसो आपको अलौकिक चरित्र हे ताको वर्णन कहां तांइ करे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत त्रेपनमो संपूर्ण ॥ ५३ ॥

 [वचनामृत ५४ मो.] 

अब चोपनमो वचनामृत आप आज्ञा करे जो एक समय काकाजी श्रीव्रजभूखणजी महाराज धंधुकाके परदेशकुं पधारे ॥ सो उहां बिराजे सो तेरे चौदे दिन तांइ बिराजे रहे ॥ परंतु सेवा कछु न भइ ॥ सो आप उत्तायके पधारे जो यहां कहां तांइ बेठे रहे ॥ ए बात सब वैष्णव सुनिके आपके मेनाके आगे आय पडे ॥ ओर विनति करी कृपानाथ ! हमतो जीव आपके हे ॥ हमारे दोष अपराध सामेंतो आप देखेंगे नही ॥ ओर दया करिके पधार्यो चाइये ॥ आप एसेइ पाछे पधारेंगे तो हमकुं मोढो दिखायवेकी ठोर न रहेगी आपके कहायके आपसों विमुख रहेंगे तो फेरि हमारो कहां बचावहे ॥ सो कृपा करिके पधारिये ॥ तब आप अपने स्वकिय जानिके आज्ञा करी जो जन्मष्टमी पास आवे हे ॥ तासों हमारे कांकरोली अवश्य जानो हे ओर दिन टुटेतो ठीक नहि ॥ तासों तुम आज सेवा सब निवड लेहु तो ठेरे ॥ तब फेरि वैष्णवने विनति करिके कृपानाथ एसे पधरामणी एक दिनमें केसे निपटे ॥ तब आपनें आज्ञा करि जो तुम सब जगे तैयारी कराओ ॥ हम सब निवड लेइंगे ॥ फेरि आप मेनामें बिराजके छडिस्वारीसों गाममें पधारे सो सेवा सब दोय प्रहरमें लेके सब वैष्णवको मनोर्थ सिद्ध किये ॥ जेसे रासोत्सवमें अनेक व्रजभक्तनकों अनेक रूप करि रात्री बढायके सबनके मनोर्थ सिद्ध किये

तेसें इहां हुं आप करे ॥ फेरि शिघ्रहि कुच करिके कांकरोली पधारे ॥ सो जन्माष्टमी तथा अन्नकुट तथा डोल तीन उत्सव तो आप सदाइ घरके करते ॥ ओर इन उत्सवके बिचमें सावकाशमें परदेश होतो ॥ कितनेक ठेकाणे आप दोय स्वरूपसों पधारिके सेवा लेते ॥ जेसी अवकाश प्रमाणे सेवा निबडलेते ॥ जेसे श्रुतदेव तथा जनकविदेहिके घर श्रीप्रभुजी दोय-स्वरूपसों पधारिके दोउ भक्तनको मनोर्थ सिद्ध कर्यो तेसेइ आप प्रताप जतावते ॥ ओर आपकुं अस्पर्शको संदेह छुइ जायवेको बोहोत हतो सो एकसो आठ घडासों स्नान करते ॥ विस विस घडातो काननमें कुडावते॥ ओर श्रीद्वारकांधीशकों शृंगार श्रीहस्तमें रेशमी पंजा पेहेरिके करते ॥ बोहोत सुंदर शृंगार ओर वेगी करते ॥ ओर सामग्री हु श्रीप्रभुनकुं बोहोत अरोगावते ॥ एसे तो हमारे बडेनने तथा ओर घरनमें कोइ बालकनने श्रीप्रभुनकुं लाड नहि लडाये होइंगे ॥ महाप्रसाद गोमाता तथा घोडा घोडि विगेरे पशु तलककों मिलतो सो बात तो जगत्प्रसिद्ध हे ॥ उत्स-वकी तथा नीत्यकी सेवा विधि, स्तुतिके श्लोक आपनें बोहोत प्रगट किये हे, सो खरडामें लिखे हे ॥ ओर नंदमहोत्सवको सुख अपने भक्तनकों आनंदावेशमें देहानुंसधान तीन दिन तांइ न रहेतो सो तासमें जे भक्त कृपापात्र होइंगे तिनको दर्शन भए होइंगे ॥ ताके भाग्यकी कहांतांइ वर्णन करे ॥ ओर आपको श्रीअंग पेहेले तो गौर हुतो॥ सो पीछे स्नान बोहोत करवेतें श्यामता दर्शन देते ॥ ओर शास्त्रको अध्ययन हुं आपकुं वोहोत हतो ॥ तथा श्रीसुबोधिनीजीकी कथा नित्य आज्ञा करते ओर वैष्णव दुर्लभदासके उपर अत्यंत कृपानुग्रह करिके कितनीक बात अलौ-किक वार्त्ताको दान करते ॥ ओर आपने दोय विवाह किये हते ॥ सो पहेले वहुजीको नाम श्रीचंद्रावलिवहुजी तथा दुसरे श्रीभागीरथीवहुजी ॥ श्रीचंद्रावलिवहुजीके श्रीगिरिधरलालजी तथा श्रीकमलाबेटीजी, श्रीगिरिध-रलालजी पधारी गए पीछे आपने बोहोतही विरक्तता करी ॥ श्रीकमला-

बेटीजी के पति बालकृष्णभट्टजी श्रीचंद्रमाजी के घरके दोहिता हते ॥ ओर श्रीबेटोजीके लल्लु दोय, एकतो गोपनाथजी तथा दुसरे मथुरानाथजी हते ॥ तामें बडे लल्लुजो बोहोत भगवदीय श्रीद्वारकाधीश उपर बोहोत अशक्ति हती ॥ जेसे बडेनके दोहिता चैये एसेइ हुते ॥ धर्म उपर निष्टा बोहोत आछी हुती ॥ ओर कितनिक वार्ता प्राचिन घरकी इनसों हमकुं प्राप्त भइ ॥ आधी रात्री तांइ इनके हमारे होवो करती एसे परम-भगवदीय हते ॥ एसे आप श्रीमुखसों आज्ञा करिके पोढे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत चोपनमो संपूर्ण ॥ ५४ ॥

 [वचनामृत ५५ मो.] 

अब पंचावनमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीविट्ठलेशरायजोके घरके टिकेत श्री (योगी) गोपेश्वरजी माहाराजके चरित्र आपने आज्ञा किये ॥ जो एक समे नाथुवासमें न्हार आयो ॥ सो श्रीनाथजीकी गाय एक बहार रेहे गइ हुती सो वा गायके उपर वानें चोंट करी ॥ सो आप श्रीगोपेश्वरजी महाराज अपनी बेठकमें बिराजे हुते तहां खबर पडी सो वाकों हत हत करी ओर थाप मारीके कह्यो के एरे दुष्ट ! इहां क्यों आयो हे ! एसे कहिके कह्यो जो चल्यो जा ॥ यहां सो ॥ सो वा बिरियां आप कथा केहेत हते ओर अचानक कथाके बिचमें ए प्रकरण भयो सो सबकोउ अत्यंत देखिके आश्चर्यको प्राप्त भए जो ए महाराजने कहा आज्ञा करि जो कछु समज न पडि कितनेक अज्ञानी हुते सो केहेवे लगे जो ए महाराजकी तो एसी प्रकृती हे ॥ सो कभी कभी एसेइ करे हे ॥ फेरि कथाकी समाप्ति भइ ॥ सब अपने अपने घर गए ॥ एक दो अंतरंग कृपापात्र वैष्णव हुते वानें विनती करी जो कृपानाथ ! कथा होत समें आपनें आज्ञा करी जो कछु समज न पडि सो कृपा करिके समजायो चइये ॥ तब आप आज्ञा करे जो नाथुबासमें श्रीनाथजी की गाय बहार रेहे गइ हती ॥ ताको सिंहने दुःख दियो सो धमकायके काढि दिनो ॥ फेरि सबेरे गोवालने

खिरककेकिंवाड खोले ॥ तब गाय बहार ठाडि देखि ॥ न्हारके पंजा लगे थके सो गायको ले जायके खिरकमें करी ॥ फेरि गोवालने आयके अधिकारीसों सब समाचार केहे जो ॥ गायकों श्रीनाथजीने बचाइ नहि तो व्याघ्र काहेकों छोडतो ॥ ये बात शाकघरमें भइ ॥ तब सब वैष्णवकुं रात्रीकी बातपें प्रतित आइ ॥ ओर सबकों आपके स्वरूपकों ज्ञान भयो ॥ जो एसे प्रतापी हते ॥ ए बातें भइ ता समय हमारे शास्त्रि बालकृष्णजी उहां हाजर हुते ॥ एसे आप महानुभाव हते ॥ एसे आपके अनेक चरित्र हे ॥ तामें मुख्य हे सोइ लिख्यो हे ॥ ओर जो वैष्णव आवे सो घडि बेठे ॥ ताको बेठ बेठ पुछे तुं कहां रहे ह ॥ तेरो नाम कहा हे ॥ तेरो जन्मदिन कब हे ॥ एसे वारंवार वैष्णवको पुछे ताको अभिप्राय जो जन्मदिन सो तो ब्रह्मसंबंध कर्यो सोइ सत्य जन्म दिन हे ॥ वाको तो ए आशय हे ॥ ओर तुं कोन हे सो अलौकिकमें कोन हे ॥ ओर कहांकोहे ॥ सो तो कोनसें घरको सेवक हे ॥ सो या जीवको उत्तर देवेको ज्ञान कहांसो होय ॥ तासों आप वारंवार पुछते जो कछु अलौकिक उत्तर देवे सो ज्ञान तो कहांसों होइ इनकोतों केवल लौकिक खबर हे ॥ लौकिक गाम नाम तथा जन्म होय सो लौकिक दिन वर्ष बतावे तासों आप बेरबेर पुछे तब मूरख जीव जाने जो महाराज भोरेहे ॥ ओर आपनें भाष्यप्रकाशके उपर [1]रश्मीजोनामक टीका छत्तीस हजार श्लोककी करी हे सो आपके हस्ताक्षर झीणे बोहोत लिखेहे ॥ जब कोइ विनती करतो के कृपानाथ ! बहोत जीणे अक्षर लिखे हे आगे बचेंगे नही ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो अधिकारी कागद देवे नही ॥ अब या समय एसी मुग्ध लीला काकाजो श्रीव्रजपालजी दिखावेहे तासों बडे के वचनहे सो परम अलौकिक हे ॥ महा कारुणीक जाननें या वचनामृत विषे जीव चतुराइ करे सो वृथा हे ॥ तासों ए भगवद् वाक्य

१ आ श्र.योगीगोपेश्वरजीनु चित्र तथा रश्मि ग्रन्थना आपना श्रीहस्ताक्षर अष्टारा स्वरुप दर्शन पुस्तकमां आपेला छे.

विषे श्रद्धा राखिके अलौकिक भाव विचारनों ॥ ओर निश्चे अलौकिक हे ॥ ओर एक समय श्रीगोपेश्वरजी महाराजको कलियुग नजरे पड्यो ॥ रसोइके द्वार ठाडो थको, सो आप लकडि लेके वाको सिंधपोरि बहार करि आये ॥ ओर आप सत्यराम बावा श्रीनाथजीके जलपानकी सेवा वारे हते ॥ तिनसों वात कही जो आज हमने कलियुग यहां ठाडो देख्यो ॥ सो हमतो वाको बाहार काढि आये हे तब सत्यराम बावानें कही जो आप बडेहे चाहेसोइ करो ॥ ओर सत्यराम बावा हुं बहोत आछे वैष्णव हते ॥ एक बिरियां महाराणाजी जवानसिंहजी दर्शन करिवेकुं आये ॥ सो फोजफोटाकी भीडके मारे ॥ नाथुवाससों गागर अवारी आइ ॥ तासों सत्यराम बावाके रिस बहोत लगी ॥ ओर राणाजी दर्शन करिके जापटियाकि कोटडि आगे ठाडे रहे हते ॥ ओर सत्यराम बावा सों जेश्रीकृष्ण करे तब सत्यराम बावाबोले जो आपके बडे आवते तब श्रीनाथजी सामग्रि अधिक अरोगते ॥ ओर तुम्हारे आये तें श्रीनाथजी बेठि रहे ॥ सो ठाकुरजीकुं बी आपके राजमें बिराजेको फल होय ॥ सो यह सुनीके महाराणाजी जवानसिंहजी बोले जो बावा ! माहारा आयासों तो प्रभु प्रसन्न व्हे ॥ जामें मेरो आछो व्हे ॥ ओर गागरि किननें बंध करो सों बात हों डेरे जायके ठिक करुंगो ॥ ओर माहारे उपर बडि कृपा करि जो या बात कही ॥ न केहेते तो हों कंइ जाप्तो ॥ एसे कंही डेरापें जाय कामेतीनकों बुलाय तजविज करी जो आज श्रीनाथजीकी गागर अवारी पहोंची ताको कंइ कारण हे ॥ तब विननें तजविज करिके कहिजो फोजफोटकी भोड सों रस्ता नहि मिल्यो तासों अवारी गागर पहोंचीहे ॥ तब ताकीद करी ॥ कही जो सब कोइ गागरवारेनकों देखिनके तुरत सरकिजाइंगे ॥ अब अवारन होइगी ॥ सो श्रीनाथजीके सेवक अगाडिके एसे हते जो श्रीप्रभुजीकी सेवा विषे अत्यंत आतुर जो महाराणाजी पर्यंत कहुंको परवाह न राखते ॥ एसी श्रीनाथजीको सेवाकी लगन हती ॥ सो सत्यरामबावा एसे

भगवदीय टेकधारी हते जाकुं मुखियाजी बलदेवजीहुं कितनीक बात सेवा-विषे पुछते ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पंचावनमो समाप्त ॥ ५५ ॥

[वचनामृत ५६ मो.]

अब छप्पनमो वचनामृतमें आपनें जपके प्रकारकी आज्ञा करी ॥ जो प्रथमतो अष्टाक्षरकी माला फेरावनि सोइ मुख्य मंत्र हे ॥ तासों पलार्ध भूले तो आसुरावेश होय जाय ॥ तासों अष्टाक्षरको ध्यान राखनों ॥ ए बात कृष्णदास अधिकारी तथा कृष्णचैतन्य गोडिया संप्रदायवारेके परस्पर प्रसंग भयो ॥ तामें लिख्यो हे ॥ सो कृष्णचैतन्यनें कृष्णदास अधिकारीसों कहि जो हमारे आचार्यननें कहि हे जो एक बिरियां श्रीठाकुरजीको नाम लिये सो भगवदावेशहो जावे हे ॥ तब कृष्णदास अधिकारीनें कहिकें हमारे श्रीमहाप्रभुजीनें आज्ञा करी हे जो प्रभुनको नाम क्षणार्ध न लेइतो जीवकुं आसुरावेश होय जाय हे ॥ एसे दोउनके परस्पर वार्ता भइ ॥ तासों जीवको प्रभुनको नाम क्षणार्ध न लेइ तो ? आसुरावेश होय जाय ॥ तासों जीवकुं क्षणार्ध " श्रीकृष्णः शरणंमम " बिना न रहेनो ॥ वैष्णवको मुख्य धर्म एइ हे ॥ दुसरो माला गद्यके मंत्रकी ॥ सुमेर हाथमें लेके पहेले गद्यकों पाठ करिके फेरि पंचाक्षर सों माला फिरावनी ॥ समाप्तिमें फेरि गद्यको पाठ करनो ॥ ए माला महा अस्पर्श मंदिरमें सेवा योग्य होय ॥ एसी अस्पर्श राखिके जप करनो ॥ तिसरी गोपालमंत्रकी माला ॥ आपनकुं दिक्षा भइ होय तो जप करनो ॥ सोइ सांप्रदायक मंत्र हे ॥ सो कितनेक नही लेवे हे यामें तो यथा श्रद्धा ॥ चतुर्थ श्रीनाथजीकी ॥ श्रीगोवर्धनोद्धरणधीराय नमः ॥ पांचमी जा घरके सेवक होय ता मुख्य स्वरूपकी ॥ श्रीनवनीतप्रियाय नमः ॥ श्रीमथुराधीशायनमः ॥ श्रीविट्ठलाधीशायनमः ॥ श्रीद्वारकाधीशाय नमः ॥ श्रीगोकुलाधीशाय नमः ॥ श्रीगोकुलचंद्रमसेनमः ॥ श्रीबालकृष्णायनमः ॥ श्रीमदनमोहनाय नमः ॥

इतने मुख्य स्वरूपहे तामें जा घरके सेवक होय ता स्वरूपकी माला फेरावनी ॥ छट्ठी माला श्रीबलदेवजीको ॥ श्रीबलदेवाय नमः ॥ सातमी माला श्रीयमुनाजीकी श्रीयमुनायै नमः ॥ आठमी माला श्रीगिरिराजजीकी ॥ श्रीहरिदास वर्यायनमः ॥ नवमी माला श्रीमहाप्रभुनकी ॥ श्रीवल्लभचरण कमल रेणुभ्यो नमः॥ दशमो श्रीगुसांइजीकी श्रीविट्ठलचरणकमलरेणुभ्यो नमः ॥ एकादशमी जाके घरके सेवक होय ताके मुख्य बालककी ॥ श्रीगिरिधराय नमः ॥ श्रीगोविंदायनमः ॥ श्रीबालकृष्णाय नमः ॥ श्रीगोकुलनाथायनमः ॥ श्रीरघुनाथायनमः ॥ श्रीयदुनाथायनमः ॥ श्रीघनश्यामायनमः ॥ ए सातमें जाके घरके होय ताकी ॥ अब द्वादशमी श्रीगुरुदेवकी ॥ श्रीगुरुदेवचरणकमलरेणुभ्यो नमः ॥ ओर श्रीगुरुदेवको नाम न लेनो शास्त्रमें लेवेकी आज्ञा नही हे तासों श्रीगुरुदेवही केहेने चलते तांइ समझ्या सों पुछवेवारेको समजावनो ॥ ताको श्लोकः—

आत्मनाम गुरोर्नाम नामातिकृपणास्य च ।
श्रेयस्कामोनगृह्णीयांजेष्ठपुत्रकलत्रयोः ॥

यह श्लोक पतंजली ऋषिनें कह्यो हे ॥ सिद्धांतकौमुदीके क्रदंतमें हे ॥ याको अर्थ ॥ आत्म जो अपनो, तथा गुरुको, तथा अति कृपणको, तथा जेष्ट बेटाको, तथा स्त्रिको, इतने नाम अपने श्रेयकी इच्छावारो पुरुष न ले ॥ एसे उपर लिखे प्रमाण द्वादशमाला वैष्णवकुं अवश्य फेरवनी ॥ तथा बनी आवे तो सर्वोत्तमकी तथा नामरत्नकी माला फेरवनी ॥ ए द्वादशमालाके जपतें पुष्टिमार्गमें मुख्य सार निरोध हे ॥ सो सिद्ध होय हें ॥ तासों अवश्य जप करनों ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत छप्पनमो संपूर्ण ॥ ५६ ॥

 [वचनामृत ५७ मो.]

अब सत्तावनमो वचनामृत आपनें आज्ञा करी ॥ जो जप समय ध्यानको प्रकरण कहे ॥ जो प्रथम १ "श्रीकृष्णः शरणं मम" ए माला

फेरतें श्रीस्वामिनीजी सहीत श्रीठाकुरजीको ध्यान करनो ॥ जो श्रीठाकुरजी द्विभूज, श्यामस्वरूपकों ध्यान करनो ॥ श्रीस्वामिनीजी पीत स्वरूप, शृंगार वस्त्र सुद्धां एसे युगल स्वरूपको जो मेरे शरण हे ओरको आश्रय नहि हे ॥ एसो चित्तमें धारण करिके ध्यान करनो ॥ श्री ॥ जो श्रीस्वामिनीजी तथा कृष्ण जो श्रीप्रभुजी एसे द्विदलात्मक नामसों श्रीकृष्णः शरणं ममः सिद्ध होय ॥ एसो ए ध्यान करिके अष्टाक्षर माला फेरे ॥ अब दुसरी माला गद्यकी ताको ध्यान प्रकार ॥ वा समय श्रीठाकुरजी श्रीठकुरानी घाटपें प्रगट होयके श्रीमहाप्रभुजी सो ब्रह्मसंबंध करायवेकी आज्ञा किये ॥ सो स्वरूपकेसो हे सो कोटि कंदर्प लावण्यमय, श्याम वरण, द्विभूज, शृंगार धोती उपरणा, कुल्हे श्रीमस्तकपें धारण किये हे एसे साक्षात् मन्मथ मन्मथ प्रगट होयके श्रीमहाप्रभुजी सों आज्ञा करे हे ॥ जो आप जा जीवकुं ब्रह्मसंबंध करावेंगे ॥ तिनकुं सर्वथा में कबहुं न छोडुंगो ॥ तासों ब्रह्मसंबंध आप जीवनकुं कराइये ॥ ए आज्ञा भइ एसे स्वरूपनकों ध्यान करनो ॥ ए मालामें भारि अस्पर्श राखनी ॥ आगे हु लिखिहे ता प्रमाण ॥ अब गोपालमंत्रको जप सभें ध्यान करिके या श्लोक केहेनो सो श्लोकः—

फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनं बर्हावतं सप्रियं
श्रीवत्सांक मुदार कौस्तुभधरं पीतांबरं सुन्दरं ॥
गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसंघावृतं
गोविन्दं कलवेणुवादनपरं दिव्यांग भूषणं भजे ॥

याको अर्थ ॥ फुले कमल सरिखी क्रान्ति, ओर चंद्रमा जेसो श्रीमुख, ओर श्रीमस्तकपें कुल्हे, तापर जोड धरे हे, ओर हृदयमें श्रीवत्सको चिह्न हे, ओर उदार श्रीकौस्तुभ श्रीकंठमें धरे हे ॥ ओर कटि पर पितां-

१ आ श्रीअष्टाक्षरमंत्रनी टीका " श्रीअष्टाक्षरनिरूपण " नामनो ग्रंथ अमारा तरफथी छपायो छे.

बर धरे हे ॥ सो अत्यंत सुंदर गोपीजनके नयन कमलसों अर्चित तनुहे ॥ ओर गो गोप इनके समुहमें आवृत हे एसे गोविंद हे ॥ सो मधुर सुरसों वेणुं बजावत हे ॥ श्रीअंगके विषे हीराके आभ्रण पहेरे हे ॥ एसे जो गोपाल, तिनको हम ध्यान करत हे ॥ एसो ध्यान हृदयमें करिके आखे मंत्रसों माला फेरनी ॥ चोथी माला श्रीनाथजीकी ॥ तामें श्रीनाथजीको सर्वांग स्वरूप चिन्ह युक्त, शृंगार, वागा, वस्त्र, सहित चोखुंटी पीठक, मुकुटकाछनी शृंगार जेसे दर्शन करे होय, एसो ध्यान करिके माला फिरावनी ॥ ओर इहां साक्षात् दर्शन न भए होय तो चित्तमें दर्शन करिके वस्त्र शृंगारकी चित्तमें धारण करि राखे ॥ ओर वेसोइ ध्यान करि माला फेरे ॥ अब श्रीनवनीतप्रियजीको ध्यान ॥ जो बाललीलाको स्वरूप, एक श्रीहस्तमें मांखन, दुसरे श्रीहस्तमें लडुवाको दाबे, एक पिछले चरणारविंदसों घुटुरून चले हें, गौर स्वरूप, ओर श्रीयशोदाजीको आंज्यो थको काजर सों अलंकार भूषित हे ॥ एसे स्वरुपनकों ध्यान करनो ॥ ओर श्रीमथुराधीशके स्वरूपको ध्यान ॥ श्यामस्वरूप, ओर गोलपीठक, चारभूजा, तिनचारोंनमें आयुध, कछुक आरक्त झलकत, एसे ॥ शृंगार मल्लकाछटिपारेको एसे स्वरूपको ध्यान ॥ ओर श्रीविट्ठलेशरायजीके स्वरूपको ध्यान ॥ युगल स्वरूप, कटिपर दोउ श्रीहस्त, तामें एक श्रीहस्तमें शंख, ॥ एक श्रीहस्तमें पद्म, गौर स्वरूप, श्रीस्वामिनीजी श्रीयमुनाजीरुप, जाके दोउ श्रीहस्तमें कमल हे ॥ शृंगार श्रीमस्तकपें पाघको, एसे युगल स्वरुप, को ध्यान करनो ॥ अब श्रीद्वारकाधीशके स्वरूपको ध्यान ॥ श्याम स्वरूप, चतुर्भूज स्वरूप, चोखुंटी पीठक, तीन श्रीहस्तमें आयुध, एक श्रीहस्त खाली, आभ्रण, वस्त्र, श्रीमस्तकपें शेहेराको, एसे स्वरुप, जेसे दर्शन करे होय ता प्रमाण हृदयमें धारण करिके ध्यान करनो ॥ साक्षात् दर्शन न भए होय तो चित्रजीके दर्शन करि हृदयमें धारण करि ध्यान धरनो ॥ अब श्रीगोकुलनाथजीके स्वरुपको ध्यान ॥ गोर स्वरुप, चतुर्भुज, दोउ श्री-

हस्तसों बंसी बजावते ॥ एक श्रीहस्त उंचो, एक श्रीहस्तमें शंख, ओर-किट मुकुटको शृंगार ॥ दोय श्रीस्वामिनीजी श्रीराधीकाजी श्रीचंद्रावलीजी ॥ श्रीराधीकाजीके श्रीहस्तमें चंवर ॥ एक श्रीहस्तमें बीन हे ॥ ओर श्री-चंद्रावलिजीके श्रीहस्तमें चंवरहे, दुसरे श्रीहस्तमें छडि हे ॥ एसे दोय श्रीस्वामिनीजी ॥ ओर स्वरुप युक्तकी धारणा हृदयमें करिके माला फेरनी ॥ अब श्रीगोकुलचंद्रमाजीको ध्यान ॥ श्रीअंग श्याम स्वरुप, धोतीको शृंगार, बंसी बजावते ॥ ओर नारायणदासकी खोरसों दाजे हे सो अधा-पतांइ श्रीहस्तमें लाल छींटा दिखे हें ॥ एसे स्वरुपको हृदयमें ध्यान करनो ॥ अब श्रीबालकृष्णजीके स्वरुपको ध्यान ॥ श्रीद्वारकाधीशकी गोदमें बिरा-जमान, गौरस्वरुप, श्रीहस्तमें माखन ओर नीपट बाललीलांको स्वरुप, टोपीको शृंगार, श्रीमस्तकपें कस्तुरीकी बींदी, एसे स्वरुपको ध्यान करनो ॥ अब श्रीमदनमोहनलालको ध्यान ॥ गौर स्वरुप, द्विभूज, बंसी बजावते, सुथन पटका फेंटाको शृंगार, श्रीस्वामिनीजी दोय ॥ श्रीराधाजी ओर श्रीचंद्रावलीजी, दक्षिण भाग श्रीहस्तमें दोउनके कमलकी कली हे ॥ ओर गौर स्वरुप हृदयमें धारण करनो ॥ एसे अष्ट स्वरुप हे ॥ ताकी सबनकी माला फेरवेकी श्रद्धा न रहे ॥ तासों जाके घरके होय ताको माला फेरवते ता स्वरुपको ध्यान करिके माला फेरवनी ॥ अब छट्ठी माला श्रीदाउजीको ताको ध्यान ॥ श्रीगोकुलसों तीन कोसपें बिराजे हे ॥ ता स्वरुपको ध्यान करनो ॥ श्याम स्वरुप, एक श्रीहस्त उंचो, एक श्रीहस्तमें भांगको प्याला हे, द्विभूज हे, पीठकमें शेषजीको स्वरुप, जामा मुकटको शृंगार, अलंकार धूर्णायमान, श्रीकपोलनपर मरुवट अरगजाको, श्रीस्वामिनीजी श्रीरेवती-जीको एक श्रीहस्त उंचो, एक श्रीहस्त नीचो हे ॥ ओर श्याम स्वरूप, स्हामें कोणेमें बिराजे हे ॥ एसे स्वरुपको ध्यान हृदयमें करिके माला फेरनी ॥ अब सातमें श्रीयमुनाजीको ध्यान ॥ रत्न जडित घाटकी सीडी हे ॥ तहां श्रीगोवर्धनधर बिराजे हे ॥ ओर आप श्याम स्वरुप हे, ओर

प्रवाह वहे हे, ता मध्य ठाडे हे ॥ ओर द्विभूज हे, सो दोउ श्रीहस्तमें कमल लेकें श्रीप्रभुजीकु समर्पत रहे हे ॥ एसो अपनो योग्यता विचारके ध्यान करनो ॥ नहि तो प्रवाहरुपी भावना बिचारीके ध्यान करिके माला फेरनी ॥ आठमो श्रीगिरिराजजीको ध्यान ॥ पद्मराग मरकतमणि स्फाटिक एसे हे ॥ ओर अनेक वृक्षादिक करि शोभायमान हे, ओर जाके भीतर अनेक भांतिको लीलाके स्थल हे तथा तीनशीखर हे, ओर श्रीठाकुरजी उपर पधारे तब माखन जेसे कोमल हो जाय हे ॥ ताहिसों चरणारविंदके तथा मुकुटके तथा लकुटके श्रीहस्तके, चिन्ह युक्त हे, सो स्वरुपको ध्यान करिके माला फेरनी ॥ अब नवमो श्रीमदाचार्यजी महाप्रभुजीको ध्यान ॥ स्वेत धोती उपरणा, पद्म जो कमल सरिखे नेत्र हे ॥ स्वानंद तुंदिल जो केवल आनंदमय स्वरुप आपको हे ॥ एसे श्रीसर्वोत्तमजीके प्रथम श्लोकमें निरुपण करे हे जो अप्राकृतनिखिल ओर प्राकृत जो लौकिक धर्म ताकरिके रहित एसे निगम जो वेद ताके प्रतिपादित नाम कहे ॥ आकृति सहित ताको ध्यान करनो ॥ ओर माला फेरनी ॥ ओर श्रीमहालक्ष्मीजी सहीत ध्यान करनो ॥ श्रीस्वामिनीजीको नाम श्रीमहालक्ष्मीजी हे ॥ ओर दशमो श्रीगुसांइजीको ध्यान ॥ श्याम स्वरूप, अनेक आभ्रण भूषित, केसरी धोती उपरणा पेहेरेहे ॥ दुंदतांइ शृंगार, दोय श्रीस्वामिनीजी हे ॥ श्रीरुक्मिणिजी तथा श्रीपद्मावतीजी हे ॥ तिलक कस्तुरीको, आनंदरुप सातो पुत्र, ओर पास बिराजे थके, एसे स्वरुपको ध्यान करनो ॥ ओर माला फेरनी ॥ अब एकादशमी माला ॥ जा घरके सेवक होय सातमें सों तिनकी ॥ सो सातोनको ध्यान लिखे हे ॥ जो प्रथम तो श्रीगिरिधरजीकों ध्यान, गौर स्वरुप, कृश जो बोहोत पतलो श्रीअंग, बोहोत सात्विक, षट्गुणसंपन्न स्वेत धोती उपरणा, शृंगार सुक्ष्म, तीन पुत्रयुक्त, ओर श्रीस्वामिनीजी श्रीभामिनीजी एसे संयुक्त ध्यान करनो ॥ अब दुसरे श्रीगोविंदरायजीकों ध्यान ॥ कछुक स्थूल श्रीअंग, गौर स्वरुप, पितृभावमें परिपूर्ण ओर

ऐश्वर्य गुण प्रगट दिखावते, ओर सुक्ष्म शृंगार, स्वेत धोती उपरणा, श्रीस्वामिनीजी श्रीराणीजी चार पुत्रयुक्त बिराजमान् एसे ध्यान करिकें माला फेरनी ॥ अब श्रीमद्बालकृष्णजी ॥ वियगुण प्रगट, ओर गुण गुप्त, श्याम स्वरुप, श्री अंग पुष्ट, शृंगार दुंदताँइ भारी, कमलदलनयन, गलगोछा, केसरी धोती उपरणा धरे हे ॥ श्रीस्वामिनिजी श्रीकमलावतीजी, षट्पुत्र संयुक्त, कोटिकंदर्प लावण्यमय स्वरुप, अत्यंत शोभायमान, कोटि काम देखिके लज्जित हो जाय ॥ तहां वाक्य " छबि को नांहि ए समानरे रसना " एसे बडेनके वाक्य हे ॥ प्रभुनको ध्यान हृदयमें करिके माला फेरावनी ॥ अब श्रीगोकुलनाथजी श्याम स्वरुप ॥ श्रीअंग पतरो, शृंगार भारी, धोती उपरणा सफेद, तीन पुत्र युक्त श्रीस्वामिनिजी श्रीपार्वतीजी, श्रीकल्याण-भट्टजीसों वार्ता करते थके, यशको स्वरुप, ओर गुण गुप्त ॥ एसे स्वरुपको ध्यान ॥ अब श्रीरघुनाथजीको ध्यान ॥ गौर स्वरुप, पुष्ट, घुंघरवारे केश, शृंगार भारी, केशरी धोती उपरणा, पांच पुत्रयुक्त, श्रीगुण प्रगट, ओर गुण गुप्त, श्रीस्वामिनिजो श्रीजानकीजी, अेसे स्वरुपको ध्यान करनो ॥ अब श्रीयदुनाथजीकों ध्यान ॥ द्यौं (घहुं) रंगे कछुक स्वरुप, शृंगार हलको, स्वेत धोती उपरणा, ज्ञानगुण प्रकट, ओर गुण गुप्त, पांच पुत्र युक्त, श्रीघनः श्यामजीको ध्यान ॥ श्याम स्वरुप, श्रीअंग कछुक पुष्ट, सफेद धोती उपरणा, हलको शृंगार. वैराग्य गुण प्रगट, ओर गुण गुप्त, दोय पुत्रयुक्त, श्रीस्वामिनिजी दोय, श्रीकृष्णावतीजी तथा श्रीभागीरथीजी ॥ एसे सात बालक उपर लिखे प्रमाण तामें जाके घरके सेवक होय तिनको स्वरुपको ध्यान करिके माला फिरावनी ॥ अब श्रीगुरुदेवको जेसो दर्शन कर्यो होय तेसोइ स्वरुप हृदयमें धारण करनो ॥ जो एसो वय, एसे शृंगार धोती उपरणा, ओर दासके उपर एसे कृपा करिके दृष्टि अवलोकन करे हे ॥ कछुक आज्ञा अनुभव भयो होय ॥ ताको स्मृति लायके ध्यान करनो ॥ ओर श्रीस्वामिनीजी सपुत्र युक्त ध्यान करिके माला फेरनी ॥ जपकी माला

तुलसीजीकी राखनी ॥ श्रीतुलसीजीकी माला हे सो निष्कामी भक्तिमें मुख्य हे ॥ दुसरी माला हे सो सकामी भक्ति देवेवारी हे ॥ तासों अपने मारगमें तो निष्कामो भक्ति मुख्य हे ॥ तातें तुलसीजीकी मालाको जप करनो ॥ ओर श्रीतुलसीजी हे सो श्रीस्वामिनिजीको स्वरुप हे ॥ इन द्वारा श्रीप्रभुनको समागम होय हे ॥ तासों तुलसीजो मुख्य हें ॥ ओर मालाको मणकाके बिचमें ब्रह्मगांठ हे सो ब्रह्मरुप श्री गुरुदेव हे ॥ तासों इनद्वारा श्रीस्वामिनीजो कृपा करे ॥ श्रीस्वामिनीजी द्वारा श्रीठाकुरजी कृपा करे ॥ ओर सुमेरु हे ॥ सो पृथ्विकी सीमा हे ॥ उहांसो अगाडि जीवकी गम्य नहि हे ॥ तासों सुमेरु उलंघन न करनो ॥ उहां सों पाछे फिरनो ॥ ओर उपरकी दो अंगुरियां मालासों लगावनी नही ॥ छेली अंगुलीयांकी साथकी तथा अंगुठासुं लगायके मालाफेरावनी ॥ ओर उघाडी माला न फेरावनी ॥ माला फेरत कोउसुं बोलनो नही, बतरावनो नही, एकाग्रह चित्त सों माला फेरनी ॥ कदाचित बोलवेको जरुर जाय पडे तो माला पुरि करि, सेध्यांनि राखिके, जरुर कार्य होय तितनो बोल चाल करिके वाकों बिदा करनो ॥ के आपनकुं एकांत जानो ॥ फेरि जहांसो प्रसंग राख्यो होय तहां सों चलते होने ॥ ओर प्रसादि पितांबरको टुक तथा राखि प्रसादि मिले तो जपकी मालाको बांधने ॥ गरेमें कंठि पेहेरेहे तिनसुं केऊ जने बांधे हे सो न बांधने ॥ जपकी मालासोइ बांधनो ॥ ओर ब्राह्मण वैष्णवकुं गायत्रीकी माला अवश्य फेरवनो ॥ श्रीगुसांइजीने गायत्री भाष्य करेहे ॥ तामें गायत्रीको स्वरुप श्रीपुरुषोत्तमके मुख्य श्रीस्वामिनीजी वर्णन करेहे ॥ तासों ब्राह्मण वैष्णवकुं गायत्री जप अधिकतामें जरुर करनो ॥ बामें अन्याश्रय नहि हे ॥ ध्या प्रकार सों वैष्णवकुं ध्यान करिके माला फिरावनी ॥ इति श्री गिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सत्तावनमो संपूर्ण ॥ ॥ ५७ ॥

 [वचनामृत ५८ मो.] 

अब अठावनमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो गोपालमंत्र हे

सो सांप्रदायिक मंत्र हे ॥ सो ग्रहणके मध्यकाल समय दान देवेकी रीति हे ॥ ब्रह्मसंबंधकी रीति प्रमाणे पहेले व्रत करे, फेरि ग्रहणके मध्यकाल समय होय तब दान दियो जाय ॥ ओर ए मंत्रको अधिकार चार्यो वर्ण स्त्री आदि जाकों मनोर्थ होय सो लेइ ॥ पेहेले ब्राह्मणकेमें कछुक अक्षरको फेर हे ॥ ए मंत्र तथा मठके अवेरवेके तांइ सातमें वर्ष पर्यंत श्रीविष्णुस्वामीके मुख्य शिष्य बिल्वमंगल प्रेत योनीमें रहे ॥ फेरि श्रीमहाप्रभुजीको प्रागट्य भयो तब ए मठ तथा मंत्र श्रीमहाप्रभुजीकों भेट करिके प्रेत योनी सों मुक्त होयके भगवद्चरणारविंदमें प्राप्त भये ॥ सो बिल्वमंगल श्रीविष्णुस्वामीके मुख्य शिष्य हतो ॥ ओर श्रीविष्णुस्वामी अपनी किशोर वयमें सेवा करते ॥ सो लीला सामग्रि तो सब सिद्ध करि धरते ॥ ओर सिंघासनपें श्रीप्रभुनको स्वरूप नहि पधरावते ॥ ओर सब सेवा मंगला सों सेंन पर्यंत करते ॥ एसे करत करत अेंसी (८०) वर्षकी वय भइ ॥ तब एक दिन राज भोग धरिके विनती करी जो कृपानाथ मोकों सेवा करत असी वर्ष भए, दर्शन न भए, अबतो मोसों कछु बनी सके नहि, ओर अबतो कृपा करिके दर्शन दिजीये ॥ फेरि राजभोग सराय अनोसर करि महाप्रसाद-गायनकुं खवायके अपनी बेठकमें जायके सोय रहे ॥ फेरि समय भये उत्थापन करे सो किंवाड खोलतेइ ॥ श्रीठाकुरजी गादि तकियापें बिराजी रहे हे सो दर्शन दिये ॥ फेरि श्रीठाकुरजी बोले जो हम तुह्मारे उपर बोहोत प्रसन्न भये हे ॥ तुमको जो वांच्छना होय सो मांगो ॥ तब विष्णुस्वामीने विनती करी जो आपने अत्यंत कृपा करिके दर्शन दिये हे ॥ अब मेरे सकल मनोर्थ सिद्ध भये हे ॥ जब मांगनो कहा ॥ फेरि श्रीप्रभुजीने आज्ञा करिके कछु तो माँगो ॥ तब विष्णुस्वामिने माग्यो जो " आप मेरे इहां एसेइ विराजे रहो " ॥ तब श्री ठाकुरजीने आज्ञा करी जो कलीयुग हे तासों अब शिलावटको बुलाय स्वरूप सिद्ध करवाओ ॥ हमारे दर्शन करि के ॥ सो वा स्वरूप द्वारा तेरो सब मनोर्थ सिद्ध होयगो ॥

तब वाइ बिरियां सिलावट बुलायो सो सिलावट को हुं दर्शन दिये ॥ आपके दर्शन करिके शिलावटने अहोभाग्य मान्यों जो मेरे शिलावटपणेतें मेरो जन्म सुफल भयो ॥ अब शिलावटने आज्ञा प्रमाण, दर्शन भए, तेसोइ स्वरूप सिद्ध कर्यो ॥ तब विष्णुस्वामीने श्रीठाकुरजीसों बिनती करी ॥ जो कृपानाथ ! स्वरूप सिद्ध हे ॥ तब श्रीठाकुरजीने आज्ञा करी जो इनकु गादीपें पधरायकें सेवा करो ॥ एइ तुह्मारो सफल मनोर्थ सिद्ध करेंगे ॥ एसे आप आज्ञा करि अंतर्धान भए ॥ ए कथा संप्रदायप्रदिप ग्रंथमें हे ॥ फेरि श्री ठाकुरजी तो विल्वमंगलद्वारा श्रीमहाप्रभुजीके पास पधारे ॥ कितनेक दिन अडेलमें बिराजे, फेरि साचोराके पास पधारे ॥ ताके नामकी खबर नहि ॥ ओर केसे लायो ॥ परंतु ए साचोरा मेवाडमें झाडोल गाम हे ॥ तहां लेके आये ॥ फेरि इनके वंशको कोउ उदेपुर आयकें बसे ॥ सो ए श्रीठाकुरजीकी खबर माहाराणाजी स्वरूपसिंहजीकुं भइ ॥ जो एक साचोराके घर श्री महाप्रभुजीके सेव्य श्रीठाकुरजी 'श्रीश्यामसुंदर बिराजते हे ॥ विष्णुस्वामी के ॥ ए बात सुनिके राणाजी स्वरुप सिंहजीकुं बडी उत्कंठा भइ ॥ ओर विचार्यो ए स्वरुप ए निधि अपने इहां बिराजे तो आछो ॥ फेरि या बातको आग्रह करि वा साचोराकुं बुलाय द्रव्यको लोभ दिखायके श्रीठाकुरजी पधराय लिये ॥ वाको द्रव्य देके राजी कर्यो सो श्रीठाकुरजी राजके मंदिरमें बिराजे हे ॥ ओर भोग रागके लिये गाम काढे हे ॥ सो पक्को बंदोबस्त करि दियो हे जो कोइ दिन कसर पडे नहि ॥ एमें प्रसन्नतासों बिराजे हे ॥ ओर गोपालमंत्रकी दीक्षा हमने गोस्वामी श्रीजीवणलालजी मुंबइवारेके पास लिये हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत अट्ठावनमो संपूर्ण ॥ ५८ ॥

[वचनामृत ५९ मो]

अब ओगणसाठमो वचनामृत ॥ दासने विनती करी ॥ जी श्रीबालकृष्णलालजी श्रीद्वारकाधीशकी गोदमें कबतें बिराजे ॥ ओर कहांते

प्रगट भये ॥ सो सब प्रकार विस्तार पूर्वक कृपा करिके कहिये तब आपने आज्ञा किये ॥ जो ए स्वरुप श्रीमहाप्रभुजीकुं प्राप्त भये हे ॥ सो श्रीमहाप्रभुजोने लेके श्रीगुसांइजीकुं खेलवेकुं दिये ॥ जो एक दिवसकी बात हे ॥ जो मंगलभोगके लिये एक ठोर मिलतो सो एक दिना श्रीबालकृष्णजी वा ठोरकुं आरोगते हते ॥ ओर श्रीगुसांइजी आपहुं एक आडिसुं आरोगवे लगे ॥ तब श्रीबालकृष्णलाल बोले जो एतो मेरो हे ॥ तब श्रीगुसांइजी कहे जो ए मेरो हे एसे बालकेलि करत परस्पर ऐंचातानीं करते ॥ सो इतनेमें श्रीमहाप्रभुजी पधारे ॥ सो दोउकी बाललीला देखिके अत्यंत प्रसंन्न भये ॥ ओर कहेजो ए श्रीठाकुरजी लडायक हे ॥ सो ए जीतेंगे ओर तुम हारोगे ॥ सो ता. दिनसों दोय ठोरको बंधन करि दियो ॥ एक इनको ओर एक इनको ॥ सो ए श्रीठाकुरजी तथा श्रीगोकुलनाथजीके इहां बिराजे हे सो संपुटजी, श्रीगुसांइजीके पास परदेशमें बिराजे ओर परदेशमें संग रहते ॥

तब श्रीयदुनाथजीकुं आज्ञा करि ॥ जो ए श्रीठाकुरजी तुह्मारे हे ॥ तब श्रीयदुनाथजीने विनती करी जो काकाजी ए श्रीठाकुरजी तो निपट छोटे हे ॥ सो इनकी सेवा तो मोसों नही बने ॥ तब श्रीगुसांइजी आप हसिके आज्ञा करे जो तुम तो बडे महाराजजी हो ॥ श्रीठाकुरजीमें छोटो बडो कहा ! इतनेमें श्रीबालकृष्णजीने विनती करी जो काकाजी ! ए हमारे श्रीठाकुरजीकी गोदमे बिराजे तो बोहोत आछो ॥ तब श्रीगुसांइजी आप आज्ञा किये जो भले तुह्मारेइ नामराशी श्रीठाकुरजी हे ॥ तासों तुह्मारेइ इहां बिराजेंगे ॥ परंतु श्रीठाकुरजी इनकी पांतीके हे सो मागे तब देओगे ॥ तब श्रीबालकृष्णजीनें विनती करी जो आज्ञा ॥ ओर भाइ हुं मेरे भेले रहेंगे ओर हमारे वंशके तथा इनके वंशवारेनकुं नहि बनेंगो

१ आ श्रीठाकोरजी श्रीश्यामसुंदरजी केवी रीते उदेपुरमां पधार्या तेनी प्राचीन वार्ता "तीर्थयात्रानो हेवाल" ए पुस्तकमां आपी छे त्यां जोवुं.

तब न्यारे रेहेंगे ॥ तब श्रीठाकुरजी इनके दे देइंगे ॥ सो ए वात श्रीयदुनाथजीनें हुं कबुल करी जो दादाने कहि सो ठिक हे ॥ ओर में तो दादाके भेलोइ रहोंगो ॥ ओर दादाकी आज्ञामेंइ रहोंगो ॥फेरि दोउ भाइ बिराजे ॥ तांह तांइ तो एसेइ नीभी ॥ फेरि श्रीद्वारकेश्वरजी तथा श्रीमधुसुदनजीको झगडो भयो ॥ न्यारे भये, तब कहे जो हमारे श्रीठाकुरजी पधराय देउ ॥ हम न्यारे रहेंगे ॥ फेरि श्रीद्वारकेश्वरजीने कही जो हमारे दादाजीकी आज्ञा हमकुं पधराय देवेकी नहि हे ॥ ओर केइ दिनसो हमारे श्रीद्वारकाधीशकी गोदमें बिराजे हे सो न देइंगे ॥ सो श्रीमधुसूदनजीने श्रीगोकुलनाथजीसों जायके पुकार करि ॥ जो काकाजी ! दादा भाइ हमारे श्रीठाकुरजी नहि पधराय देवेहें ॥ श्रीतातजीने आज्ञा करिके पधराये हे ॥ सों तो आप हु जानो हे ॥ तब श्रीगोकुलनाथजी कहे जो में समजाय देउंगो ॥ फेरि श्रीगोकुलनाथजी सेवासों पहोंचीके श्रीद्वारकेश्वरजीके पास पधारे ओर सब वार्ता कही ॥ आगे श्रीठाकुरजीके बट करे ता बिरियां हमहुं पास ठाडे हते सो आज्ञा करी हे ॥ जो इनके वंशके न्यारे होय तब श्रीठाकुरजी इनकु पधराय दिजो ॥ एसी आज्ञा भइहे तासों तुम हठ मति करो ॥ ओर देशाधिपतिपें जाय पुकारे तो आछो न दिखे ॥ सो श्रीठाकुर इनकुं पधराय देने उचित हे ॥ तब श्रीद्वारकेश्वरजीने कहि जो श्रीतातजीकी तो एसी आज्ञा ओर आप हुं काकाजी सो आपकी आज्ञा, तासोंमें पधराय देउहूं ॥ फेरि श्रीमधुसुदनजी श्रीठाकुरजीको संपुटजीमें पधरायके अपने घर ले गये ॥ सो वर्ष एकके आशरे सेवा करी ॥ फेरि श्रीबालकृष्णजीनें कछु स्वप्नद्वारा अनुभव दिखाये तो तुह्मारो मनोर्थ वर्ष दिनतांइ सिद्ध कर्यो ॥ अब मोकों पाछो उहांइ पधरावो ॥ तब राजभोग आरति करीके संपुटजीमें पधराये ॥ ओर श्रीद्वारकेश्वरजीके पास पधरायके ले आये ॥ ता समय श्रीद्वारकाधीशको राजभोग आयवेको समय हतो ॥ सो राजभोग धरि आप बहार पधारे ॥ देखे तो श्री मधुसुदनजी हाथमें

संपुटजी लीये ठाडे हे ॥ तब आज्ञा किये जो भाइ केसे आये झांपी लेके? एक तो ले गये दुसरे फेरि कहा व्याज लेवे आये हो ॥ तब श्री मधुसुदनजी बोले जो आगे जो मैंने अपराध कर्यो ॥ सो क्षमा करे ॥ ओर इन श्रीठाकुरजीकुं तो आप बिना नहि सुहाये हे ॥ सो पाछें श्रीद्वारकांधीशकी गोदमें पधरायवे आयो हुं सों पधराइए ॥ तब कह्यो जो भाइ ! तुंम तो बेरबेर पीछे लेवे आवो सो हमारे न बने ॥ तासों तुमही सेवा करो ॥ तब फेरि विनति करि ॥ जो श्री ठाकुरजीकी इच्छा यांही बिराजवेकी हे ॥ तब आप श्रीद्वारकेश्वरजीने कहीके काकाजीको लावो ॥ काकाजी पधरवाय गये हे ॥ काकाजीके कहेसों हमने तुमकुं पधराय दिये हते ॥ फेरि काकाजी कहे एसे करे ॥ पाछें श्रीबालकृष्णलालको संपुट चोकी उपर पधरायके श्रीगोलनाथजीकुं पधरायवे गये ॥ सो जायके सब बात कही जो आपके चले विना कछु कार्य होनो नहि दीसे हे ॥ तब श्री गोकुलनाथजी संग पधारे फेरि कहि जो ए पधरायवे आये हे ॥ सो पधरायलेउ तब श्रीद्वारकेश्वरजी कहे जो बेरबेर पधरायवे, बेरबेर लेवे आवेसो तो मेरे ठीक नहि पडे ॥ तब श्री गोकुलनाथजीने श्रीमधुसुदनजीसुं कही जो अबके पधराये तुमको पाछें न मिलेगें ॥ ताकों बंदोबस्त करिके अक्षर करिके पधरावो ॥ तब वा बिरियां अक्षर भए ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजी विगेरे सब बालकनकी साक्षि करवाइ दीनी ॥ तब श्रीद्वारकांधीश आगे पधराये ॥ ओर में जानतो जो मेरे दादाजी न छोडेंगे ॥ सोइ भइ ओर पाछें पधारे ॥ सो बडो आनंद मान्यो ॥ फेरि श्री मधुसुदनजी श्रीगोकुलनाथजीसों विनती करी जो मेरे बडे स्वरूपको मनोर्थ हे ॥ सो श्रीगोकुलनाथजीके पास श्रीमहाप्रभुजीके सेव्य श्रीकल्याणरायजी बिराजते ॥ सो स्वरूप श्रीगुसांइजीने श्रीगोकुलनाथजीकुं खेलवेकुं दीये हते ॥ सो श्रीठाकुरजीको श्रीमधुसूदनजीको पधराय दीये ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत ओगणसाठमो समाप्त ॥ ५९ ॥

[वचनामृत ६० मो.]

अब साठमो वचनामृत आप आज्ञा करे जो ॥ श्रीबालकृष्णलालकी सेवा श्रीद्वारकेश्वरजी तथा श्रीगिरिधरलालजी महाराजनें आछी रितिसों करी ॥ श्रीगिरिधरलालजी लीलामें पधारे तब श्रीद्वारकेशजीके वहुजी श्रीजानकीवहुजी तथा श्रीगंगाबेटीजीने तीसरे लालजीके वंशमे श्रीवल्लभजीके लालजी श्रीव्रजभूषणजी महाराजकों गोद लिये ॥ सो बात चोथे लालजीके वंशमें श्रीश्यामलजीके लालजी श्रीव्रजराजजीकुं आछी न लगी ॥ सो काशीसों तुरत पधारिके झघडा छेड्यो ॥ ओर श्रीगंगाबेटीजीसो केहेवाइ के श्रीगिरिधरलालजी तो हमकुं दे गये हे ॥ ओर तुम इनकुं क्यों दियो ॥ तब श्रीबेटीजीने केहेवाइ जो अवसान समय तो तुम हते नही ॥ ओर हमकुं आज्ञा करे हे जो तीसरे के वंशवारेनकों पोंचे सो विनकुं गोद लीजो ॥ सो आज्ञा प्रमाण हमनें कयों हे ॥ ता उपरांत तुमारे झघडनो होय तो भलेइ तीसरे के पीछे चोथेको दावा चलेगो ॥ परंतु वहु बेटीनसुं झघडनो आछो नही देखोगे ॥ ओर लालजी बडे होते तांइ तुमहुं रहो ॥ सेवा करो ॥ सो न मानी ॥ ओर हुं घरके बालकनसो न्याय करावो ॥ ओर ज्ञातके कहे सो दोउजने अक्षर करि देउ ॥ ओर न्याय करावो परंतु आपतो लडाकपके हुते ॥ सो काहुको न मानी ॥ ओर अढार कोसपें जायके अरजी दीनी ॥ सो श्रीगंगाबेटीजी तथा श्रीजानकीवहुजी अढारे कोस पधारे ॥ सो पृथ्विपतिने बात पुछवाइ ताको प्रतिउत्तर आपनें रीति प्रमाणे दियो जो घरतो हमारो हे ओर हमनें पोंचेंही ताकों दियो हे ओर हमारी राजी होय जाकों देहे ॥ तामें उत्तर करवेंवारे कोन हे ? सो श्रीव्रजरायजी हारे ॥ ओर पृथ्विपतिके उहांसो परवानो श्रीव्रजभूषणजी महाराजके नामको श्रीद्वारकांधीशके टिकेतपनाको भए ॥ या भांति जीतिके श्रीगोकुल पधारे ॥ ओर श्रीव्रजराजजी उहांइ रहे ॥ फेरि उहां एक मुसलमानकुं मिलायो ॥ ओर धाडा डारवेको उपाय कयों ॥

सो आधी रातकुं धाडा डारिके श्रीठाकुरजी वस्त्र भाव बोहोत ले गये ॥ श्रीठाकुरजी श्रीपादुकाजी समेत ले गये ॥ तब धाडावारे गये पीछे मुखियाजीने संभाल्या ॥ तब श्रीप्रभुजी नहि पाये ॥ ओर सर्वस्व ले गये ॥ सो फेरि मालम पडी जो ए श्रीव्रजराजजीको काम दीसे हे ॥ ओर धाडेतीको काम नही लगे हे ॥ जो धाडेती होते तो श्रीठाकुरजी काहेको ले जाते ॥ फेरि श्रीगंगाबेटीजीनें मुखियाजीसुं केहेवाइ जो श्रीठाकुरजी पीछे पधारेंगे ॥ या बातकी तो तुम चिन्ता मति करो ॥ श्रीप्रभुजी आपनकुं कबहुं न छोडेंगे ॥ मणि अपने इहां बिराजे हे ॥ श्रीमहाप्रभुजीने संवरायो थको ॥ सो मंगलभोग तें लगाय सेंनपर्यंत श्रीठाकुरजी न पधारे ॥ तहां तांइ इनकी सेवा करनी ॥ ओर दर्शन काहुको न करावनो ॥ पेहेरा चोकीको पक्को बंदोबस्त राखनो ॥ ओर बालक सब तुह्मारे भरोंसे हे ॥ में आगरे जाय बंदोबस्त करोंगो ॥ इतनें तुम सब घरको बंदोबस्त राखोगे ॥ ओर श्रीव्रजराजजी तो हमारो श्रीगोकुलवास छोडावनो दीसे हें तो भलेइ ए जस ए लेउ एसे आज्ञा करिके रथ, सवारी सब मगाइ, ओर आगरे पधारे ॥ सो सुधेइ पृथ्विपतिके जनानखानेमें पधारे ॥ सो वे बेगम बोहोत आदर करिके पधराय ले गये ॥ ओर पुछी जो रात्रिकी बिरियां आपको पधारनो केसे भयो ॥ तब आपने सब वृतांत भयो हुतो सो सब कह्यो ॥ जो जब हमारे श्रीठाकुरजी आवेगें तब हम भोजन करेंगे ॥ बेगम वाही समय पृथ्विपतिके पास गइ ओर श्रीबेटिजीके पधारेको कारण सब कह्यो सो सुनि ॥ पाछें पृथ्विपति बोहोत रीस भयो ॥ ओर कहिके मेरे राजमें श्रीव्रजराजजी ऐसो जुलम करे हे ओरतकी जातकुं एसो दुःख देवे हें ॥ यों केहेके जनानेंमें आयो ओर बेगमके हाथ केहेवाइ के बेटीजी सो कहो के आप उतारेपें जाओ ॥ ओर सवेरे अपने देव देवायकेमें दांतन करुंगो ॥ आप चिंता फिकर कछु मति करो ॥ फेरि श्रीबेटीजी उतारेकी हवेलीमें पधारे ॥ ओर पादशाह अपने मेहेलमें आयंके वजीरकुं बुलायो ओर वजीरसों कह्यो जो

ए देव बेटीजीको सवेरे मिलेंगे तब में दातन करुंगो ॥ यौं कहे के पृथ्वि-पति सोयो, सो वजीरने असवार पांचसो दोडाये ओर हुकम कियो जो श्री व्रजराजजी जहां होय तहांसों लाउ ॥ सो आगरे सो तीन कोसपें गौघाट हे उहां मिले सो असवारननें कागद दियो ओर कहिजो पृथ्विपतिने सुधि करि हे सो बेगि चलो ॥ तब श्रीव्रजराजजीने कह्यो जो गंगा पुकरावे आइ होयगी ॥ तब स्वारनने कह्यो जों वे बातको तो हमकु खबर नही हे परंतु तुमकुं तुम्हारी चीज वस्त्र लेके बुलाये हे ॥ तब श्रीव्रजराजजीने विचारी जो अब न जायंगे तो जोरावरी ले जाइंगे तामें अपनी इजत बिगडेगी ॥ तासों सब वस्तु भाव सहित लेके आये फेरि असवारनने खबर करी जो श्रीव्रज-राजजी आये हे उतारेकी हवेलीमें मुकाम कर्यो हे ॥ तब बिरबलने अपनो चोबदार पधरायवेकुं पठायो ॥ ओर दोय भले मनुष्य तथा पांचसे प्यादा श्रीगंगाबेटीजीके पास पठाये ॥ ओर कहेवाइके बेटीजीको रथमें पधरायके श्रीव्रजराजजीके मुकामपें जाउ ओर बेटीजीकुं इनके देव विगेरे जो इनको चिज वस्तु होय सो सब तुमारी सामेलतासों दिवावो ॥ ओर श्रीव्रजरा-जजीकी होय सो उहांइ रेहेवे देउ ॥ ओर बेटीजीके पासतें एक रुक्का लिखायकें पृथ्विपतिके पास पठाउ ॥ जो हमारे देव विगेरे सब चिज वस्तु हमकोपहोंची हे ॥ ओर जायके बाइके पास विनती करवाइ सो बेटीजी सुनतही बडे आनंदकुं प्राप्त भए ओर वाइ समय एक पत्र लिखीके बधैया श्रीगोकुल श्रीजानकीबहुजी पास पठाये जो श्रीप्रभुजी आपने पास कृपा करीके पधारेहे सो तुम तथा श्रीव्रजभूषणजी अपनी चीज वस्त लेके बेगे पधारोगे ॥ ओर उहां एक दो आसामी तथा मंदिरमें चित्र सेवा पधराय आवोगे ॥ ए पत्र आगरेसों असवारनके संग पठायो अवादेसों ॥ ओर श्रीगंगाबेटीजी अस्पर्शमें न्हायके डोलीमें बिराजके अस्पर्शमें पृथ्विपतिके कामदार भले मनुष्य तथा प्यादे सब संग लेके श्रीव्रजराजजीके मुकाममें पधारे ॥ सो श्रीव्रजराजजी वजीरके इहां गये ॥ सो वजीरने खुरसी बिछा-

यदीनी सो लिखिया पास बेठायके जाद (यादी) उतरायवे लगे ॥ ओर श्रीगंगाबेटीजोनें श्रीठाकोरजीकुं जगाये ॥ ओर श्रीव्रजराजजीके भितर जो आदमी हते तिनकुं पांचसो आदमीकी गिरदमें दे दिये ॥ एक आसामी रेहेवे न दियो ॥ ओर श्रीगंगाबेटीजीकी आज्ञा प्रमाण सब वस्तु बे भले मनुष्यने छांटि ॥ ओर श्रीव्रजराजजीकी हुती सो रेहेवे दीनी ॥ अपनी सब वस्त भाव तथा श्रीप्रभुजीकुं पधराय अपने मुकाममें पधारे ॥ ओर पृथ्विपतिके उपर रुक्का लिखि दियो जो हमारे श्रीप्रभुजी तथा वस्तु भाव सब आय पोंहोच्यो हे ॥ सो रुक्का लेके आसामी वजीर के पास आयो ॥ वजीरने रुक्का पृथ्विपतिके पास पठायो ॥ ओर श्रीव्रजराजजीसुं कहीके हवेलीमें जाउ ओर चार पेहेराको हुकम भयो जो हवेलीके बहार निकसे नही ॥ फेरि दुसरे दिन श्रीजानकी वहुजी तथा श्रीव्रजभूषणजी सब खटला सहीत पधारे ॥ सो परस्पर अत्यंत आनंद भयो ओर श्रीजानकी-वहुजी कहें जो तुमतो हमारे कुलमें बेटा हो, बेटी नही हो ॥ जो तुमने एसो सामर्थ्य जतायो ॥ तुह्मारी दीनी थकी हम सेवा करे हें ॥ फेरि सब खटला राजनगर चलवेको बिचार कर्यो ॥ इहां रेहेगे तो फेरि हुं वे दुःख देइगे ॥ ओर उहां राज दुसरेको हे ॥ तासों उहां रहेनो ठिक पडेगो एसो बिचारीके सनोडीया पदारथजीकों उपरणा उढायो ॥ फेरि श्रीप्रभुनकुं पधराय सह कुटुंब राजनगरके रस्ता चले ॥ ओर श्रीगंगाबेटीजोने पृथ्विपतिसों केहेवाइ जो श्रीव्रजराजजोके इहां पेहेरा बेठे हें सो उठाये चाइये ॥ ए हमकुं आछो न लगे हे ॥ अंतमें तो ए हुं हमारे भाइ हे ॥ घरके बालक हे, इननें कर्यो ताको फल तो ए पाय चुके ॥ ओर हमारे न्यात जातमें कहे जो इनकुं रुकायके गये ॥ सो ए बात पृथ्विपति सुनिके बहोत प्रसन्न भए ॥ ओर कहे जो बडे सो बडे ॥ एसे केहेके पेहेरा सब उठाय दिये ॥ ओर अक्षर कराय लिये ॥ आज पीछे एसे दगा बखेडा न करे ॥ फेरि श्रीद्वारकाधीशकुं पधरायके राजनगर पधारे सो राजनगरमें गुप्त बिराजे ॥

ओर श्रीव्रजराजजीने फेरि हल्ला उठायो ॥ जो वजोर विगेरे कामदारनसुं मिलिके सिटरपिटर लगाइ ॥ ओर पृथ्विपतिको सिकारको वाज लेके संग चलते एसे करत करत छ महिना बिते ॥ फेरि पृथ्विपतिनें वजीरसों पुछी जो ए श्रीव्रजराजजी इतनी हमारी साधे हे सो काहेते ? तब वजीरनें कही जो आप इनसुं पुछीये ॥ तब पृथ्विपतिने कही जो आप इतनी हमारी हाजरी साधो हो तो तुह्मारी कहा इच्छा हे ॥ तब इन श्रीव्रजराजजीनें कह्यो जो आपने मोकूं कछु न दिवायो ॥ सब श्रीगंगाबेटीजीकूं दिवाय दियो जो मेंने हुं याही वंशमें जन्म लियो हे सो कछुक तो मोको हुं मिल्यो चइये ॥ तब पृथ्विपतिने कही जो देव तो उनहीकों पोंचे हे ॥ ओर तुमकुं कहा दिवावे ॥ अन्याय तो हम करे नहि ॥ तब फेरि श्रीव्रजराजजीनें कही जो बडे देव तो इनकुं दिवाये तो भले परंतु छोटे देव वडेनकी गोदकें श्रीबालकृष्णजी हे सो तो दिवाये चैये ॥ तब पृथ्विपतिनें कहि जो ए बात तो ठीक हे ॥ फेरि राजनगरके सुबा उपर परवानों करि दियो जो तुह्मारे गाममें श्रीगोकुलवारे श्रीगुसांइजी पधारे हे तिनके पास छोटे श्रीठाकुरजी श्रीबालकृष्णजी हे गोदके सो इन श्रीव्रजराजजीकुं दिवाय देउंगे ॥ तब वे परवानो लेके राजनगर आये ओर सुबाकों दियो ॥ सुबाने परवानो वांचीके कहो जो जहां ए बिराजते होय तहां खबर कहाडो ॥ फेरि तुह्मारे संग आदमी करी देउंगो ॥ सो भलेइ ले आइयो ॥ सो आखे शेहेरमें तो कहुं पतो नहि लग्यो ॥ सो तलास करत करत चार महिनाके आशरे भए ॥ सो एक दिना तंबोलीके इहांसूं पत्ता लग्यो ॥ जो उहांसों पान जाय हे ॥ वाके इहां पुछपछार करेतें खबर पडी जो इहां श्रीगोकुलसों श्रीगुसांइजी पधारे हे ॥ सो गुप्त रेहेत हे भोंयरामें ॥ पीछे वा रस्ताको ठीक करत पत्तो लग्यो ॥ सो जायके सुबासों कही जो अब परवस्ति करे हमने ढुंढी काढे हे ॥ तब पांचसो सिपाइ संग करि दिये ॥ सो पांचसो सिपाइ लेके घर गए ॥ रात्री सबनकुं राखे सवेरे

अस्पर्श होय सब सिपाइनकुं संग लेके भोंयराके रस्ता अकेले आय गये ॥ सो ग्वालको समय हुतो श्रीगंगाबेटीजी, श्रीजानकीवहुजी, श्रीव्रजभूषणजी आदि वहु बेटी श्रीबालकृष्णजीकों पलना झुलावत हते सो वा बिरियां श्रीव्रजराजजी उहां गये सो मुख्याजीने देखे सो देखतही हल्ला भयो ॥ जो श्रीव्रजराजजी आये कहांसों, सो जातेइ श्रीबालकृष्णजीकुं पलनामें ते उठाय लिये ॥ सो श्रीगंगाबेटीजोनें देखे, देखतेही श्राप दियो ॥ " जो तुं हमारे घरतें पलना उठावे हे सो तेरे घर हुं पलना न बंधेगो " ॥ सो तो सुनी अन सुनि करिके श्रीठाकुरजीको लेके सिपाइनके झुंडमें जाय पहोंचे ॥ फेरि उतारे जाय शीघ्रही तैयारी करी सुरत पधारे ॥ क्योंके फेरि कछु अफंड उठे ॥ ओर श्रीठाकुरजी पीछे ले ले ताके डरसों जरुर झट पधारे श्रीगंगाबेटीजीके डरसों ॥ सो फेरि श्रीगंगाबेटीजीनें विचार्यो जो अब इहां हुं रहेनो नही ॥ जहां पादशाहको हुकम न होय उहां रेहेनो ॥ तब पदारथजीने विनती करवाइ ॥ जो पादशाहको हुकम मेवाडमें नहिहे ॥ ओर एक गाम हुं राणीजीको अपने यहां भेट हे ताको नाम आसोटिया हे तहां आज्ञा होय तों चले ॥ उहां सबबातको सुख पावेंगे ॥ ए बात सुनिके श्रीगंगाबेटीजी बोहोत प्रसन्न भए ॥ जो तुमने आछी बिचारी ॥ तैयारी करो ॥ ओर एक पत्र महाराणा राजसिंहजीकों लिख्यो ॥ तामें यह समाचार लिखे जो तुह्मारे पास मुखिया पदारथजीकों पठाये हे ॥ सो मुख जुबानी समाचार कहे सो जानोगे ॥ एसो पत्र तथा महाप्रसादको कंडिया तथा उपरणा विगेरे समाधान लेके पठाये ॥ सो पदारथजी उदेपुर आये ॥ ओर पत्र दरबारकुं दियो ॥ सो पत्र तथा महाप्रसाद माथे चढाय दंडवत् करि सत्कार पूर्वक लिये ॥ ओर पुछीके आप कहां बिराजे हे ॥ तब पदारथजी कहे जो राजनगरसों कुच भयो हे ॥ ओर हुं सब समाचार यथा योग्य कहे ॥ सो सुनिके राणाजीनें कहीके सांजकु बिचारिकें जुवाब देइंगे ॥ सो पत्र लेके राणाजी माके पास गये ॥

सो मा सों सब समाचार कहे ॥ तब मानें कहि जो ए तो तुह्मारे गुरुदेवहे ॥ तासों इनके बिराजे सों तुह्मारो तथा तुह्मारे देश मेवाडको कछु आछोइ होनो दिसेहें ॥ तासों ए कार्य तो जरूर करनो ॥ जो घर बेठे गंगा कहांसों मिलेगी ॥ तासों श्रीगंगाबेटीजी साक्षात् श्रीगंगाजीको स्वरुप हे ॥ सो ए बात तो तुम चुकोगे नही ॥ तब राणाजीने कही जो मेरेहु मनमें ए बात हती ॥ परंतु बडेनकी सलाह लेके बात करनी ॥ तथा पांच सरदारनकीहु सलाह लेनी ॥ तब सबननें कहीजा ए बात सर्वथा जरुर करनी चईये ॥ तब पदारथजीकुं बुलवाये ओर कहीजो तुम जरुर पधराय लावो ॥ सो पत्र लिखि दियो जो आप जरुर पधारें ॥ ओर आसोटियामें बिराजे ॥ ओर मोसों बनेगी सो में सेवा करुंगो ॥ सो ए पत्र लेके पदारथजी सादडि पोहोंचे ॥ सो सादडिमें श्रीद्वारकाधिश बिराजे हते ॥ सो उहां जाय राणाजीको बिनतीपत्र हतो सो श्रीगंगाबेटीजीकुं सोंप्यो ॥ ओर विनती करी जो आपकों पधरायवेको राणाजीको अत्यंत आग्रह हे जो आप श्रीप्रभुनकूं पधरायके बेग पधारो ॥ तब श्रीगंगाबेटीजीनें कही जो ठीक हे जन्माष्टमीको उत्सव नजीक आयो हे ॥ सो तो इहांइ करेंगे ॥ उत्सव उपरांत पधारेंगे ॥ फेरि जन्माष्टमीको उत्सव उहांइ कर्यो ॥ सो आनंद अत्यंत भयो ॥ सो उहांके राजाराणा झाला हुते ॥ सो बोहोत प्रसंन्न भए ॥ सो फेरि विननें बोहोत विनति करी जो आप इहां बिराजे तब श्रीगंगाबेटीजी आपने आज्ञा करि केहेवाइ जो उहां हमारो घरको गाम हे ओर राणाजीको आग्रह हु बोहात हे ॥ तासों अबि तो उहांइ पधारेंगे ॥ फेरि सादडीवारेराजानें तीन गाम भेट करे ॥ ओर विनकुं विदा करीके मेवाडमें पधारे ॥ सो राणाजी वीस कोस तांइ साम्हें आये ॥ सो पधरायके आसोटिया पधारे ॥ सो तलाव देखिके प्रसन्न भए ॥ फेरि उहां मंदिर सिद्ध भयो ॥ श्रीठाकुरजी मंदिरमें पधारे ॥ अत्यंत आनंद भयो ॥ अब श्रीव्रजराजजी श्रीबालकृष्णजीकों पधराय के सुरत गये ॥ सो सुरतमें मंदिर

सिद्ध करवाइकें उहांइ वास कर्यो ॥ सो फेरि श्रीव्रजराजजीको अवसान समय आयो ॥ सो पधारे नहि तब विनके भतिजा श्रीपुरुषोत्तमजी लेखवारे हुते ॥ विननें विनती करि जो आप कष्ट पावो हो सो कछु आज्ञा करनी होयसो सुखेन करिये ॥ जा प्रमाण हम करेंगे ॥ फेरि बिछोनामें पोढे हते सो उठि बेठे ओर कहि जो श्रीबालकृष्णजीके लिये मैंनें बोहोत श्रम कर्योहे ओर पधराये ॥ परंतु हमारे तो कछु प्रजा हे नही ॥ सो ए श्रीठाकुरजी तथा सब समृद्धि श्रीद्वारकाधीशके पास जायगी ॥ ताको बडो विचार हे ॥ तब श्रीपुरुषोत्तमजीनें विनती करि जो एकबेर तो उनकी वस्तु हे सो उहां जायगी ॥ फेरि कछु युक्ति करिके हम पधराय लावेंगे ॥ सो ए ए बातको हमारो वचन हे ॥ ओर आप सुखेन पधारिये ॥ सो आपतो लीला विस्तारी सो उत्तर क्रिया सब श्रीपुरुषोत्तमजीनें करि ॥ ओर आसोटिया पत्र लिख्यो ॥ इहां यह व्यवथा भइ हे ॥ सो पत्र श्रीव्रजभूषणजी महाराज बांचतेइ तुरत सुरत पधारे ॥ सो सुरत जायके श्रीबालकृष्णजीको तथा सब चिज वस्तको संभालिके आसोटिया पधराय लाये ॥ अति आनंदसों श्रीद्वारकाधीशके पास बिराजे ॥ फेरि लेखवारे श्रीपुरुषोत्तमजी सेवाकुं श्रीजीद्वार पधारे ॥ सो श्रीनाथजीके सेवा शृंगार किये ॥ फेरि आसोटिया पधारे श्रीद्वारकाधिशके सेवा शृंगार किये ओर ॥ फेरि एक महिना तांइ रहे ॥ स्नेह परस्पर बोहोत रह्यो ॥ ओर आपनें ग्रहणकों निर्णय कर्या हुतो ॥ सो दिखायो ॥ ओर कहिके श्रीठाकुरजीकुं व्रथा परिश्रम ग्रस्तास्तमें होय हें ॥ सो शास्त्र रितिसों तो शुद्धि हो जाय हे ॥ तासों व्रथा परिश्रम प्रभूनकों देनो तामें अपने हाथ कहा आवे हे ओर कोइ कोइ अन्यमार्गिय विगेरे पुछे ताकों तो हम जुवाब देइंगे ॥ ओर सुखेन श्रीठाकुरजीकों सखडि अरोगावो ॥ तब श्रीव्रजभूषणजी महाराजनें आज्ञा करि जो आगली रीति बडेनकी हे ॥ सो केसें मेटी जाय ॥ ओर आप एसे आज्ञा करोहो तो सायंकाल पीछे कोठी खुलावे हे ॥ सो न खुलावेंगे ॥

ओर चंद्रमा देखतेइ राजभोग सेनभोग भेले सखडि आय जाइंगे ॥ यामें आगली मर्यादहुं रेहेगी ॥ और प्रभुनकों परिश्रम हुं न पडेगो ॥ तातें आजसों हमारे घरमें ए रीति होयगी ॥ फेरि ए बात सुनिके श्रीपुरुषोत्तमजी बोहोत प्रसन्न भए ॥ जो आपनें दोउ बात राखी ॥ फेरि सिंहाड पधारे ॥ उहां हुं ए वात श्रीपुरुषोत्तमजीनें चलाइ सो उहां तो ए बात कबुल न भइ ॥ जो ठेठको रीतिहे सोइ होयगी नइ नहि होय सके ॥ एसे श्रीजीद्वारमें तथा आसोटियामें आवते जाते चित्तमें वे बातको कपट हुतो तासों वर्ष १॥ (देढ) पर्यंत रहे ॥ जो काकाजीकों वचन दियो हे जो काहु भांतिसों श्रीबालकृष्णजीकों पधराय लाउंगो ॥ सोइ बातके तांइ श्रीजीद्वार तथा आसोटिया बिच वर्ष दिन तांइ रहे ॥ लाग ढुंडते रहे ॥ सो एक बिरियां श्रीजीद्वारसों बिदा होयके आसोटियामें बिदाके शृंगार करवेकुं आये ॥ ओर घुडवेलकी डाग बंधवाइ ॥ ओर श्रीव्रजभूषणजी महाराजसों कही जो मामीजीको शरीर मांदगी बोहोत हे ॥ सो पत्र आयो हे तासों एकही शृंगार करिके सुरत जानो पडेगो ओर माजीको शरीर आछो भए तें फेरि आउंगो ॥ एसे समजाय ओर सांजको सेन भए पीछे पोढावंती बिरियां श्रीबालकृष्णलालकुं चोटिमें पधराय लिये ॥ ओर सज्याकुं खाली उठाय दीनी ॥ ओर मुखियाजीसों माला बीडी प्रसादी वस्त्र लेके श्रीव्रजभूषणजी महाराजकी बेठकमें पधारे ॥ सो बेठकमें सो विदा होय वाइ समय शिघ्रही सुरत घुडवेलमें बेठिके रात्रिकुं पधारे ॥ सो रात्रीमें घुडवेलके डाग सो मेवाड बाहार निकसि गये ॥ फेरि प्रातःकाल इहां जगावती बिरियां सिज्यामें श्रीबालकृष्णजी नहि हे ॥ सो मुखियाजीसुं आज्ञा करि जो श्रीबालकृष्णजी शैयामें नहि हे ॥ सो उंदरा तो न ले गये होयंगे तासों सिज्या मंदिरमें सब जगे ढुंडे, बोहोत ढुंडे परंतु पाये नही ॥ तब मुखियाजीने विनती करी जो महाराज उंदरा तो न ले गयो हे ॥ परंतु कोइ आपमें सों लेगये दिखे हे ॥ यह बात सुनतेही आपकुं बडोइ क्लेश भयो ॥ ओर आज्ञा करेजो श्रीपुरुषोत्तम-

जोने एसी दगाबाजी करी ॥ हम इनकुं एसे नहि जानते हते फेरि घरके भले मनुष्य बुलाय विनसूं सब व्यवस्था कही ओर राणाजीकुं पत्र लीखे ॥ तामें सब समाचार लिखे ॥ सब चाकरननें कही जो एतो मेवाड बहार निकस गये होंगे ॥ अब तो ओर कछु बंदोबस्त करेंगे तब आप कहे जो ठीक हे ॥ गइ वस्तु आवनी बडी कठीन हे ॥ ओर कहा चिंताहे वे हु हमारे घरके हे अबि श्रीगंगाजी अत्ताजी होते तो खबर पाडते ॥ एसे आज्ञा करी तीन दीन तांइ भोजन न कर्यो ॥ सो ए बात सिंहाडमें श्रीदाउजी महाराजनें जानी ॥ सो सुनिके श्रीदाउजी महाराज इहां पधारे ॥ फेरि समजायके चोथे दिन भोजन करवायो ॥ पीछे श्रीजी द्वार पधारे ॥ ओर श्रीपुरुषोत्तमजीनें सुरत पहोंचिके पत्र श्रीव्रजभूषणजीमहाराजकों बोहोत नम्रतापूर्वक लिख्यो ॥ तामें लिख्यो जो मेंने श्रीकाकाजीकुं वचन दियो हतो तासों इतनी बात मेरे करनी पडी ॥ आप तो हमारे बडे हें ॥ हमतो आपके बेटा बेटी हें ॥ सो अपराध क्षमाइ करेंगे बडे हे सों बेटा बेटीको अपराध मनमें नहि लावें ॥ ओर में तथा श्रीठाकुरजी आपकेइ हे ॥ ओर आप आज्ञा करे जेसे करुं ॥ सो पत्र श्रीव्रजभूषणजी महाराजके पास आयो ॥ सो वांचिके प्रति उत्तर लिखायो जो प्रभुनकुं इतनो श्रम क्यों पाड्यो ? एसे वचनमें आय गये होते तो हमसों क्यों न कह्यों ॥ हम पधराय देते तामें केसो रस रहेतो ॥ चोरिके ले गये सो ठिक न करि ॥ ओर श्रीबालकृष्णजी तो हमारे हे सो कबहु तो पधारेंगे ॥ ओर श्रीगंगाजी अत्ताजीको श्राप श्रीव्रजरायजीको हुतो सो तो तुमही जानो हो ॥ तासों विशेष तुमकों कहा लिखे ॥ सो वा दिनतें लौकिक दृष्टीसों श्रीसुरतमेंइ बिराजे हे ॥ ओर अलौकिकतासों श्रीबालकृष्णजी श्रीद्वारकाधीशकें पास सदाइ बिराजे हे ॥ ताही भावसों छोटी गादीपें सब समय फुलकी माला पेहेरे हे ॥ ओर ग्वालकें समय ग्वाल भोग हु आवे हे ॥ पलना एक गवे हे ॥ फेरि श्रीपुरुषोत्तमजीकुं तो लालजी भए

सो जाते रहे ॥ चार वहुजी भए परंतु फेरि लालजी न भए ॥ तब श्री-पितांबरजीको वंश तो अस्त भयो ॥ तब श्रीव्रजालंकारजीके वंशमें श्रीपुरु-षोत्तमजीके लालजी श्रीगोवर्धनेशजीको छोटपणमें लीला प्रवेश भयो ॥ सो इनके वहुजी श्रीमहाराणी वहुजी हुते सो इननें कितनेक दिन ताँइ सेवा करी ॥ फेरि वृद्ध अवस्थामें अपनें भाइके दोहिता श्रीगोकुलउत्सवजी श्रीविट्ठलेशरायजीके घरकेनसों देवे लगे ॥ इननें नाँही तो वोहोत करी ॥ के हमारे कांकरोलीवारेनसों तोडे नही बने ॥ पासको रेहेवास ठेयों ॥ तासों हम नहि ले ॥ सो एक बिरियां स्नान करावतेइ हाथमें दे दिये ॥ ओर कह्यो जो ए श्रीठाकुरजी तुमकों दे चुकें ॥ अब तुम जानो ओर ए श्रीठाकुरजो जाने ॥ तब श्रीगोकुलउत्सवजीनें कही अव तो इननें एसो आग्रह करिके जोरावरीसो दिये तो अव श्रीठाकुरजी अपने माथे भये तासों ए व्यतिक्रम भए के समाचार कांकरोली आये ॥ सो वांचिके हमारे तातजी श्रीगोकुलनाथजी महाराज झघडाकुं सुरत पधारे ॥ ओर इहां काकाजी श्रीव्रजभूषणजी महाराजनें विचारी जो श्रीविट्ठलेशरायजीकुं इहां झघडाकरिके पधराय लावने ॥ जब अपने श्रीबालकृष्णजो अपने घर पधारे ॥ तब श्रीविट्ठलेशरायजी पाछें पधराय देने ॥ एसी सलाह विचारी के दो तीन हजार आदमी सिरबंधी लेके श्रीजीद्वार पधारे ॥ सो सुधेइ श्रीविट्ठ-लेशरायजीको मंदिर घेरी लीयो ॥ ओर मोरचा लगाय दिये ॥ तब वीनने भीतरसुं दरवजे बंध करि लीये ॥ तब अपने लोक बहारसुं निसरणी मांडीके चढवे लगे ॥ सो बात श्रीजीवारे श्रीगिरिधारीजी महाराजकुं खबर भइ ॥ सो सुंनतही आप उहां पधारे ॥ पधारिके काकाजीकुं समजा इके कहो के लडाइ होइगी तो दोउ ओरके मनुष्य मरेंगे ॥ तामें आछी न दिखेगी तासों इहांके पंचनके पास न्याय करावो ॥ ओर पंच कहे सो दोउ जने कबुल राखो ॥ तब काकाजी कहे जो पंच रुषावती करिके कहे तो हमारे कबुल नही हे ॥ ओर धर्मकी रितिसूं न्याय करे सो तो हमारे

कबुल हे ॥ तब श्रीगिरिधारीजोमहाराजजी कहे जो रुषापति न करेंगे ॥ यथार्थ ही करेंगे ॥ पंचमें भगवान बिराजे हे ॥ आप श्रीनाथजीके कमल चोकमें चलिये ॥ तब काकाजीने कहि जो श्रीविट्ठलेशरायजी वारेनकुं के चलो ॥ वादी प्रतिवादी विना न्याय कहा करोगे ॥ फेरि श्रीगिरिधारीजा महाराजनें अपनो खवास नीसरणी द्वारा उतारिकें श्रीगोविंदजी सों कहेवाइके तुम दरवाजो खोलो तो हम आवे ॥ ओर न्याय विषे बात ठेरीहे सो पंच कहेंगे सो तो तुमकुहु कबुल करनी पडेगी नही तो पंच बहार रहोगे ॥ सो या प्रमाण श्रीगिरिधारीजी महाराजके खवासने कही ॥ ये बात श्रीगोविंदजी महाराजने सुनीके कही जो ॥ दरवाजेके किंवाड डोढे करीके श्रीगिरिधारीजीकुं हमारे पास ले आउ ॥ तब खवास दरवाजे के किंवाड डोढे करिके श्रीगिरिधारीजीकुं श्रीगोविंदजीके पास लायो ॥ फेरि श्रीगोविंदजीने कही जो पंच करेंगे सो हमारे कबुल हे ॥ परंतु या समय मंदिर छोडके हम केसे आवे जाय ॥ हम बहार गये ओर ए कांकरोली वारे घुसी जायतो केसें करे ॥ तब श्रीगिरिधारीजी कहे जो या बातके जमानगत हमहे ॥ अब ए श्रीठाकुरजी ले जायंगे तो हम पधराय देंगे ॥ एसे पक्की करिके सबनकुं श्रीनाथजीके कमलचोकमें पधराये ॥ फेरि पंचायति भइ ॥ तामें श्रीबालकृष्णजीकी भइ ॥ जो श्रीकांकरीलीवारेनकुं पहोंचे ताकी मेहेजर भइ ॥ जो कांकरोलीवारेनकुं जहां तांइ श्रीबालकृष्णजी न पधराय दे तो श्रीगोकुलउत्सवजी सों अलौकिक व्यवहार न रहेगो ॥ या रीतीसों मेहेजर भइ ॥ तामें सबनके अक्षर भये ॥ ओर श्रीविट्ठलेशरायजोके घरवारेने अक्षर करे ॥ तथा श्रीगोविंदजीने पत्र १ श्रीगोकुलउत्सवजी उपर लिख्यो जो श्रीबालकृष्णजीमें अपनो हक नही पहोंचे हे ॥ तासों श्रीबालकृष्णजी सब मंदिर सहित इनकुं सोंपी दिजो ॥ जो तुम मेरे विर्यसुं उत्पन्न भए होय तो सब सोंपिके इहां चले आईयो ॥ एसो पत्र श्रीगोविंदजीने लिख्यो ॥ तथा ओर बालकनने हुं मेहेजर विगेरे लिख्यो

हे ॥ सो सब अद्याप तांइ अपने घरमें हाजर हे ॥ परंतु बिनने कोउकी न मानी ॥ एसे श्रीव्रजभूषण काकाजीने बंदोबस्त इहां करवायो ॥ तब श्रीविट्ठलनाथजीके मंदिरको घेरा छोडिके कांकरोली पधारे ॥ ओर ए सब पंचायती भइ ॥ ताको मेहेजर तथा पत्र विगेरे सब श्रीगोकुलनाथजीतातजीके पास सुरत पठाये ॥ ओर राणाजीने हुं बंदोबस्तकरिदिनो ॥ जो जहांतांइ इनकेघरके बालक श्रीबालकृष्णजी न पधरायदे ॥ तहां तांइ मेवाडमें न पधारे ॥ सो फेरि मेवाडमें आयवेको तथा श्रीनाथजीको बंदोबस्त रह्यो ॥ परंतु श्रीदाउजी महाराजने सात स्वरूपनके मनोर्थमें बुलाये ॥ सो गुप्त रितिसों आये ॥ सो बात श्रीजीद्वारमें प्रगट भइ ॥ जो श्रीव्रजरत्नजी सुरतवारे आये हे ॥ सो वा बिरियां श्रीदाउजी महाराजतो प्रदेशमें बिराजते हुते ॥ ओर इहांसुं उदेपुर राणाजीकूं खबर कराइ जो श्रीदाउजी महाराजने एसे मेंडतोडि ॥ सो ए समाचार राणाजी भीमसिंहजीने सुने तब अपने बडे पासवानमेंसों भले आसामी दोसें सिपाईनकुं पठाये ॥ सो वे श्रीनाथजीकी उत्थापनकी झारि भरिके आवते देखें ॥ सो परचारगसों कहि के इनकी झारि ले लेउ ॥ नहितो कारण ओर हे जायगो ॥ सो फेरि परचारगने झारि ले लीनी ॥ ओर वाइ साहत चलाय दिये ॥ श्रीनाथजी सों बिदाबी होवे न दिये ॥ ओर श्रीविट्ठलेशरायजीके मंदिरमें हुं न जावे पावे ॥ सुधेइ सरकाये सो सुरत गये ॥ ओर इन श्रीदाउजीने बडेनके अक्षर भये थके मेंडतोडी ॥ तासों अन्नकुटपें श्रीद्वारकाधीशजी श्रीजीद्वार न पधारे ॥ ओर अन्नकुट घर भयो ॥ ताको क्लेश श्रीदाउजी महाराजकु बोहोत भयो ॥ जो मेंने ए कहा कयों ॥ फेरि सात स्वरूपमें पधरावेकी खेंचलभइ सो याही बातसुं भइ ॥ तब श्रीदाउजीमहाराजने फेरि अक्षर कर दिये तब पधारें ॥ फेरि श्रीलक्ष्मीबहुजी तथा श्रीगोविंदजीने हुं अक्षर करि दिने ॥ ओर श्रीगिरिधरलालजीने मेंडतोडी ॥ ताको फल प्रत्यक्ष भयो ॥ सो सब जाने हे ॥ सो श्रीनाथजी छुटे ॥ तासों

बडेनके अक्षरको न मानें ताको ए फल होवेहे ओर ए झघडा अबी तांइ चल्यो जाय हे ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा हे जो ए श्रीठाकुरजी लडो-करे हे तासों आपसमें एसे लडालडी चलें हे ॥ सो अबि तांइ लडाइ करावे हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके बचनामृत साठमो संपूर्ण ॥ ६० ॥

 [वचनामृत ६१ मो.] 

अब एकसठमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो तामें भीतरिया गोपीनाथजीनें प्रश्न कर्यो जो आप तो बडेहें आपकों जातकी कहा अटके ॥ सुरतवारेनकुं जातसुं दूर करे तो हुं श्रीठाकुरजी तो न दिये ॥ तापर आप आज्ञा करे ॥ जो जात बहार होय ताके उपर श्रीप्रभूजी कबहु प्रसन्न नहि होय हे ॥ ताको सेवाको अधिकार नहि हे ताके उपर एक पुरणांत्त-रको इतिहास कह्यो ॥ जो गरुडजी श्रीठाकुरजीके परम प्रीय वाहन हे सो वाको हुं त्याग किये ॥ तब फेरि प्रश्न कर्यो जो गरुडजीकों जात बहार कोंनने कहा बातसों करे ॥ तब आप आज्ञा करे ॥ जो एक टिंटोडी टिंटोडा हुते, सो विनकुं इंडा धरवेकी बिरियां भइ, तब टिंटोडासों कहिके अपनो आश्रम दुसरी ठोर करे तो आछो, इहां तो समुद्र नजीकहे सो इंडानकुं व्हेवाय देगो ॥ फेरि टिंटोडा बोल्यो जो समुद्रकी कहा सामर्थ्य हे जो मेरे इंडा व्हेवाय जाय ! तुं सुखेन तीरपे इंडा धरिदे सो वानें इंडा तीरपें धरे, सो समुद्रने टींटोडाके गर्वित वचन सुने हते तासों समुद्रने जरुर करीके इंडा व्हेवाय दिये ॥ सो अपने पास राखे, सो टिंटोडी क्लेश करती ओर टिंटोडाको कहेवे लगी के तेरे कहे सो मेंने इंडा समुद्रके तीरपें धरे ॥ ओर समुद्र व्हेवाय गयो सो तुं कहेतो के समुद्रकी कहा सामर्थ्य हे जो मेरे इंडा व्हेवायगो सो अब समुद्रने तो इनको सामर्थ्य तोकों बतायो ओर इंडा ले गयो अब तेरो सामर्थ्य होयसो करिके मेरे इंडा लाय दे नही तो तेरे उपर मरुंगी ॥ तब टिंटोडाने कहि जो में तेरे इंडा लाय देउंगो, तुं क्लेश मति करे, ओर मरे मति ॥ अब टिंटोडा सब पक्षिनके पास जाय पुकार्यो

जो मोकुं समुद्रनें बोहोत दुःख दियो हे, जो मेरे इंडा व्हेवाय गयो सो दुःखको मार्यो तुम सब मिलिके मेरी सहाय करो, नहि तो हम स्त्री पुरुष दोउ जने प्राण त्याग करेंगे ॥ तब सब पक्षिननें विचार कर्यो जो आपन सब चोंचमें भरि भरिके पत्थर लायकें समुद्रमें डारो जो समुद्र सुकाय डारों जब इंडा दे तब मति डारो ॥ के तो इंडा दे नहि तो सुकाय देइंगे ॥ यौं कहीके अपने अपने सामर्थ्य प्रमाण पत्थर लाय लायके समुद्रमें डारिवे लगे ॥ एसे करत आखो दिन व्यतित भयो परंतु समुद्रको तो कछु न बिगड्यो इतनेमें इनके भाग्यसों नारदजी कहुं सो आये ॥ ओर सबनसूं बरजे ॥ ओर सबनसों कह्यो जो ए तुम पशु बुद्धिमें कहा करोहो तुह्मारे पथ्थर डारेसो क़हा समुद्र सुकेगो ? तासों मैं तुमकों सलाह बताउं ता प्रमाण चलो तो तुह्मारो कार्य सिद्ध होय ॥ तब सब पक्षि बोले जो आप आज्ञा करे वेसे हम करेंगे ॥ तब नारदजीनें कही जो श्रीठाकुरजीको वाहन गरुडजी हे ॥ सो तुम सब पक्षिनके राजा हे सो वापें जाय पुंकार करो तो वे तुह्मारो कार्यसिद्धि करि देइंगे ॥ यौं केहेके नारदजी तो श्रीहरि ज़स गावते बिन बजावते चले गये ॥ ओर पक्षिनमें सो पांच जने मिलके श्रीगरुडजीके दरबारमें गये ॥ सो गरुडजी सोनाके सिंहासन उपर बेठे हे ॥ पार्षद सेवा करे हे ॥ सो उहां जायके वे पक्षिननें पुकार करे ॥ जो समुद्रनें हमसों या प्रमाण वेर कर्यो हे ॥ जो समुद्रनें या टिंटोडाके इंडा वहाये हे सो दिवाये चइये ॥ तब श्रीगरुडजी सुनिके हंसे जो एसे छोटे बालकनके लिये में समुद्रसों कहा कहुं तुम जाउ तब वे पक्षि आयके सब जातमें कही जो गरुडजीने तो अपनी पुकार न सुनी ओर काढि दिये ॥ तब सबनकुं रीस आइ सो सबननें मिलिके बिचार्यो ॥ जो गरुडजी अपनी बात सुने नहि तो गरुडजीको जात बहार करो ॥ एसे बिचारिके जात बहार करिके एक पक्षि कहेवेकुं पठायो जो तुम जात बहार हो, एसे वे कहे वे आयो ॥ जो तुह्मारो नोता-नेवता आंजसों बंध हे सो गरुडजी सुनिके रीस भये, ओर अपने अनुचर पास काढि दिवायो ॥ फेरि एक

दिन गरुडजो वैकुंठमें श्रीठाकुरजीके पास गये ॥ सो श्रीठाकुरजीने देख-तेइ आज्ञा करि जो तुम दुर रहो हमारे पास मति आंवो हम तुमसों छुइ जायंगे तब गरुडजीने हाथ जोडिके प्रार्थना करी जो कृपानाथ मैंने कहा अपराध कर्यो जो आप एमें आज्ञा करोहो ॥ तब श्रीभगवाननें आज्ञा करी जो तुह्मारी जातवारेननें तुमसों जात बाहेर काढे हे तासों तुम हमारे अंगीकार न आवोगे ॥ यह वचन श्रीभगवानके श्रीमुखसों सुनिके श्रीगरुडजी समुद्रके पास गये ओर एक पंख समुद्रमें मारी सो समुद्र खरभडवे लग्यो ॥ ओर ब्राह्मणको स्वरुप धरि गरुड जीके पास जाय ठाडो भयो ॥ ओर बोहोत भांतिसो स्तुति करी ओर बिनती करी जो महाराज आप मेरे उपर कहा अपराध सों रुसेहो ॥ ओर क्रोध करोहो ॥ सो आज्ञा करिये ॥ तब श्री गरुडजीने आज्ञा करी जो तुं हमारे टिंटोडाके इंडा व्हेवाय ले गयो हे सो दे, नहि तो अब रेती उलटी करी देउंगो ॥ सो वे बात समुद्र सुनिके तत्कालहो श्री गरुडजीकुं इंडा लाय दिये, ओर गरुडजीको पुजन कर्यो, ओर अमोल रत्नके हार श्रीगरुडजीकुं पेहेरायके समुद्रजीने दंडवत् करि, परिक्रमा करिके, ब्रह्मरुप अंतर्ध्यान भए ॥ ओर श्रीगरुडजो इंडा लेके सब पक्षिनके पास आये, इंडा धरे, ओर सबनकुं साष्टांग दंडवत् करे, परि-क्रमा देके, हाथ जोडी ठाडे भये ॥ ओर विनती करी के ओर जो आज्ञा होय सो में करुं ओर मेरो आगलो अपराध क्षमा करो ॥ तब सब पक्षि-नने कही जो तुम हमारी जातमें हो ऐसे कहेके इंडा टिंटोडाको दिवाये ओर टिंटोडाकी जात मात्रसों कही के तुम सब जलकेतिरपें इंडा धरो ॥ जल बाधा नहि करेगो ॥ सो अद्यापतांइ गरुडजोकी आज्ञा जलमात्र माने हें ॥ सो समुद्रके तीरपेंइ टिंटोडी इंडा धरे हे ॥ सो जलके एन तीरपें बराबर इंडा धरे हे ॥ ओर गरुडजी सब पक्षिनसुं बिनती करी जो ओर कछु काम-काज होय तो मेरे पास केहेवाय देओगे ॥यों कही आज्ञा मागके श्रीगरु-डजी वैकुंठमें श्रीभगवानके पास गये ॥ जायके दंडवत् करि विनती करि ॥

कृपानाथ ! मैं जातमें होयके आयो हुं तब श्रीप्रभुजीनें आज्ञा करि जो अब तुम हमारे काम आवोगे ॥ यों कहि आज्ञा करिके स्पर्श करे ॥ तब गरुडजीकी सकल व्याधी दूर भइ ॥ ओर श्रीठाकुरजीके दर्शन करि दंडवत् करि स्थान प्रति जाते भये ॥ तासों जातको भय तो सबनकुं राख्योइ चैये ॥ ओर जीतने सुधर्म चलेहें सो जातके भय तें चलेहे, जो जातको भय न होतो तो कबकें एक मेक हो जाते ॥ तब दासनें प्रश्न कर्यो ॥ जो मरजादी भए पीछे जातको भय नहि हे ॥ क्योंके इनकुं जातमें जेंमवे तो जानो नहि हे ॥ तब इनकों डर काहेको रह्यो ? तब आप हसिके आज्ञा करे ॥ जो मर्जाद लेवे सो धर्म राखवेकुं के धर्म छोडवेकुं ! जो धर्म राखवेकों मर्जाद ले सो तो दोउ ओरको डर राखेगो ॥ सो दोउ ओरको डर राखेगो ॥ सो दोउ ओर कहा ॥ जो एकतो मुख्य गुरु आज्ञा ॥ ओर दुसरो जो जात व्यवहार ॥ ओर धर्म खोयवेकुं मरजाद ले ताकों एक हुं डर नहि हे वे तो निडर होय जाय सो आजकाल तो कितनेक मरजादी एसेइ हे जो जीनकुं न तो गुरुनको डर, न तो जातको डर ॥ प्रत्यक्ष रांड राखे हे ओर मनुष्यनकुं उपदेश देवे हे जो श्रीनाथजीके दर्शन न करने ॥ श्रीनाथजी तो अपने घरमेंइ बिराजे हें ॥ एसे अनेक पाखंड करे हे ॥ ओर काठियावाडसों कितनेक वैष्णव आवे हे सो तो रस मंडली करे हे ओर दुसरेनकूं उपदेश करेहे ॥ सो वेसे मरजादी तो गुरु द्रोही तथा मार्ग द्रोही हे ॥ एसेनको संग भूलिके न करनो ॥ एसेनके संगसों आपनकुं छांटा लगि जाय ॥ तासों श्रीहरिरायजी शिक्षापत्रमें लिखेहे ॥ वेसें भगवदीकों सत्संग करनो ॥ वेसे न मिले तो पोथीको सत्संग करनो ॥ आजकाल तो पोथीको सत्संग मुख्य हे ॥ जा सों मारगमें तथा गुरुके चरणारविंद में रति बढे ॥ एसो निरंतर अपनो स्वधर्म राख्यो चाहे ताको तो या रितिसों वरतनो ओर जातको डर तो जरुर राखनो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसठमो संपूर्ण ॥ ६१ ॥

 [वचनामृत ६२ मो.] 

अब बासठमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो अक्षय त्रृतिया (वैशाख शुक्ल ३,) ओर अक्षय नौमी हे (कार्तिक शुल्क ९) सो युगादि तीथी हे ॥ तासों यह तीथीको क्षय आवेहूं नही ॥ कदाचित क्षय आवे तो वा बरसमें बडो उपद्रव जागे ॥ ओर इहां श्रीप्रभूजीके तो उष्णकालको प्रारंभ लगेहे सो चंदन पहेरे हे ॥ ओर खसखानों, छिरकाव विगेरे सब होय हे ॥ सो श्रीप्रभूजीके आगे हाथ जोडेइ ऋतु हाजर रहेहे ॥ सो ऋतुकों सुख आप देत हे ॥ जो बहार सों गरमीके मारे आवे ओर इहां दर्शन करे सो शीतल होय जाय एसो ऋतुको आदर हित हे ॥ जो हमारे चित्तमें निरंतर मनोर्थ होय हे जो श्रीद्वारकांधीश सदा सर्वदा दर्शन दियो ही करे ॥ क्षणार्ध अंतर न पडे परंतु कहा करे परदेश जनोइ पडे हे ॥ तब मुखियाजी द्वारकांदास बोले जो आपके तो परदेशमें जगेजगे मंदिर हे जहां पधारे तहां सेवाको सुख हे ॥ तब आप आज्ञा करे ॥ जो ए बात तो ओर मंदिरनमें कहांसो आवेगी ॥ ए सुख तो इहांइ हे ॥ ओर उहां तो केवल वैष्णवनको दर्शन देवे बिराजे हे ॥ सो दर्शन देइहे ॥ ओर उहांके रेहेवेवारेके भनोर्थ सिद्ध करेहे ॥ मुख्य तो इहांइ बिराजे हे ॥ ओर भक्तनके मनोर्थ सिद्धि करवेकुं अनेक रूपसों परदेशमें बिराजे हे ॥ तासों हमकुं तो सर्वथा इहांइ सुहाय हे ॥ तब मुखियाजीने फेरि कहि जो ॥ उहां इहांको सेवा निमित्त पधारनो होवे हे तासों इहांकी सेवा मुख्यही जानिके उहां पधारनो होय हे सोइ वित्तजा सेवाहे तासों आप तो सेवाइमें सदासर्वदा हो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके तवचनामृ बासठमो संपूर्ण ॥ ६२ ॥

 [वचनामृत ६३ मो.] 

अब त्रेसठमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ तब दासने प्रश्न कर्यो ॥ जो श्रीनाथजी तथा सात स्वरूप कहां सो पधारे ॥ ओर कोंन कोंन

वैष्णवके माथे बिराजे ओर श्रीगुसांइजीके घर कोन रितिसों पधारे सो कृपा करिके विस्तार पुर्वक आज्ञा करिये ॥ तब आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीनाथजीके प्रागट्यकी वार्ता तो सब चरित्र न्यारोइहे सो सब वांचते देखते मालम पडेगो ॥ ओर श्रीनवनितप्रियजी तथा श्रीलाडिलेशजी तथा श्रीगोकुलचंद्रमाजी तथा श्रीललित त्रिभंगीजी ए चार्यो स्वरूप महावनके रस्तामेंसों डोकरी वैष्णव क्षत्राणीकुं पाये हते ॥ सो लायके श्रीमहाप्रभूजीके आगे पधराये ॥ तब श्रीनवनितप्रियजो तो सेव्य करिके गजनधावन क्षत्री वैष्णवके माथें पधराये सो ताकी विशेष वार्त्ता गजनधावनकी वार्त्तामें प्रसिद्ध हे ॥ ओर श्रीचंद्रमाजी नारायणदास ब्रह्मचारिके माथे पधराये ॥ ओर श्रीललित त्रीभंगीजी देवाकपुर क्षत्रीके माथे पधराये ॥ सो वे जीवे तहां तांइ सेवा कराइ फेरि अंतरध्यान भए ॥ तीन स्वरुप तीन जनेनके अवसानमें श्रीमहाप्रभुजीके इहां पधारे ॥ ओर श्रीमथुरेशजी करणावलमें श्रीयमुनाजीको धावो टुटिके प्रगट भए हे सो बोहोत बडो स्वरूप प्रगट भयो तब श्रीमहाप्रभुजीनें दर्शन करिके विनती करी जो कछुक छोटे होइए तब श्रीमथुरेशजी कछुक छोटे भए ॥ तब फेरि विनतो करी तब फेरि छोटे भए ॥ एसे करत श्रीमहाप्रभूजीकी गोदीमें आय बिराजे सो गोदीमें आपकी ठोडी बराबर भये तब आपनें विनती करी जो अब सेवा होयगो ॥ सो वे पद्मनाभदासजीके माथे पधराये ॥ सो वा स्थलको नाम करणावल भयो जो करुणा करिके छोटे भए तासों ॥ सो उहां प्रागटय स्थलपें श्रीमथुरेशजीकी बेठक हे ॥ पीछे पद्मनाभदासजीके घर तें श्रीमहाप्रभुजीके घर पधारे ॥ सो विस्तार पद्मनाभदासजीकी वार्त्तामें प्रसिद्ध हे ॥ ओर श्रीविट्ठलेशरायजी श्रीगुसांइजीके प्रागटय समय एक दक्षणी ब्राह्मण पधराय गयो सो आप घरमेंइ राखे काहुको पधराय दिये नहि ॥ ओर श्रीस्वामिनिजी श्रीमहाप्रभुजीके जनेउसुं लगि के श्रीयमुनाजीमें तें पधारे सो श्रीमुखतें आप आज्ञा करे जो हम श्रीविट्ठलेशरा-

यजीके हे ॥ सो यह श्रीमुखके वचन सुनिके श्रीविट्ठलेशरायजीके संग पधराये ॥ अब श्रीद्वारकाधीश ॥ ब्रह्माजीके पास मागिके राजा अंबरिष पधराय लाये ॥ ओर वानें बहुत स्नेह सों, बहुत वैभव सों, सेवा करी ॥ ओर दुर्वासाकी कृत्या सों श्रीसुदर्शनजीनें राजा अंबरीषकी रक्षा करी ॥ ओर भक्त पक्ष दृढ कयों सो कथा श्रीभागवत नवम स्कंधमें हे ॥ सो श्रीद्वारकाधीश राजाके अवसान समयमें अर्बुदाचल (आबु) पर्वतमें पांच ऋषिश्वरनकुं दिये ॥ सो वेपांचे ऋषिश्वर यथा वित्तानुसार सेवा करत भए ॥ फेरि कनोजमें एक दरजी हतो वाको स्वप्नमें आज्ञा किये जो में फलाणो हुं ओर ऋषिके पास बिराजुहुं सो तुं आयके ऋषिनके पास मागिके पधराय लेजा फेरि वे दरजी स्वप्नसों भाग्यो तब काहुको कहि सुनी नहि ओर सुधेइ आबुजीको रस्ता लियो, सो आतुरताको मार्यो दोडयोइ जाय सो दोडते दोडते वीस कोस गयो तब रात्री भइ, अंधेरो भयो सो रस्तामें एक पत्थरकी ठोकर लगी सो पडि गयो, सो अत्यंत पश्चात्ताप करने लग्यो जो अब में केसे जाउं ! ओर श्रीप्रभूनसुं विनती करिवे लग्यो हे महाराज ! हे श्रीद्वारकाधीश ! अब में निःसाधन हुं जेसे श्रीरुक्षमणीजीवारे ब्राह्मणकुं एक रात्रमें श्रीद्वारकाजीमें ले गये तेसे मेरेकुं दृढ हे एसे निःसाधन होयके आधिरात्र तांइ जाग्यो पीछे तो नींद आय गइ सो श्रीप्रभुजो पधारि लात मारीके जगायो ओर आज्ञा करिके चलि पाछें विनती करोके कृपानाथ ! अब मोको इतनो दुर काहेको ले जाओ हो, आप इहांसोइ पधारिये ॥ तब आप आज्ञा करेजो तोकों अबरबडाट काहेका हे हमारे संग एकहि दिनमें पहोंचनो हे ओर इहांसूं परभारे पधारे तो ऋषिश्वरनकुं आछो न लगे तासों उहां आय विनके पास मोको मागि ले ॥ फेरि वाको आज्ञा करि जो आंखमिंच ले सो आंखमिंची सो आबुजीमें अपने स्थानमें दाखल होय गये ॥ सो आंख खोलिके देखे तो प्रातःकाल भयो हे, ओर ऋषिश्वर बेठे हे, श्रीठाकुरजीके दर्शन भए ॥ तब वह दरजी

देह कृत्य करि, स्नान करि ऋषिश्वरनके पास आय बेठयो ॥ ओर ऋषिश्वरनसूं विनती करि जो तुह्मारे पास श्रीठाकुरजी हे सो मोकुं पधराय दिजीये ॥ तब ऋषिश्वरनें कही जो हमकुं हुं आज्ञा हे यौं कहेके पधराय दिये ॥ सो प्रभुनकुं पधरायके वेसेइ एक दिनमें कनोज पहोंचे ॥ तब वानें अपने वित्तानुसार तुलसी क्यारेके पास एक छोटोसो मंदिर बनवाय वामें पधराये ॥ ओर पुजामार्गकी रितिसों सेवा करतो भयो ॥ सो वाके इहां कितनेक वर्ष बिराजे ॥ फेर संभरवारे क्षत्री शेठ दामोदरदासजीकुं पत्र प्राप्त भयो ओर स्वप्नमें आज्ञा भइ जो ए वांचे ताको तुं गुरु करियो ॥ सो ये आज्ञा श्रीद्वारकाधीशने किये ओर पत्र हुं आपने लिख्यो हतो सो प्रभूजीनके अक्षर जीवसों केसे वांचे जाय ॥ प्रभुजी आप ही बांचे ॥ जब श्रीमहाप्रभुजी याही कार्यके लिये कनोज पधारे सो शहेर बाहार बिराजे ॥ ओर वस्तु भाव सामग्री लेवेकुं कृष्णदास मेघनकुं गाममें पठाये ॥ ओर समजाये जो काहुसों कहियो मति ॥ तब कृष्णदासजीनें कहिजो जो आज्ञा ॥ यौं कहिके बजारमें गये ॥ सो शेठजी राजद्वारसों आवते ओर कृष्णदास सामग्रि लेके जाते सो सामें मिले सो पुछी जो आप श्रीमहाप्रभुजी पधारे हे ? तब कृष्णदासजीनें कही जो आज्ञा नही हे ॥ तब दामोदरदासजी कृष्णदासजीके संग होय गये ॥ सो जहां श्रीमहाप्रभुजी बिराजते हुते उहां गये ॥ साष्टांग दंडवत करि तब आपनें आज्ञा करि ॥ जो आवो शेठजी ॥ तब शेठजीनें विनती करि जो कृपानाथ ! मोको शरण लिजीये ॥ तब आपनें आज्ञा करि जो तुमकुं पत्र प्राप्त भयो हे सो लाउ ॥ तबशेठजीनें विनती करी जो कृपानाथ ! अब पत्रकी कहाजरुरत हे तब आप आज्ञा करे जो भगवद् आज्ञा उलंघन न करनी उलंघन होय सो आछी नही तासों पत्र लाउं ॥ तब पत्र लाये तब आप वा पत्रकी व्यवस्था सब शेठजीकुं वांचीके सुनाये ॥ तामें श्रीमहाप्रभुजीके शरण आवेकी लिखीही ॥ जो थोडेइ कालमें इहां पधारेंगे तिनको तुं शरण जैयो ॥ ओर हम दरजीके

घर बिराजे हे सो पधरायके तुम सेवा करियो ॥ ए समाचार वा पत्रमें हते सो वांचिके विस्तार पूर्वक सुनाये ॥ सो सुनिके शेठजी बोहोत प्रसंन्न भए ॥ ओर आज्ञा भइ जो स्नान करो सो शेठजी स्नान करी अस्पर्शमें आये विनती करी जो कृपानाथ! स्नान करी आयो हुं ॥ अब कृपा करी शरण लिजीये ॥ तब आपनें नाम निवेदन करवायके आज्ञा किये जो ॥ अब श्रीद्वारकांधीशकुं दरजीके इहां सो पधराय लाउं ॥ दरजीके इहां गये जायके श्रीद्वारकांधीशके दर्शन करे, साष्टांग दंडवत करे, ओर दरजीसों कहिके ए प्रभूनकों स्वरूप हमकुं पधरायदेहो ॥ तब दरजीनें पधराय दिये जो तुह्मारे घर वैभवयुक्त बिराजेंगे, मेरे तो कोरी रोटी हुती सो आप जेसे तेसे निर्वाह कर्यो अब मेरो चित्त बोहोत प्रसन्न भयो ॥ जो तुम पधरायवे आये ॥ योंकेहेके पधरायके श्रीमहाप्रभुजीके पास लाये तब आप पंचामृत स्नान करवायके शेठजीके माथे पधराय दिये ॥ सो शेठाणीजीने बडे वैभव सहित सेवा करी ॥ पीछे शेठजी अवसान भए तब शेठाणीजीने सब वैभव सहित श्रीगुसांइजीके घर पधराये ॥ ओर श्रीमहाप्रभुजीने आज्ञा करी हती जो जीननें राजा अंबरीष न देखे होय सो ये दामोदरदासजीकों देखो ॥ वे मर्यादा हुते ये पुष्टि हे इनमें इतनी आधिक्यता हे ॥ एसी कृपा आपकी हुती ॥ तथा श्रीद्वारकांधीश अनेक प्रकारके अनुभव कराये सो दामोदरदासजीकी वार्त्तामें प्रसिद्ध हे ॥ओर श्रीस्वामिनीजी श्रीगुसांइजीकी आज्ञासों गुंजाबनमें सो श्रीबालकृष्णजी महाराजने पधराये सो गुप्त बिराजे हे ॥ अब श्रीगोकुलनाथजी श्रीमहाप्रभूजीकी सुसरारतें श्रीकाशीजीसों पधारे ॥ सो दोउ श्रीस्वामिनीजो सुद्धां ॥ बिन सुसरजीकों श्रीमहालक्ष्मीजी सिवाय कछु संतति नहि हुती तासों जो कछु घरसें वित्त हुतो सो तथा पंचायतन पुजा घरमें हतो सो ॥ समेत

१ आ पत्रमां आपेली विशेष हकीकतनो अर्थ अमारा तरफथी प्रगट थयेल "८४ वैष्णवनी वार्ता" आ पुस्तकमां आपेलो छे त्यां जोवुं.

सब श्रीमहाप्रभुजीकूं दियो ॥ तामें श्रीगोकुलनाथजीहुते सो तो आप सेव्य करे ॥ ओर दुसरे पंचपुजाके देवता हुते विनकुं तो श्रीगंगाजीमें पधराये ॥ तब श्रीगणेशजी बोले ॥ जो आप हमारो अनादर करो हो तो ओर हमकुं कोन मानेगो ॥ तब आप आज्ञा करे जो तुमकुं प्रस्तावादि-कमें मानेंगे ॥ ओर श्रीमदनमोहनजो श्रीदोउस्वामिनीजी सहित यज्ञ कुंडमें ते प्रगट भए हे ॥ सोमयागी नारायणभट्टजीके आगे सो तब सों घरमेंइ बिराजे हे ॥ वैष्णवके माथे नहि पधारे ॥ सोउ पंचपुजामें आगे बिराजते सो पंचपुजा तथा सातो स्वरूप श्रीगुसांइजीनें सब बालकनकुं वांटि दिये ॥ तब वे पंचपुजाके गणेशजी श्रीबालकृष्णजीकुं दिये सो आजकाल दरिखांनामें बिराजे हे ॥ ओर स्वरूप ओर भाइनके बटमें गये हे ॥ ओर छोटे श्रीमथुरेशजी बडे श्रीमथुरेशजीके स्वरूपमें तें प्रगट भये हे ॥ पद्मनाभदासकी बेटी तुलसाको मनोर्थ सिद्ध करवेके लिये ॥ सो अब कोटामें बिराजे हे ॥ ओर श्रीबालकृष्णजो श्रीयमुनाजीके रेंणुकाकें श्रीमहाप्रभूजी आप श्रीहस्तसों सिद्ध करेथके सो जोधपुरमें बिराजे हे ॥ ओर ९ श्रीम-दनमोहनजी संवत १५८२ के साल श्रीगोपीजीनाथजी श्रीद्वारकाजी यात्राकुं पधारे तब राजनगरमें पधारे ॥ तब राजनगरमें सीकंदरपुरमें साचोरा जयकृष्ण भट्टके घर वाडि हे तहां रहे ॥ तहां श्रीमदनमोहनजीको प्रागटय भयो, प्रतिष्टा करि तब हरिवंशदास संग भाइला कोठारीकी बाइ कंकुबाइ तथा ओर सेवक समुहमें दर्शन देके फीर श्रीगोपिनाथजीतो आप द्वारकां पधारे ॥ ओर श्रीनाथजीके पास श्रीमदनमोहनजी बिराजे हे ॥ सो श्री-महाप्रभुजीके सेव्य हे ॥ ओर श्रीमुकुंदरायजी रामदासजीके श्रीठाकुरजी सो वे रामदास श्रीनाथजीके मुखिया भये तब बाहर न्यारी सेवाको अव-काश नहि आवतो तासों श्रीगुसांइजीने श्रीनाथजीके पास पधराये ॥ सो कोइ काल बिराजे पीछे श्रीदाउजीके बहुजी श्रीलक्ष्मीबहुजीने श्रीमहाराज-जीके वंशमें काशीवारे श्रीगिरिधरजीकुं पधराय दिये ॥ सो प्रकार इनकी

वार्त्तामें हे ॥ तथा श्रीअनंतशेषजी-श्रीशालिग्रामजी श्रीमुकुंदरायजीके संग पधराय दीये सो श्रीमहाप्रभुजीके गलेके पेहेरवेके हते ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत त्रेसठमो संपूर्ण ॥ ६३ ॥

 [वचनामृत ६४ मो.] 

अब चोसठमो वचनामृत आप आज्ञा करे जो श्री बडे दाउजी क्षीरसागरनें ते प्रगट भये हे ॥ सो श्रीगोकुलसों तीन कोस रेठा गामहे तहां बिराजे हे ॥ श्रीगोकुलनाथजीने पाट बेठाये हे ओर वहांके रहेवासी ब्राह्मण सेवा करेहे ॥ ओर श्रीरणछोडरायजी सो कृष्णावतारमें आप सेवा करते सो स्वरूप हे ॥ सो बोडाणो भक्तके मनोर्थ सिद्ध करिवेके लिये गुजरातमें डाकोर गाममें श्रीद्वारकाजीसों पधारे सो अद्यापतांइ बिराजे हे ॥ सो आपकी वार्ता अनेक हे ॥ सो लौकिकमें प्रसिद्ध हे ॥ ओर बडोदाके राजासों रुसके भींतमें औंधे बिराजे ॥ सो श्रीहरिरायजीने मनायके सुधे पधराये ॥ ओर श्रीमहाप्रभुजीकोहु स्पर्श हे ॥ ओर तीन जातके सेवक सेवा करे हे ॥ एक तो श्रीगोड ब्राह्मण, तथा खेडावाल ब्राह्मण, तथा तपोधन, ओर बेट द्वारकामें चौद स्वरूप बिराजे हे ॥ तिनके नाम ॥ (१) श्रीद्वारकानाथजी सो तो श्रीपूर्णपुरुषोत्तमको स्वरूप हे ॥ ओर (२) श्री त्रीकमजी सो तो श्रीदाउजीको स्वरूप हे ॥ (३) श्री कल्याणरायजी सो श्री पद्युम्नजीको स्वरूप हे (४) श्रीमाधोरायजी सो श्रीअनिरुद्धजीको स्वरूप हे ॥ (५) श्रीपुरुषोत्तमजीसो व्युहात्मक वासुदेव स्वरूप हे ॥ ओर साम्हे (६) श्रीदेवकीजी (७) श्रीरुक्ष्मणीजी (८) श्रीसत्यभामाजी ॥ (९) श्री जांबुवंतीजी (१०) श्रीराधिकाजी ए चार स्वरुप पटराणिके हे ॥ (११) श्रीसाक्षीगोपालको मंदिर हे ॥ ओर श्रीरुक्ष्मणिजीके मंदिर पीछे ॥ [१२] श्रीगोवर्द्धननाथजी गौर स्वरूप द्विभुज हे ॥ श्रीजांबुवंतीजोके मंदिर के पीछे ॥ [१३] श्रीलक्ष्मिनारायणजीको मंदिर हे ॥ [१४] श्रीवसुदेवजीको मंदिर हे सो चतुर्भुज श्याम स्वरूप हे ॥ ओर शंख तलाइके उपर श्रीशंखनारायणजी गौर चतु-

भुंज स्वरूप अनादी कालके श्रीठाकुरजी हे सो उहां शंखतलाइके उपर बिराजे हे ओर ये चौद स्वरुप श्रीद्वारकाजीमें बिराजते सो एक बिरियां म्लेच्छको उपद्रव भयो तब तेरे स्वरुप श्रीद्वारकांजीसो थोडी दुर एक कोसके आसरे गाम लाडुवामें भोंयरा हे तहां पधारे ॥ तहां बिराजे ॥ ॥ ओर श्रीवसुदेवजी अकेले श्रीद्वारकाजीमें बिराजे ॥ फेरि श्रीगुसांइजीके पांचमे लालजी श्रीरघुनाथजीनें पाछे बेटमें पधराये ओर उहांकी सेवाको क्रम सब बांधे ॥ ओर श्रीद्वारकांनाथजीको स्वरुप हे सो श्री रुक्ष्मणिजी सेवा करते सो स्वरुप हे ॥ सो ये स्वरुप कुवांमें [सावित्रिवावमें] गुप्त बिराजते हते सो श्रीरणछोडरायजी गुजरातमें पधारे तब इहांके सेवकनकुं आज्ञा दिनी जो हमारो स्वरुप वावडीमें हे, सो तुम पधराइयो एसे आज्ञा करी सो स्वरुप ये हे ॥ ओर श्रीद्वारकाजीमें सब स्वरुप बिराजे हे सो सब नये हे ओर श्रीवसुदेवजी प्राचीन हे ॥ ओर मंदिर सब प्राचिन हे ॥ श्रीद्वारकानाथजीके मंदिरमें श्रीगुसांइजीकी बेठक हे ताके लिये आपनकुं जानो पडे हे ॥ ओर श्रीजगन्नाथजोकुं इंद्रद्युम्न राजाने पधराये हे ॥ सो श्रीजगदीश माहात्म्यमें विधिपूर्वक कथा हे ॥ श्रीबलदेवजीको स्वरुप गौर हे ॥ तथा श्रीसुभद्राजीको स्वरुप पीत ओर श्रीजगदिश आप [२]श्याम स्वरूप हे ॥ ओर मंदिरके परकोटामें अनेक देवताके स्वरूप हे ओर जब दोय अषाढ आवे तब कलेवर पलटथो जायहे आगे तो समुद्रमें सों काष्ट आवतो ओर अबतो स्वप्नद्वारा आज्ञा होवेहे ओर श्रीमहाप्रसादको माहात्म्य बोहोत हे जो कोइ ग्लानी लावे ओर निंदा करे ताको तुरत पारखो बतावे हे वे बात अद्यापीहु हे ॥ ओर श्रीबद्रीनाथजीके पास पांच स्वरूप बिराजे हे ॥ एक आडि श्रीनारायणजी द्विभुज ओर एक आडि कुबेर तथा नारदजी द्विभुज, तथा उद्धवजी चतुर्भुज, बिचमें श्रीबद्रिनाथजी द्विभुज, श्याम स्वरूप बरफमें हे

१ आ श्रीमदनमोहनजी हाल अमदावादमां विराजे छे. जुओ अमारा तरफथी प्रगट थयेल " ८४ वैष्णवनी वार्ता. २ बांधो अमारा तरफथी प्रगट थयेल "श्री पूर्वनी यात्रा" ए पुस्तकमां बधु वर्णन छे.

तासों शीतकालमें दर्शन नहि होयहे ॥ ओर इनके प्रागटयकी वार्ता सुनी नही तासों लिखि नहि हे ॥ कुबेरधातु मय हे, मस्तकहे ॥ ओर श्रीरंगजी- द्विभुज, श्याम स्वरूप, शेष शैयामें पोढे थके, सो श्रीरंगपट्टणमे बिराजे हे ॥ बडे वैभव सों सेवा होय हे ॥ विभिषणने श्रीब्रह्माजीके पास मांगे तब ब्रह्माजीने ए स्वरूप दियो सो उठावती विरियां आपने यह आज्ञा करी जो म्होकों जहां धरेंगे उहांइ रहोंगो ॥ तब बिभिषणने कही जो बोहोत आछो सो फेरि उहांसो चले सो रस्तामें श्रीठाकुरजी भारी बोहोत लागे सो रस्तामें पधराय दिये लंका तांइ न पोहोंचे तब फेरि उठायवे लगे सो आप न उठे ओर कहि जो तुमसो हमने पहेलेहो कही हुती जो धरे पीछे न उठेंगे तब विभिषणने कही जो आपकी इच्छा मेरो मनोर्थ तो लंकामें पधरायवेको हतो परंतु आपकी इच्छाके आधिन हुं भले इहांइ आयके नीत्य सेवा करुंगो सो अद्यापी विभिषण नित्य सेवा करवे आवे हे ॥ अब श्रीविट्ठलनाथजी पांडुरंग ॥ सो पुंडरिक भक्तके लिके व्रजसों पधारे सो वे भक्त मातापिताकी सेवा करि रह्यो हतो ॥ सो एक इंट धरी ओर कही जो कृपानाथ ए इंटपें पधारिये अबी में मातापीताकी सेवा तें पोंहोंचिके आउं हुं सो सेवा तें पोंहोंचिके आये दंडवत् करी विनती करी जो कृपानाथ! अब आज्ञा करिये तब आप इनकी सेवा देखिके प्रसन्न भए ओर आज्ञा करि जो वर मागो तब इननें माग्यो जो कृपानाथ मेरे इहांइ बिराजो ओर नामाविधान दिजोये सो पहेले मेरो नाम पाछें आपको नाम आवे तासों आप पांडुरंग श्रीविट्ठलनाथजी बाजेहे ॥ दोउ श्रीहस्त कटिपर धरेहे, श्याम स्व- रुप, श्रीगुसांइजीके स्वरूपाकृति हे ॥ अब श्रीराधारमणजी हे सो गोडिया गोपाल भट्टजी जो तेर १३ सालिग्रामजीकी सेवा करत हते परंतु विनको स्वरूप सेवाकी अभिलाषा हती सो मध्यके श्रीशालिग्रामजीके स्वरूप श्री- राधारमणजी होय गये, सो स्वरूप बोहोत सुंदर हें ॥ सो श्यामस्वरूप द्विभुज बंसी बजावते सो श्रीवृंदावनमें बिराजत हे ओर श्रीबांकेबिहारीजी

हरिदासजीको मनोर्थ सिद्ध करवेको निधुवनमें सो आप प्रगट भए हे [कीतनेक कहेहे के ए स्वरूप सेवाकुंजमें सो प्रगट भयेहे] सोउ द्विभूज, श्याम स्वरूप, बहुत सुंदर हे सो हरिदासजीके माथे बिराजे हे ॥ सो श्री वृंदावनमें बिराजे हे ॥ ओर श्रीलक्ष्मणबालाजी चक्रवर्ति राजाको तथा हाटीराम बावाको मनोर्थ सिद्ध करवेकूं वंकटगिरिमें ते मंदिर सहित चतुर्भुज श्याम स्वरुप प्रगट भए ॥ ए श्रीठाकुरजी हमारे दक्षिणमें रोकडिया हे ॥ इनकी विशेष वार्ता वेंकटगिरि माहात्म्यमें हे ॥ ओर श्रीवरदराजस्वामी सो श्रीविष्णुकांचिमें बिराजे हे सो हु चतुर्भुज श्याम स्वरुप हे, ओर ढोकलाकी सामग्री बोहोत सुंदर अरोगे हे ॥ श्रीरंगजी तथा श्रीबालाजी तथा श्रीवरदराजस्वामी ए तीन्यो स्वरुपकी वार्ता श्रीभाभोजोमहाराजके श्रीमुखतें सुनी हुती सो लिखाइ हे ॥ एसे आप आज्ञा करे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत चोसठमो संपूर्ण ॥ ६४ ॥

[वचनामृत ६५ मो.]

अब पेंसठमो वचनामृत आप आज्ञा करे जो ॥ श्रीनाथजी मथुराजी पधारे हुते सो श्रीनृसिंहचतुर्दशीके दिन श्रीगोपीवल्लभ भोग अरोगिके विजय किये सो, श्रीगिरिराजजी श्रीगोवर्धनपर्वतपें पधारे पधारिकें श्रीनृसिंहजीको जन्म भयो, राजभोग सेंनभोग भेले आये ओर श्रीगुसांइजी परदेश पधारे हुते सो वाइ दिन श्रीगिरिराज पधारे सो आपने पुछी जो राजभोग अवेरे क्यों आये ? तब श्रीगोकुलनाथजीने विनतो करी जो श्रीनाथजी अपने घर पधारे हते सो बहुत सुख दियो ओर मेंने तो दादा सों विनती करी जो दोय दीन अधिक इहां बिराजे तो बोहोत आछो ॥ श्रीकाकाजीकों पधारवेकी तैयारी हे परंतु दादाने न मानी ॥ तब श्रीगुसांइजी आप आज्ञा करी जो श्रीगोवर्धन धरतो मेरे मनको जाने हे ओर में तो पर्वतपें दर्शन करुं हुं तब इ मेरो चित्त प्रसन्न रहे हे ॥ तासों प्रभु दुसरी ठोर दर्शन न देइ ॥ क्यों के श्रीमहाप्रभुजीने पर्वतपें पधराये हे सो हमकुं तो पर्वतपेंइ

दर्शन देइंगे ॥ इतनेमें मालां बोली तब सो उपर पधारे सो पधारिकें श्रीनाथजीके दर्शन करे ओर मुस्काये ॥ ओर श्रीनाथजी मुस्कायके कहे जो हमतो आपको घर देखि आये ओर होरि खेली आये ॥ तब श्रीगुसांइजी विनती करे जो आपको घर हे ओर हमारे अहोभाग्य हे ॥ जो कृपा करि पधारे ॥ ओर आप आपको माने हे ॥ एसे परस्पर वार्त्ता भइ पीछे आप श्रीनाथजीकुं पोढायके बेठकमें पधारे ॥ सो यह अलौकिक आंनंदकी वार्ता आपने अंतरंग भक्त सों कहे जो श्रीनाथजी अपने निज वंशके उपर एसी कृपा करे हे ॥ ओर सेनभोगमें दुसरो भोग आवे हे सो वाइ दिनसों क्रम चल्यो हे ॥ ओर श्रीनाथजीके इहांतो अद्यापी सेनभोग राजभोग भेलो आवे हे ॥ सांजकुं अपने इहांतो सेनभोग अरोगिके जन्मके दर्शन खुले हे ता पीछे उत्सवको भोग आवे हे ॥ ता पीछे सेन आरति होय, शृंगार वडे होय पीछे पोढे ॥ ओर श्रीबालकृष्णजीके बडे लालजी श्रीद्वारकेश्वरजीको उत्सव हे ओर श्रीनृसिंहजीको प्रागटय तो दुपहरीको हे परंतु भक्तको संकट निवारण सायंकालकों भयो हे तासों उत्सव वाइ समय माने हे ॥ इति श्रीगिरधरलालजी महाराजके वचनामृत पांसठमो संपूर्ण ॥६५॥

[वचनामृत ६६] मो.

अब छासठमो वचनामृत आपने कछुक ज्योतिष प्रकरणको आज्ञा करी ॥ जो कार्त्तिक शुक्ल अक्षय नोमी गुरुवारके दिन सतभिषा नक्षत्रमें सतयुगको जन्म भयो हे, तातें अक्षय नोमी कहे हे ॥ सतयुगके देवताके वर्ष ४८००० तामें युगके वर्ष १७२८००० संख्या हे ॥ तामें अवतार चार भये मत्स्य, कुर्म, वाराह, नृसिंह ओर यामें शककारक राजा १४ भये ताके नाम ॥ १ सुकृत २ कृतवसु ३ कृतभोगि ४ भैरव ५ सुचुकंद ६ हिरण्यगर्भ ७ हिरण्याक्ष ८ प्रह्लादजी ९ वैलोचन १० बलि ११ नहुश १२ ताडकासुर १३ गजासुर १४ कृतमनु या प्रमाण चौद राजा भए ॥ ओर भगवद् स्वरुप शुक्लतनुं, मकरेश्वर लींग, नैमीषारण्यतीर्थ, जगन्नाथ पीठ, मनुष्य

आयुष्य वर्ष एक लक्ष संख्या, सत्यवादिलोक, एक पत्नीव्रत पुरुष, पतिव्रता स्त्री, ग्रहण ७६०००, तामें चाळीस हजार चंद्र ग्रहण; छत्तीसहजार सुर्य ग्रहण, देवता तथा ब्राह्मणकी भक्ती, पुरुष लंबो हाथ २१, हाडतांइ पापको लेश नहि ॥ या प्रमाण सतयुगको वर्त्तमान हे ॥ अब त्रेतायुगको प्रकार ॥ जो अक्षय त्रतिया [वैशाक शुक्ल ३] सोमवार, रोहिणी नक्षत्र में जन्म हे ॥ तामें भगवद् प्रागटय तीन ३ ॥ १ वामनजी, २ परसुरामजी ३ श्रीरामचंद्रजी, देवताके वर्ष ३६०००, युगके वर्ष १२९६०००, संख्या हे ॥ यामें शक कारक राज २१ भए ताके नाम रघु, धर्म, कुक्ष, काकुस्थ, अंवरीष, वैशंपायन, कुश, यौमार, इंद्रमार, उत्तानपाद, हरिश्चंद्र, रोहिदास, सगर, भरत, मान्धाता, प्रद्युम्न, दिलिप, अजेपाल, दशरथ, श्रीरामचंद्र, रावण, या प्रमाण २१ राजा त्रेतायुगमें भए ॥ ओर भगवद् स्वरुप रक्तवर्ण, ओर सोमेश्वरलिंग, पुष्करतिर्थ, जालंधरपीठ, केदारलिंग, देवता, मनुष्यको आयुष्यं वर्ष १०००० लोक सत्यवादी, ग्रहण संख्या ३६०००, तामें चंद्रपर्व ३२०००, सूर्यपर्व ३१००० पुरुष प्रमाण हाथ १४ लंबो, मांसगत प्राण, रजकपात्र, सुवर्णमुद्रा, पुन्यविश्वा १५, पाप विश्वास ५ तहेवार दसेरा, अब द्वापर युगको प्रकार ॥ भाद्रपद कृष्ण १३ बुधवार, पुष्य नक्षत्रको जन्म, तहेवार दिवारीको श्रीभगवद् प्रागटय १ श्रीकृष्णावतार, कुरुक्षेत्र तीर्थ, देवताके वर्ष २४०००, तामें युगादि वर्ष ८६४०००, शककारक राजा ७ भये ताके नाम ॥ विश्वश्रवा, जयमुनी, पूर्वमल्ल, आयन, शांतन, चित्र, पांडु, ए सात, अवंतीपीठ,, भगवत् स्वरूप पीतवर्ण, आचारशील ब्राह्मण, सत्यवादी लोक, ग्रहण ४६०००, तामें चंद्रपर्व २५०००, सूर्यपर्व २१०००, पुरुष प्रमाण हाथ ७ लंबो, आयुष्य प्रमाण वर्ष १०००, चर्मगत प्राण, ताम्रपात्र, रजकमुद्रा, पुन्यविश्वा ९०, पापविश्वा १०. अब कलियुगको प्रकार ॥ माघ वदि ३० शुक्रवार, श्रवण नक्षत्रको जन्म, परवहोरीको, शककारक राजा ६, तामें प्रथम युधिष्ठिर, विक्रम, शालिवाहन, विजयामी-

नंदन, नागार्जुन, कलंकी, देवताके वर्ष १२०००, तामें युगादि वर्ष ४३२०-०० महाकाल देवता श्रीगंगाजी तीर्थ, आसोधरपीठ, मनुष्य आयुष १२० बर्ष, ब्राह्मण आचार भ्रष्ट, परम म्लेच्छ लोक, ओर लोभी लोक, अष्टवर्षाणी कन्या गर्भवंती, विधवा व्यभिचारता, पुरुष प्रमाण हाथ ३ लंबो, कंठगत प्राण, मृतिकामय पात्र, ताम्रमय मुद्रा, पुन्यविश्वा ५, पापविश्वा १५, अब पुराणके मत सो पांच संवत्सर होय हे ॥ ताको प्रकार ॥ जो बुद्धावतार हे सो सर्व धर्म मिटायबेकु हे ॥ ओर कल्कि धर्म स्थापक हे ॥ १ चैत्र सुदि १ के दिन बेठे सो सौर संवत्सर ॥ ३ चैत्र सुदि २ के दिन चंद्रोदय समे बेठेहे सो चांद्र संवत्सर हे ॥ ३ ओर मेष संक्रांति बेठे जादिन सो बेठे सो गणितांक अयनांत्साकी रीति हे ॥ तासों आवे हे ॥ ४ वारहस्त्य मकरके ब्रहस्पतिके चोवीस अंशगये पीछ लगे सो बारे वरस भुक्ते ॥ ५ नक्षत्र संवत्सर अश्वनी सों लेके रेवती तांइ एक मासमें पुरो होय ॥ ए पांच संवत्सर पंचम स्कंधमें पुराणकी रीती सों हे ॥ अध्याय बावीसमें हे ॥ अब ज्योतिषके मतसों साठ संवत्सर हे तामें वीसी ३ ताको नाम प्रथम ब्रह्माकी वीसी बेठे हे ताको प्रकार लिख्यते ॥ संवत्सरके नाम प्रभाव, शुक्ल प्रमोद, प्रजापति, अंगिरा, श्रीमुख, भाव, युवा, धाता, इश्वर, बहुधान्य, प्रमाथी, विक्रम, वृषभ, चित्रभानु, तारक, पार्थिव, व्यय, २०.

॥ अब विष्णुकीविसी लिख्यते ॥

सर्वजीत; सर्वधारी; विरोधी, विकृत, स्वरो, नंदन, विजय, मन्मथ, दुर्मुख, हेमलंब, विलंब, विकारी सर्वरी, वाप्रचार, ध्रुव, शुभकृत, सौभव, क्रोधी, विश्वावसु, पराभव. २०

॥ अब रुद्रकी विसी लिख्यते ॥

पुर्वक, किलव, सौम्य, साधारण, विरोधकृत, परधार, अमारथ, आनंद,

सबनकुं नविन स्नेह बढ्यो कह्यो न जाय एसो ॥ पाछें संवत १६२० के वैशाख शुदि ३ को श्रीपद्मावती बहुजी सो व्याह भयो ॥ फेरि श्रीद्वारका पधारे, यात्रा करि असारवा पुनः पधारे ॥ सो असारवामें प्रथमवत् रहि (पहेलांनी माफक) पधारे ॥ तहां कारण जो श्रीआचार्यजीको अषाढ शुक्ल २ को आराधन जो सन्यासीको श्राद्ध सो आराधन बाजे हे सो आराधन हतो तासों विधि करि [सं. १६२० अषाड शुदि २] के पाछें श्रीद्वारकां पधारे ॥ ता समय राजा नारणदास सेवक भए बाइ यमुना; रायकृष्णदास; तथा जालमदासपें अनुग्रह करे, ओर मधु पर अनुग्रह करे ओर कीकापतितकोहु उद्धार कर्यो पाछें आप पाटण पधारे ॥ लक्ष्मीदास, गोपालदास, भीमजी, माधवदास, वेणीदास, सेवक हुते सो जहां तांइ प्रभुने स्थिति किनी ३ तामध्ये अवांत्तर कथा, संवत १६१५ में श्रीजोद्वारश्रीगिरिराज श्रीगोवर्धननाथजीके दर्शनको संघ चल्यो सो साथ गोपालदास तथा रामदास साचोरा, नागजी, नारुगोपजी, झीझुं ठक्कर, तथा विशराम, भाइला कोठारी, भीमकुंवर बाइ तथा ओर हु ब्राह्मण, वैष्णव, गाडां जोति चले ओर सिराइ [शीरोइ] के राजाकी स्त्री लालबाइहु संग चली ॥ सब संघ श्रीजीद्वार पहोंच्यो ता समय अधिकारी कृष्णदास तथा मुखिया, भितरिया, रामदास, तथा भगवानदास, तथा चाकरनको मुख्य जदु साथ हतो सो कृष्णदासने समाधान बोहोत भली भांती सों कर्यो, कृष्णदास तो श्रीआचार्यजीके सेवक हते तथा गोपालदासादिक हते ॥ श्रीगुसांइजी तें कृष्णदासनें प्रथम बैर प्रभुनसों बहुत कियो हुतो ए हु जानी आदर बहुत कर्यो प्रभु मारग तब देखे अरे ए गुजरांती हो ! मेरे दर्शनकुं चले कयों न आये मारगमें तो कुशल हे ॥ पाछें जानी जो ए प्रसादमें मग्न भए ॥ ओर सब साथ १ महिना रह्यो तब श्लोक लिखि पठायो.

[बे श्लोक अशुद्ध छे]

यह लिखी सेवकनने पठायो ॥ तब श्रीगिरिधरादिपुत्रनकी मात।

श्रीरुक्मणी वहुजी पुत्र ६ साथ बिराजतहे ओर सेवक अडेल न आये तो उनको दुर्भाग्य यौं कह्यो ॥ फेरि अडेलमें म्लेच्छ आयो तब प्रभु चरण बांधव देशको पधारे, ता मध्य एक वार्ता ॥ सं. १६२२ में फेरि प्रभु द्वारका पधारे ॥ तब असारवामें भाइला कोठारीके घर उतरे, केशवदास जल अरोगावते, तब परम शुरवीर धीर पुंजाजो ओर हुं धनुषधारी साथ हते ओर वैष्णवहु संग हते ॥ राजपुर के सेवक रामदास, हरिवंश, चांपाशंकर भंडारी, काशो खवास, शंकरदास, खवास, प्रभृति सब साथ हते ॥ जब नवानगर पधारे तब तहांको राजा जामने कही जो मारगमें काबा बहुत हे हमारी माता गइ सो लुंटी ॥ तब आपने कही जो भगवद् बलतें हमकुं तो कछु चिंता नही हे यों कही के पधारे ॥ मारगमें काबा मिले लडाइ प्रडी, आपके प्रताप तेजतें पराजय भए ओर पधारे ॥ उहां काबाकी स्त्री गोरीबाइ सेवक भइ, ओर नवानगर तांइ पहोंचावेकुं साथ आइ ॥ पाछें प्रभू राजनगर असारवामें बिराजे ॥ पाछें खंभात पधारे ॥ तहां कल्याणरायने बहोत परम स्नेहतें आदर कर्यो ॥ मुरारीआचार्य, रुपारेख, सहजपाल दोसी प्रभुतीनको बहुत स्नेहतें अंगीकार कर्यो ॥ अहा ! धेनु केवल अपने वछडाके पीवेकुं दुध काढत हे मध्यमें कोउ पीयो ॥ तब कल्याणराय सो कही बरास चंदनादि उत्तम सामग्री भगवद् योग्य लीनी पाछें स्वगृहकों पधारे ॥ फेरि संवत १६३७ के वर्ष पुनः श्रीद्वारकां पधारे तब श्रीगिरिधरजीहु साथ हुते ॥ इडर, वडनगर, वीसनगर, महेसाणा, गोझारिया, वसइ, सिद्धपुरमें बिंदुसरोवरमें स्नान करे पाछें श्रीगदाधरजीके दर्शन करे पाछें भीलोडा ग्राममें पाककिये अरोगे, पाछें खंभात पधारे ॥ ओर स्थल पधारे ॥ सो गाम झाड, वणसुली [वणसोल], महुधा, उमरेठ, नडीआद, महेमदावाद, अलियाणा, वाडासीनोर, लुणावाडा, विरपूर, या मारग होयके पधारे ॥ ओर महीनदीके त्रट पिलोदरा [बिलोदरा शेढी नदी उपर पण छे] गाम हे, तहां आचार्य आराधन हतो सो करे ॥

सूर्यग्रहण करे तातें पांच दिवस उहां रहे ॥ फेरी राजनगर समिप अडासण, अडालज, तहांते रसद, हाथीछाला, [हाथीजण] मोडासा पधारे तहां मेघजी करमसी राजपुत्र हुते सो सेवक भए ॥ इति 'मनुज व्याज प्रगट श्रीपुरुषोत्तम श्रीमद् वल्लभ विट्ठलनाथ यो पूर्ष चरित्रलीलास्तु' ॥ या प्रमाण श्रीतातजी श्रीव्रजभूषणजी स्वहस्ते लिखी प्रत ता प्रमाण उतार्यो हे ॥ जो यामें सब संक्षेपसों वर्णन हे परंतु बडेनके वचनामृत बारिक नजरसों विचारनो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके सडसठमो वचनामृत संपूर्ण ॥ ६७ ॥

 [वचनामृत ६८ मो.] 

अब अडसठमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीगुसांइजी संवत १६४४ के आसो वदी २ के दीना श्रीनाथजीकी राजभोग आरति भये पीछे श्रीनाथजी आज्ञा किये जो ए ओंधे हाथसों करेंगे सो में सुधे हाथसों मानुंगो ॥ तब फेरि श्रीगुसांइजी सब बालकनसों कहे ॥ जों श्रीनाथजी एसे आज्ञा करे हे तासों तुम सूर्यके सामे चलियो, जो सूर्यकों पीठ देओगे तो छाया उपर आय पडेगी ॥ ओर श्रीनाथजो हे सो सबके बांटेमें हे ॥ सबहिलिमिलिके सेवा करियो ॥ श्रीनाथजीको द्रव्य आपने अंग मति लगाइयो ॥ इतनी आज्ञा श्री नाथजोके सन्मुख आपनें करी ॥ फेरि आप माला पेहेरी, बीडा लेके श्रीनाथजीको दंडवत करीके नीचे पधारे ता बिरियां सब बालक संग हते ॥ चत्रभूजदासादि वैष्णव हु संग हते ॥ एक श्रीहस्त श्रीगिरिधरजीके हाथमें पकडिके दंडोतीशीला आगे पधारे, सो तहां साष्टांग दंडवत किये ॥ फेरि श्रीगिरिधरजीनें विनतो करी जो कहा इच्छा हे ? तब आप श्रीमुखसों कछु बोले नही ॥ ओर अगाडि पधारे सो पुजनोशीलापें पधारें, सो पूजनी शीलाके सिंघासनके मध्यमें पधारे, ओर उहां सबनकुं श्रीहस्त सों सेंन दे नाहिं करे ॥ ओर श्रीगिरिधरजीको पकडि अगाडि पधारे सो अगाडि निकुंजकों द्वार आयो श्रीनाथजी श्रीस्वा-

मिनीजी गलबांहि दिये थके निकुंजके द्वार ठाडे हे, सो दर्शन भए ॥ सो दर्शन होतेही श्रीगुसांइजी आप श्रीनाथजीके स्वरूपमें मिलि गये ॥ [सं. १६४४ आसो वदी ३] फेरि श्रीगिरिधरजीने श्रीनाथजी सों बिनती करी जो ए आपनें कहा लीला करी ॥ तब श्रीनाथजीनें आज्ञा करी जो इतने दिना तो दोय स्वरूप सों लीला करी अब हम तुमको एक स्वरूप सोंदर्शन देंइगे ॥ ओर आज्ञा करी ॥ ए धोती उपरणा रहेहे सो ले जायलौकिक कार्य करो ॥ फेरि-श्रीगिरिधरजी धोती उपरणा ले श्रीनाथजीकुं दंडवत करी बाहार पधारे॥ श्रीनाथजी निकुंजमें पधारे॥फेरी द्वार बंध होय गये॥या प्रकार श्रीगुसांइजी आसुरव्या-मोहलीला देखाइ ॥ फेरि श्रीगिरिधरजी सब भाइनसों कहे जो काकाजी तो उपर मंदिरमें पधारे ओर मो सों या प्रमाण आज्ञा करि गये हे ॥ सो आपनकुं आज्ञा प्रमाण कर्त्तव्य हे॥ सो फेरि सब उत्तर कार्य कर्यो ॥ ओर क्षत्रभूजदासकुं तो सुनतेइ मूर्च्छा आय गइ ओर धरतीमें पडे पडे ए किर्त्तन गायो ॥ " फेरि कब व्रज बसहो श्रीविट्ठलेश " यह किर्त्तन गावते गावते शरिरकी विस्मृति होय गइ ॥ तामें श्रीगुसांइजीके दर्शन भए, ओर आज्ञा करे के ए सात बालक हे सो हमही हे ॥ तब फेरि मूर्च्छा खुली, उठि ठाडे भए ॥ फेरि हरजीपोखरमें सब बालक, सेवक, स्नान करिके आये ॥ इतनें श्रीनाथजीके संध्या आरतिके दर्शन खुले हुते ॥ सो उपर दर्शन करवेकुं पधारे ॥ सो दर्शन करतहो सब संदेह निवारण भयो ॥ श्रीनाथजीके बिराजवेकी ठोर श्रीगुसांइजीके दर्शन भये सो सब बालक दर्शन करि परम आनंदको प्राप्त भये ॥ ओर छितस्वामो किर्त्तन गावते हुते जो "विहरत सातों रूप धरे" ॥ फेरि संध्या आरति करि नीचे बेठकमें सातो स्वरूपके मंदिरमें पधारे ॥ सो मंदिर अब श्रीमथुरेजीको बाजे हे ॥ सो उहां बिराजे ॥ ओर सब बालकननें श्रीगिरिधरजी सों विनती करी जो काकाजीके ओर श्रीनाथजीके आगे वार्त्ता भइ, जो "सूर्यके साम्हे चलियो" सो कछु समज पडी नही ॥ सो आप समजाइये

॥ तब श्रागिरिधरजी सबनसों कहे ॥ जो अपने सबनके सूर्य श्रीनाथजी हे, सो इनके सन्मुख चलनो, पीठ देउगे तो छाया पडेगी सो सदा सर्वदा श्रीनाथजीके सन्मुख रहेनो ॥ येहे आज्ञा भइ हे ॥ तब सबननें कही ठीक हे ॥ अपने माथे छत्र तो श्रीनाथजी बिराजत हे एसे सबननें कही ॥ फेरि उत्तर क्रिया सों पोंहोचिके सब श्रीगोकुल पधारे अपने अपने श्रीठाकुरजी लेके न्यारे भये ॥ फेरि श्रीगुसांइजीकी आज्ञा हती जो हम न होय ता बिरीयां तुम न्यारे रहियो सबके श्रीठाकुरजी पेहेलेइ बट करि दिये हुते ताहि प्रमाण पीछे सो पधराय लिये ॥ श्रीनवनीतप्रियजी, श्रीगिरिधरजीके माथे बिराजे ॥ श्रीद्वारकाधिश तथा श्रीबालकृष्णजी श्रीयदुनाथजी पधरायके रहे ॥ ओर श्रीगोविंदरायजी, श्रीगोकुलनाथजी, श्रीघनश्यामजी अपने तीन्यो स्वरुप पधरायके भेले रहे ॥ पीछे अपने अपने मंदिर सिद्ध भये पीछे न्यारे भए ॥ श्रीरघुनाथजी पेहेले सोइ श्रीचंद्रमाजीको पधराय न्यारो मंदिर करि रहे ॥ या प्रमाण श्रीगोकुल सुबस कर्यो ॥ फेरि श्रीगोकुलनाथजी कछु कार्यार्थ श्रीसोरोंजो पधारे, पीछे श्रीगिरिधरजी अपने दोय लालजीकुं बट करि दिये ॥ तामें श्रीगोकुलको मंदिर तथा श्रीनवनीतप्रियजी श्रीदामोदरजीकुं दिये ॥ ओर श्रीमथुरेशजी तथा श्रीगिरिराजजीकों मंदिर छोटे पुत्र श्रीगोपीनाथजो उपनाम श्रीदिक्षितजीको दिये ॥ ओर बडे लालजी श्रीमुरलीधरजी तो आपके अगाडि लीलामें पधार गये हते विष भयो तातें ॥ ओर श्रीगिरिधरजी कछुक काल सों श्रीमथुरेशजीके शृंगार करत हुते सो वा समय श्रीमथुरेशजीने उबासी लीनी तामें प्रवेश भये ॥ ओर आप रजाइ ओढे हुते सो रजाइ रेहे गइ ॥ तब यह लीला देखीके पास दोय लालजी बेठे हते सो अत्यंत आश्चर्यकुं प्राप्त भये ॥ तब श्रीमथुरेशजीनें आज्ञा करी जो ॥ अब तुम गभराओ मति, ओर ए रजाइ लेके तुम बाहर जाउ, ओर उत्तर क्रिया करो ॥ सो उत्तर क्रिया करी तेरे दिन पीछे शुद्ध भए पीछे मंदिरमें पधारे ॥ सो श्रीगिरधरजीके

पादुकाजीको श्रीदामोदरजीने डोलतिबारिमें पधराये, अब श्रीगिरिधरजी लीला प्रवेश भए सो समाचार श्रीसोरोंजीमें श्रीगोकुलनाथजीनें सुने सो सुनिके बडो क्लेश किये, ओर स्नान करिके शिघ्रही श्रीगोकुल पधारे ॥ ओर श्रीदामोदरजी तथा श्रीगोपीनाथजीको समाधान करिके शुद्ध होयके श्रीनवनितप्रियजीके चर्णस्पर्श करवेकुं पधारे सो चरणस्पर्श करिके, श्रीगोकुलनाथजीकूं नेत्रबल थोडो हुतो तासों श्रीमहाप्रभुजीके पादुकाजीको तथा श्रीगुसांइजीके चर्णस्पर्श करिके फेरि टटोरिके श्रीदामोदरजीसों पूछयो जो दादाके श्रीपादुकाजी कहांविराजे हे ? तब श्रीगोकुलनाथजी आज्ञा करेजो दादाके पादुकाज़ीतो काकाजी तातजीके भेलेइ बिराजेंगें ॥ ओर हम सब भैयानके पादुकाजी मंदिरमें न्यारे पलंगडीपें बिराजेंगे ॥ यों कहेके श्रीगिरिधरजीके पादुकाजो श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजीके संग पधराये ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत अडसठमो संपूर्ण ॥ ६८ ॥

[वचनामृत ६९] मो.

अब अगणोसीतेरमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीनवनीतप्रियजीके इहां पांच पादुकाजो बिराजत हे ॥ तामें मध्यमें तो एक श्रीमहाप्रभुजीके पादुकाजी हे, ओर तीन पादुकाजी श्रीगुसांइजीके हे, ओर एक श्रीगिरिधरजीके पादुकाजी हे जाकुं खुंटी हे ॥ एसेइ श्रीमथुरेशजीके इहां छे पादुकाजी बिराजे हे ॥ मध्यमें बटके श्रीमहाप्रभुजीके श्रीपादुकाजी श्रीगुसांइजीके बिराजे हे, तथा एक खुंटीवारे श्रीगिरिधरजीके, तथा दुसरे बडे पादुकाजी श्रीगिरिधरजीके वाकुं हुं खुंटी हे ॥ एसे छ पादुकाजी श्रीमथुरेशजीके घरमें बिराजे हे ॥ ओर इनकी जोडिके श्री पादुकाजी खुंटीवारे श्रीगिरिधरजीके सो श्रीनटवरजीके इहां [अमदावादमां] बिराजे हे ॥ अब श्रीविठ्ठलेशरायजीके इहां मध्यमें श्रीमहाप्रभुजीके छोटे पादुकाजी बिराजत हे, ओर पास जोडि एक श्रीगुसांइजीके बिराजत हे, सो भेलेइ बिराजत हे ॥ ओर दुसरी पलंगडोपें श्रीगोविंदरायजीके पादुकाजी बिना खुंटिके

बिराजत हे ॥ तिनकुं राजाजी केहेत हे ॥ एसे पांच पादुकाजी श्रीविट्ठलेशरायजीके इहां बिराजत हे ॥ अब श्रीद्वारकानाथजीके इहां मध्यमें श्रीमहाप्रभुजी बिराजे हे सो पादुकाजी दामोदरदास हरसानीकों पधराय दिये हुते, सो श्रीमहाप्रभुजी संन्यास ग्रहण लिये हते तब आपको स्वरूप आपनें स्वहस्त सों कृपा करिके पधराय दिये हुते सो ए पादुकाजी हे ॥ ओर आज्ञा करे जो जब तोकों विरह होय तब इनके दर्शन करियो सो साक्षात दर्शन करते ॥ तब विरह तत्काल निवर्त्त होतो ॥ सो ए प्रभू आप साक्षात्कार इहां बिराजे हे, तासों इहां सब सेवा आठो भोग, झारी, वंटा, विगेरे सब सामग्रि यथा स्थिति यथा योग्य श्रीठाकुरजीके वत् आवे हे ॥ ओर पास जोडि एक श्रीगुसांइजीके बिराजत हे, ओर दुसरी पलंगडिपें श्रीबालकृष्णजी महाराजके श्रीपादुकाजी जोडि एक खुंटी समेत बिराजत हे, तिनसों इहां श्रीतातजी केहेत हे ॥ था प्रमाण इहां पांच स्वरूप श्रीद्वारकाधीशके पास बिराजत हे ॥ अब श्रीगोकुलनाथजीके इहां पादुकाजी ५ श्रीगुसांइजीके बिराजे हे, ओर दुसरी पलंगडिपें पादुकाजी श्रीगोकुलनाथजीके ४ हे ताकुं खुंटी हे, ताकों उहां श्राठाकुरजीके पादुकाजी केहे हे, जुमले नव पादुकाजी हे ॥ अब श्रीगोकुलचंद्रमाजीके इहां; बटके श्रीपादुकाजी एक जोडी श्रीमहाप्रभूजीके ओर एक जोडी श्रीगुसांइजीके, ओर एक जोडी श्रीरघुनाथजीके, एसे तीन जोडी श्रीलक्ष्मीवहुजीने अपने बेटीजी दोयकुं बट करिके पधराय दिये ॥ सो ये तीन स्वरुप ता श्रीगोकुलमें श्रीमहाप्रभूजीको मंदिर बाजे हे उहां भट्टके माथे बिराजत हे ॥ सो फेरि वा भट्टजीकी वहुने मंदिर सुद्धां तिन्यो स्वरूप श्रीचंद्रमाजीके इहां श्रीगोविंदलालजीके सोंपण करि दीये एसे सुनी हे ॥ ओर तीन स्वरूप कोटामें तीघरा बंसीधर भट्टके वंशवारे सेवा करे हे ॥ छोटे श्रीआचार्यजी बाजे हे ॥ ओर श्रीचंद्रमाजीके इहां श्रीगुसांइजीके पादुकाजी दुसरे जोडी १ विराजे हे, ओर दुसरी पलंगडिपें बिराजे हे सो जोडी १ श्रीरघुनाथजीके हे ॥ ओर तीसरी पलंगडिपें जोडी १

श्रीदेवकीनंदनजीके लालजी श्रीरघुनाथजीके हे एसें तीन जोडी पादुकाजी श्रीचंद्रमाजीके पास बिराजे हे ॥ सां जहां तांइ श्रीचंद्रमाजी बालकसों बोलते सो स्वरुपके पादुकाजी आपके निकट बिराजत हे ॥ ओर श्रीयदुनाथजी उपनाम श्रीमहाराजजीके पादुकाजी शेरगढमें श्रीकल्याणरायजीके पास बिराजत हे ॥ ओर श्रीमदनमोहनजीके पास श्रीमहाप्रभुजीके श्रीहस्ताक्षरका पोथीजी श्रीमधुराष्टककी टीकाकी बिराजे हे [सांभलवा प्रमाणे आ श्रीमधुराष्टक उपर श्रीघनश्यामजीए अढार हजार श्लोकनो टीका करी छे ते बिराजे छे] ॥ दुसरि पलंगडीपें श्रीगुसांइजीके मोजा बिराजत हे ॥ ओर श्रीघनश्यामजीनें पादुकाजी धारण करे नही हे, ताको कारण आप आज्ञा करते जो हमारे तो छे दादा माथेंपें बिराजे हे तासों हमारे माथे काकाजी बिराजत हे तासों हमतो खडाउं नही पेहेरे हें ॥ तासों श्रीमदनमोहनजीके पास श्रीघनश्यामजीके मोजाजी बिराजत हे ॥ ओर श्रीमुकुंदरायजीके पास श्रीमहाप्रभुजीके श्रीहस्ताक्षर बिराजत हे ॥ तथा श्रीगुसांइजीके दोय श्रीहस्ताक्षर बिराजत हे ॥ ओर श्रीबालकृष्णजीके इहां श्रीनाथजीके श्रीपादुकाजी बिराजे हें, एसे सुनी हे ॥ सो कोन रीतिसों पधारे तथा ओर कोंन कोंन स्वरूप बिराजत हे सो हमारो जानों नही भयो तासों उहांकी खबर नही हे ॥ अब श्रीनटवरजीके पास बिराजत हे ताकी विगत २ श्रीगुसांइजीके, १ श्रीगिरिधरजीके, श्रीमथुरेशजीके पांतीके, १ श्रीगोकुलनाथजीके, सो काकाजी श्रीव्रजरायजीने श्रीलक्ष्मणजीके वहुजीके पास मागिके पधराये ॥ सो पांच स्वरूप एक पलंगडिपें बिराजत हे ॥ ओर नगरठट्ठामें श्रीमहाप्रभुजीके श्रीपादुकाजी बिराजत हे ॥ सो जुनागढवारे श्रीमगनजीने दुसरे पधरायके वे प्राचिन हुते सो पधराय गये, ओर ये पादुकाजीको गोस्वामी श्रीघनश्यामजीके लालजी श्रीचीमनजीहुं दुसरे पधरायके ले गये, सो अब मुंबइमें इनके इहां बिराजत हे ॥ एसेइ धोलकामें श्रीमोहनलालके पास श्रीगुसांइजीके पादुकाजी बिराजत हुते सो

पोरबंदरवारे श्रीगोपीनाथजीके लालजी श्रीव्रजजीवनजी दुसरे पधरायके उहां-सों वे लेके डेरानमें आये, ओर रात्रिकुं श्रीमोहनलालने वे शेठको सेवा करते विनकूं स्वप्नमें आज्ञा करी जो इहां श्रीगुसांइजी बिराजते सो पधारे तासो मेंहुं इहां न रहोंगो ॥ सो तत्काल चोंकि उठे, ओर पांच दश वैष्णव भेले होयके श्रीव्रजजीवनके डेरापें गए, ओर आपको जगवाये जो हमारे कछु बिनती करनो हे, तब खवासने जगाये सो आप समज गये जो या बिरियां आये हे सो कारण कछु ओर हे ॥ तासों कहिके सवेरे सुनेंगे ॥ तब विननें फेरि विनती करवाइ जो सवेरे तांइ हम सब जन भूखेइ इहांइ बेंठी रहेंगे, ओर हमारी विनती सुने विना आप दंतधावन करेंगे तो आपकु श्रीनाथजीके शपथ हे ॥ ओर विनमें सुं एकजनो गयो सो सरकारको पेहेरा लायके धरवाय दियो ॥ सो आखो डेरा विगेरे सब मनु-ष्यादि घेरि लिये ॥ ओर तीनदीना तांइ बडो क्लेश भयो ॥ सब वैष्णव भुखे रहे, ओर श्रीव्रजजीवणजी हुं न आरोगे, आंणदीनी जासों ॥ फेरि विनती करी जो आप हमारे श्रीठाकुरजी देहो, नही तो हमारे कंठीको धर्म जायगो ॥ फेरि राजको भय खायके श्रीपादूकाजी पीछे दिये, सो पधराय लायके श्रीमोहनलालके पास पधराये ॥ तब श्रीठाकुरजी प्रसन्न भये ॥ सो श्रीमोहनलालके पास श्रीपादूकाजी जुगलजोडि न्यारी पलंगडिपें बिराजे हे ॥ ओर दूसरी पलंगडिपें चार बालकनके चार जोडी श्रीपादु-काजी बिराजे हे ॥ श्रीगिरिधरजी तथा श्रीगोविंदरायजी, श्रीबालकृष्णजो, तथा श्री रघुनाथजीके या भांति चार जोडि हे सब मिलिके दस पादुकाजी बिराजे हे ॥ श्रीमोहनलाल राजा आशकरणजीके श्रीठाकुरजी हे ओर दूसरे श्रीनागरजी हुते सो मुंबइमें गोस्वामी श्रीजीवणलालजीके माथे बिराजत हे ॥ ओर श्रीमोहनलालजी तथा श्रीपादुकाजी शेठाणी प्रेमकोर बाइने हमारे इहां पधराय दिये हे, सो घरको वहिवट चलायवेकुं " मजमुंदार मनसुखभाइकुं " राखे हे ॥ ओर श्रीपादुकाजी जा दिना

सों चोरीमें गये ता दिनासों श्रीदादाजी महाराजने बंदोबस्त करी दियो जो ओर श्री गोस्वामी बालकनको अपरस होय सो सेवा न करि शके दर्शन तथा आरती करे एसे रीति राखि हे ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजीके चतुर्थ लालजी श्रीपितांबरजीके वहुजा चोरिके पधराय लाये हे ॥ सो विनको पत्तो कहुं नहि हे जो कहां बिराजे हे ॥ वाइ दिन सों श्रीगोकुलनाथजीके घरमें बंदोबस्त होय गयो हे जो अद्यापतांइ गोस्वामी बालक वहु बेटीनकुं चर्णस्पर्श नहि होय, दर्शन भलेइ करो, विनके कोइ सों व्यवहार नहि हे ॥ ओर श्रीनाथजीके इहां श्रीमहाप्रभुजीके श्रीपादूकाजी युगल स्वरूप मणिकोठामें गवाखेमें बिराजते हते सो वामें ते एक पादूकाजी कोइ पधराइ ले गयो ताकी खबर पडी नहि, सो वादिना सों दुसरे श्रीपादुकाजी निजमंदिरमें श्रीनाथजीके दक्षिणभाग बिराजे हे ॥ श्रीबालकृष्णजीके इहां श्रीनाथजीके दोय पादुकाजी बिराजे हे एसे आगे उहांके प्रसंगमें लिखे हे, जो कोन भांति पधारे ताकी खबर नहि एसे लिख्यो हे ॥ सो ताको निश्चे गोस्वामी दादा श्रीगोपिकालंकारजी सों पुछी कें कर्यो सो आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीनाथजीकी सेवा आगे बंगाली करते, तब अनोसरमें पेंडेपें पधरावते सोये पादुकाजी हे ॥ ओर श्रीबालकृष्णजी महाराजके श्रीपादुकाजी औरंगाबादमें एक वैष्णवके घर बिराजेहे, ताको नाम याद नही हे सो खबर मगाय लिखायवेंगे ॥ ओर कोटा में श्रीबडे आचार्यजी युगल जोडी बिराजत हे तिनकी वारता ॥ गोस्वामी श्रीत्रीकमजी मामाजीके लालजीके लालजी श्रागोविंदलालजी भाइसों पुछी सों कही जो ए श्रीपादुकाजी वेणीदास माधवदासके माथे बिराजते, फेरि कामवन वारे श्रीगिरिधारीजी हमारे बडे विनके माथे बिराजते हुते ॥ ओर छोटे मंदिरमें श्रीपादुकाजी श्रीमथुरानाथजीके पास बिराजे हे सो श्रीगुसांइजीके हे ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजीके पादुकाजी युगल श्रीमथुराजोमें श्रीदाउजीके पास बिराजते हे ॥ ओर हुं कितनेक ठेकाणे श्रीगोकु-

लनाथजीके पादुकाजी बिराजे हे ॥ ओर वैष्णवके घर हुं बिराजते हे ॥ ओर एक पेटी भरिके श्रीगोकुलनाथजीके पादुकाजी न्यारे बिराजे हे ॥ ताके दर्शन हमकुं मुखियाजी सुंदरजीने कराये हे ॥ तब दासने विनती करी जो कृपानाथ ! इतने पादुकाजी पेटि भरिके केसे भये होइगें ॥ तब आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीगोकुलनाथजीके सेवक बडे टेकी हुते, ओर भाव प्रभुनके उपर बोहोत हुतो, सो नित्य नये पादुकाजा जोड करायके प्रभुनकुं धरावते फेरि अपने घर ले जाय तासों बहोत भए ॥ सो वैष्णवनके घर सेवा नहि बनी तब इहां पधराये ॥ सो श्रीगोकुलनाथजीके इहां ट में भेले बिराजे हे॥ अपने तो बिराजमान बालकके पादुकाजीकी सेवा नहि होय सके ॥ ओर विशेष भाव आसक्ति होय तो चरणारविंद वस्त्रपें छपवाइके सेवा करे एसी रीत हे ॥ श्रीगोकुलनाथजीके वैष्णवकी तो अनोखी रिती हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकनोत्तरमो संपूर्ण ॥ ६९ ॥

 [वचनामृत ७० मो.] 

अब सीत्तेरमो वचनामृत आप आज्ञा क ॥ जो अब दासने विनती करि ॥ जो श्रीगिरिधरजीके ज्येष्ट पुत्र तो श्रीदामोदरजी हुते सो टिकेत पणो तो उनको बजे, ओर छोटे पुत्र श्रीगोपिनाथजीकुं श्रीमथुराधिश केसे दिये ? तब आपने आज्ञा करी ॥ जो श्रीगिरिधरजीके माथे रिंण हतो, सो श्रीगोपिनाथजो परदेश पधारे सो वहां एक राजाके इहां सुवर्णको काल पुरुषको दान होत हतो सो कोइ ब्राह्मण न ले शकतो, जो लेवेकुं जाय ताके साम्हे अंगुरिया ॥ एक उंचि करि दिखावे, सो देखिके सब डरि गये, कोउ न ले शके, सो एसे करत एक महिना वित्यो तब राजानें कह्यो जो कोउ ब्राह्मण जगतमें साचा नहि हे जो दान लइ शके ! सो ए वार्ता श्रीदिक्षीतजीके पास आइ आपको नाम श्रीगोपीनाथजी ओर जगत प्रसिद्ध उपनाम श्रीदिक्षितजी बाजे हे सो आप संध्या वंदन करत हते ओर काहु ब्राह्मणनें आइकें विनती

करी जो महाराज राजानें काल पुरुषको दान करिवे काढयो हे, सो कोइ ब्राह्मण ले नहि शकेहे, तासों राजा बोले हे जो अब जगतमें ब्रह्मबिज नहि हे ॥ तब श्री दिक्षितजी बोले जो एसे क्यों बोले हे ! तो ॥ काल पुरुषको दान हम लेइंगे ! ॥ सो वाइ बिरियां संध्या करिके आप राजद्वारमें पधारे सो वाइ काल पुरुषके पास पधारे सो उहां वह काल पुरुषने एक अंगुरीया उंची करी तब आपने तीन अंगुरिया उंची करी, तब वे पुतळा धरतीपें गीर्यो सो वामें तें आधो तो कटवायके उहांके ब्राह्मणको बटवाय दिये, ओर आधो लेके घर पधारे ॥ सो श्रीगिरधरजीको रिण सब उतारि दिये, तासों श्रीगिरिधरजी अत्यंत प्रसन्न भए ॥ ओर आज्ञा करे जा एक बेर मंदिरमेंसो श्रीनवनितप्रियजी विना जो चाहे सो ले आवो ॥ सो तुमकुं माफ हे ॥ तुमसों उठे जीतनो ॥ फेरि श्रीमथुरेशजी, श्रीपादुकाजी, श्रीअनंतशयनजी, शालिग्रामजी विगेरे अनेक प्राचिन वस्तु आपनी इच्छा अनुकुल उठि गये सो लेके पधारे ॥ एसे श्रीनवनितप्रियजी श्रीमथुराधीश न्यारे घर भये ॥ ओर श्रीदिक्षितजीने श्रीगोकुलमें श्रीमथुरेशजीकों मंदिर बनवायो ॥ ओर श्रीगिरिराजमें श्रीनवनितप्रियाजीको मंदिर श्रीदामोदरजीने बनवायो ॥ ओर श्रीअनंतशयनजी श्रीनंदरायजीके पूजनको स्वरूप हे, जो श्रीठाकुरजीनें श्रीमुखमें ले लिये हुते सो स्वरूप ए हे ॥ एक समे श्रीनंदरायजी अपने सेव्य स्वरुप श्रीशालिग्रामजीकुं स्नान करवाय चंदन तुलसी समर्पि भोग धरी, आप ध्यान कर्यो ॥ इतनेमें श्रीठाकुरजी खेलते खेलते पधारे सो ए श्रीशालिग्रामजीकुं श्रीमुखमें धरि लिये, फेरि खेलवेकुं थोडिसी दूर चली गये, फेरि श्रीनंदरायजी ध्यानमें ते जागीके देखे तो श्रीशालिग्रामजी सिंघासन उपर नहि हे, सो सबनकुं पूछे जो मेरे श्रीठाकुरजो कहां गये ? इतने श्रीठाकुरजी पधारे सो श्रीमुखमें तें काढि दिये ॥ सो वे श्रीअनंतशयनजी हे सो श्रीमथुरेशजीके पास बिराजे हे ॥ सो सात स्वरुपमें श्रीजीद्वार पधारे तब चोरीमें पधारे ॥ श्रीमित्रविंदा वहुजीने बोहोत

क्लेश कर्यो ओर बोहोत दिना तांइ न पधारे फेरि अकस्मात् पधारे सो वे अब रुपाके बंटामें बिराजे हे ॥ ओर प्राचिन वस्तु श्रीमथुराधीशके घरमें बहोत बिराजे हे ॥ ओर श्रीनटवरजी श्रीमथुराधिशजीकी गोदके श्रीठाकुरजी हे सो श्रीमथुरेशजीकी गोदमें ते न्यारे करिकें श्रीरणछोडजी महाराजने जोधपुर पधराये, पाछे वहांको राजा अन्यमार्गिय भये ते राजनगर पधारे, सो अद्यापी तांइ राजनगरमें दोशीवाडाकी पोलमें बिराजे हे ॥ सो श्रीछोटाजीनानाजीके वहुजी श्रीव्रजकोरवहुजीने काकाजी श्रीव्रजउत्सवजीकुं गोद लिये ताको क्लेश श्रीमथुरेशजी वारे तथा श्रीव्रजरायजी काकाजी परस्पर बहुत लडे राजद्वारमें अरजी पुरजा करे तो हुं हाथ न आये ॥ सो श्रीमथुरेशजीवारे तथा काकाजीकुं कछु व्यवहार नही हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सीत्तेरमो संपूर्ण ॥ ७० ॥

 [वचनामृत ७१ मो.] 

अब दासने विनती करी ॥ जो श्रीगिरधरजीके बडे पुत्र श्रीमुरलीधरजीकुं विष भयो, एसे आपने आज्ञा करी सो वार्ता केसे भइ ? सो कृपा करिके कहिये ॥ तब आप आज्ञा करे जो श्रीमुरलीधरजी इंद्रप्रस्थ देशाधिपतिके पास चाकरीकुं पधारे हुते, सो वा समय आपकी वय वर्ष ११ अगियारकी हुती सो पृथ्विपतिकुं जल पिवावते, सो श्रीगुसांइजी आप कंदरामें लीला प्रवेश किये ता पाछे ये पधारते परंतु पादशाहने कही के अबि मति जाओ, दोय वर्ष पीछे जैयो, हमकुं ओर को विश्वास नहि हे तासों कोइ तुम्हारो भरोंसादार आदमी हमारे पास राखी मोकुं जल पिलावे एसे बंदोबस्त करिके पधारियो ॥ वाइ प्रमाण दो वरस पीछे आप श्रीगोकुल पधारे ॥ सो श्रीनवनितप्रियजीके मंदिरमें पधारे, सो वेसेइ सुंथन पहेरे थके, श्रीमथुरेशजीके तथा श्रीनवनितप्रियजीके दर्शन करे ॥ ओर श्रीगिरिधरजीसों पुछे जो दादाजी ओर सब श्रीठाकुरजी कहां पधारे ? तब श्रीगिरिधरजी कहे जो बावा वे स्वरूप ओर भाइनके हुते सो अपने अपने

पधराय गये ॥ ता समय रीस करिके रीस मनमेंहो मारी, ओर बालक चार पांच ठाडे हुते सो मनमें समजी गये ॥ फेरि दुसरे दिन श्रीनाथजीके दर्शनार्थ श्रीगोपालपुर पधारे सो वेसेइ सुंथन कमर बांधे थके, श्रीनाथजीके दर्शन करे ॥ श्रीगोकुलनाथजीको शृंगार हुतो, श्रीगोकुलनाथजीनें देखके आज्ञा करी जो अपनो मारग कमी चले हे ? तुमनें श्रीनाथजीकी कानि तोडि, सो अगाडि ए मारग चलेगो ? दादासों काकाजी कहा आज्ञा करि गये हे ॥ सो तुमसों कछु कहि के नहि ! या समें आपन विचारी के चले तो आछो हे ? और दादाको तो शान्त स्वभाव हे सो कोउको कछु कहे नही, ओर हमसो तो कहे बिना रह्यो न जाय, तुम रीस मानो तो भलेइ मानो, सो रीस चढायके श्रीगोकुलनाथजीसों यावनी भाषामें बोले ॥ जो आप चाचा हो तो घरकेहो परंतु हमसों तिलतोफान मति करो, नहि तो हम फल देखाय देइंगे ॥ ओर दादाजीकुं भोरे जानिके तुम सबननें दबाय दियेहे तेसे मोकुं मति जानियो ॥ सो यह बात सुनिके श्रीगोकुलनाथजी चुप होइ गये ॥ ओर सब सेवकनकोहु बुरी लगी तथा बालक ओर पास ठाडे हुते तिन सबनकुं बुरी लगी, तब श्रीगोकूलनाथजीनें पीछे इतनी कही जो जादिना दादा न होइंगे तब तो ए आपनकुं श्रीगोकुलमें बसवेहु न देइगें, इनकुं तो पृथ्विपतिको बल हे ॥ ओर हमारे तो श्रीनाथजीकोइ आश्रय हे ॥ जो प्रभुजी करेंगे ॥ सो भलीही करेंगे परंतु हमारी हुं इतनी कांनि न राखी तो आगे बालकनकों तो कहा पतो लगेगो ॥ सो यह बात दो तिन बालकनें सुनिके बिचार कर्यो ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजी श्रीनाथजीकुं पोढाय, अनोसर करिके, श्रीगोकुल पधारे दुसरे दिन श्रीमुरलीधरजीने शृंगार काये ओर श्रीनाथजीकुं पोढायके मथुराजी पधारे ॥ मथुरामें पादशाहकी आडिको बंदोबस्त कछु करनो हुतो ताकी भलामण आपकुं हुती सों फेरि मथुराजीमें झेर भयो सो अरोगावेवारेको नाम लिखवेमें नहि आवे हे ॥ सो बिषके जेहेरसों आपतो लीलामें पधारे सो फेरि खवासनकुं खबर पडी

सो श्रीगोकुल श्रीगिरिधरजीकुं खबर करवेकुं गये, इतनेंमें दो तिन बालक आयकें झट अग्नि संस्कार करि दियो ॥ सो खबर श्रीगिरिधरजीकुं रावलके घाटपें भइ जो उहांतो अग्नि संस्कार होय गयो हे ॥ सो श्रीगिरिधरजी पाछें श्रीगोकुल पधारे ॥ श्रीगिरिधरजीकुं श्रीगुसांइजी आपने मृत संजीवनी विद्या शिखाइ हुती तासों दोड़िके पधारे परंतु अग्निसंस्कार भये पीछे कछु चले नहि ॥ फेरि वे खवासने देशाधिपतिपें जायके पुकारिके सब वृतांत कह्यो तापर पृथ्वीपति बोहोत रिस भयो ओर दो हजार फोज तथा एक अमिनकुं हुकम भयो जो श्रीगोकुल जाओ श्रीगिरिधरजीको पुछीके जीनने यह कर्म कर्यो होय तिनकुं पकडिलाऊ, ओर पादशाहने बडो क्लेश कर्यो, ओर रुदन कर्यो, फेरि वे अमिन परवाना लेके श्रीगिरिधरजीके पास आयो सो श्रीगिरिधरजी परवाना वांचिके आज्ञा करि जो एसी जुठी बात कोननें देशाधिपति आगे करि, वे तो विनकी एसी लिखि हुती तासों लीलामें गये कोउने कछु करी नही हे ॥ तब अमीननें कही के आप राजीनामों पृथ्विपतिसों लिखि देउ ? तब आपनें कही हां लिखि दे ॥ सो राजीनामो लिखि दीनो सो राजीनामो लेके अमीन देशाधिपतिके पास गयो, सो देशाधिपति वांचीके श्रीगिरिधरजीकी बडी प्रशंसा करी ॥ जो एसे महात्मा पृथ्विपर होने कठिन हे ॥ एसे श्रीमुरलीधरजीकुं विष भयो ॥ एसेइ श्रीविट्ठलरायजीके लालजो श्रीगिरिधरजीकुं दानघाटीपें लोधाननें बरछी मारी ॥ लोधें ओर गोरवे अन्नकुटको चादर बाबत लडते, सो आप समजायवे गये, तासों बरछी मारी ॥ सो फेरि आप औषध करवाये सो घाव पुरवे आयो तब लोधेननें विचारो जो ए जीवेंगे तो सबनके प्राण लेइंगे, तासों नाइकूं कछुक द्रव्य देके वाके पास झेरकी पटी चढवाइ सो आप लीलामें पधारे ॥ सो वाइ दिनसूं श्रीनाथजीके इहां अन्नकुटके दिन मीडामें चादर बिछनी बंध भइ ॥ सो अद्यापतांइ नही बिछे हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत इकोतेरमो संपूर्ण ॥ ७१ ॥

करवायो ॥ तासों जीवकूं विना सामर्थ्य उन्मदताकी बात करे तो अपराधी होय ॥ ओर ब्रह्मज्ञानहुं कछु सहजनही हे ॥ या बातके तांइ बडे बडे ज्ञानी माथो कूटी मरे हे परंतु सिद्ध नहि होय हे ॥ ए तो केवल श्रीगुरुदेवकी कृपातें सिद्ध होय हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत बोतेरमो संपूर्ण ॥ ७२ ॥

[वचनामृत ७३ मो.]

अब आपनें त्रयोसततितमों वचनामृत आज्ञा करे ॥ जा भगवान निष्कपट हे, सत्यहि भाषण करे हे ॥ सो तापर वार्ता कहि जो ॥ एक राजा हतो ताके एक बेटी हुती सो वाकी सगाइ तीन जगे भइ हती, एक तो पीताने करी, एक वाकी मानें करी, एक वाकी भुवाने करी, ओर तिन्यो जगे तें बरात एकहि दिन आइ, सो राजाकुं पीछे सो खबर पडि जो एसे भइ हे ॥ सो राजा बडे सोच युक्त भयो जो अब केसे करनो ॥ सो वे लग्न तो टालि दियो ओर वे तीन्यो व्याहवे आये थके राजानकुं हुं खबर पडी गइ जो कन्या तो एक हे ओर व्याहवे तीन भेले भये हे, सो तीन्योननें राजासुं खबर करी जो जाकुं कन्या न व्याहोगे सो लडेगो ओर गामहुं लुंटेगो ॥ सो ए बात जानिके राजाकुं बडो विचार पडि गयो, इतनें में श्रीभगवान गरुडजो उपर बिराजीके पधारे हुते, सो गरुडजोने नीचे देख्यो ॥ तब भगवानसुं पुछी जो महाराज ए कन्या कोनसुं परणेगी, इतनी गरुडजोनें पुछो ओर श्रीभगवान आज्ञा करे इतनेंमे बात होतमें तो हजारन कोस चले गये ॥ सो निचे दिखीके श्रीप्रभुजीने आज्ञा करे जो ए कन्याकुं उहां ऐक घसियारो घास खोदतो हुतो सो बतायो, जो ए परणेगो ॥ सो देखिके गरुडजीकुं शंका भइ जो भगवानहुं एसे गपोडा मारे हे ॥ सो श्रीठाकुरजीकूं तो बेगि वैकुंठमें पधरायके पाछें उतावळे अकेले वा घसियाराके पास आये, आयके बंदोबस्त कर्यो जो वाकुं अपनी चोंचमें पकड्यो पकडिके समुद्रके बिचमें एक टापु हुतो जहां मनुष्यकी

जायवेकी गम्य नहि हे, तहां ले जायके धरि दियो ॥ फेरि मनमें विचार्यो जो चलो देखे जो ए कन्या कोनकों परणे हे ॥ एसी बिचारीके एक पर्वतके उपर सुक्ष्म रुप धरिके बेठे सो तमासो देखि रहे हे ॥ ए बात यहां सो रही ॥ अब राणीने मनमें बिचारो जो अपनो सगाइ व्रथा न जाय तो आछो हे ॥ ताको कछू बिचार करनो ॥ सो राणिने बिचार कर्यो जो अपनी सगाइ वारे राजाकुं एक पत्र लिख्यो तामें लिख्यो जो में मेवाके झांपा नाम लेके एकसो आठ पठाउंगी, तामें तो सब कन्याको गेहनो, तथा दायजेकी चीज, तथा छेले झांपेमें कन्याकुं बेठायके तुह्मारे पास पठाउंगी, सो लेके कुच करियो ॥ एसे पत्र लीखीके राणीने अपनी सगाइवारे राजाकुं पत्र पठायो ॥ ओर झांपा चलते करे फेरि छेले झांपेमें कन्याको व्याहको साज सब कंकण, दोरा, कपडा, गेहेनो, पेहेराय पीरे हाथ करिके बेठाइ, ओर झांपा चलाय दियो, ॥ सो गरुडजी पर्वतपें बेठे बेठे देखते हुते सो चित्तमें आइ जो में वाको समुद्रमें बेठारी आयो हुं सो वह भूखन मरतो होयगो सो वाके तांइ ले जाउं तो बहोत आछो, एसो मनमें विचारी के गरुडजी उडे सो उडि के छेल्लो झांपा अपनी चोंचमें लेके चले सो वा घसियारो समुद्रके टापुमें बेठ्यो हुतो वाके पास ले जायके धर्यो, फेरि वासों कह्यो जो या झांपामें होय सो खोलि के तुं खा ॥ तब वानें कही जो आछो ॥ फेरि वाने झांपा खोलिके देखे तो वामें एक कन्या बेठी हे, सो, देखिके गरुडजी अत्यंत आश्चर्यको प्राप्त भए ॥ ओर हाथ जोडिके श्रीप्रभूजीकी स्तुति करवे लगे ॥ जो धन्य प्रभू वैकुंठनाथ ! आप इश्वर अंतर्यामि हो, सो सांचे हो, मेंने जुठ मानी सो कार्य मेरेइ हाथ आपनें करवायो ॥ एसे विनती करि वा घसियारा सों कहि के तुं हुं या झांपामें विठि जा. सो फेरि वाकुं झांपामें बेठाय वा झांपाकुं उठाय वा कन्याको बाप राजा हुतो वाके पास ले गये, फेरि वाने गरुडजीकू पधारे देखिके अपनो धन्य भाग्य मान्यो ओर उंचे सिंघासनपें पधराये ओर वेद मंत्रोक्त

मधुपर्क करिके, षोडशो पचार पुजा करी, चरणामृत लेके, हाथ जोडिकें स्तुति करवे लग्यो ॥ आज मेरे उपर एसे संकटमें बडी कृपा करी मेरी सुधि लीनी ॥ अब आपके दर्शनतें मेरो संकट जरुरही निवारण होयगो ॥ तब गरुडजी जानत हुते तो हु आज्ञा करी जो तेरे कहा संकट हे तब राजाने बिनती करी कही जो मेरे येह संकट हे तब गरुडजीने कह्यो जो ए झांपा खोली; तब देखे तो अपनी कन्या तथा एक घसियारो भीतर हे ॥ सो राजानें देखीके गरुडसों पुछी जो ए कौतक केसो हे ? तब गरुडजीनें पहेले सो मांडिके ए बात राजासों कही ओर कही जो अब तो तेरो यह जमाइ हे, सो याकुं तुं कन्याको व्याह करी दे ॥ यौं कहिके वा घसियाराको व्याह करायके तीन्यो राजाकुं समजायके चलाय दिये ॥ ओर राजाको संकट निवर्त्त भयो ॥ फेरि श्रीगरुडजी वैकुंठमें श्रीप्रभूजीके पास गये, ता बिरियां श्रीप्रभूजी शैया उपर पोढे हते, श्रीलक्ष्मिजी चरणारविंद दाबते हते, सो गरुडजीकुं देखिके आज्ञा करी ॥ जो तुम तमासो देखवे गये हुंते सो वे कन्या कोनसे राजाकुं परणी? तब गरुडजीने हाथ जोडिके बीनती करी जो कृपानाथ ! अब मेरी हांसी क्यों करोहो ! आपको कीयो सब होय हे ॥ सो आपके वचन सत्य हे ॥ जीव हे सो तो काष्ठकी पुतलीवत् हे ॥ आप नचावे तेसो नाचे ॥ एसे बिनती करीके गरुडजी निजधाम पधारे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत त्रोतेरमो संपूर्ण. ॥७३॥

[वचनामृत ७४ मो.]

अब आपनें आज्ञा करी जो श्रीव्रजहे सो श्रीपुरुषोत्तमको निजधाम हे ॥ ओर आपको स्वरूपात्मकहे ॥ तापें आपने एक आख्याइका कहीजो ॥ एक समय प्रयागराज उपर श्रीपुरुषोत्तम आप प्रसन्न भए, सों सब तीर्थनको राजपदवी दीनी, सो राजा भए ॥ तब सब तीर्थ प्रयाग राजकुं मुजरो करिवे आये सो सबनको मुजरो होय चुक्यो. तब तजवित करी जो अब सब आय चुके तब मालम पडिजो व्रजके तीर्थ तो आये कोइ नही

तब श्रीठाकुरजीको प्रयागराजनें विनती करी जो महाराजाधिराज आपकी कृपा तें सब तीर्थतो मुजरो करि गये, परंतु व्रजके तीर्थ तो आये कोइ नहीं ॥ तब आपनें आज्ञा करि ॥ जो तोकुं तो तीर्थको राजा कर्यो हे, ओर हमारे घरको तो राजा नही कर्यो हे ॥ जो व्रजके तीर्थ आवे ॥ व्रज हे सो तो हमारो घर हे, तासों व्रज हे सो श्रीपूर्णपुरुषोत्तमको मुख्य धाम हे ॥ व्रजमें दोय वनकी बडोसीमाहे, तामें चोरासी कोसमें सब तीर्थ तथा स्थल आय गये ॥ सो श्रीगुसांइजी श्रीयमुनाष्टपदीमें निरूपण करे हे जो वचन "वृन्दादने चारुबृहद्वने मन्मनोरथं पूरय सूरसूते," सो मधुवनतें लेकें नंदघाट तांइ श्रीवृंदावनकी सीमा हे ॥ ओर वृन्दावनतें लेके श्रीगोकूल तांइ बृहद्वन जो महावनकी सीमा हे ॥ ओर मथुरा हे सो दोउनसों न्यारी हे ॥ जो मथुरामंडल बाजे हे ॥ ओर श्रीयमुनाजी दोउ बनको विभाग करे हे ॥ ओर रत्नजडित श्रीयमुनाजीकी सीढी हे. ओर अनेक बागबगीचा आदि नाना प्रकारके वृक्ष हे सो श्रीठाकुरजीके रमण स्थल हे ॥ ओर श्रीगोवर्धन हे सो श्रीठाकुरजी आपकों स्वरूपात्मक रूप हे ॥ तामें अनेक प्रकारके रमण स्थळ हे ॥ ओर रत्नजडित हे ॥ ओर कामवनमें जेते पृथ्विमें तीर्थ हे तितनें सब हे ॥ तासों वहां परिक्रमा चार दिन रहे हें तासों सकल कामना पूर्ण करि तासों कामवन नाम हे ॥ जेते व्रजके तीर्थ हे सो स्वार्थिक हे सो नाम हे तेसेइ गुण हे ॥ ओर श्रीमहावन हे सो श्रीपूर्णपुरुषोत्तमको प्रागटय स्थल हे ॥ ओर रावल हे सो श्रीस्वामीनीजीको प्रागटय स्थल हे ॥ ओर श्रीवृन्दावन हे सो युगल स्वरूपको रमण स्थल हे ॥ या प्रमाण सब स्थल श्रीप्रभुनकी लीला उपयोगी हे ॥ ओर व्रजभक्तनके मनोर्थ जहां जहां जे जे स्वरुप धारण करिके आप दर्शन दिये सो सो व्रजमें स्थल बंधे, सो बोहोत काल करिके गुप्त होय गये सो फेरि उद्धवजी तथा श्रीभगवानके पंती वज्रनाभजीनें उद्धवजीके कहे प्रमाण स्थल प्रगट करे ॥ ओर वा स्थलनमें स्वरुप पधराये तासों

व्रजलीलाको स्वरुप उद्धवजीनें व्रजभक्तनकी कृपातें जान्यो हे सो वज्रनाभजीकु बताये ॥ ओर आप गुल्मतौषधी होय के उद्धव कूंडमें रहे हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत चतुरसप्ततिमो संपूर्ण॥७४॥

वचनामृत ७५ मो.

अब श्रीव्रजमें जीतनी पुरातन वस्तु हे सो ताके नाम लिखत हे ॥ सो आपनें पंचोतेरमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो व्रजमें बारे वन हे ताको नाम ॥ मधुवन, तालवन, कुमुदवन, बहुलावन, कामवन, खिद्रवन, वृंदावन, भद्रवन, भांडिरवन, वेलवन, लोहवन, महावन ए बार वन हे ॥ ओर चोवीस उपवन हे ॥ सांतनकुंड, अडिंग, श्रीकूंड, गोवर्धन, बरसानो, परमंदरो, नंदगाम, संकेत, मानसरोवर, शेषशाइ, खेलनवन, श्रीगोकुल, गोपालपुर, गिरिराज, परासोली, आदिबद्रि, विलासगढ, आंजनोखर, करेहला, कोकिलावन, दधिवन, रावल, वच्छवन, कुंवरवन, पिसायो २४ उपवन हे ॥ व्रजमें वट १० हे तामें पीपरोलीवट, जाववट, रासोली, अक्षय, संकेत, परासोलीवट, बंसी वट, भांडिरवट, विलासवट, श्यामवट १० हे ॥ व्रजमें श्रीठाकुरजीके चरण चिह्न सात हे॥ चरण पाहाडी, छोटीचरण पहाडी, हाथीपदकीपास, श्रीगोवर्धनकीतलेटीमें, नंदगाममें, श्रीगोवर्धनके उपर, सुरभीकुंडके उपर, व्रजमें पर्वत पांच हे ॥ श्रीगोवर्धनगिरिराज, बरसानो, नंदीसुर, कामवनमें चरण पाहाडी–भोजनथारी, दुसरी चरण पाहाडी ॥ देवी व्रजमें ७ हे ॥ तामें वृंदा, संकेत, कात्यायनी, मथुरा, नावोरी, चोवारी, महाविद्या, दासी व्रजमें दो हे ॥ वंदी, आनंदी. श्रीमहादेवजी व्रजमें आठ हे ॥ भूतेश्वर, कामेश्वर, बुढेबाबु, गोकर्णेश्वर, चकलेश्वर, रंगेश्वर, नंदीश्वर, गोपेश्वर. कदमखंडि चार हे॥ सुन्हेराकी, गोविंदस्वामीकी, पीसायेकी, दोउमीलकी ये चार हे॥ श्रीगुसांइजीकी बेठक व्रजमें सात हे ॥ श्रीगोकुलमें श्रीगोकुलनाथजीके मंदिरमें, श्रीवृन्दावनमें, श्रीगोवर्धनगिरिराजमें श्रीमथुरेशजीके मंदिरमें, कामवनमें सुरभी कुंडपें, परासो-

लीमें, संकेतमें, पानसरोवरपें ये सात हे ,, श्रीबलदेवजो व्रजमें छ हे ॥ श्रीउंचोगाम, अडिंग, रामघाट, नंदगाममें, रेढामें, नरीमें ॥ व्रजमें श्रीठकुरानीघाट बे ॥ श्रीगोकुलमें तथा रावलमें ॥ हिंडोराकी ठोर ३ हे ॥ करेहलामें, संकेतमें, गोविंदस्वामीकी कदमखंडिमें. व्रजमें दानलीला ७ तामें करेहेलामें, दानगढमें, गेहेवरवनमें, दानघाटी, कदमखंडि, सुन्हेराकी कदमखंडीमें, सांकडीखोर ॥ व्रजमें सरोवर ४ हे॥ पानसरोवर, मानसरोवर, प्रेमसरोवर, चंद्रसरोवर; व्रजमें पोखर ६ हे ॥ कुसुमोखर, हरजीपोखर, आंजनोखरि, पीरीपोखर, भानोंखर, इसरपोखर. व्रजमें ताल बे ॥ रामताल, मुखारीताल ॥ व्रजमें कुप दश हे॥ सससमुद्रकुप, नंदकुप, भांडिरकूप, कर्णवेधकुप, कृष्णकूप, आनंद निधिकूप, वेद्यकूप, कूब्जाकूप, गोपकुप,॥ श्रीयमुनाजीके घाट सोल ॥ ब्रह्मांडघाट, गउघाट, गोविंदघाट, ठकुरानीघाट, जसोदाघाट, उत्तरेश्वरघाट, वैकुंठघाट, विश्रांतघाट, प्रयागघाट, बंगालीघाट, रामघाट, केशीघाट, बिहारीघाट, चीरघाट, नंदघाट, गोपीघाट, ॥ व्रजमें डोल ७ हे ॥ गोविंददेवजीके मंदिरमें, श्रीमदनमोहनजीके मंदिरमें, संकेतमें, करेहेलामें, दानगढ, मानगढ. व्रजमें प्राचिन मंदिर सत्तर हे॥ श्रीगोवर्द्धननाथजीको श्रीगिरिराजपें, श्रीमद्गोकुलमें सातो स्वरुपनको सात ७, रोहिणी मंदिरमेंसों श्रीबलदेवजीको, संकेतमंदिर, दानगढमें, मानगढमें, श्रीगोविंददेवजीको, श्रीमदनमोहनजीको, श्रीकेशवदेवजीको, श्रीहरदेवजीको. श्रीश्यामलालको ॥ रासमंडलके चोतरा ३४ ॥ श्रीवृन्दावननें पांच ५, कामवनमें एक, नंदगाममें दो, करेहलामें दो १०, दानगढमें दो, १२, मानगढमें एक, विलासगढमें दो १५, सांकरिखारेमें १६, गेहेबरवनमें १७, पिसायाकीकदमखंडीमें १८, जावटमें दो २०, कोकिलावनमें २१, उचेंगाममें ३, खिसलनी सिलापें २५, सुन्हेराकीकदमखंडीमें २३, गोविंदस्वामिकी कदमखंडिमें २७, संकेतमें ४–३१, श्रीगिरिराजके आगे ३२, चंदसरोवरमें ३३, विलछुमें ३४, व्रजमें कुंड चोराशी हे॥ श्रीमधुवनमें कृष्णकुंड

तालवनमें कृष्णकुंड, कमोदवनमेंकृष्णकुंड, बहुलावनमें कृष्णकुंड, सांत नकुंड, गोवर्धनकूंड, श्रीराधाकुंड श्रीकृष्णकूंड, नारदकुंड, मानसीगंगाचक्र-तीर्थ ब्रह्मकुंड, रणमोचन. पापमोचन, संकर्षणकूंड, सुरभीकूंड, अपसराकूंड, गोविंदकूंड, विलासकूंड, रुद्रकूंड, बिलछुकूंड, ऐरावतकुंड, गुलालकूंड, परमंदरामें कृष्णकूंड, अलकनंदा, देहकूंड, कदमखंडिमें कृष्णकूंड, दोहनीकूंड रत्नकूंड, मदनसुदनकुंड, रावरीकुंड, गेंदोखरकुंड, गहवरवनमें कृष्णकुंड, संकेतमेंकृष्णकुंड, गोवर्धनमेंकुंड; गोवालपोखरा, उद्धवकुंड, सरस्वतीकुंड, गरुडगोविंदकुड, नंदगाममें कृष्णकुंड, छछियारीकुंड, दामोदरकुंड, देहकुंड, मोतीकुंड, जसोदाकुंड, ललितकुंड, कदमखंडिमें जलविहारकुंड, मदनसुद-नकूंड, जोगियांकूंड, झगडाकुंड, उद्धवजीकीक्यारीकोकूंड, जावमें ललिताकूंड, पिसायामें कृष्णकूंड, खीद्रवनमें कृष्णकुंड, कोकीलावनमें कृष्णकूंड, बठेनमें सीतलकूंड, चरणपाहाडीमेंकूंड, भामीनीकूंड, रासोलीकूंड, कोटवनमें सूर्य-कूंड, रासोलीकोकूंड, शेषसाइमें खीरसागरकूंड, ब्रह्मकूंड, वेलवनमें कृष्ण-कूंड, खेलनवनमें—भद्रवनमें कृष्णकूंड, भांडिरवनमें कृष्णकूंड, श्रीवृन्दावनमें दावानलकूंड, ब्रह्मकूंड, लोहवनमें कृष्णकूंड, जीखिनगाममें बलभद्रकूंड, श्रीमथुराजीमें सरस्वतीकूंड, पोतराकूंड, विद्याकुंड, गोवर्धनमें धरमरोचन-कुंड, गोरोचनकुंड, निवर्त्तकुंड, ७५ थया ॥ अब कामवनमें कुंड, आपकी आज्ञासो चोबेजीरमैयाने लिखाये सो कुंड, ८४ हे ताके नाम ॥ विमल-कुंड, मदनसुदनकुंड, जसोदाकुंड, लंकाकुंड, परलंकारकुंड, श्वेतबंधरामेश्वर-कुंड, गंगागोदावरीकुंड, लुकलुककुंड, महोदधिकुंड, शीतलकुंड, सुरभीकुंड, राधाकुंड, गोपालकुंड; सुरजकुंड, भोजनथारीपें कृष्णकुंड, साताकुंड, राता-कुंड, गरुडकुंड, चरणकुंड, चंद्रभागाकुंड, शिवकुंड, गयाकूंड, काशीकुंड, प्रयागकुंड, पंचतीर्थमें पांच कुंड, मनोकामनाकुंड, धर्मकुंड, गौकुंड, श्यामा कुंड, अग्निकुंड, मणिकर्णिकाकुंड, द्वारकाकूंड. गोपीकुंड, ब्रह्मकुंड, बलभद्र-कुंड, सख्यकुंड, कैलासकुंड, वेहेवलकुंड, गोविंदकुंड, गोपकुंड, इंद्रकुंड, नारद

कूंड, उद्धवकुंड, ग्वालकूंड, गुप्तकूंड, ललिताकूंड, विशाखाकूंड, जलविहार-कुंड, मृगीकूंड, पुष्करकुंड, रत्नकुंड, अयोध्याकुंड, रामकुंड, दशरथकुंड, सीताकूंड, गायत्रीकूंड, सावित्रीकूंड, सच्चीकूंड, लक्ष्मणकुंड, भरतकुंड शत्रुधनकूंड, वराहकूंड, नृसिंहकूंड, वामनकूंड, कर्णकूंड, गोमतीकूंड, सरस्वतीकूंड, चित्रगुप्तकुंड, प्रह्लादकुंड, पांडवकुंड, कूरुक्षेत्रकूंड, हरद्वारकूंड, बेसे तो काम वनमें ३०० कुंड हे परि वे सब अंतर्धान होगये हे नैमिषारण्यकूंड, बद्रीकूंड, दूर्वासाकूंड. ॥ ८४ भये ॥ ये कामवनमें कूंड हे ॥ अथ श्रीमहाप्रभुजीकी बेठक व्रजमें ४२ हे ॥ श्रीगोकुलमें श्रीगोविंदघाटपें, श्रीनवनीतप्रियजीके मंदिर पास पलनावारी आपकुं बिराजवेको, ओर तिसरी श्रीद्वारकानाथजीके मंदिरमें शैया मंदिरमें सो आपकुं पोढवेकी, श्रीमथुराजीमें विश्रांत घाटपर, श्रीमधुवनमें, कुमुदवनमें, बहुलावनमें, श्रीराधाकुंडमें, मानसीगंगामें, चंद-सरोवरमें, गोविंदकुंडपें, आन्योरमें, गोपालपुरपूजनो शीलापें, कामवनसुर-भीकुंडपें, गहबरवनमें, संकेतमें, नंदगाममें, कोकिलावनमें, कोटवनमें भांडिरवनमें, मानसरोवरपें, श्रीवृंदावनमें बंसीवट ॥ श्रीभगवत्स्वरूपको प्रकार ॥ जो प्रथमश्रीमथुराजीमें मंदिरको विगत ॥ श्रीवराहजी, श्रीदीर्घ-विष्णुजी, श्रीदाउजी, श्रीमदनमोहनजी, श्रीद्वारकानाथजी, श्रीकेशवदेवजी, श्रीगतःश्रमजी, नये मंदिरके पाछे मंदिर हे सो प्राचिन हे ॥ श्रीरामचंद्रजी, अब श्रीमधुवनमें श्रीमधुवनिया श्रीकृष्ण, श्रीमथुराजीमें सतधरामें श्रीना-थजी बिराजे हे सो मंदिर अब सतधरा बाजे हे, श्रीतालवनमें श्रीदाउजी, श्रीबहुलावनमें श्रीबहुलाकृष्णजी, जीखिन गाममें श्रीबलदेवजो, श्रीअडि-गमें श्रीदाउजी, श्रीराधाकुंडमें श्रीराधाकृष्णजीको मंदिर, श्रीगिरिराजजीकी जीभ्या, श्रीउद्धवकुंडपें श्री उद्धवबिहारीजी, श्रीगोवर्धनमें श्रीहरदेवजीको मंदिर संकर्षण कूंडपें श्रीबलदेवजीको मंदिर, आन्योरके पास १९॥ श्री-चंदसरोवरमें श्रीचंदबिहारीजी, श्रीपे गाममें श्रीचतुरबिहारीजीको मंदिर, श्रीगिरिराज श्रीगोपालपुरमें श्रीगोवर्धननाथजीको मंदिर पर्वत उपर,

श्रीढुंका बलदेवजीको मंदिर, श्रीचरण घाटीपें श्रीगिरिराजमें हे, श्रीमदनमोहनजी, श्रीद्वारकेशजी महाराजको मंदिर हे, [हाल श्रीमट्टजी महाराजनुं मंदिर छे ते] श्रीबद्रिनाथजी श्रीअलकनंदा पें, अब श्रीकामवनमें स्वरुप सात ॥ श्रीगोकुलचंद्रमाजी, श्रीमदनमोहनलालजी, श्रीगोविंददेवजी, श्रीगोपीनाथजी, श्रीराधावल्लभजी, श्रीबलदेवजी, श्रीवराहजी, या रितिसों मंदिर ३२ बत्रीस भये ॥ अब श्रीबरसानेमें मंदिर चार ॥ श्रीलाडिलीजीके पास अष्ट सखी ओर पास बिराजे हे; श्रीमहिभानजीको मंदिर; श्रीवृषभानजीको मंदिर; श्रीकिरतिजी तथा श्रीदामाजी संग बिराजे हे ॥ एसे चार मंदिर बरसानामें हे ॥ जुमलेमंदिर ३६ छत्रीस भये ॥ आंजनोखरमें श्रीपियपियाजीको मंदिर, श्रीनंदगाममें स्वरुप ४ श्रीनंदरायजी; श्रीयशोदाजी; श्रीबलदेवजी; तथा श्रीठाकुरजी-छोटी चरण पाहाडीमें श्रीशेषनारायणजी; अब बडेशेषशाइजी; शेरगढमें श्रीबलदेवजी गौर; रामघाटपें श्रीबलदेवजी; श्रीचिरघाटपें श्रीचीरबिहारीजी; श्रीगोवर्धनपें-श्रीदानघाटीपें श्रीदानीरायजी ॥ श्रीवृन्दावनमें मंदिर ताकी विगत ॥ श्रीराधावल्लभजी; श्रीराधामाधवजी; श्रीराधारमणजी श्रीबिहारिजी; श्रीगोविंददेवजी; श्रीमदनमोहनजी; श्रीशृंगार बिहारीजी; श्रीगोपनाथजी; श्रीकालीयमर्दनजी; जुमलेमंदिर ५५ भये ॥ अब नरीमें श्रीदाउजी, श्रीरेढामें श्रीदाउजी; श्रीगरुडगोविंदजी, श्रीरावलमें श्रीलाडिलीजी तथा श्रीबिहारीजी, श्रीमहावनमें श्रीमथुरेशजो, श्रीगोकुलमें श्रीमथुरेशजी, श्रीविट्ठलेशरायजीको, श्रीद्वारकेशजीको, श्रीनवनितप्रियजीको. श्रीगोकूलनाथजी, श्रीगोकुलचंद्रमाजी, श्रीमदनमोहनजी, श्रीनवनितरायजी जाको राजाठाकूर कहे हे, श्रीनटवरजीको. श्रीबालकृष्णजीको, श्रीआचार्यजीको, श्रीदाउजीको, श्रीमदनमोहनजी श्रीकाकाजीको, तथा श्रीमदनमोहनजी श्रीव्रजेश्वरजीके, श्रीमदनमोहनजी श्रीनत्थुजीके, श्रीचींतामणिमाधोरायजी, अब इच्छा अनुकुल श्रीवृन्दावबनादि बिराजमान स्वरूप

श्रीरायगोपालजी, श्रीघनश्यामजी. श्रीनिधिवनमें श्रीव्रजभूषणजी, श्री मोहनरायजी, श्रीलालजी, श्रीरसिकलालजी सब मीलीके मंदिर ८२ भए ॥ इतने ठिकाणे तो वैष्णव कूं दर्शन अवश्य करने चाहीये॥ अधिक बने तो भलो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पंचोतेरमो संपूर्ण ॥७५ ॥

 [वचनामृत ७६ मो.] 

अब छोहोतेरमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीरामचंद्रजी रावणको मारीके अयोध्या पधारते हुते सो मारगमें अगस्ताश्रम हतो तहां आप पधारे ॥ सो उन ऋषिश्वरने बडो आदर सत्कार कर्यो ओर ऋषिपत्नीने श्रीसीताजीकुं पधराये ॥ फेरि सीताजीकुं ऋषिपत्नी वार्ता पुछवे लगे ॥ जो आप उहां लंकामें कोंनसो ठोर रहे, ओर श्रीरघुनाथजी आपकुं कोनभांती पधरायलाये सो वार्ता कही चाहीये. सो ओर श्रीसीताजीने सब प्रकार भयो हतो सो कह्यो ॥ ओर श्रीरघुनाथजीने समुद्र पर श्वेत बांध्यो सो वृतांत सब कह्यो ॥ सो सुनिके अगस्त पत्निने कह्यो जो ए समुद्र तो हमारे पतिने तीन अंजुलोमें भरि लीनो हुतो ओर पान करि लीनो हतो ॥ यामें तुह्मारे पतीनें कहा बडी बात करी जो के जाके उपर पाज बांधी ॥ तब श्रीसीताजीने आज्ञा करीजो तुह्मारे पतीको मुत्र हुतो तामें श्रीरघुनाथजी चरणारविंद केसे धरे ? तासों स्वेत बांधनी पडी ॥ तब ओर हु ऋषिपत्नि हुते सो सब हसे ॥ जो श्रीसीताजीको केसी रीस चढी हे ॥ तब फेरि ऋषिपत्निने कहीजो हम तो सहज हसे परंतु श्रीरघुनाथजी तो आप परम सामर्थ्यवान तथा साक्षात् भगवत्प्रागटय हे जो जलके ऊपर पाषाणको नतराय सके परंतु अपनी ऐश्वर्यता दिखाइ; जो नाममात्रके स्पर्शतें पाषाण तरे हे ॥ तो ओर कोउ जंतजीव स्मरण करे ताकों उद्धार होइही होय ॥ यह आपनें नामको माहात्म्य दिखायो हे ॥ सो ए कार्य तो आपने बडो उत्कृष्ट कर्यो हे ॥ ओर ए कार्य पुष्टिको हे ॥ फेरि अगस्तजीके आश्रमतें

आगे पधारे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजको वचनामृत छोंतेरमों संपूर्ण ॥ ७६ ॥

 [वचनामृत ७७ मो.] 

अब सित्तोतेरमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीरामचंद्रजी आगे पधारे तब द्रोणगिरि पर्वतपें हनुमानजीको घर आयो; सो हनुमानजीने विनती करी जो कृपानाथ ! मेरे घर कृपा करीके पधारिये ॥ तब श्रीरघुनाथजीने आज्ञा करि जो तुह्मारी माता अंजनी बहिरमुख हे तासों तुम्हारे घर न चलेंगे ॥ तब फेरि विनती करि जो ॥ में तो आपको दास हों तासों कृपा करि पधार्यो चइये ॥ तब आज्ञा करि जो चले ॥ फिरि द्रोणगिरिपें पधारे सो अंजनीनें देखीके न तो दोउ स्वरूपको दंडवत कर्यो, न सन्मान आदर कर्यो, न हनुमानजीसों बोली, फिर हनुमानजीनें माता सों दंडवत् करीके कह्यो ॥ जो अपने घर श्रीपूर्ण पुरुषोत्तम पधारे हे, ओर तुं कछु आदर सन्मानहु नहि करे हे, ओर दंडवत् हु नहि करे हे, सो कहा ! तब अंजनी बोली, जो श्रीरामचंद्रजी काहेके पूर्ण पुरुषोतम हे, जो बंदरी तथा रींछनकी साहयसों श्रीसीताजी पायें, ओर लक्ष्मणजीकुं तुं केहेत हे जो शेषजी हे, सो काहेके शेषजी हे ? जो इतनो न जान्यो जो श्रीरामचंद्रजीकु कोंन मारि सकेगो ! एसे जानते तो श्रीसीताजीकु बनमें अकेले छोड़िके चले गये सो न जाते ॥ तासों इनकु शेषजी केसे कहे जाय ? ओर श्रीसीताजीकु रावणनें स्पर्श कर्यो ताहि विरीयां रावण जरिकें भस्म क्यों न होइ गयो ? ॥ तासों सीता पतिव्रता काहेकी ॥ ओर तुहुं मेरोपुत बडो कपुत भयो, जो एक छोटीसी बातकें तांइ एते बंदर, रींछ भेले किये ॥ जो सपुत होतो तो अकेलोइ रावणकुं मारिके सब कार्य करि आवतो ॥ इतनों श्रीरामचंद्रजीकुं परिश्रम काहेकु करावतो ॥ यों कहिके आपने स्तनमेंतें दुधकी धारा चलाइ, सो वा धारासों द्रोणगिरिको शिखर टुटी गयो ॥ ओर हनुमानजी

सों कह्यो जो मेरो एसो दुध ! तोकों मैंनें पिवायो हे ओर तुं इतनो कार्य अकेलो न करि सक्यो ? ॥ तासों तु हु कपुत हे ॥ तब फेरि हनुमानजी बोले ॥ जो ए आपनें मनुष्य नाटय दिखायो हे ॥ ओर काहुके सामर्थ्य सों न भयो हे. सो अपनी इच्छा अनुकुल होय हे ॥ लीला दिखायवेकु इतनी करी हे ॥ यामें श्रीरघुनाथजीकी प्रभूता घटी नही हे. प्रभुता तो हे सोइ हे ॥ तथा श्रीलक्ष्मणजीको शेष पणो हुं घट्यो नहि हे ॥ ओर श्रीसीताजीको पतिव्रतपणोहु घटयो नहि हे ॥ ओर में जो कपूत तेंनें कही सों तो सत्य हे ॥ परंतु श्रीरघुनाथजीकी आज्ञा विना मेंनें नहि कर्यो ॥ फेरि अंजनीनें उठिके श्रीरघूनाथजी, श्रीजानकीजी आदे श्रीलक्ष्मणजी सब स्वरूपनको दंडवत् करे, ओर सब सन्मान कर्यो ॥ ओर हाथ जोडी के बोली ॥ विनती करी ॥ जो कृपानाथ ! मे इतनी बोली ताको अपराध क्षमा करियो ॥ तब श्रीरघूनाथजी आप आज्ञा किये जो ॥ तुम बडे बुढे हों. सो तुम न कहो तो कोन कहे ॥ यौं कहि के अयोध्या पधारे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सीत्तोतेरमो संपूर्ण ॥ ७७ ॥

 [वचनामृत ७८ मो.] 

अब इठोतेरमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो सात पुरी हे सो मोक्षदायिनी हे ॥ तीनके नाम ॥ अयोध्या, मथुरा, हरद्वार, काशी, कांची, उज्जेन, द्वारावती, (द्वारका) तामें साडे तीन श्रीविष्णुकी, साडेतीन श्रीमहादेवजीकी हे ॥ श्रीद्वारकाजी, श्रीमथुराजी, श्री अयोध्याजी, तथा आधि विष्णुकांची ॥ तामें श्रीरामचंद्रजीकीडेढ हे ॥ ओर दोय पहेली लिखी हे सो श्रीकृष्णचंद्रजीकी हे एसे साढेतीन श्रीविष्णुजीको पूरी हे ॥ अब काशी, उज्जेन, हरद्वार, तथा आधी शिवकांची ये रुद्रकी हे ॥ ओर आटमी पूरी श्रीजगदीश सो श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्र पूरुषोत्तम पूरी ॥ तामें श्रीजगदीश विराजे हे ॥ सो अक्षर ब्रह्मको मुख्य धाम हे ॥ ओर पूर्व समुद्रकी सीमा

दाबिके आप बिराजे हे ॥ ओर सेवा माध्वमतके आचार्यनकी आज्ञा प्रमाण चले हे ॥ ओर दक्षिणमें श्रीरंगपट्टणमें श्रीरंगजी हे सो दक्षिण-सीमा दाबिके बिराजे हे॥ ओर श्रीरामानुजाचार्यकी आज्ञा प्रमाण सेवा चले हे ॥ सो ए श्रीरामचंद्रजीको धाम हे ॥ ओर शैव हे सो श्वेतबंधु रामेश्व-रकुं धाममें गीने हे ॥ ओर पश्चीममें श्रीद्वारकाजीके विषे बेट शंखोद्वारमें श्रीद्वारकानाथजी पश्चिम समुद्रकी सीमा दाबिके बिराजे हे ॥ ओर आगलो स्वरूप हतो सो श्रीरणछोड रायजी संवत १२१२ के सालमें बोडाणा भक्तके उपर कृपा करिके गुर्जर देशपावन करवेके निमित्त श्रीडाकोर गाममें बिराजे हे ॥ ओर दोय ठिकाने श्रीविष्णुस्वामिमार्गके आचार्य श्रीवल्लभा-चार्यजीके मतानुसार सेवाको प्रकार चले हे ॥ अब उत्तरदिशामें बरफके पर्वतमें श्रीबद्रिनाथजी तपोरूप अपने सबके कल्याणके लिये उत्तर सी-माकूं दाबीके बिराजे हे ॥ ओर निमावत आचार्यनके मतानुसार सेवाको प्रकार चले हे ॥ ओर वाइ बरफके पहाडमें तें गंगोत्रीके पाहाडमेंतें श्रीगं-गांजी पधारे हे ओर यमुनोत्री पहाडमें तें श्रीयमुनाजी पधारे हे ॥ ओर मध्यदेश श्रीगोवर्धन पर्वतके उपर अखिल ब्रह्मांडके नायक श्रीमद्गोवर्धन-नाथजी प्रथम बिराजते सो अब अजबकुंबर बाइके मनोर्थ सिद्ध करणार्थ, मेवाड देशमें; श्याढ–सिंहाडगामके विषे संवत १७२८ के साल; म्लेच्छके उपद्रव सों पधारे हे ॥ सो अब अनेक भक्तनके उद्धारार्थ इहांइ बिराजे हे ॥ ओर श्रीआचार्यजी महाप्रभुजो तथा श्रीगुसांइजी आपकी आज्ञा प्रमाणे आपको निजवंश पुष्टिरीतिसों अनेक बडे वैभव सों, सेवा करे हे ॥ अब सातपुरीमें मुख्य स्वरुपनके नाम श्रीअयोध्यामें श्रीरामचंद्रजी मुख्य हे, ओर मथुराजीमें श्रीकेशवरायजा सो म्लेच्छके उपद्रव सों रजधान गाम हे तहां बिराजे हे ॥ ओर इहां प्रतिनिधि बिराजे हे ॥ ओर हरद्वारमें श्रीकेदारेश्वर शिवलिंगबिराजे हे ॥ ओर श्रीकाशीमें श्रीविश्वनाथजी शिवलिंग बिराजतें हे ॥ सो म्लेच्छके उपद्रवसों प्राचिन लिंग कुवामें मंदिरहे तहां पधारे॥अबप्रतिनिधि बिराजे हे ॥ ओर कांचीमें

आधिपुरिमें श्रीब्रहद्राजजी बिराजे हे ॥ ओर आधिपुरिमें श्रीशिवलिंग बिराजे हे ॥ ओर उज्जेनमें महाँकाळेश्वरलिंग बिराजते हे ॥ ओर श्रीद्वारकाजो बेट शंखोद्धारमें श्रीद्वारकानाथजी–श्रीरणछोडरायजी बिराजे हे ॥ ए सात पुरीके सातो क्षेत्रपती हे ॥ अब श्रीअयोध्यामें श्रीसरयुजी हे, ओर श्रीमथुरामें श्रीयमुनाजी हे, श्रीजीद्वारमें बनास हे सो श्रीयमुनाजीकी प्रतिनिधि हे ॥ ओर हरद्वारमें श्रीगंगाजी, ओर काशीमें श्रीगंगाजी हे, ओर कांचीमें श्रीवेदवतीजो हे, ताको उपनाम कसुंभी हे ॥ ओर उज्जेनमें श्रीक्षीप्रा हे, ओर द्वारावतीमें श्री गोमतोजी हे ॥ सो जेसो पुरीको माहात्म्य हे, तेसोइ नदीको माहात्म्य हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी माहाराजके वचनामृत इठोतेरमो संपूर्ण ॥ ७८ ॥

[वचनामृत ७९ मो.]

अब ओगणाएसीमो वचनामृत आप आज्ञा करे हे ॥ जो अब भीष्मप्रति पौलस्तऋषि कहे हे जो भगवद्भक्त पृथ्वि प्रदक्षिणा करे तिनकुं जावेकी अनुक्रमणिका प्राचिन पुस्तक देखीके लिखो हे ॥ या प्रमाण पृथ्वि प्रदक्षिणा करनी ॥ प्रथम पुष्करजी, जंबुमारग, तंदुलीकाश्रम, धर्मारण्य, ययातीपतन; महाकालअवंती, स्थानुतीर्थ, भद्रवट, नर्मदा, कोटीतीर्थ, प्रभास, पिंडतारक, सरस्वती संगम, बरदानतीर्थ, श्रीद्वारका गोमतीसंगम, शंखोद्धार, सिंधुसागर, शंकूकर्णेश्वर, द्रमीतीर्थ, वसुद्वारा, शिंधुत्तम, ब्रह्मतुंग, शक्रकुमारिका, रेणुकातीर्थ, पंचनदतीर्थ, भोमातीर्थ; त्रिकुंडतीर्थ; पश्चमसंध्या, वस्त्रापतीर्थ, मणिमंत, देविका, कामास्थ, विथियसत्र, विनसन, चमसोद्भेद, शिवोद्भेद, नागोद्भेद, सस्थान, कुमारकोट, रुद्रकोट, सरस्वतीसंगम, कुरुक्षेत्र, कनखलक्षेत्र, हरद्वार; सततततीर्थ; प्रथ्वितीर्थ; पंचनद, सालुकिनी हरिहरशंभु; हरिद्रक्षेत्र; दशाश्वमेध; नागतीर्थ; रत्नकद्वारपाल; पंचनद; कोटितीर्थ, अश्वनीकुमार; वराहतीर्थ; जयंतीसोम, एक हंस, कृतसौच; मुंजवट; पक्षीतीर्थ; सस्मित पुष्कर रामहुंद; वंसमुल; कायसोधन; लोकाद्वार,

पुष्कर्णि. सोमपतीर्थ. माहेश्वरपद. नारायणस्थान. सालिग्रामतीर्थ, चतुः समुद्रकुप. वामनतीर्थ भरताश्रम. कोशिकी. चंपकारण्य. गोष्ठिल. संन्यासवेद्य. निविरातीर्थ; विशिष्टतिर्थ. देवकुंप. कौशिकीह्रद. कुमारधोर. अग्निधारा. पितामहेश्वर. कुमरधारा. गौरिशिखर. ताम्रकर्ण. नंदनीतीर्थ. कालिकासंगम. उर्वसीतीर्थ. सामाश्रम. कुंभकर्णाश्रम. कोकामुख. शकानंदा. हृषिभद्रिप. औदालकतिर्थ. धर्मतीर्थ. भार्गितिर्थसर. दंडार्षभतीर्थ. नवेदिका द्विसेष्यातीर्थ. लोहित्यातीर्थ. जगन्नाथजी. करतोया. गंगासागर, वैराज्य. कालतीर्थ, पुष्पावती. बद्रिका. वंशगुल्मशोणनर्मदयोत्पत्ति. कौशिल्या. हृषभतीर्थ. शिवकांची. रामेश्वर. धनुकोटि. रंगनाथ. मत्तंगकेदार. श्रीपर्वत. मल्लिकार्जुन. कावेरी. कन्यातिर्थ. गोकर्णतीर्थ. वर्तकतीर्थ. वेणातीर्थ गोदावरी नाशक. त्रंबक, रामकुंड; पंचवटी. ब्रह्मस्युणा; श्रशल्यव. देवह्रद. कर्पुरवेणा. कन्याह्रद. ३०० थया. पयोपुरी. दंडकारण्य. सरभंगाश्रम; पंपासर; शुकाश्रम; सूर्यार्क; सप्तगोदावरी, देवपप; तुंगकारण्य, मेघाविक; कालंजर; चित्रकुट; भरतस्थान; कोटितिर्थ; जेष्टस्थान; शृंगवेर; मुंजवट; मथुरा; श्रीयमुनाजी; श्रीवृन्दावन; श्रीगोवर्धन; सोरम; ऋणमुक्तेश्वर; प्रयागे समाप्ति; ३२२ ॥ शुभंभवतु ॥ श्रीकृष्णार्पणमस्तु ॥ ए पृथ्वि परिक्रमामें तीनसो बावीसतीर्थ; हमारे बडे तातजी श्रीव्रजभूषणजी महाराजने श्रीहस्ताक्षर सो लिखे सो बांचिके लिखाये हे ॥ ओर श्रीमहाप्रभूजीने तीन पृथ्विपरिक्रमा करी ॥ ओर हमारे दादाजी श्रीद्वारकेशजी महाराजने चरणारविंदसों चलिके करी हती ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत ओगणाएंशीमो संपूर्ण ॥ ७९ ॥

[वचनामृत ८० मो.]

अब अेंशीमें वचनामृत आप आज्ञा करे जो ॥ एक समे श्रीबलदेवजीने भारतको आगम जान्यो. जो अब कौरव पांडवको युद्ध होयगो. तामें आपके आश्रित कौरवादिक हते. ओर भगवद्भक्त तथा प्रणाधिक

पांडव हते. ए दोउनके बीच कोनको आदर करनो ओर कोनकों अनादर करनो ताको विचारि करि तीर्थयात्राको मीश करिकें निकसी चले ॥ सो तीर्थनके नाम ॥ प्रथम ॥ प्रभास, सरस्वति, प्रथोदक, बिंदुसर, त्रितकुप, सुदर्शनतिर्थ, विशाब्रह्मतीर्थ, चक्रतीर्थ, प्राचि सरस्वतितीर्थ; श्रीयमुनातीर्थ, सघरे श्रीगंगाजीके तीर्थ, पीछे नैमिषारण्यको पधारे ॥ उहां सुतजीको प्रसंग भयो ॥ ओर बलदानवको मार्यो ॥ फेरि उहांतें कौशकीनदी पधारें, तहांते पानसरोवर जामें तें सरयु प्रगट भइ, वाके किनारे किनारे सरयुतें प्रयाग-पधारे. पीछे पुलहाश्रम, गोमतीजी, गंडकीजी, वियासा पीछे श्रोणनदस्नान करे, फेरि गयाजी, फेरि गंगासागर, महेंद्राचलपर्वत, सप्तगोदावरी, वेणा-नदी, पंपासरोवर, भीमरथी, श्रीपर्वत, वेंकट, कांचीपुरी, कावेरीनदी, श्रीरं-गजी, रशभद्रि, मथुराजी, समुद्रसेतु, कृतमाला, ताम्रपर्णी, दक्षणावति, फाल्गुनीतीर्थ, सुरपार्क, तापीजी, पयोश्री, निर्विंध्या, दंडकारण्य, रेवाजो, मनुतीर्थ, फेरि प्रभास पधारे ॥ उहां भीमसन दुर्योधनकूं समजाये ॥ परंतु मान्यो नही ॥ तब श्रीभगवत् इच्छा मानिके श्रीद्वारकाजी पधारे ॥ पीछे नैमिषारण्य पधारे ॥ सो रेवतीजी सहीत समाप्ति स्नान कर्यो ॥ फेरि श्रीद्वारावती. तीर्थयात्रा करिके पधारे ॥ सो यह प्रसंग श्रीमद्भागवत् दशमस्कंध सीत्तोतेरमा अध्यायमें तें लिखायो हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एसीमो संपूर्ण ॥ ८० ॥



अब एकासीमो वचनामृत आप आज्ञा करे हे ॥ जो इतने ठेकाणे सखडी महाप्रसाद हम लेवेहे ॥ ताको प्रकार ॥ प्रथम श्रीगोवर्धननाथजीकें इहांको, सो जा ठीकाणें हम उतरे होय ता ठीकाणे भीतरिया आयके धरि जाय, पीछे कोउ हमारे सिवाय छिवे नही ॥ १ ॥ दूसरे, बेटशंखोद्धारमें श्रीलक्ष्मीजी, श्रीसत्यभामाजी, श्रीजांबुवंतीजी, श्रीराधिकाजी, श्रीशंखनारा-यणजी, इतने पंचि मंदिरको, सो उहां मंदिरमें जेंवणगर हे, सो उहां सब

तैयारी होय उहां आयके आरोंगे ॥ एसे पांचो मंदिरमें रिती हे ॥ ओर तीसरे॥ दक्षिणमें श्रीरंगपट्टणमें श्रीरंगजीके मंदिरमें हु मंदिरके भीतर लेइ हे ॥ तथा श्रीवृंदराजजी, तथा श्रीलक्ष्मणबालाजीमें उहांके मुख्य सेवक जो भोग धरतो होय सो धरे, परंतु भोग सरावे नहि ॥ हमारे प्रसाद लेनो होय तो भोग हम सरावे ॥ तब हम प्रसाद लेवें ॥ ओर चोथे ॥ श्रीबद्रीनाथजीमें हु मंदिरके भीतर भीतर प्रसाद लेले ॥ ४ ॥ ओर पांचमें ॥ श्रीजगदीशमें तो सबनके हाथको लेहें, तथा चारों दिशा, तीन तीन कोसकी हद्दतांइ सखडी महाप्रसाद जाके मनमें आवे ताके हाथको लेवेकी रीति हे ॥ तामें जात भांतकी ग्लानि लायके नाहि करे तो श्रीजगदीश वाको दंड तुरतही देवे हे ॥ तातें श्रीभगवत्महाप्रसाद हे सो केवल ब्रह्मरुप अपने स्वरूप संबंध हे ॥ तासों बडे स्थानमें ज्ञातव्यवहारको विचार नहि ॥ श्रीजगदीशमें संवत् १९१७ के सालमें याज्ञाकुं हम पधारे, सो उत्तर दरवाजे श्रीमहाप्रभुजीकी बेठक हे, तहां उतरे ॥ सो उहां महाप्रसाद पधारे सो नीचे श्रीगोकुलवारे बलराम अधिकारी तथा इहांके भीतरिया तथा ओर हु माणस साथके सो सब प्रसाद भेले लेते हते ॥ इतनेमें कुंवरबाइ कहुं सुं आये सो महाप्रसाद भेले लेते देखिके बलरामसुं कही के, भैया कछु तो विचार राखो, एसे सघरे भेले, कहा बेठे हो ॥ यों कहिके ततेडाके पास कमर सेकवे गये सो ठाडे ठाडे कमर सेकते सो अकस्मात गडेके उपरसों जलकों ततेडा बलबलतो उपर पडयो, तासों आखो शरीर दाजी गयो ॥ एक महिना तांइ वाको कष्ट रह्यो ॥ तासों श्रीमहाप्रसादको एसो माहात्म्य हे ॥ जो कोइ समजे वा असमजे ग्लानि लावे तो वाको तुरतही दंड देवे हे ॥ तासों श्रीमहाप्रसादकी मर्याद ज्ञातविज्ञातकी श्रीजगदीशके विषे नहि हे ॥ तब दासनें विनति प्रश्न कर्यो ॥ जो श्रीनाथजीको सखडी महाप्रसाद भीतरियाके हाथको धर्यो थको आप अरोगो हे; तो सात स्वरूपको महाप्रसाद भीतरियाके हाथकी सखडी न लेओ सो केसे ? सात

स्वरूप तथा श्रीनाथजी में कहा भेद हे तब आप आज्ञा करे जो सात स्वरूप तो एकहि हे ॥ यामें संदेह नहि हे ॥ परंतु श्रीनाथजीको घर हे ॥ सो श्रीमहाप्रभुजी श्रीगुसांइजीनें देवद्वार राख्यो ॥ ओर सात स्वरूप तो अपने घरमें बिराजतें, तासों घरमें तो देवमार्ग की रीतीसुं चलनो पडे ॥ तासों न लियो जाय ॥ नहि तो भेद तो नहि हे, परंतु वेदमर्याद के तांइ विचार ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकासीमो संपूर्ण ॥८१॥

[वचनामृत ८२] मो.

अब आपने ब्यासीमो वचनामृत आज्ञा करे ॥ जो जीव श्रीप्रभुजीनें सरजाये. तामें नीच उंच योनिमें तथा सत्कर्म तथा दुष्कर्म अधिकार परत्व कर्या करे, तामें उत्तम योनिवारे, तथा सत्कर्म कर्ताको, तो सब बातको सुखहि हे ॥ परंतु दुष्कर्म कर्ता. तथा नीच योनिके जीव, किरीट, पतंगादिक पर्यंतको संतोष प्रभुननें एक सरिखो दियो हे ॥ सो वाको शोच नहि हे ॥ वे हु अपनी कृतिमें मग्न हे ॥ तापर आपने एक दृष्टांत आज्ञा करे ॥ जो एक ब्राह्मण. बडो पंडित ओर वेदशास्त्रनमें निपूण ज्योतिषमें हु निपूण हतो ॥ सो वाने अपने यावत् जन्मको कर्मविपाकमेंतें निर्णय कर्यो ॥ तामें यह नक्की भइ जो फलाणा संवतमें मेरी देह त्याग होयगी, ओर फेरि एक एक श्वपचके घर सुवरी आकें छोटे बच्चा होउंगो ॥ ओर माथेपें धोरो टीका एक होयगो, सो याको यत्न देख्यो जो ए जन्म मेरो काहु भांतिसो मिटे सो वाको परिहार निकस्यो नहि ॥ सो वा ब्राह्मणको पश्चाताप देहांत पर्यंत रह्यो ॥ फेरि देहांतको समय आयो, तब बेटासों कह्यो ॥ जो, मेरी एसी व्यवस्था होयगी, जो मेरो जन्म होतेइ तुं जायके वा श्वपचके घर जाय ठीक पाडके वे सुवरिको बच्या मारी नांखीओ ॥ एसे कह्यो ॥ फेरि वे ब्राह्मण तो देहांत भयो सो वाके बेटाने पिताके वचनकी शुद्धि राखीके वा श्वपचके घर जायके देखे तो सुवरी व्याइ हे, वाके छोटे बच्या आगे निर्माण लिखे पूर्वक भयो हे, सो पहेचान्यो सो वाको मारवेके निमित्त

खडग लेके गयो, सो वे बच्चा भाग्यो डोले, ओर वे ब्राह्मण पीछे दोडे, सो वे वनमें गये ॥ सो उहां वे बच्चा बोल्यो जो या योनिमें में प्रसन्न हूं तुं मोको मारे मति ॥ तासों वाको वानें मार्यो नहि ॥ जो तासों कीडीतें लगाय कुंजर पर्यंत अपनी जन्म कृतिमें सब जीव मग्न हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचामृत ब्यासीमो संपूर्ण ॥८२॥

वचनामृत ८३ मो.

अब त्रासीमो वचनामृत आपने आज्ञा किये ॥ जो श्रीठाकुरजीको कृष्णावतार भयो सो साक्षात् पूर्णपुरुषोत्तमको प्रागटय हे ॥ ओर अवतार आपके अंशकला विकला करिके कार्याकारण परत्व भये हे ॥ फेरि तिशेधानलीला ॥ ओर ए कृष्णावतार हे सो स्वयं प्रागटय हे, सो आद्यनारायणतें लेकें अट्ठावन पुरुषामें वसुदेवजी गृह वेद वदित प्रागटय भयो हे ॥सो केहेत हे ॥ जो प्रथम तो श्रीनारायण तें कमल भयो ॥ १ ब्रह्मा, २ अत्री, ३ चन्द्रमा, ४ बुद्ध, ५ पुरूरवा, ६, आयु, ७ नहुष, ८ ययाति, ९ यदु, १० क्रोष्टा, ११ व्रजीतवान, १२ श्वाहि, १३ सूषेकु, १४ चित्ररथ, १५ नाशबिंदु, १६ पृथुश्रृवा, १७ धर्म, १८ उसमा, १९ सूचक, २० जयामध, २१ विदर्भ, २२ क्रथ, २३ कुंती, २४ वृष्णी, २५ निवृत्ति २६ दशार्ह, २७ व्योममसूत, २८ जिमूत, २९ विकृति, ३० भीमरथ, ३१ नवरथ, ३२ दशरथ, ३३ शकुनि, २४ करंभी, ३५ दवरात, ३६ देवक्षेत्र ३७ मधू, ३८ कुरूवंश, ३९ अनु, ४० पुरुहोत्र, ४१ आयु, ४२ सात्वत, ४३ वृष्णी, ४४ सुमित्र, ४५ युद्धाजित, ४६ अनिमित्र, ४७ वृक्षमी, ४८ चित्ररथ, ४९ विदुरथ, ५० सुर, ५१ भजमान, ५२ शिनी, ५३ स्वयंभोज, ५४ कृदिक, ५५ देवमीढ, ५६ सुरसेन, ५७ वसुदेवजी, ५८ तद्भूत, श्रीकृष्ण चंद्रोद्योत, अब त्रेतालीसमी पुरूषामें सात्वतके वृष्णी लिखे हे. ओर दूसरे पुत्र अंधकभण, ४४ कुरुर, ४५ वह्नि, ४६ विलोमाप, ४७ कपोतलोमा; ४८ अनु; अंधक; ५० दुंदुंभी; ५१ वसु; ५२ दरिद्योत; ५३ पुनर्वसु; ५४ आहुक; ५५ देवक;

५३ देवकीजी; तद्भूत कृष्णचंद्र उद्योत भये; श्रीकृष्णजीकुं अष्टपटराणी मुख्य हे ॥ ओर तो सोलेहजार एकसत हे सो सबनकुं समान संतति प्रभुननें दीनी ॥ ताको वर्णन कहां तांइ होय ॥ तामें आद्यमुख श्रीरुक्मणीजीहे तिनके दशपुत्रमें ज्येष्ट पुत्र श्रीप्रद्युम्नजी भये, साठमी पुरुषा ॥ ६० ॥ श्रीप्रद्युम्नजीके श्रीअनिरुद्धजी भये ॥ ६१ श्रीअनिरुद्धजीके श्रीव्रजनाभजी भये, ६२ प्रतिबाहु, ६३ सुबाहु, ६४ शांतसेन, ६५ सतसेंन, ६६ अब श्रीकृष्णचंद्रजीके पुत्र बडे पराक्रमी भये, तिनके नाम ॥ अठार पुत्र महापराक्रमी भये तिनके नाम १ श्रीप्रद्युम्नजी, २ श्रीअनिरुद्धजी, ३ दीप्तमान, ४ भानु, ५ सांब, ६ मधु, ७ बृहद्भानु, ८ चित्रभानु, ९ वृक, १० अरूण, ११ पुष्कर, १२ वेदबाहु, १३ श्रुतदेव, १४ सुनंदन, १५ त्रिचित्रबाहु, १६ विरुप, १७ कवी, १८ मग्रोध, या प्रमाणे अठारे कहे ॥ ओर सबनमें ए पुत्र पौत्रादिक अत्यंत पराक्रमी भये हे ॥ अब श्री रघुवंश श्रीरामचंद्रजी जामें प्रगटभये सो मूल नाम १ आद्यनारायणजी, २ ब्रह्मा, ३ मरिची, ४ कश्यप, ५ सूर्य, ६ वैवस्वतमनु, ७ इक्ष्वाकु, ८ शशणाद, १ कुकुत्स्थ, १० अनेता, ११ प्रथु, १२ विश्वरंधी, १३ चंद्र, १४ युवनाश्व, १५ शावस्त, १६ ब्रहदश्व; १७ धुंधुमार; १८ दृढाश्व; १९ दर्यश्व; २० निकुंभ; २१ बर्हणाश्व; २२ कृपौश्व; सेनजीत; २४ युवनाश्व; २५ मांधाता; २६ पुरुकुत्स; २७ त्रसदस्यु; २८ अनरण्य २९ हर्यश्व; ३० अरुण; ३१ त्रिबंधन; ३२ त्रिशंकुं; ३३ हरिश्चंद्र; ३४ रोहित; ३५ हरित; ३६ चंप; ३७ सुदेव ; ३८ विजय; ३९ भरुक ४० वृक; ४१ बाहुक; ४२ सगर; ४३ असमंजस; ४४ अंशुमान; ४५ दिलिप, ४६ भगीरथ, ४७ सूत, ४८ नाभ, ४९ सिंधु द्विप, ५० अयुतायु, ५१ ऋतुपर्ण, ५२ सर्वकाम, ५३ सुदास, ५४ कल्भासंधी, ५५ अस्मक ५६ मूलक, ५७ दशरथ. ५८ एडविंड, ५९ विश्वासह, ६० सद्वांग, ६१ दीर्घबाहु, ६२ रघु, ६३ प्रथुश्रवा, ६४ अज, ६५ दशरथ ६६ श्रीरामचंद्रजी ॥ श्रीरामचंद्रजीके दोय पुत्र भये, १ लव २ कुश, तामें कुशको वंश चल्यो, ६७ कुशके ६८ अतीथी,

६९ निशद, ७० नभ, ७१ पुंडरी, ७२ क्षेमधन्वा, ७३ देवानिक, ७४ अनीह, ७५ पारीयात्, ७६ बल, ७७ अस्थल, ७८ वज्रनाभ, ७९ षगण, ८० विद्रुति, ८१ हिरण्यनाती, ८२ पुष्प, ८३ ध्रुवसंधी, ८४ सुदर्शन, ८५ सिघ्र, ८६ मरु, सो मरु राजा हे सो कलापग्राम बद्रीकाश्रममें रहे हे ॥ सो कलिके अंतमें जब सूर्यवंश नष्ट हो जायगो, तब ए मरु राजा हे सो सूर्यवंशको उद्योत करेंगे ॥ ओर कलियुगमें सूर्यवंशी राजा होइंगे तिनके नाम मरुके ८७ प्रसूत होइंगे, ८८ संधी, ८९ अमर्षण, ९० महश्वान, ९१ विश्वसाघ्य, ९२ असेनजीत, ९३ तक्षक, ९४ वृहद्बल, ९५ वृहद्रण, ९६ उरूक्रिय, ९७ वन्सबद्ध, ९८ प्रतिव्योम, ९९ भानु, १०० दिवाकर, १०१ सहदेव, २ वीन, ३ वृहदश्व ४, भानुमान, ५ प्रतिका, ६ सुप्रतिका, ७ मरुदेव, ८ सुनक्षत्र, ९ पुष्कर, १० अंतरीक्ष, ११ सुतपा, १२ मित्रजीत, १३ वृहदराज, १४ बर्हि, १५ कृतजय, १६ रणंजय, १७ संजय, १८ साकय, १९ श्रुधाद, २० लांगल, २१ प्रसेनजीत, २२ क्षद्रक, २३ रणक्, २४ सुर[illegible], १२५ सुमित्र. सूर्यवंश सुमित्र तांइ हे ॥ एसे चंद्रवशके कुरूवंशमें संतनुराजाके भाइ देवापी, सो उहां कलाप ग्राममें बद्रिकाश्रममें रहे हे ॥ सोउ चंद्रवंश नष्ट भयेतें फेरि भुवमंडलमें आपके चंद्रवंशको उद्योत करेंगे ॥ ओर चंद्रवंश हे. सो पुष्टिवंश हे, चंद्रमाके बुध भये, सो गुरूपत्नी सो भये, बुध के पूरूरवा भये, सो सुद्यम्न स्त्रि भये, तिनके भये ॥ ए सब कथा नवमस्कन्धमें हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत त्यासीमो संपूर्ण ॥ ८३ ॥

[वचनामृत ८४ मो.]

अब आपनें चोराशीमो वचनामृत आज्ञा करे ॥ जो वष्णवकूं सत्संग करनो, परंतु तादृशि वैष्णवको सत्संग करनो, जाको आंखमें श्रीठाकुरजीके दर्शन होते होय ताको नाम तादृशी वैष्णव ॥ ओर इनके लक्षण विगेरे स्वरुप वर्णनको कीर्त्तन ॥ राग कन्हरो ॥ श्रीविट्ठलनाथ बसत जिय जाके, ताकी रीति प्रीत छबि न्यारि ॥ प्रफुल्लित वदन कांति करुणामय नेंननमें

मेरे आशिंवाद सों तेरे पुत्र होतेही वा पूत्रकों एक पेटीमें धरि. एक रत्न वाके भीतर धरि. वे पेटी श्रीगंगाजोमें आछो बंदोबस्त करिके बेहेवाय दीजो ॥ फेरि सदाव्रत बंध करिके जो द्रव्य तेरे पास रहे सो लेके श्रीगयाजीमें जाय रहियो ॥ जो द्रव्य रह्यो होय तासों तेरो उदर पोषण निर्वाह करियो ॥ या प्रमाण तुं करेगी तो तोकुं राजप्राप्ति होइगी ॥ ए मेरो आशिर्वाद हे ॥ यासों कछु अन्यथा मेरे कहे सिवाय करेगी तो नहि प्राप्त होयगी ॥ तासों सावधान रहियो ॥ तब फेरि वानें हाथ जोडीके कही ॥ विनति करी जो आप काहु वातकी चिंता मति करीयो, में सब आपकी आज्ञा प्रमाण करोंगी ॥ मेरे तो आप हि परमेश्वर हो ॥ फेरि वानें अपनी झांगमें तें तीनरत्न काढिकें दिये ओर ब्राह्मणनें देह छोडी ॥ फेरि प्रातः काल भयो तब ओर मनुष्य आये, फेरि वाकी जातवारेनकुं बुलाइ, इनकी देह वाके सुपरत करी ॥ फेरिवाकी उत्तर क्रीया जातवारेननें करी, फेरि वा बाइको समजाय वाके घर ले गये ॥ सो वाकी द्वादशापर्यंत क्रिया हो चुकी ता पीछे वा ब्राह्मणने अपनी स्त्रीसों जो कह्यो हतो वा प्रमाण वाने कर्यो ॥ फेरि वाको पुत्र भयो सो वाको अपने पतिकी आज्ञा प्रमाण पेटीमें रत्न सहित बंदोबस्त करीके श्रीगंगाजीमें वेहेतो पेटीमें धरी दियो ॥ सो पेटी वेहेतो वेहेतो क्षेमधन्वा राजाको पुरीमें जाय निकसी ॥ सो वा समय राजाजो श्रीगंगाजीस्नानकुं आये हते ॥ सो वा पेटीकुं देखिके अपने चाकरनके हाथ संगवाय लीनो ॥ फेरि वा पेटीकुं खोली देखे तो सरत्न पुत्र देख्यो ॥ सो पुत्रको देखतेइ राजा अत्यंत आनंदको प्राप्त भयो ओर कही जो श्रीगंगाजीने मोकूं पूत्र दियो ॥ फेरि नगरमें या रीति सो डांडी पिटवाइ जो श्रीगंगाजीने राजाकुं पूत्र दियो ॥ तासों सब घरघर बंदनवार, गोत, राग, इत्यादिक राजद्वार तथा सब नगरमें मंगल भयो ॥ ओर आछे गाजते वाजते पूत्रको घर लाये ॥ फेरि क्षेमधन्वा राजाने पूत्रको नामकरण कियो, सो वाको नाम रत्नकूंवर धर्यो ॥ फेरि धाय राखी ओर कुंवरकुं

अनेक यत्न करे ओर कुंवर वधवे लगे ॥ फेरि कुंवरको यज्ञोपवित करे, ओर क्षात्रविद्या पढवे लगे, एसे करत दश वर्षको उंमर कुंवरकी भइ, तब राजाको देहांत भयो वाकी वरसी भये पीछे फोजफांटा लेके गया श्राद्धको चले ॥ सो गयाजीमें जाय गया श्राद्ध कर्यो सो पिंडदानकी विरियां भइ तब पितृको उच्चारण कर्यो ॥ तब फल्गुजीमें तें तीन हाथ नीकसे ॥ ता बिरियां कूंवरजीकुं बडो विचार पंडि गयो जो कोनके हाथमें पिंड देउं ॥ जो या बातको उद्घोष भयो सो वे ब्राह्मणी फल्गुजी उपर कुटि बांधिके रही हती सा वानें ए समाचार सुने जो आज एसे कौतुक होय रह्यो हे ॥ तब वा ब्राह्मणीने राजाके खवासकुं बुलायके कही के जो राजा मेरे कहे प्रमाण करे तो में याको समाधान करी देउं ॥ तब वे खवासनें जायके राजकुंवरसो सब समाचार कहे ॥ जो इहां एक ब्राह्मणी रहे हे सो एसे कहे हे जो कुंवरजी मेरे कहे प्रमाण करे तो में या बातको समाधान करी देउ ॥ तब कुंवरजीने कही अवश्य बुलावो ॥ सो वे खवास वा ब्राह्मणीकुं ले आयो ॥ सो वा ब्राह्मणीनें तीन हाथ निकसे देखिके कह्यो ॥ जो ए मनुष्य सब सरकाय देउ ॥ ओर कनात टेरा करांय देउं॥ फक्त राजकूंवर तथा ए बाइ दोउ जने भीतर रहे ॥ तब वा बाइनें प्रश्न कर्यो जो तुम एक एक हाथ काढो तो वाको उत्तर देउ ॥ सो एसे केहेते मात्र तीनो हाथ जलमें पीछे घुस गये ॥ फेरि एक हाथ निकस्यो, तब वानें पुछयो जो ए हाथ कोनको हे ॥ तब वे बोल्यो जो ए वीर्य मेरो हे, तब वा बाइनें कह्यो, जो वाको मोल तो तोकुं आधो रत्न दियो हे तासों तूं काहेको हाथ काढे हे ॥ चल्यो जा ॥ तब वानें हाथ पाछो खेंचि लीयो फेरि दुसरो हाथ निकस्यो ॥ तब पुछी के ए कोनको हाथ हे ॥ तब राजा क्षेमधन्वा बोल्यो जो में राजा क्षेमधन्वा हुं तब ब्राह्मणी बोली जो तुह्मारो हु इहां कहा लगे हे॥ या बेटाके पालवे निमित्त एक रत्न याके संग दीनो हे, तासों तुमहुं हाथ सरकाय लेउं ॥ सो राजाने हुं, पाछों हाथ खेंची

लियो ॥ फेरि तिसरो हाथ निकस्यो, सो गोरकुं बुलाय ब्राह्मणीनें कह्यो जो याके हाथमें पिंड देउं ॥ फेरि यों कही कें ब्राह्मणी जायवे लगी तब राजकुंवरने पांव पकडे ॥ ओर कही जो माजी ए बात केसे भइ ॥ यामें मोकुं समज नही पडी ॥ सो कृपा करिके कहो ॥ तब वा ब्राह्मणीने कही जो तुम श्राद्धसों पोंहोंची भोजन करिके मेरी कुटिमें आइयो तब ए बात कहूंगी ॥ यौं कहीके वे ब्राह्मणी गइ फेर वे राजा श्राद्धसों निवृत्त होय, भाजन करि, वा बाइके पास एकाद मनुष्य लेके आयो ॥ सो या बाइने शुलि तें लगाय आज श्राद्ध कर्यो तहां तांइकी वात समाचार कहे सो सुनिके अत्यंत स्नेह कर्यो॥ ओर पायन पड्यो ॥ फेरि वाको राजमें ले गयो, ओर मा बेटे भेले रहे ॥ एसे आगे हाथ प्रत्यक्ष काढीके पिंड- दान लेते ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पंच्यासीमो संपूर्ण॥ ८५॥

 [वचनामृत ८६ मो.] 

अब छयासीमो वचनामृत आप आज्ञा किये ॥ जो श्रीरामचंद्रजी श्राद्ध करवे आये सो सामग्री लेके गयाजीकुं गये ॥ गोरके घर पधारे ॥ इतने अंपराह्न काल आयो ॥ सो पितृश्वरननें हाथ काढे ॥ सो सीताजी वा बिरियां उहां बिराजते हते सो रेतीके लडुवा करिके इनके हाथमें दे दिये ॥ सो लेके पितृश्वर तो गये. इतनेमें श्रीरामचंद्रजी पधारे ॥ श्रीरामचंद्रजी श्राद्ध करी पिंडदान करवे लगे सो फल्गुजीमें सो पितृश्वरननें हाथ नहि काढे तब आपनें तीर्थगुरूनसों पूछे जो ए कहा हे ? हाथ क्यों नहि काढे हे ? तब तीर्थगुरूने कही जो कछु व्यतिक्रम भयो हे ॥ तब आपनें सोताजीसों पूछा जो तुमनें कछु खायो तो नहि ? तब सीताजीनें कही ॥ जो आप गाममें पधारे पिछे इहां दाय हाथ निकसे हते सो मेंतो खेलते खेलते वेलुके लडुवा करिके वाके हाथमें दिये हते ॥ एसे सुनिके आप बहोत खीजे, ओर कही जो ए तुमने कहा कर्यो ॥ ओर वा दिन आप पश्चात्ताप कर्यो ओर अरोगे विना पोढे ॥ सो स्वप्नमें पितृश्वरके राजा

अर्यमा आये सो विननें कही के आजतें हाथ काढवेकी रति बंध भइ ॥ क्योंके आगे ए वात निभेगी नहिं. तासों ॥ आप सवेरे श्राद्ध करे सो ब्राह्मण चटके स्थानपें बेठायके करे ॥ तो आपके दादे परदादेकों प्होंचेंगे ॥ या वातमें कछु आप संदेह न करेंगे ॥ देवता हे सो परोक्षप्रिय हे ॥ ये वात स्वप्न द्वारा कहे के अर्यमा गये ॥ फेरि श्रीरामचंद्रजीने प्रातः काल उठिके अर्यमाके कहे प्रमाण श्राद्ध कर्यो तब सों हाथकाढने बंध भयेहे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत छयासीमो संपूर्ण ॥ ८६ ॥

[वचनामृत ८७ मो,]

अब सित्यासीतमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो भक्तनकी भगवान सदा सहाय करे हे ॥ तासों भक्त न होय ओर ब्राह्मणकुलमें जन्मे तो कहा भयो ताकुं कुलिन न जानिये ॥ तापें वचन "सोइ कुलिनदास परमानंद जो हरि सन्मुख होइ" तासों उत्तम कुलको गर्व न राखनो ॥ केवल प्रभुके शरण सेवायुक्त रहेनो सोइ उत्तम कुल हे ॥ श्रीमहादेवजी परम भगवदी वैष्णव हे जो क्षणार्ध प्रभूके ध्यान स्मरण विना रहेते नहि हे तासों श्रीमहादेवजी कहाये ॥ सो श्रीमद् भागवतमें हूं लिख्या हे ॥ जो " वैष्णवानाम् यथा शंभू " ॥ तब शाहपुरा के वैष्णव रामकुंवरजी पंडयानें प्रश्न कर्यो जो कितनेक वैष्णव महादेवजीकी निंदा करे हे, ओर श्रीमहादेवजीके इहां जाय नहिं हे, ओर शिवरात्रिको व्रत नहिं करे हे, सो करनो के नहि ? शिवालयमें जानो के नहि ? तापें आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीमहादेवजी तो परम भगवदीय हे सो जेसी वैष्णवकी निंदा करे तेसी श्रीमहादेवजीका निंदा हे. तासों श्रीमहादेवजीकी निंदा नहिं करनी ॥ वैष्णवकी निंदा करेतें श्रीप्रभूजा अप्रसन्न होय हे ॥ ओर शिवरात्रि व्रतको तो आगे भ्रगुवादि वैष्णव करते हते. सो श्रीमहादेवजीको तथा दक्षप्रजापतिको परस्पर द्वेष भयो तामें श्राप भयो जो तुम्हारो व्रत करेगो सो पाखंडो होयगो एसो श्राप हे ॥ सो कथा चतुर्थ स्कंध श्रीभागवतमें हे ॥

तासों शीवरात्री व्रत वैष्णव नहि करे हे ॥ अपने मार्गमें तो निंदा काहुकी हे श्रीमहाप्रभुजीनें श्रीमहादेवजीकुं इश्वर कोटीमें गीनेहे॥ रामानुजसंप्रदायवारे श्रीमहादेवजीकी निंदा करे हे॥ अपने नहि॥ ओर शिवालयमें चलायके तो जानो नहि, ओर क्षेत्रपति होय तो चलायके जानो॥ उहांजेश्रीकृष्ण करने, ओर जाते आवते मार्गमें शिवालय आवे तो जेश्रीकृष्ण करने॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सित्यासीमो संपूर्ण ॥८७॥

वचनामृत ८८ मो.

अब अठ्यासीमो वचनामृतमें दासने प्रश्न कर्यो॥ जो भ्रगुजी वैष्णव केसे भये ? तब आप आज्ञा करि ॥ जो दशम स्कंधमें कथा हे जो भ्रगुवादि ऋषि तपश्चर्या करते हते सो उहां वानें विचार कर्यो जो तीन देवमें बडे कोन हे ॥ ताको आश्रय करे॥ एसो विचार करी परीक्षार्थ प्रथम भ्रगुजी ब्रह्माजीके पास गये॥ सो न तो नमस्कार किये न कछु बोले बतराये योंही जाय ठाडे रहे ॥ सो देखिके ब्रह्माजीकुं रीस चढी॥ सो देखीके उहांसो भ्रगुजी कैलासपति श्रीमहादेवजीके पास गये॥ श्रीमहादेवजी साम्हे मिलवेकुं पधारे ॥ सो दूर सों श्रीमहादेवजीवकुं वरजे जो तुमतो अशौच हो, स्मशानादिक मलीनता विषे निरंतर रेहेहो एसें अनेक तरेहके दुर्वाक्य कहे॥ तो सुनिके श्रीमहादेवजीकुं अत्यंत क्रोध चढयो, सो त्रिशुल लेके भ्रगुजीकुं मारवेके लिये दोडे॥ सो यह बात श्रीपार्वतीजीने महादेवजीकुं समजायके रोषकी सांत्वना करी॥ फेरि भ्रगुजी श्रीवैकुंठमें भगवानकी पास गये॥ सो इनकुं काहुने रोके नहीं ताको कारण येहे जों सनकादिनकुं आगे जयविजय पोरियानें रोके हते तामें विघ्न भयो तासों यह आज्ञा भइ हती जो कोइ ऋषिश्वरनकों रोकटोककी छुटी हती तासों भ्रगुजी चले गये॥ सो काहुने रोके नही॥ सो उहां श्रीठाकुरजी पोढे हते सो जातेइ आपके वक्षःस्थलमें लत्ता प्रहार कर्यो, सो भगवान चोंकिके जागी उठे, सो जागतहीं देखे तो भ्रगुऋषि ठाडे हे, सो देखिके आप ठाठे होइ गये॥ ओर आगता स्वागता

करी ओर कहे जो । तुम्हारे चरण अति कोमल हे सो आपकुं लगी गइ होयगी ॥ सो अपराध क्षमा करेंगे ॥ एसे कहेके भ्रगुजीके पांवको दाबवे लगी गये ओर बहोत आदर सन्मान कर्यो ॥ फेरि भ्रगुजी श्रीभगवतयश वर्णन करते थके सब ऋषिश्वर बेठे हते तहां आये ॥ ओर सबनसों कही जो सब देवतानमें मुख्य श्रीभगवान हे ॥ तासों इनको ही भजन करनो ॥ सो ता दिनसों भ्रगुवादिक बडे ऋषिश्वर सब वैष्णव भये. ओर श्रीभगवान इन भ्रगुजीके चरणको चिह्न वृक्षःस्थलमें अंगिकार किये ॥ सो अद्यापि मर्यादास्वरूपनमें दर्शन देते हे ॥ तब दासने विनती करी जो कृपानाथ ! पुष्टि स्वरूपनमें क्यों नहि ? तब आप आज्ञा करे जो भ्रगुजीकी तो वैकुंठतांइ गम्य हती ॥ तासों पुष्टिमार्गके श्रीठाकुरजी तो गोलोकवासी हे ॥ तासों पुष्टिमार्गके श्रीठाकुरजीके भ्रगुलांछन नहि हे ॥ ओर भ्रगु हे सो मर्यादा भक्त हुते केवल यज्ञयागादिक करीके भगवानको नाम स्मरण करे हे ॥ ओर इहां पुष्टिमार्गमें तो सेवाहि मुख्य हे ॥ ओर सेवाके अवकाशमें भगवद्यश अहर्निष गावतें रहेनो ॥ यह पुष्टिमार्गको सिद्धांत हे ॥ ओर भिष्मपितामहहु मर्यादाभक्त हते ॥ ओर श्रीयशोदाजी, श्रीकुंतिजी ओर समस्त व्रजभक्त, ओर बालवृद्ध पर्यंत स्त्रीपुरुष, ओर व्रज, पशु पक्षी पर्यंत उद्धवजी, विदुरजी, श्रीशुकदेवजी, राजा परिक्षित, अक्रुरजी ओर श्रुतेदवराजा; जनक, बहुलाश्व, एतन्मार्गीय समस्त वैष्णव सब पुष्टिभक्त हे ॥ इनकुं श्रीठाकुरजी विषे अत्यंत प्रेम हे ॥ ओर पुष्टिमार्गके आचार्य श्री महाप्रभुजी तथा श्रीगुसांइजी स्ववंश युक्त हे तासों या मार्ग तो आप की कृपाबलतें सिद्धि होय हे ॥ जीवकी सामर्थ्य नहि हे ॥ केवल कृपा साध्य हे ॥ ओर जीव तो केवल अज्ञानी हे ॥ महातुच्छ हे, तासों अपनी सत्ता करीके या मार्गमें प्रवेश होय शके सो नहि ॥ प्रभूजी अपनी कृपा दृष्टिसों विचारे तो होय ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत इव्यासीमो संपूर्ण ॥ ८८ ॥

[वचनामृत ८९ मो.]

अब नव्यासीमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो एक समय श्रीगुसांइजी आप आपकी बेठकमें बिराजे हते ॥ ओर निज मंडली पास बेठी हती, ता समे सगे भाइ दोय वैष्णव आये, दंडवत् करीके बेठे ॥ ओर विनती करी जो राज! हमारे दोय भाइकुं श्रीप्रभूजीकी सेवा करवेको मनोरथ हे ॥ सो दोउनकुं सेवा करिवेकुं स्वरूप न्यारो न्यारो पधराय दिजिये ॥ तब आपने पुछयो जो तुमकुं कहा कहा बातको शोख हे, ओर केसे सेवा करोगे? तब एकने बिनती करी जो मोकुं तो काहु बातको शोख नहि हे में तो श्रीठाकुरजीको स्मरण करुं, ओर सेवा करुं ॥ फेरि दुसरो बोल्यो जो कृपानाथ! मोकु तो सब बातको शोख हे, अत्तरको, तथा गावेकोहु, तथा लौकिकमें जो बात हे ताको सब मेरे शोख हे, ॥ तब श्रीगुसांइजी आज्ञा करे जो तोकूं तो श्रीठाकुरजी पधराय देइंगे ॥ ओर इनकुं काहु बातको शोख नहिं सो ए कहा करेगों उलटो श्रीप्रभुनकुं दुःख देइगो ॥ सो वा शोखीनकुं तो सेवा करिवेकुं श्रीठाकुरजी पधराय दिये, ओर वा दुसरेको काहु बातको शोख न हतो ताको श्रीठाकुरजी नहि पधराय दिये ॥ ताको हार्द जो जाको लौकिक शोख होयगो सो अलौकिकमें श्रीप्रभून विषे समर्पण करेगो वैष्णव भये पीछे कुलक्षण रहे नहि, परंतु शोख होय सोइ भावना सो प्रभुन विषे अनुसरे तासों पुष्टिमागीय वैष्णवनकुं शोख राखनों सो श्रीप्रभूनके सुखार्थ राखनों ॥ सो निरोधलक्षणमें दश इन्द्रीय भगवद् परत्वे वैष्णवकी हे ॥ एसे आज्ञा श्रीमहाप्रभुजीने निरोधलक्षणमें कहे हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत नव्यासीमो संपूर्ण ॥ ८९ ॥

[वचनामृत ९० मो.]

अब आप नेवुमो वचनामृत आज्ञा करे ॥ जो श्रीमहाप्रभुजीने अपने मार्गमें चार प्रमाण राख्यो हे ॥ जो एक तो वेद, दूसरे श्रीगीताजी, सातसों श्लोक हे ॥ जामें, श्रीप्रभुजाके वाक्य श्लोक ५७४ हे. सोइ प्रमाण

हे ॥ ओर तीसरो व्याससूत्र ॥ तापें आपने अणुभाष्य करे हे ॥ ओर श्रीभागवतमें समाधि भाषा हे सो ॥ ए चारको श्लोक ॥ वेदाःश्रीकृष्ण वाक्यानि व्याससुत्राणि चैव हि ॥ समाधि भाषा व्यासस्य, प्रमाणं त चतुष्टयः ॥ १ ॥ या श्लोकानुसार उपर लिख्यो हे ॥ ओर आचार्यपद्वो चार ग्रंथकरे तब मिले हे ॥ सो प्रकार एक तो श्रीभागवतकी टीका, दूसरे व्याससूत्रपें भाष्य, तिसरे अपने मार्गको निबंध, चतुर्थ वादके ग्रंथ, ए चार ग्रंथ करे तब आचार्य पदवी मिलें हे ॥ तासों आचार्य हे सो जा स्वरूपको आश्रय बतावे सोइ स्वरुप जानने ओर आचार्यनकुं हु वेइ स्वरुपजानने ॥ श्रीठाकुरजी आप आज्ञा करे हे जो "आचार्यमां विजानियात्" एसे एकादश स्कंधमे कहे हे ॥ तासों न तो श्रीभागवत, तथा श्रीनाथजीमें भेद जाननो; ये दोय एक हि स्वरुप हे ॥ ओर द्वादशस्कंध हे सो द्वादशअंग श्रीप्रभुनके हे. सो श्रीशोभावहुजी पोरबंदरवारेने भाषामें धोल करिके भाव बहोत खुलाये हे सो सबनकुं समज पडे एसे हे ॥ सो वे धोल सोले श्रीसुबोधिनीजी अनुसार करेहे ॥ ओरहु श्रीमहाप्रभुजी, श्रीगुसांइजी, श्रीठाकुरजीके, धोल; कीर्त्तनादि अपनेमार्गके सिद्धांत के बनाये हे सो श्रीशोभावहुजी बडे महानुभाविक हते ओर श्रीहरिरायजीको इष्ट हतो ॥ सो वैष्णवकुं श्रीभागवतको पाठ अवश्य करनो चहिये ॥ नित्यनियमसुं करनो जितनी श्रद्धा होय तितनो ॥ ओर कदाचित पढ्यो न होय तो ब्राह्मण वैष्णवके मुखसों श्रवण करनो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत नेवुमो संपूर्ण ॥ ९० ॥

[वचनामृत ९१ मो.]

अब एकाणवो वचनामृत आप आज्ञा करे हे ॥ जो श्रीठाकुरजीकी मानसीसेवा करनी ॥ ताको प्रकार ॥ पहेले तो ऋतु अनुसार उठिके स्नानादि नित्यकर्म करनो. फेरि जपादि पाठ नित्यनेंम करनो. श्रीप्रभुजी बिराजते होय तो; सेवा करते होय ता रीतिसूं करनो ॥ फेरि एक एकांत

स्थलमें जाय बेठनो, जहां कोइ मनुष्यादिकी बोला सुनी न पडे एसो एकान्तमें आसन बिछायके बेठनो ॥ फेरि चित्तकुं एकाग्र करनो, ओर एकासन बेठिके ओर नीची दृष्टि करि नाककी दांडी पर नजर मिलावनी ॥ फेरि जो प्रभु बिराजते होय तो प्रभुको हृदयमें ध्यान लावनों ओर जो प्रभु घरमें न बिराजते होय तो श्रीनाथजी आदि अष्टस्वरुप बिराजते हे ॥ तिनमें सो जो स्वरुपपें लग्न होय ता स्वरुपको ध्यान नख शिखपर्यन्त करनो ॥ ताको प्रकार पहेले तो श्रीचरणारविंदके नखनकों ध्यान करनो ॥ जानु चंद्रकेसे दशों नख हे; ओर चरण तलेमें दोउमें षोडश चिह्न हे ॥ ताको ध्यान करनो ॥ नव चिह्न दक्षिण चरणारविंदमें हे ॥ ताके नाम ॥ साथिया, अष्टकोण, यव, जंबु, उपवित, ध्वजा, उर्ध्वरेखा, अंकुश, कमल, अब वाम चरणारविंदमें सात चिह्न हे ताके नाम ॥ मत्स, त्रिकोंण, कलश, इन्द्रधनुष, वियद्, गोपद, अर्धचन्द्र, या प्रमाण दोउ चरणारविंदमें मिलिके षोडश चिह्न हे ॥ ताको प्रत्येक स्वरुप विचारिके ध्यान करनो ॥ तदनंतर अंगुरिया एडीसों लगाय चरणको तथा अंगुष्टाको ध्यान करनो ॥ तिन विषे आभूषण पहेरे हे. तिनके नाम ॥ नूपुर, तोडा; पगपान, पायल; अणवट. विछिया. जेहर. ॥ इन संयुक्त चरणारविंदको ध्यान करनो ॥ ता पिछे पिंडुरीको ध्यान करनो. ता पिछे गोडाको ध्यान. ता पीछे जंघाको ध्यान, ता पाछे कटिको ध्यान, फेरि वस्त्र जो घरके श्रीठाकुरजीकुं धरे होय ताको ध्यान ॥ ओर घरमें श्रीठाकूरजी नहिं बिराजते होय तो तथा विदेशमें होय तो जा स्वरुपको ध्यान करते होय ता स्वरूपके घरकी रीति प्रमाण श्रृंगारकी धारणा करनी ॥ कटि में क्षुद्रघंटिका, कटिपेच, इत्यादिककी भावना करनी फेरिउदरनी भावना करनी ॥ त्रिवली संयुक्त बिचमें नाभि बिराजते हे ॥ फेरि स्तनकी. वक्षःस्थलकी. फेरि श्रीहस्तकमलकी. द्विभुज वा चतुर्भूज ॥ जो अपने मनमें धारणा किये होय ताकी जो लीलाको स्वरुप होय. वेणुधारी, वा आयुद्धधारी. वा गिरिराजधारी, सो विचास्ने ॥ ओर श्रीहस्तकमलकी

अंगुरिया तथा अंगुठा तथा नखचन्द्रकी न्यारी न्यारी भावना करी ध्यान करनो ॥ साभरण युक्त कडा, पोंची, हस्त सांकलां, मुद्रिका, बाजुबंध, इत्यादिक विचारनो ॥ फेरि श्रीकंठको ध्यान करनो ॥ तामें आभुषण, कंठाभरण कौस्तुभादि फेरि श्रीमुखारविंदको ध्यान करनो ॥ जो कोटिकंदर्प लावण्य तामध्य ठोडीको ध्यान करनो, ॥ सुंदर बिंडि अरोगे थके रक्त होय रहे हे; ओर दंतपंक्तिको ध्यान तथा रसनाको ध्यान करनो ॥ फेरि नासिकाको ध्यान ॥ तामें वेसर बिराजे हे; फेरि नेत्र कमलको ध्यान ॥ सुंदर कमलपत्र जेसें अंजनादि युक्त तथा भृकुटिको ध्यान ॥ पीछे भाल, ताके बिच तिलक; बिराजमान हे वांक सहित, तापर अलकावलि बिराजमान हे ॥ फेरि केशकी भावना करनी ॥ फेरि श्रीमस्तककी भावना करनी ॥ श्रीमस्तकपें पाघ, टीपारो, मुकुट, कुल्हे, शेहेरो, फेंटा, पगा, विगेरे ॥ जाको यथाभिलाष होय ताकी भावना करनी ॥ लड, शिरपेच, शिशफुल, कलंगी, सहित. फेरि श्रीकंठको शृंगार ॥ कंठमाला, चोकी, कंठी, पदक, हारमाला, हांस, त्रवली, बेंदी, हमेल, गुंजा, हलको भारी शृंगार प्रमाणे ॥ फेरि श्रीपीठकको भावना करनो ॥ ओर विना पीठक स्वरुप होय तो नही ॥ श्याम, गौर, बाललीला, किशोरलीला, जा भांतिकी लगन होय तेसी भावना करी ध्यान करनो ॥ फेरि श्रीस्वामिनीजीको ध्यान करनो, सो शिख तें लगाय नख पर्यंत अपनकुं दर्शन होते होय, जीवको अधिकार होय तितनी ता प्रमाण भावना करनी ॥ अति सकुमार स्वरुप, गौर, द्विभूज, यथास्थान, वस्त्राभरण भूषित एसें युगलस्वरुपकी मानसी करिके साष्टांग दंडवत् करने ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृतं एकाणुमो संपूर्ण ॥९१॥

[वचनामृत ९२] मो.

अब बाणुमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो सेवा मानसीमें प्रथम श्रीमहाप्रभुजीके स्वरूपकी भावना करनी ॥ जो श्लोक.

[1]सौन्दर्यं निजहृद्गतं प्रकटितं स्त्रीगूढभावात्मकं
पुंरूपञ्च पुनस्तदन्तरगतं प्रावीविशत्स्वप्रिये
संश्लिष्टावुभयोर्बभौ । रसमयः कृष्णो हि तत्साक्षिकं ।
रूपं तत्त्रितयात्मकं परमभिध्येयं सदावल्लभम् ॥ १ ॥

या श्लोकको आशय ये हे जो श्रीठाकुरजी तथा श्रीस्वामिनीजी तथा दोय स्वरूप भेलेको स्वरूप श्रीमहाप्रभुजी हे ॥ एसे श्रीमहाप्रभुजी हे तिनको ध्यान करनो ॥ फेरि श्रीसर्वोत्तमके पाठसों स्तुति करनी ॥ फेरि श्रीगुसांइजीको ध्यान करनो ताको प्रकार श्लोक आगे लिख्यो हे "सायंकुञ्जालयस्था" याके अनुसार ॥ ओर नामरत्न स्तात्र करिके स्तुति करनी ॥ फेरि श्रीयमुनाजीकी मानसी करनी ॥ श्यामस्वरुप, शिखतें नख पर्यंत वस्त्राभरण भूषित, एसे श्रीयमुनाजी ताकी स्तुति; श्रीयमुनाजीके चालीस कीर्तन हे तामें तें एक कीर्तनसों स्तुति करनो तामें, ओर मंदिरमें श्रीठाकुरजीके आगे कीर्तन गवे हे सोउ प्रथम श्रीमहाप्रभुजीको, दुसरो श्रीगुसांइजीको, तिसरो यमुनाजीको, या प्रमाण गवे हे ॥ फेरी एकाग्रचित्त होय के तीन तालि बजावनी ॥ सो तालीमें घंटानादको भाव करनो फेरी तीन ताली बजाय शंखनादको भाव करनो ॥ ओर जहां झालर घंटाको काम पडे तहां तालि बजावनी. फेरि जगावतें लेके पोढावे तांइ जा प्रमाण श्रीप्रभुनकी सेवा करी होय ता प्रमाण मानसी करनी ॥ ओर ऋतु अनुसार बागा, वस्त्र, आभुषण, शैया, गादी, तकिया, खंडपाट, सिंधासन. विगेर सब साजकी भावना करनी ॥ तथा उत्सवादिककी भावना करनी. या प्रमाण मानसी सेवा करनी ॥ सो ए मानसी सिद्ध होय तो पुष्टिमार्गको परम फल हे सो प्राप्त हो जाय ॥ सो श्रीगुरुदेवकी कृपातें सिद्ध होय ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत बाणुमो संपूर्ण ॥९२॥

१ आ श्लोकनी संस्कृत टीका तथा तेना आधारे गुजराती टीका अमारा तरफथी प्रगट थइ छे ते वैष्णवोए अवश्य वांचवा जेवी छे.

[वचनामृत ९३ मो.]

अब आपनें आज्ञा किये जो ॥ मानसी सेवा सिद्ध भइ केसे जानिये ताको प्रकार ॥ जो राजा आसकरणजीको भइ वेसो होय तव जानिये ॥ सो वार्ता ॥ जो राजा आशकरणजीके साम्हें कोइ शत्रु लडवे आयो सो ताके सामें जो राजा चढे, सो सब लश्करके बिच राजा घोडापें सवार भये, चलते, ओर मानसी सेवामें चित्त तो एकाग्र हतो सो वे सेवा करते सो वा समय राजभोग धरवेको समय हतो, सो कढिको डवरा पधरायके जाते हते सो घोडाकुं ठोकर लगी सो तासो सब कपडा जामा विगेरे सब कढि सों भरे गये ॥ तासों एसे प्रकारसों चित्तको एकाग्र सेवा विषे लगायके मानसी नित्यनेंमसों करनी ओर मनमें संदेह न राखे जो बनेगी के न बनेगी ॥ एसो न विचारनो ॥ ओर स्नेहपूर्वक करे तो सिद्ध होय ॥ सो आजकालके वैष्णवकूं हुं सिद्ध भइ हे हमने हमारी आंखनसों देखी हे ॥ तब रामकुंवरजीने विनती करी ॥ जो ए वैष्णव कोनसें हे ? सो कृपा करी आज्ञा करिये ? तब आप आज्ञा किये जो कांकरोलीके वैष्णव बालकृष्णदास हते सो जातके दरजी हते, सो इहांसो तो लडिके चले गये सो बडोदाकी बेठकमें रेहेते, ओर छुइवे छायवेको संदेह बहोत हतो. सदाइ अपरसमें रेहेते, सो एक चटाइ बिछायके एकांतमें मानसी करते ॥ सो कोइ वैष्णवनें एकाद बिरियां श्रीद्वारकांधिशको शृंगार पूछयो ॥ तब नखतें लगाय शिख-पर्यंत केहे दियो ॥ सो वानें लिखि राख्यो. फेरि इहां जादवजी नामे दरि-खानापें बेठते विनसुं पत्र दिनवार लिखिके वा शृंगारकी पांदडि उतारिके पठाइ, सो इहां मिलाइ सो बराबर मिलि ॥ फेरि उनको प्रतिउत्तर विन जादवजीने लिख्यो ओर उहांसो श्रीद्वारकांधीशके वस्त्र बडोदासों सीवके सब जोड इहां पठावते सो सब ज्योंके त्यों बेठी जाते ॥ परंतु रीस बहोत हती. आभुषणहुं पोयके पठावते, सोउ बेठी जाते ॥ सो संवत् ९९२५ की सालमें भगवद् लीलामें प्राप्त भये ॥ एसे भगवदी अब होने कठिन हे ॥ श्रीव्रज-

भूषणजी महाराजकी इनके उपर पूर्ण कृपा हती ॥ ओर कछु अभ्यास सुरतवारे वैष्णव व्रजवल्लभदासजीने कीर्त्तनको करिके लीलाकी मानसी करवे लगे ॥ सो बडेनके अनुग्रहसो कछुक कृपा होइ गइ, सो विकल दशा हो गइ ॥ जेसे श्रीनारदजीकुं श्रीठाकुरजीके दर्शन किये ओर विकल भये ॥ फेरि आकाशवाणी द्वारा आज्ञा भइ जो मैंनें तो एक बिरियां दर्शन दिये सो याके लिये जो हमारे विषे भक्ति बढे ॥ अब या लाकको छोडिके मेरे भक्त होउगे तुमकूं सब जन्मकी स्मृति रहेगी ॥ एसी आज्ञा भइ मेरे अनुग्रह तें तथा तेरी हमारे चरणाविंद विषे प्रीति रहेगी ओर भक्ति कबहु भेद न पावेगी ॥ सो ऋषिश्वरकी सेवा करी तथा जुठन लीनी ताके प्रभावसों भगवद् कृपाभइ ॥ ए वार्ता नारदजीके पहेले जन्मकी हे ॥ एसे इन व्रजवल्लभदासकुं हुं एकवार झलक भइ परंतु विकलतासों जो वस्तु हाथ लगो सो ताको मझा ले नहीं शके ॥ श्रीप्रभुनकीकृपामें तो कसरनहीं ॥ ओर थोडिक बेगमवारे रावजी महासिंधजीकुं सूक्ष्म स्वरुपकी भावना सिद्ध भइ हती ॥ ओर स्थुल स्वरुपके तो चित्र तथा स्वरूप द्वारु (चंदनादिकाष्टनी) मयी बनाये हे सो इनकेजेसी तो विवेचना कोइनेनहीं करी ॥ सो प्रभुकी कृपा तथा गुरूदेवकी कृपातें जो कोउ चित्त एकाकार करे तो आज हु बनी शके हें ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत ताणुंमो संपूर्ण ॥९३॥

[वचनामृत ९४ मो.]

अब चोराणवो वचनामृत आपने आज्ञा करी ॥ जो तामें रामकुंवरजीने प्रश्न कर्यो ॥ जो कृपानाथ ! श्रीनाथजीके तथा श्रीद्वारकाधीशके दर्शन करे पीछे मानसी करनो, एकांत बेठनो, ओर कछुक श्रमहु करनो, ताको कारण कहा ? तब आप आज्ञा करे जो ओर ज्ञानि ध्यान करे हे एसे न जाननो ॥ ज्ञानिको ध्यान हे सो तो केसो हे जो भगवान स्वस्थानकुं विराजेके अपने हृदयमें लावे ॥ ओर अपने तो जा दिन निवेदन भयो ता दिन प्रभुजी हृदयमें पधारे हे, तासो ज्ञान करिके लावेको तों काम नही हे ॥

ओर हु हृदयमें जो भगवान हे तीनकुं बाहिर पधरावने ताकी मानसी हे सो यामें तो बहोत ही सुखद हे ॥ ओर अपनो संप्रदायमें तो मानसी सेवा मुख्य हे ॥ सो विष्णुस्वामीने एंसी वर्ष पर्यंत मानसी करो, तब दर्शन भये ॥ ओर श्रीमहाप्रभुजीनेहुं मानसी मुख्य राखी हे सो सिद्धांतमुक्तावलीमें आज्ञा करे हे ॥ जो "मानसी सापरामता" सेवा हे ॥ सो इनके विषे चित्त लगे तासो सेंवा करनी ॥ जो मानसी सेवा सिद्ध होय ॥ सो सेवा तनुजा ओर वित्तजा हे ॥ एसे श्रीआचार्यजीकी आज्ञा हे फेरि मानसी हे सो मुख्य हे ॥ सो श्रीद्वारिकेशजीने हुं गाये हे ॥ जो "मानसीरीतिकी मुख्य सेवा व्यसन, लोकवैदिक त्याग शरण गोपीशको" इति वचनात् ॥ तासों मानसी सेवा मुख्य हे ॥ तासों कोइ प्रकारसों या जीवसों मानसी सेवा बने तो अत्यंत श्रेष्ठ हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत चौराणुमो संपूर्ण ॥ ९४ ॥

[वचनामृत ९५ मो.]

अब आप पंचाणूमो वचनामृत ओप आज्ञा करे ॥ जो हमारे मोसाजी काशीवारे गोस्वामी श्रीगिरिधरजीहुं मानसी करते ॥ ओर एक काच श्रीनाथजीको बनायो हतो, सो श्रीगंगाजीमें बहुत परिश्रम करिके कटि पर्यंत जलमें रेहेके; सोले महिना तांइ, पिछली एक प्रहर रात्रि रहे, वा बिरियां सों लेके पीरेबादर होते तांइ एक श्रीहस्तमें तो काच ओर एक श्रीहस्तमें माला लेके श्रीगोपालमंत्रको पुरश्चरण कर्यो सो काच सिद्ध भयो तामें श्रीनाथजीके दर्शन समय समयके ऋतुअनुसार होते ॥ ओर जाको मनोरथ होतो दर्शनको तिनसबनकुं करावते ॥ फेरि आप श्रीजीद्वार पधारे सो वा काच संग लेके पधारे ॥ सो रस्तामें रजस्वला स्त्रीकी दृष्टि पडी गइ तासों श्रीनाथजीके दर्शन तो होते परंतु शृंगार समयादिकके दर्शन होते बंध हो गये ॥ ओर काच धुंधरो हो गयो ॥ सो काच इहां लायके आछीमाकुं दिये ॥ आछीमा सो कोन ? श्रीदाउजी महाराजके बडे बहुजी श्रीलक्ष्मीबहुजी जाको सब

कोउ आछीमा केहेते सो वे काच लाइके श्रीगिरिधरजीने आछीमाकुं दिये सो वा आछीमा हमारे मोंसीजी लगे, सो वे काच आप बिराजे तहां तांइ तो रह्यो फेरि आछीमा लीलामें पधारे पीछे श्रीगोविंदरायजीनें चीजवस्त संभाली तामें काच न पायो कहा जाने कहां गयो ताको खबर न पडी ॥ ओर श्रीगिरिधरजी मोसाजीहु श्रीजीद्वारमें लीला प्रवेश किये ॥ आपकों छप्पनभोग सातो स्वरूप भेले करिवेकों मनोरथ हतो सो आपके मनमेंइ रहे गयो. विद्याभ्यास आपको बहुत हतो ॥ पुष्टिमार्गमें सुर्यरुप हते ॥ एसे प्रतापी हते ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत पंचाणुमो संपूर्ण ॥ ९५ ॥

[वचनामृत ९६ मो.]

अब छनुवो वचनामृत आप आज्ञा किये ॥ जो बिल्वमंगलके एक शिष्य हतो सो मानसी सेवा करत हतो सो मानसीमें सेवा करी; फेरि खीरमें बुरो डारिवे लगे, सो कछु विशेष पडयो, तब उपरसों काढि लेवे लगे तब श्रीठाकुरजीनें हाथ पकडयो, ओर आज्ञा करी कह्यो जो यामें तेरो कहा जाय हे ? तब वे बोल्यो जो कृपानाथ ! बहोत मीठो हो जाय तो आपकुं ज्वे नहि तासों काढुं हुं ॥ तब श्रीठाकुरजी मुस्काये ओर कही जुवाबतो ठीक बनायके ल्यायो परंतु मोकों तो मीठो बहोत भावत हे ॥ तामें खीरमें तो बहोतही मीठो चैये ॥ तब वा वैष्णव हाथ जोडिके विनती करी जो महाराज सुरत राखोंगो, ओर या अषराध तो क्षमा करे ॥ ओर अपनो जानिके मोको एसी कृपा करी आज्ञा करी फेरि मानसी सेवासों पोंहोंचीके बिल्वमंगलके पास गयो, सो दंडवत् करीके विनती करी ॥ जो तुह्मारी कृपासों श्रीप्रभूजीनें मोकूं अपनायो, ओर मानसीमें वृत्तांत भयो सो सब कह्यो ॥ सो सूनिके बिल्वमंगल बहोत प्रसन्न भये ॥ ओर कह्यो जो तिहारे अहोभाग्य हे जो ए बात ब्रह्मादिकनकुं दुर्लभ हे, सो तोको प्राप्त भइ फेरि वाने विनती करी जो मेरे तो आपकीं कृपाको प्रताप हे ॥

एसेइ अपनें संप्रदायमें श्रीगुसांइजीकी सेवामें एक ग्रहस्थ हतो वाको चित्त द्रव्य खर्च करिवमें बडो कृपण हतो सो वैष्णव भये तब विनती करि जो कृपानाथ ! मोंकुं तो एसी सेवा दिजे जामें द्रव्य खरच न होय ॥ तब श्रीगुसांइजी आपने आज्ञा करी जो हां ! हां ! तोकुं द्रव्य खर्च न करनो पडे एसो सेवा देइंगे सो वाकों मानसीसेवाकी रीति सब बताइ ॥ सो सामग्री खोरसिद्ध करी सो तामें बुरो डारिवे लायो जब बुरो बहोत पडी गयो, तब इनके मनसों पिछो काढि लेवे लगे तब श्रीठाकुरजीनें वा वैष्णवकों हाथ पकड्यो, ओर कह्यो ॥ जो यामें तो तेरे बापके टका नहीं लगे ? यामें सूं बुरो क्यों काढे हे ? तब चौंको उठ्यो, ओर अपनो भाग्य मान्यो ॥ जो धन्य प्रभू ! एसे दयालहो ॥ इति श्रीगिरिधरलालजो महाराजके वचनामृत छन्नुमो संपूर्ण ॥ ९६ ॥

 [वचनामृत ९७ मो.] 

अब सत्ताणुंमो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो मिरांबाइ हते सो मर्यादाभक्त हते, सो मर्यादाभक्त काहे ते जाने पडे ॥ जो विनके पतिके आगे लोगननें चुगलि करी, जो राणीजी तो साधुको संग करे हे ॥ ओर वाकी लाज मर्याद करे नही ॥ ओर जो आवे जासों बोले, बतरावे, सो अपनी आछी न दीखे ॥ तब राणाजीने झेरको प्यालो सिद्ध करिके पठायो, जो याकूं पीयो ॥ तब मिरांबाइके माथे मर्यादासेवा बिराजती हती, सो विनके आगे झेरको प्यालो भोग धर्यो. फेरि मिरांबाइने पीयो सो कछु न भयो ॥ परंतु पुष्टिभक्त होते तो झेरको प्यालो प्रभूनकुं भोग न धरते ॥ तासों मर्यादामें गिने ॥ ओर रामदासजी पंडित मिरांबाइके घर रेहेते, कीर्त्तन श्रीमहाप्रभूजीके गावते तब मिरांबाइने कह्यो ॥ जो कछु भगवद्यश गाओ ? सो रामदासजी सुनी अनसुनी करी गये तब फेरि कही ॥ तब रामदासजीकुं रीस चढी, ओर चित्तमें क्रोध बहुत आयो ॥ जो पुरो हिताइ छोडि देनी ॥ चित्तमें धारीके एसी विमुख हे तासों यहां रहेनो

नहीं ॥ एसे निश्चय करो क्रोध करोके बोले, जो दारी रांड ! ए कीर्त्तन प्रभुनके नहीं तो कहा तेरे खसमके हे ! यों कहिके उठि चले ॥ सों यहबातपें हुं निश्चय समजनो जो श्रीगुरुदेव तथा श्रीठाकुरजीमें भेद बुद्धि भइ तासों पुष्टिभक्त नहि ॥ फेरि ऐक समें कृष्णदास अधिकारी मिरांबाइके घर आये सो चाल चलाउं आये सो देखे तो उहां बृन्दावनी महंत हरिवंशजी आदि आये हते बहोत दिनसों ॥ सो उनकी विदा न भइ हती ओर कृष्णदासजीको मिरांबाइ श्रीनाथजीकी भेट सामग्रीको द्रव्य देवे लगी, सो कृष्णदासजीने न लीनी ॥ कछु मर्यादाभक्तकी चित्तमें आइ ॥ ओर वे बडे महंत केइ दिनासुं बेठे हते तिनसुं देखायवेके लिये न लीनो ॥ ओर चले आये ॥ आयके सब वृत्तांत श्रीगुसांइजीके आगे कह्यो ॥ तब आपनें आज्ञा किये जो श्रीनाथजी तो सबकोइको अंगीकार करे हे ॥ तब कृष्णदासजीनें विनती करी जो कृपानाथ ! सो तो सांची हे परंतु इतने महंत केइ दिनसूं बेठि रहे हे तिनकी नीची नाड करी आयो हुं ॥ तब येहे सुनिके श्रीगुसांइजी आप प्रसन्न भये ॥ जो तुम हमारे घरके एसेइ हो ॥ फेरि एक समे मिरांबाइ व्रजयात्राकुं आये ॥ सो श्रीवृन्दावनमें सब जगे दर्शनकुं गये ॥ सो फेरि हरिवंशजी गुसांइजीके दर्शनकुं गये, सो बाह्यर पहेरावारानें रोके, तब मिरांबाइनें कही जो खबर करो जो मिरांबाइ आये हे तब उननें हरिवंशजीनें केहेवाइके अबि तो मानसी करे हें ॥ तब मिरांबाइ बोले जो मानसी तो होनी बडी कठिन हे ॥ ओर गुसांइजी तो रथको साज बनवाय रहे हे ॥ सो एसें आसामीसों केहेके मिरांबाइ गये ॥ सो कृष्ण चैतन्यजीके दर्शनकूं गये ॥ सो पहेरावालाने रोके जो स्त्रीजन उपर नहि जाय सके हें ॥ तब मिरांबाइ बोले जो एसे स्थल वृन्दावन धाममें रेहेके बडे महात्मा होयके अजहूं पुरुषाकृति रही कहा ! इहां तो सब स्त्रीरूप हे ! सो एसे कहेके चले गये ॥ ओर कह्यो जो पुरुषके दर्शन तों में हूं नहीं करुंहूं ॥ ए खबर पहेरावालाने कृष्णचैतन्यजीसूं कहीं ॥ तब

कही के जा दोडि जो वे जहांसूं मिले उहांसु जरुर बुलाय लाउ ॥ तब दोडिके पेहेरावारो गयो सो आगे जाते मार्गमें मिले, सो जायके कहो जा तुमकुं कृष्णचैतन्यजी बुलावत हे ॥ तब वासों कही जो अब तो मोकूं श्रीगोकुलजी जानो हे ॥ एसे वासों केहेके डेरापें गये ॥ फेरि रात्रि भइ तब डेरापें हरिवंशजी आये सो हावभाव आदर करी आसन बिछायके बेठाये ॥ तब हरिवंशजी बोले ॥ श्रीप्रियाजीने हमकुं अभिमान बढ्यो जानिके मुख्य सखीकों हमारो अभिभान छेदनकुं पठाइ हे ॥ सो तुम्हारी बात तो तुमसों इ हे ॥ सो कहां तांइ लिखे ओर तुम तो हमसों जीती गये ॥ जो रथकी बात तो बाह्यरसों केहे दीनी सो वासमें सोइ बात होत हती ॥ फेरि मिरांबाइके तथा हरिवंशजीके अर्ध रात्रि पर्यंत भगवद् वार्त्ता बहोत अलौकिक परस्पर भइ ॥ सो दोउ देहाध्यास भुलि गये ॥ सो घडी दोयमें सावधान भये ॥ फेरि हरिवंशजी मिरांबाइ सों बिदा होय अपनी बेठकमें जाय सोय रहे ॥ ओर मिरांबाइ अपनो नित्यकृत्यकरी, श्रीगोकुल आये ॥ सो श्रीगोकुलमें सब स्वरुपनके, तथा श्रीगुसांइजीके दर्शन करे ॥ फेरि श्रीगुसांइजीके दर्शन करी, बेठकमें गये ॥ तब आप आज्ञा करे जो बेंठो, ओर जुठन महाप्रसाद इहां लीजों घर तुम्हारो हे ॥ एसे शिष्टाचार कयो ॥ सो मिरांबाइने उहांइ प्रसाद लियो ॥ फेरि विनती करी जो श्रीनाथजीके दर्शनको अभिलाषा बहोत हे ॥ तब श्रीगुसांइजी मिरांबाइको लेके श्रीगिरिराज पधारे ॥ सो संध्या आरतिके दर्शन भये, सो दर्शन करीके मिरांबाइ बहोत प्रसन्न भइ ॥ ओर मिरांबाइकों देखिके श्रीनाथजी मुस्काये फेरि मिरांबाइने विनती करी जो कृपानाथ मेरे इहां पधारो ॥ सो श्रीनाथजीसेंनमें आज्ञा करी जो पधारेंगे ॥ फेरि श्रीगुसांइजीसुं विनती करी जो इतने ठिकाने मेंनें दर्शन करे, परंतु यह सुख यहांइ आयो ॥ पहले कांननसूं सुनी हती सो अब आंखनसूं देखी जो प्रभुनको सुख तो इहांइ हे ॥ फेरि कथा सुनिके मुकाममें गइ ॥ श्रीगुसांइजीनें इनको बहोत आदर

सत्कार करे, फेरि सवेरे भंगलाके दर्शन करी श्रीद्वारिकाजी जावेकी आज्ञा मागी ॥ ओर श्रीनाथजीके आगे नाची, ओर एक भजन गायो ॥ " देखे हरिगुरु एक शरीर " ए भजन गायो ॥ फेरि श्रीगुसांइजी प्रसादी वस्त्र, तथा बिडा दिये ॥ ओर श्रीमुखसों आज्ञा किये, जो मर्यादाभक्तनमें तुमसें होने कठिन हे ॥ फेरि विदाय होयके श्रीद्वारिकाजी गये ॥ सो श्रीद्वारिकाजीमें गोमतीजी स्नान करे ओर सब जगे दर्शन करे ॥ फेरि सेंनके समे श्रीद्वारिकानाथजीके आगे नृत्य कर्यो ॥ सो नृत्य करत करत सदेहसों श्रीद्वारकानाथजीकें स्वरुपमें लीन होय गये ॥ फेरि मिरांबाइके मनुष्य उदेपुर आये ॥ सो मिरांबइ एसे भगवदी हते सो श्रीद्वारकानाथजी सदेह अंगीकार कर्यो ॥ तासों इनके भाग्यको पार नहीं ॥ ओर इनके सेव्य ठाकुरजी श्रीगिरिधरलालजी हते ॥ सो मिरांबाइको अंगीकार भयो जाइ बिरियां अंतर्ध्यान भये ॥ ओरके पास सेवा न करवाइ ॥ ओर इनके भजन कीर्त्तनमें छाप " मिरांके प्रभु गिरिधर नागर "की आवे हे ॥ एसो ए मिरांबाइ वैष्णव तामें स्हेज नहीं समजने ॥ इनकुं देखोके श्रीनाथजी मुस्काये ॥ या समान कोन बडभागी ॥ पुष्ट वैष्णवकूं देखिकें तो मुस्कावे परंतु ए मर्यादा भक्तपें एसी कृपा भइ ए विशेषता जाननी ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत सत्ताणुंमो संपूर्ण ॥ ९७ ॥

[वचनामृत ९८ मो.]

अब अठाणुमो वचनामृत ॥ तामें रामकुंवारजीने प्रश्न कर्यो ॥ जो आप मुस्काये एसी कृपा करी तब अंगीकार क्यों नहीं कर्यो ? श्रीद्वारिकाजो क्यों पठाइ ? तब आपने आज्ञा करी ॥ जो पुष्ट होते तो इहां अंगीकार होतो ॥ तापें फेरि विनति करी जो कृष्णदास अधिकारीने मुसलमानो भक्तनको लाये सो सदहसों अंगीकार भयो ॥ तासों तो ए मिरांबाइ आछी हती ? ॥ आपनें आज्ञा करी जो " श्रीठाकुरजी भक्त मनोरथ पूरक हे " ॥ तासों कृष्णदासके मनोरथ सों अंगीकार करे हे ॥ ओर दूसरी बात जो ए

पूर्व जन्ममें ए श्रीललिताजीके युथमेंकी सखी हतो, सो श्रीठाकुरजी श्रीललिताजीके इहां पधारे, सो बात काहुने श्रीस्वामिनीजीसों कहीं सो आप सुनतहि श्री ललिताजीकी कुंजमें पधारे ॥ सो ए सखी डोढीपें बेठी हती ॥ सो श्रीस्वामिनीजी आपकुं रोके सो ता समे श्राप भयो सों जामें असुर योनिमें जन्म होवेकी आज्ञा भइ ॥ तब ए सखी आपके चरणारबिंदमें पडी, ओर विनती करी, जो महाराज मोकुं श्रीठाकुरजीने आज्ञा करी तासों मेंनें ए कृत्य कर्यो हे, परंतु आप वडे हो मेरे अपराध सामें देखो मति ॥ सो श्रीस्वामिनीजी तो एसे रीस करिके पाछे पधारे ओर सखीने जाय श्रीठाकुरजीसों कही सो जो श्रीठाकुरजी श्रीस्वामिनीजीकी निकूंजमें पधारे हे, तब श्रीस्वामिनीजी तो बडे मान करिकें बिराजे सो श्रीठाकुरजी बहोत दंडोत करी मनाये ॥ फेरि वा सखीकी विनती करी जो याको कछु अपराध नहीं हे ॥ तब श्रीस्वामिनीजीने कही जो एकवार तो हमारो वाक्य हे सो खाली न जायगो ॥ फेरि याको अंगीकार सदेहसों आप करेंगे ॥ तासों याको अंगीकार भयो हे ॥ तब रामकुंवरजीने फेरि प्रश्न कर्यो ॥ जो कृपानाथ ! मिरांबाइ एसी समजवार, ओर श्रीनाथजो सानुभाव, तथा श्रीगुसांइजीकी कृपा, ओर ए वैष्णव न भइ ताकों कारण कहा ॥ तब आपनें आज्ञा करी ॥ जो दामोदरदास हरसानी श्रीमहाप्रभुजीके दर्शन करत मात्र द्रव्यके ढेर बटकरिवेकुं करे थके छोडीके श्रीमहाप्रभुजीके संग चले आये ॥ ओर दामोदरदासके भाइ हुं श्रीमहाप्रभुजीके दर्शन करे, परंतु वे वैष्णव न भये ॥ सो क्यों ? एसे आपने रामकुंवारजी सों हसिके आज्ञा करी जो जेसे वे हु दैवी जीव न हते, तेसे ए मिरांबाइ इहांके न हते ॥ तासुं शरण न आये ॥ ओर श्रीद्वारिकानाथजी सदेहसों अंगीकार किये ताको कारण कहा ? जो इनकूं मानसी सिद्ध हती तासों ॥ जो एसे मानसी जाको सिद्ध होय ताको सदेहसों अंगीकार हे ॥ तासों मानसी एसो पदार्थ हे सो जीवकुं अवश्य करनी चाइये ॥ एक समे अमथानें विनती करी जो एक संखेडाके पास

पांच कोसपें चोरांगमा गाम हे तहांके ठाकुर हरिसिंघजी उपनाम मोटा बावा केहते, सो मानसी करते, परंतु माध्वी संप्रदायके हते, सो एक समय रात्रिके विषे मानसीमें बेठे हते, सो वा घरमें उपले मजलेमें सोयवेकी जगे हती, तहां एकांतमें बेठीके मानसी करते ॥ सो उहां आंच लगी सो खाट तथा गोदडा तथा छपरा जरवे लग्यो. परंतु वाको खबर नही सो नीचे उजीयारो देखीके ओर लोक दोडिके आये, सो सबन मिलि आंच बुझाइ, परंतु पास बेठे जाकुं खबर नहीं ॥ ए बात निश्चय देखी सुनी भइ हे ॥ सो आपनें आज्ञा करिके लिखाइ जो सुधर्म हे सो ऐसो पदार्थ हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत अट्ठाणुमो संपूर्ण ॥९८॥

[वचनामृत ९९ मो.]

अब नवाणुंमो वचनामृत आप आज्ञा करे जो संवत १९३४ के असाढ वदि ५ रविवारके दिन, श्रीनवनितप्रियजीकों गोस्वामी श्रीगोवर्धनलालजीनें मनोरथ करिके श्रीगोकुलनाथजीके मंदिरमें पधराये ॥ सो प्रकार आप आज्ञा किये ॥ जो नित्य सों दोय घडी उत्थापन सवेरे भये ॥ ओर उत्थापन भोग अरोगिके पधारे सो चकडोलमें बिराजिके, सब स्वारि सहित, चंबर, छडीदार, आगे, ओर सब गोस्वामी बालक संग हे, ओर वहु बेटी व्याहके गीत गावते थके, पर्छनमें होय, गोवर्धन पूजाके चोकमें होय, धोरिपटियांपें होयके पधारे ॥ अनेक भीड दर्शन करते थके, आगे झांझ पखावज दोय जोडी, किर्त्तन होते थके, बाजे बाजते थके ॥ एसी छबि श्रीगोकुलनाथजीके मंदिरमें पधारे ॥ ता समय कलसबंधी मार्जन भयो, कीर्त्तन पेहेले सेहेराके भये ॥ सो राग सारंग-'आजको दिन धन्य धन्यरी माइ' ए कीर्त्तन होते पधारे पधारीके भोगके दर्शन खुले, ता बिरियां फुहारे ८४ छुटे सो जलसों चोक भरि गयो ॥ ता समये ये कीर्त्तन गायो ॥ राग सारंगः- आज बने गिरिधर नवदुलहे नव चंदनको तन लेप कीये ॥ ए कीर्त्तन भोगके दर्शनमें भये ॥ फेरि संध्याभोग आये ॥ ता बिरियां किर्त्तनः-श्रीवृन्दावन-

कुंजनमें मध्य खसखानों रच्यो सितल त्रियारी झूकी धोखन बेहेत हे ॥ फेरि ॥ " छुटत फुहारे आगे नीके बिराजे दोउ उसीर मेहेल " इत्यादिक कीर्त्तन भये ॥ फेरि दर्शन खुले ॥ तब राग सोरठ "अंग अनंगन रंग रस्यो" आरती समे ॥ राग गोडी " करो लडेंती जुको आरतो " ए कीर्त्तन भये फेरि पट भये ॥ फेरि ग्वाल अरोगे, फेरि डबरा अरोगे, फेरि डबरा अरोगे, फेरि डबरा सरे ॥ पीछे हींडोलामें बिराजे ॥ हिंडोलाको तथा रथको अधिवासन भेलो भयो ॥ फेरि हिंडोला बिराजे ॥ वहु बेटीनने झुलाये ओर एक दंतन तथा दक्षिणी भाषाको कीर्त्तन वहु बेटी गाये ॥ फेरि दर्शन खुले ॥ क्रमसुं सब बालकनने झुलाये ॥ ता समे कीर्त्तन ॥ "झुलन आइ व्रजनारि गिरिधरनलालजुके सुरंग हिंडोरना " फेरि हिंडोलासों उतरीके सिंगार सहित शयन भोग आये ॥ फेरि सेन भोग सरे, पीछे उत्सवको भोग आयो ॥ फेरि समय भये भोग सरे फेरि रथमें पधारे ॥ दर्शन खुले बिडि अरोगे, वा समयकी झारी सब बालक भरे ॥ बिडि अरोगे ओर सब बालकन मिलिके रथ चलायो ॥ वा समय रोशनो भइ ॥ वा समय कीर्तन ॥ राग अडाणोः—"सुंदर बदन सुखसदन श्यामको निरखि निरखि मन थक्यो" ए कीर्तन भयो. जामें 'हसत हसत रथ हांक्यो' ए भावसों ए पद गायो ॥ फेरि वहु बेटी रथ चलाये पीछे आरति भइ, फेरि दूसरी आरति मनोरथकी भइ ॥ फेरि न्योछावरी भइ पाछें चकडोलमें बिराजे, फेरि मंदिरमें पधारे ॥ ता समय कीर्तन भयो " जुगल वर आवतहे गठजोरे " ॥ ए कीर्तन भयो ॥ फेरि मंदिरमें पधारे ॥ मंदिरके द्वारे कलसबंधो, मार्जन भयो, फेरि चकडोल भीतर तीबारीमें पधारे, फेरि चुनकी आरती, श्रीगोवर्धन-लालजीए करी ॥ वा समें कीर्तनः—"रानी तीहारो घर सुबस बसो" फेरि राईलोंन भयो, टेरा आयो, शृंगार बडे भये, फेरि फुलको जोड पहेरे, फेरि नित्यक्रमसुं पोढे ॥ ता बिरियां रात्रिप्रहर १ तथा घडी ६ उपर पेहे-रके गइ हती ॥ श्रीमहाप्रभुजी तथा शालिग्रामजी भीतरके रस्ता पधारे,

वाइ रस्ता पीछे पधारे फेरि उस्ता तथा दरजीकुं पाघ उपरणा जोडी ८ दिये ओर सब श्रीगोस्वामी बालकननें परिक्रमा दिनी ॥ श्रीमदनमोहनजी, श्रीबालकृष्णजी, तो संग हि बिराजकें पधारे हे ॥ ओर शृंगार भयो ताकी विगत ॥ श्रीमस्तकपें केसरी पाघ, ताके उपर सेहेरा, हीराके आभरण, हीराकी गादी, झालरको ओढणी केशरा, ओर एक दोय आभरण, एक पन्नाके कंठी पेहेरे ओर सवेरेसोइ उत्सवको क्रम रह्यो ॥ या मनोरथके समयमें श्रीगोस्वामी बालक हते तीनके नामः—(१) गोस्वामी श्रीगोवर्धनलालजी २ गोस्वामी श्रीगिरिधरलालजी श्रीविट्ठलेशरायजी वारे ३ गोस्वामी श्रीगिरिधरलालजी कांकरोलीवारे, ४ गोस्वामी श्रीगोपिकालंकारजी—श्रीमट्ठुजीमहाराज ५ गोस्वामो श्रीकल्याणरायजी मथुराजीवारे, ६ गोस्वामी श्रीरघुनाथजा उपनाम पन्नालालजी, ७ बावा श्रीकल्याणरायजी श्रीगिरिधरजीके, ८ गोस्वामी श्रीकल्याणरायजीके लालजी श्रीगोपाललालजी, ९ चि. श्रीबालकृष्णलालजी, १० गोस्वामी श्रीव्रजनाथलालजी, ११ लालजी श्रीगिरिधरलाल १२ लालजी श्रीमधुसुदनलाल, १३ गोस्वामी श्रीत्रिविक्रमजीके लालजी श्रीगोविंदलालजी, १४ तत्पुत्र श्रीलालजी श्रीगोपाललालजी, या प्रमाण चौद गोस्वामी बालक हते. अब वहु बेटीके नामः—१ श्रीभाभीजी महाराज, २ श्रीगिरिधरजीके वहुजी, ३ श्रीकल्याणरायजी श्रीमथुराजीवारेके वहुजी, ४ श्रीव्रजनाथजीके वहुजी, ५ लालजी श्रीगोपाललालजीके वहुजी, ६ श्रीनत्थो बेटीजी, ७ श्रीविजयकुंवर बेटीजी, ८ बेहेनाजी श्रीदेवकीबेटीजी, अब सेवकनके नामः—मुखियाजी रावल विट्ठलदासजी, दूसरे मुखीयाजो ठाकर शालिग्रामजो, ३ भीतरिया ठाकर गोवर्धनजी, ४ शुक्ल प्राणनाथ, ५ मथुरदास मारवाडी, ६ ठाकर हीरालाल, ओर ए मनोरथ हमारे बडे दादा श्रीगोकुलालंकारजीने कर्यो हतो ॥ तब श्रीनाथजी तथा श्रीनवनितप्रियजी सेवक सब जेंये हते. एसे सुनेहे. कुंजमें चोकमेंकेला धरे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत नव्वाणुंमो संपूर्ण ॥९९॥

[वचनामृत १०० मो.]

अब सोमो वचनामृत आपने आज्ञा करे ॥ जो हमारे दादा श्रीगोपीकालंकारजी बडे प्रतापी हते ॥ तब दासनें विनती करी जो कृपानाथ ! श्रीनाथजीने चांगट मागे सो वात कृपा करिके कहिये ॥ तब आपनें आज्ञा करे ॥ जो चांगट नही हीराके कडा मागे हते ॥सो एक दिवस श्रीनाथजीके राजभोग आवते हते, सो सब तो भोग पधरायवे पधारे, ओर ए बडे दादा पांच वर्षके हते सो उहां इ ठाडे रहे, तब श्रीनाथजीने आज्ञा करी जो ए तेरे कडा हे सो हमकुं दे ! तब पाछी कही जो में तो कडा नहीं देउंगो ए तो मेरे कडा हे ॥ तब श्रीनाथजीने फेरि आज्ञा करी जो ए तो हम लेइंगे, इतनेमें आछीमा राजभोग धरिवेकुं पधारे तब तो श्रीनाथजी तो बोलते चुप होइ गये, ओर बडे दादा रोइके आछीमासों बोले जो ए मेरे कडा मागे हे ॥ सो में नहीं देउंगो, याकुं देउं तो में पहेरुं कहा ॥ फेरि आछीमानें वा बिरियां रोवते राखीके कही जो में तोकुं दुसरे बनवाय देउंगी, ए इनकुं दे दे, यों कहेके कडा हाथमें सूं उतारि के झारापें धोयके बडे दादाके श्रीहस्तसुं श्रीनाथजीकुं भेट करवाये ॥ येह बात सुनिके वा समय श्रीगोस्वामी बालक ओर सब सेवक हते, सो विस्मयकों प्राप्त भये, ओर धन्यभाग्य करवे लगे ॥ फेरि एक समय जनोइ भये पीछे शीतकालके दिन हते सो शैया मंदिरमें श्रीमदनमोहनजीके सिंघासनके नीचे सोय गये, सो तालामंगल होय गये, भीतर हि रेहे गये ॥ थोडीसी बिरियांमें निंद खुली सो वा सिंघासनके नीचेसूं बाहर मणिकोठामें आप आये, देखे तो अंधेरो हे, ओर कोइ नहीं ॥ तब गभरायके रोवे लगे, सो श्रीनाथजो पधारि हाथ पकडिके अपनी शैयाके पास ले गये, ले जायके रोवते राखे, ओर आज्ञा करी जो रुवो मति में हुं ॥ तब इननें पाछी कही जो मोकुं जलकी प्यास लगेगी, तथा भूख लगेगी, तो कहा खाउंगो ॥ तब आपनें कही जो मेरे पास हे सो देउंगो ॥ फेरि

कही जो मोकुं कोइ मारेगो तो नहीं नें ? ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो नहीं मारेगो मारे ताकुं हों वरजोंगो ॥ एसे आज्ञा करी के बंटामें सूं ठोर दियो ॥ फेरि आज्ञा करे जो खाउ, तब वामें तें खायो गयो तितनो खायो, फेरि झारीमें ते जल पिवायो, ओर दादाजीसूं स्वप्नमें आज्ञा करी जो तुम्मारे लालजीकूं खेलवेके लिये इहां राखे हे, खवायो, पिवायो हे ॥ सोच मति करीयो ॥ तब आपनी निंद तत्काल खुली गइ ॥ सो आछीमाके पास पधारे, ओर स्वप्नकी बात सब कही तब आछीमा नें बलदेवजी मुखीयाजीकुं बूलाये ओर मुखीयाजीसूं सब वृत्तांत कह्यो तब फेरि मुखीयाजीनें कह्यो जो उत्थापनके समयमें खुलेंगे फेरि समय भये शंखनाद भये ताला खुले सब भीतर गये, तब शैयाके पास बेठे पाये ॥ फेरि वा ठोर बच्यो हतो वामें तें कणिका श्रीगोस्वामी बालक सबननें महाप्रसाद लियो ॥ येहे वार्त्ता एसे भइ ॥ ओर आपकुं गावेको बहोत शोख हतो सो सब समयमें कीर्त्तन नेंमपूर्वक गावते, बेठकमें जब देखे तब तंबुरा खुल्यो इ पावतो ॥ ओर श्रीअंगमें जोर हु बहोत हतो एक विरियां शैया पधरावेके लिये नगरद्वारे गोस्वामी दादा भाइ श्रीव्रजनाथजीके तथा बडे दादा कुं लडाइ हो गइ सो गुथमगुथा आय गये फेरि ए बात मुखियाजीने दादाजीसूं श्रीनाथजीकी रसोइमें हते तहां जायके कही सो आप सुनत हि दोडिके आयके दोउनकुं छुडाये ॥ ओर रीस करके कही जो तुम दोउनमेंसुं कोइ सिज्याजी मति पधरावो, हम पधरावेंगे ॥ यों कहोके आप शैयाजी पधराये ॥ ओर झगडा मिटायो ॥ सो बडे दादा एसे उग्रप्रतापी हते ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोमो संपूर्ण ॥१००॥

[वचनामृत १०१ मो.]

अब एकसोएक वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो तुलसीजी हे सो श्रीभगवत्प्रीया हे सो सहज बातसुं तोडने नही, श्रीप्रभूजीके विनियोगार्थ तो तोडने ॥ ओर वा समय प्रार्थना करनी सो श्लोक ॥ या दृष्ट्वा सकला-

घशं घशमनी स्पृष्ट्वा वपू पाविनो ॥ रोगाणामभि वंदना नीरसनी सिक्तांत-कत्राशिनी ॥ प्रत्यासत्ति विधायनी भगवत्कृष्णस्य संरोपितान्यस्तान्च्चरणे विमुक्ति फलदातसैतुलस्यैनमः ॥ या आज्ञा करी तब ठाकर वैष्णव मेहेताबजीनें प्रश्नकर्यो ॥ जो कृपानाथ ! श्रीतुलसीजीकों कहा भाव हे ? जो श्रीप्रभूजीकुं समर्पे हे ? तब आपनें उपर लिख्यो श्लोकको अर्थ कर्यो. "या दृष्ट्वा सकलाघशंघ शमनी" जो सकल अघ नामा जो पातक; सो दर्शन मात्रतें दुर हो जाय एसे हे ॥ ओर 'स्पृष्ट्वा वपु पावनी' सो स्पर्श मात्र तें वपु जो देह सो पावन हो जाय ॥ 'रोगाणामभिवंदना' सो दंडवत् करत मात्र रोग नाश हो जाय, 'निरशनी सिकतांत्तकत्राशनी' जो निरसिंचवावारेकुं यमदूत त्रास न करो शके ॥ ओर 'प्रत्या सत्यविधायिनी' जो श्रीतुलसीजीकुं रोपे ताकुं श्रीप्रभूजीके सन्निधान कराय दे॥ ओर जो चरणारविंदमें श्रीप्रभूजीकुं समर्पे ताकूं सायुज्यमुक्ति करे ॥ एसे जो श्री तुलसीजी हे तिनकुं हम नमस्कार करे हे ॥ या प्रकार या श्लोकको पाठ करिके तुलसीकुं तोडनें ॥ फेरि श्रीतुलसीजीकी कथा कार्त्तिक माहात्म्यमें हे ॥ जो जलंधरकी स्त्री नामे वृंदानाम हे, सो विवाह प्रबोधिनीके दिन होय हे, ओर नित्य समर्पे जाय, राजभोग समर्पे तब समर्पे जाय तथा उत्सवके भोगमें हु समर्पे जाय, तुलसीजीकुं मर्यादा न जाननें ॥ पुष्टि हे ॥ तुलसीजीकी सेवा तें बोडाणा भक्तके उपर श्रीद्वारिकानाथजी—श्रीरणछोडरायजी प्रसन्न भये हे ॥ ओर गुजरात पधारे॥ ओर श्रीतुलसीजीकी माला वैष्णवकुं पेहेरवेकी योग्यता हे तथा जपहुं तुलसीजीकी मालासुं होय हे॥ तासों श्रीतुलसीजो श्रीप्रभुनकुं अत्यंत प्रिय हे ॥ ओर श्रीतुलसीजी लेने सो पेहेले सुगंधी लेनी, पीछे लेने ॥ सूंघे विना न लेने ॥ श्रीतुलसीजीकी आगे दीवा करनो, चोक पूरनो, पूजा करनी, प्रदक्षिणा करनी, दीवाघृतसुं करनो, अपने घरमें तुलसीजी राखनें, तुलसीजीको क्यारो न होय तो नांदमें गारो भरिकें वोवने, जल सींचनो, अपने सब मंदिरनमें तुलसी क्यारे हे ॥ तब

रामकूंवरजीने प्रश्न कर्यो जो श्रीनाथजीके मंदिरमें तुलसी क्यारो कौंनसी जगे हे ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो अन्नकुटकी रसोइ में हे ॥ तासों तुलसीजीको माहात्म्य चारों संप्रदायमें हे ॥ चारों संप्रदायवारे सब वैष्णव माने हे ॥ ओर तुलसी क्यारो करावनो जाके चारों पासे चार ग्वाखे करावने, ओर श्रीठाकुरजी गोदोहन करते होय ॥ ओर श्रीस्वामिनीजी पीछे ठाडे होय, ओर आगे बछरा पकडे ग्वाल ठाडे होय, एसो चित्र तुलसीक्यारेपें करावनो ॥ तुलसीजी वैष्णवके घर अवश्यहि चैये ॥ तुलसीजी बिना घर स्मशानतुल्य हे ॥ वाके घरमें श्रीठाकुरजी नहीं बिराजे ॥ तुलसीजीकी अष्ट प्रकारकी पूजा हे ताको श्लोक "दृष्टा स्पृष्टा तथा ध्यानां नमिता पूजितार्चिता, आरोपिता सोकिता च पूजा अष्टविधाःस्मृताः ॥१॥ याको अर्थः—'ध्यानां' सो ध्यान करनो ॥ नमिता नाम दंडवत् करने, पूजिता सो पूजन करनो, अर्चिता सो वस्त्रादिक अलंकार, आरोपिता सो बोवने, सोकिता सो जलसिंचनो, ताके फलको माहात्म्यको श्लोक प्रथम लिख्यो हे. ओर श्रीभागवत रासपंचाध्यायीमें निरूपण कर्यो हे ॥ श्रीगोपीजनने अंतर्ध्यानके समय श्रीतूलसीजी सुं पूंछयो हे जो बचन ॥ कच्वी तुलसी कल्याणी गोविंदचरणप्रिये [श्री भा. १०. ३०. ७] प्रिय जो वस्तु जाको होय ता विन वासुं रह्यो न जाय तासुं श्रीतुलसीजीकूं आगे करीके पूछयो जो तूम हो जहां श्रीठाकुरजी निश्चय होइंगे, तासों बतावों ॥ जहां श्रीतूलसीजी बिराजते होय तहां श्रीठाकुरजी निश्चय होय हि होय ॥ याहि तें श्रीमदाचार्यजीने तूलसी द्वारा जीवको अंगीकार कर्यो हे ॥ चरणकों अत्यंत प्रिय हे तासूं चरणारविंदमें समर्पे ता बिरियां गद्यको मोहोढेसुं पाठ करके समर्पने ॥ तीनपतूवाको दल चरणारविंदमें समर्पनो ॥ ओर एक पत्तोवा समस्त सामग्रीमें भोगधरे तब पंचाक्षर केहेते पधरावनो ॥ ओर स्नानके जलमें स्नान यात्राके दिन पधरावने ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोएक संपूर्ण ॥ १०१ ॥

[वचनामृत १०२]

अब एकसोद्वितीय बचनामृत आपने आज्ञा करी ॥ जो ता समय दासनें विनतीकरी जो कृपानाथ ! सब वर्ण स्त्री शुद्रादिकनों श्रीतुलसी समर्पवेकोअधिकार हे के नहीं ? तापें आप आज्ञा करे जो अपने मार्गमें तो स्त्री शुद्रादिक अपनें घरमें सेव्य श्रीठाकुरजीकुं समर्पे यामें बाधक नही हे ॥ अब गोदके श्रीठाकुरजी सात स्वरुपनमें बिराजत हे ताके नामः— प्रथम तो श्रीनाथजीके इहां श्रीमदनमोहनजी बिराजे हे, सो श्रीगोपीनाथजीके सेव्य श्रीठाकुरजी हे ॥ ओर दुसरे श्रीबालकृष्णजी श्रीनाथजीके पास खडेमें बिराजे हे सो श्रीमहाप्रभूजीके पास परदेशमें बिराजते सो ये स्वरूप हे, सो श्रीनाथजीके पास बिराजे हे ॥ ओर श्री मुकुंदरायजी साचोरा मुखियाके श्रीठाकुरजी सो श्रीगुसांइजीनें श्रीनाथजीके पास पधराये सो अब काशीमें गोस्वामी श्रीगिरिधरजी महाराजके माथे बिराजत हे ॥ अब श्रीनवनीत प्रियजीके पास स्वरुप बिराजत हे ताकी विगत ॥ १ ॥ श्रीमदनमोहनजी चांपाभाइ भंडारीके माथे बिराजते सो, श्रीबालकृष्णजी अन्नाक्षत्राणिके माथे बिराजते सो ॥ अब श्रीमथुराधीशकी गोदके श्रीनटवरजी सो प्रथम चांपाभाइ भंडारीके माथे बिराजते सो अब राजनगरमें गोस्वामी श्रीव्रजरायजी महाराज के माथे बिराजे हे ॥ ओर श्रीबालकृष्णजी श्रीद्वारिकाधिशकी गोदके सो श्रीसुरतमें बिराजे हे ॥ सो श्रीगुसांइजी के खेलवेके श्रीठाकुरजी हे, इनसुं श्रीगुसांइजी आप खेलते ॥ ओर श्रीचन्द्रमाजी के इहां श्रीमदनमोहनजो तथा श्रीबालकृष्णजी दोय स्वरूप हे सो तामेंसों ए दोउ स्वरूप लघुगुपाल वैष्णवके माथे बिराजते ॥ अब श्रीनवनितप्रियजीके मुखियाजी मनुजीने प्रश्न कर्यो ॥ जो तीन स्वरूपके गोदके श्रीठाकुरजी हे तो ओर स्वरूपके हे ? ओर श्रीविट्ठलनाथजी, श्रीगोकुलनाथजी, श्रीमदनमोहनजी ए स्वरूपनके गोदमें श्रीठाकुरजी क्यों नहीं ? तब आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीनाथजीके इहां बिराजे हे सो तो प्रत्यक्ष हि दीसे हे ॥ जो श्रीमदनमोहनजी हिंडोरा

झुले हे, ओर श्रीबालकृष्णजी पंचामृतमें पधारे हे, ओर श्रीमुकुंदरायजी तो रामदासजी भीतरियाके हे ॥ सो श्रीनाथजीके पास श्रीगुसांइजीने पधराये सो काशी पधारे ॥ ओर श्रीनटवरजी तथा श्रीमदनमोहनजी भेले बिराजते, सो बटभये पाछें श्रीनटवरजीतो श्रीमथुरेशजीकेपास पधारे ॥ ओर श्रीमदनमोहनजी भेले बिराजे ॥ श्रीनवनितप्रियजीके पास बिराजे हे, ओर श्रीबालकृष्णजी पंचामृत करावेकुं बिराजे हे ॥ ओर श्रीमथुरेशजी श्रीद्वारिकाधिश तथा श्रीगोकुलचंद्रमाजीके आगे गोदके स्वरूप बिराजे हे सो अगाडो हिंडोला, पलना, डाल, रथ, विगेरे ए गोदके स्वरूप पधारते ॥ सो अपनी स्वइच्छातें न्यारे भये, परंतु वेदमर्यादाभोग मूर्तिकी रीति हे श्यामस्वरूपके आगे ॥ ओर श्रीगोकुलनाथजी, श्रीविट्ठलनाथजी, तथा श्रीमदनमोहनजीके आगे ए तीन स्वरूप गौर हे सो इनको गोदके श्रीठाकुरजी नही हे ॥ ओर गोदके श्रीठाकुरजी हे, सो जिनजिनकेहे सो विनकी पालखीमें संग पधारे ॥ श्रीनाथजीके श्रीमदनमोहनजी हे तिनके पास जो ठाडे स्वरुप होय सो बिराजे ॥ ओर श्रीद्वारिकाधिशकी गोदके श्रीबालकृष्णजी हे सो श्रीद्वारिकाधीशके पास श्रीगोकुलनाथजीके दक्षिण दिश बिराजे ॥ तब भीतरीआ जगन्नाथजीने प्रश्न कर्यो जो ओर स्वरुपकी गोदके श्रीठाकुरजी न्यारे बिराजे ओर श्रीद्वारिकाधीशकी गोदके श्रीबालकृष्णजी आपके पास कयों बिराजे हें ? ताको कारण कहा ॥ तब आप आज्ञा करे जो श्रीगुसांइजी के आगे पेहेले इ पेहेले बिराजे हे ताको कारण कहा ! तब आप आज्ञा करे ॥ जो सब स्वरुप अन्नकुट अरोगवे पधारे तब श्रीद्वारिकानाथजीकी पालखीमें पधारिके श्रीबालकृष्णजी संग पधारे तब श्रीगुसांइजीनें श्रीमहाराजसुं आज्ञा करी जो तुमने श्रीठाकुरजी लीये होतें तो तुम्हारी न्यारी पालखी पधारती ॥ अब तो श्रीद्वारिकानाथजीके संग तुम्हारे लिये पधराये हे ॥ श्रीबालकृष्णजीके कीर्त्तन गोस्वामी दादा श्रीगोपिकालंकारजी उपनाम श्रीमद्दुजी महाराजने करे हे सो पद ॥ राग बिलावल ॥ श्रीबालकृष्णकुं गोदले स्तानपान करावे, चुचुकारत मुख प्रफुल्लित अति आनंद बढावे ॥१॥ गोपीजन हसि केहेत मेहेरिसों ॥ हमें

देहुतो हम हि खिलावे ॥ तिहारे भाग्य दियो फल माग्यो येहे तुमतें सुख पावे ॥२॥ जब लीने प्रफुल्लित व्हे पिय कंठ लगावे, रसिकदासके प्रभु रतिनायक सब तनताप बुजावे ॥३॥ दूसरो ॥ वंदो श्रीबालकृष्ण नव बाल ॥ जसुमति गृह झूलतहे पलना, रसलीलामें अधिक रसाल ॥१॥ कठुला कंठ भ्रकुटि मिस बिंदूका, तिलक विचित्र बिराजत भाल ॥ रसिकरायके दासकी विनती शरण राखिये करि प्रतिपाल ॥२॥ याको अर्थ ॥ जो मातृ चरण जो श्रीयशोदाजी श्रीबालकृष्णकुं गोदमें लेके स्तनपान करावत हे, ओर आपने प्रफुल्लित मुखसों श्रीबालकृष्णजीकुं मुख चुंबन करत हे, ओर चुचुकारत जो प्यार करत हे, सो मनमें अत्यंत आनंद होत हे, ओर श्रीगोपीजन श्रीयशोदाजीके बराबरीके घरकेनकी पास बेठी हे, सो श्रीयशोदाजी केहे जो तुम्हारे भाग्यतें येहे फल पायो हे, सो फेरि प्रिय जो श्रीबालकृष्णजी हे सो तिनकुं लेके कंठ लगावे हे ॥ फेरि रसिकदास जो श्रीगोपिकालंकारजी आज्ञा करे हे जो रतिनायक एसे जो श्रीबालकृष्णजी आप सब गोपीजनके ताप बुझावे हे ॥ या कीर्तनके ताप बुजावे हे, या कीर्त्तनमें अत्यंत मुग्धताके स्वरुप किशोरलीला लिये श्रीबालकृष्णजीकों स्वरूप भयो ॥ अब दूसरे कीर्त्तनको अर्थ ॥ जो श्रीगोपिकालंकारजी केहेत हे जो ॥ नवबाल जो श्रीबालकृष्णजी हे तिनकों हों वंदन करत हों, सो श्रीयशादाजीके गृह विषे पलना झूलत हे, सो रसलीलामें बडे रसाल हे, श्रीकंठमें कठुला बिराजे हे, ओर भ्रुकुटि विषे मिसको बिंदुका करे हे, मिस जो काजलको नाम हे, ओर बिचित्र तिलक श्रीमस्तकपें बिराजत हे ॥ एसे आप हो ॥ कैसे जो शरण प्रतिपाल तासों रसिकदास जो श्रीगोपिकालंकारजी विनती करत हे ॥ जो शरण राखीये करि प्रतिपाल ॥ इति वचनात् ॥ अब श्रीनटवरलालजीको कीर्त्तन श्रीगोपिकालंकारजीने कर्यो सो ॥ राग बिलावल ॥ वंदो नटवर नवल कन्हाइ ॥ रत्नजटित आंगनमें नाचत, कीलकी कीलको अति हरख बढाइ ॥१॥ मांगत माखन माट मा-

तसों, बोलत बचन सुमुख तुतराइ । जननि लाय दियो हितचित करी, लीनो अति सुख पाइ ॥२॥ एक करमें नवनीत बिराजत, एक कर माट सुहाइ, निर्तत सुल्प संचनौतन गति हस्तक भेद बताइ ॥ ३ ॥ व्रजवनिता नैंनन सुख निरखत अंतरभाव जताइ, रसिकदासके प्रभू रसदायक रस संकेत बताइ ॥४॥ याको अर्थः—कन्हाइ नवल नटवर हे ताको हम वंदन करे हे, श्रीनंदरायजीको रत्न जटित चोक हे तामें आप किलकी किलकोके नाचत हे, सो चित्त बडो हर्षित होत हे, एसे जो श्रीनटवरलाल हे सो श्रीयशोदाजीके पास मांखन तथा माट मागंत हे, सोइ दोउ श्रीमातृचरणकुं अत्यंत प्यारे लागे, सो मागते हि लाये सो आप हितचित्तसों लिये,सो एक करमें तो माट ज्यों ठोर हे, ओर एक करमें माखन लिये हे, ओर सुलपगति नौत्तन लेत हे, ओर हस्तक भेद बतायके, ओर व्रजवनिता तो अपने प्यारेको सुख नेंननसों निरखीके, अपने हृदयको भाव नेत्रके कटाक्ष द्वारा जनावत हे ॥ अब श्रीगोपिकालंकारजी केहेत हे जो एसे हमारे प्रभु रसदायक हे, सो अपने निजभक्तनको रससंकेतको दान करत हे ॥ या प्रकारसों श्रीनटवरलालके स्वरूप बाललीलाको तथा किशोरलीलाकी भावनाको हे, ओर जो गोदके स्वरुप हे तिनमें दोय तरेहकी भावना हे ॥ इति श्रीगोदकेस्वरुपकी भावना संपूर्ण ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसो द्वितीय संपूर्ण ॥

[वचनामृत १०३ मो.]

अब एकसो तृतिय वचनामृत आप आज्ञा किये ॥ वैष्णवकूं विवेक धैर्य ओर आश्रय राखनो सो कहा ? तापें आप आज्ञा करे ॥ जो श्रीमहाप्रभूजीने न्यारोइ ग्रंथ विवेकधैर्याश्रयको कर्यो हे तामें सब विस्तार कर्यो हे ॥ तब दासने विनति करी ॥ जो कृपानाथ कछुक तो याकी आज्ञा करि चैये ॥ तब आप आज्ञा किये जो "विवेकस्तु हरिः सर्वं निजेच्छातः करिष्यति" ए वचन हे ॥ जो विवेकतो श्रीप्रभूजीके हाथ हे, परंतु अभि

मान तथा हठको त्याग करनो , ओर दैन्यतापूर्वक रहेनो, ओर क्षण क्षण प्रति श्रीप्रभूनकी प्रार्थना करनी, जो मैं आपके आधीन हुं एसे मनमें भावना राखनी ॥ काहु बातको आग्रह राखनो नही॥ ए तो विवेककी बात भइ॥ ओर धैर्यके उपर एक प्रसंग कह्यो जो एक गोपको लुगाइने धैर्य राख्यो; एसो धैर्य राखनो ॥ तापर एक आख्यायिका कही ॥ जो एक ब्राह्मण हतो, सो ताको लुगाइ निपट सुंदर हती सो वाको प्रथम गर्भ रह्यो सो पीयरमें झांपा करिवे गइ, सो वाको बेटा भयो, सो ए ब्राह्मण वहुको लेके रस्तामें आवे हे; तब स्त्रीको तो मार्गमें जाते गाममें न ले जाय; ओर इनको तो गामके बाहर रुखनकी ओटमें बेठाय आप भिक्षावृत्तिको अकेलो जाय, वे सुंदर रुपवंती हती तासों ॥ संग न ले जाय ॥ एसे नित्य करे सो एक समय वह भिक्षा लेवे गयो तब बनमें स्त्रीकों धरी हती तहां एक राजा शिकारकों खेलवेकूं निकस्योथको उहां आय निकस्यो सो ए स्त्री बेठी देखिके पूछ्यो जो तुं कोन हे ॥ तब इननें कही जो मैं ब्राह्मणी हुं मेरो ब्राह्मण गाममें भिक्षावृत्तिकुं गयो हे सो आवेगो इतनें रोटी करी खाइके आगे चलेंगे ॥ तब राजाने कही जो तुं तो हमारे संग चली चल तोको रानी करी लेइगे; एसे भीखारी ब्राह्मणके संग काहेकुं दुःख भोगते हे ॥ तब वाने कही जो तुम तो राजा हो सो मावाप तुल्य हेा, आपकुं एसो बोलनो उचित नही हे ॥ तब राजाने साम, दाम, दंड, भेद, करिके समजाइ परंतु न मानी तब राजाने बलात्कारसों वाको हाथ पकडीके अपने घोडापें बेठाइ, तब वानें कहीके मेरा बेटा तो लेउं तब वानें सुनी नहीं ओर घोडा चलाय दियो सो राजा तो अपने शहेरमें आयो, स्त्रीकुं लेके, सो फेरि स्त्रीकुं एक महेलमें बेठाइ, फेरि वा स्त्रीने कहोजो आये गये ब्राह्मणकुं मेरी आडीको सदाव्रत मिले ॥ ओर छे महिना पीछे में तुमसुं व्याह करोंगी ॥ तब राजानें कही जो ठीक हे ॥ फेरि कामदारसों हुकम करि, राजा तो अपनी दूसरी ठोर रेहेवेको महेलहे तहां गयो ॥ अब वे

ब्राह्मणी नित्य सदाव्रत देवे लगी ॥ ओर वनमें वाइ रास्ता वनझारेकी बालद् आइ सो एक छोरा रोवतो देख्यो सो वे पहेले तो डरे जो कछु भूत प्रेतादिक तो नहीं होय फेरि आठ दस जन काठी छाती करी गये सो एक जनेनें वा छोकरो उठायो ओर जो वाके नायक हतो ताके पास लाये ॥ तब नायकने कही जो मोकुं श्रीठाकोरजीनेबेटा दीयो, ओर नायकणीकुं दुध उतर्यो सो वा छोकराकुं लेके बालदहांकि गइ ॥ फेरि वे ब्राह्मण भिक्षा-वृत्ति करीके आयो सो देखेतो वे स्त्री तथा छोरा उहां कोउ नहीं हे ॥ तब वा ब्राह्मणनें चित्तमें विचार्यो जो अब घर जायके कहा करुं ॥ फेरि धैर्य लायके विचार्यो जो छ महिना तांइ तो इनकुं ढुंढोंगो फेरि जो मेरे नसि-बमें होय सो होय ए विचारीके ढुंढवे निकस्यो, सो ढुंडत ढुंडत चारेक महिनामें वा राजाके नगरमें आयो, सो लोकनें कही जो इहां नइ राणी सदाव्रत देवे हे उहां जा तेरो पेट भरिके अन्न मिलेगो ॥ सो वे तो नइ राणीके पास आयो सो वा राणीने पेहेचान्यो जो ए मेरो पति हे ॥ फेरि वाकुं बुलाय अपने हाथसुं सोधा दीयो ओर पूछी जो तुम कहां उतरोगे ॥ तब ब्राह्मणने कही जो तलावपें रसोइ करी खाइ के तुम्हारी बोलबाला मनाउंगो ॥ ओर आज थकी गयो हुं सो तलावपें सोय रहोंगो ॥ फेरि वा ब्राह्मणने वेसेइ कर्यो ॥ पीछे अब ये नइ राणीने कामदारनसों हुकम फर-मायो जो द्वात, कलम ओर कागद हमकुं लाइ देउं जो हमारे कछु राजा-जीसूं विनति लिखनी हे ॥ फेरि राजाजीसुं मालम करिके द्वात, कलम, कामदारने दिये, सो नइ राणीजीने दोय चीट्ठी लीखी तामें एक तो ब्राह्म-णकुं लोखी; ताके समाचार ॥ जो में तुम्हारी ब्राह्मणी हुं ओर तुम इहांसो जैयो मति, ओर में तुम्हारे पास आउंगी ॥ एसे लीखी के जुगतसों दाबो दीनी ओर कही जो आछी न लखी गइ यों केहेके दुसरी राजाके उपर लिखी जो छ महिनामें करुंगी तोउ तुम पति हो, ओर आज करुंगी तो हु तुम पति हो, तासों आज हि आवो, परंतु लोक सुनेगें तो

कहेंगे जो छ महिनाको करार करिके चार महिनामें क्यों गये, तासों कोइ न जाने. एसे एकांत अकेले आजकी रात पधारिये ॥ ओर मेरे पास इहां जो दासी हे वाको हूं आप कहेवाय देइंगे जो आजकी रात कोइ इहां रहे नहीं ॥ ओर दोय सीसा दारुके इहां पठाय दीजे कोइ पेटिमें धरिके ॥ ओर आप पधारोगे तो पेहेरावारे जानेंगे तासों पेहेरावारेपें हुकम भयो चैये जो इहां स्त्री पुरुषमात्र कोइ रहेवे नहीं पावे ॥ एसे करवेको विचार होय तो भले इ पधारो नहीं तो मोकूं फजोति मति करियो ॥ ए बात दुसरेके कांनपें पडी तो मेरो मोढो न देखोगे ॥ एसे कागदमें सब समाचार लिखि द्वात कलम कामदारकों दीनी ॥ ओर वंदोबस्त किरिके एक चिट्ठी लेके दासीकुं राजाके पास भेजी ॥ ओर दुसरी चीट्ठी एक बंटीमें धरीके दोय रुपैया धरीके बंटो दुसरी लुगाइके हाथ ब्राह्मणकों पठाइ, ओर कह्यो जो ए दक्षिणा ब्राह्मण तलावपें उतर्यो हे सो जाको मुकाम मेंने याहिके लीये पूछ्यो हे, तासों उनकुं दे आउं ॥ वानें कहो जो हुकम ॥ यों कहीके वे लुगाई चली सो ब्राह्मणके पास आयके बंटी धरिकें कही जो ये दक्षिणा लेउ फेरि वासों ब्राह्मणने कही जो भले समयपें दक्षिणा आइ में अबी जेंइचूकयोहूं, ओर मेरे आशिर्वाद कहीजो, ओर तुम्हारे सकल मनोरथ पूर्ण होइंगो ॥ सो सुनिके लुगाइ पाछी गइ ॥ फेरि वे डबिया ब्राह्मणने खोली; रुपैया धरिवेके लिये तामें देखे तो एक चीट्ठी हे ॥ सो वांचीके ब्राह्मण बहोत प्रसन्न भयो ओर विचारी जो वे आयेगी तब तो इहां रह्यो न जायगो ॥ तासों सब अपनो वस्त भाव कपडा विगेरे गांठी बांधीके सोये जो ए स्त्री आवेगी तहां तांइ सोय रहुं॥ सो सोवते मात्रमें सर्पने कांट्यो सोवे तो उठोवेकी आशा न राखते भये ॥ अब इहां राजके पास लुगाइ चीट्ठी लेके गइ, सो चीट्ठी राजानें वांची, वांचतें प्रतिउत्तर लिख्यो जो एसेइ करुंगो ॥ ओर बडी मेहेरबानी मेरे उपर करी ॥ यों लीखी लिख्यो जो तुम्हारे लिखे प्रमाण सब करिके आ-

उंगो ॥ फेरि रात्रि पडी तब सब लुगाइ राणीसों पुछवे लगी ॥ जो दरबारको हुकम भयो हे जो आज इहां कोइ रहो मति, तासों हुकम होय तो हम घर जाय तब राणीने कह्यो जो जेसे हुकम होय ते सो करो ॥ फेरि वे सब गइ ॥ ओर रात्रि प्रहर एक गइ तब राजा आये, सो भेख बदलिके आये ॥ सो राणी बहोत आवकार करिके बेठाये फेरि प्यालाबाजी होवे लगी सो राजाजीकुं बहोत नीशा आइ गई ओर ब्राह्मणीने तो एक हुं प्याला नहि पीयो ॥ ब्राह्मणीकी जात बताइ छुटि गइ कह्यो जो मेरो धर्म तो में नही बिगाडुं ओर बात जो कहो सो प्रमाण हे ॥ फेरि राजाजीकुं गाफिल देखीके राजाजीको माथो राजाजीकी तलवारसों काटयो ॥ ओर बोली जो तूं तो मेरो धर्म बिगाडतो हतो परंतु मेरो धर्म प्रभुने राख्यो ॥ ओर तोकूं दंड मिल्यो ॥ यों कहीके राजाके कपडा, ढाल, तरवार, लेके बाहर निकसी सों तलावपें गइ सो उहां जाय दिखे तो ब्राह्मण मर्यो पड्यो हे ॥ सो देखिके बहोत विचारमें पडी गइ ॥ तब विचार्यो जो मेंने राजाजीसुं विश्वासघात कर्यो ताको फल मोकुं मिल्यो ॥ अब केसे करुं ! कितपें जाउं ! उहां जाउंगीतो राजाके मनुष मारो नांखेंगे ! तासों भागनोइ सलाह हे ॥ फेरि विचार्यो जो ए मर्यो हे ताकूं केसे करुं ! फेरि वाके वाके मोढेपें अग्नि संस्कार करी, जलको प्रवाह करी, भागी सो चली गइ ॥ ओर इहां सवेरो भयो तो लोंडी बाइ सब महेलमें चली आइ, देखे तो राजाको माथो काटयो पड्यो हे, ओर राणी दीसे नहीं फेरि लुगाइननें हल्ला कर्यो ॥ सब मनुष्य भेले भये हाहाकार मच गयो ॥ ओर यह निश्चें भइ जो नइ राणी भागी गइ ताको ए कृत्य हे, ताके लिये अस्वार दोडाये, सोवे तो न पाइ फेरि राजाको अग्निसंस्कार कर्यो ॥ फेरि दुसरो राजा कर्यो, ओर वे ब्राह्मणी गइ सो कोइ बडे शहेरमें चली गइ ॥ सो उहां जाय चिजबस्तु वेची वेश्याकी दुकान मांडी ओर पांच हजार रुपैया लेवे तब पुरुषको संग करे ॥ एसे एक डोकरी पास राखी हती, सो नीचे बेठी रहे,

जो सख्स आवे सो वा डोकरी सों ठेराव कबुल करे तब उपर जाय ॥ एसें करत दश बार वर्ष हो गये ॥ फेरि कहुं सो चलि चलि वे वणझाराकी बालद वाइ शहेरमें आइ, सो वे छोरा वणझाराको पांच सात अपने संगके आदमी लेके वा शहेरमें सेल करवेकुं आयो, सो देखे तो उपर ए गोखडामें एक लुगाइ बहोत सुंदर बेठी हे, सो देखीके वा वणझाराके छोकराको चित्त लाग्यो सो साथीन सो केहेवे लग्यो जो ए लुगाइ केसी सुंदर हे, तब एकनें कही जो एतो कोइ देश्या लगे हे, तब एकनें कही जो कहो तो याकुं ठेरावे ॥ तब वा वणझाराके छोरानें कहोके नायकजी लडेगें तो कहा जुवाब देइंगे, तब एक छोराने कही जो यामें काहेकुं लडेंगे इनसूं तो केहे देइंगे जो सेल करवे गये हते ॥ तब इनने हांमी भरी जो भले इ चले सो उहां गये, डोकरीने खुरशी बिछाय दीनी; सो वे वणझाराको बेटा खुरसीपें बेठयो, फेरि संगके छोरा हते सा बोले जो इहां केतेको मुजरा हे ? तब डोकरी बोली जो मुजरा पांच हजारकोहे, फेरि इनाम न्यारी ॥ तब आपसमें सलाह विचारवे लगे अब केसें करे चले जाय तो बूरी लगे. इहां रहे तो इतने रुपैया कहांसों लावे ॥ तब एकने कही के तुम्हारे रुपैयाकी कहा कसर हे नायकजीके छोरा हो, गलेमें मोतीको कंठा पेहेर्यो हे सो देउ एक दो हजार जास्ती जायंगे तो तुम्हारी नामना हे ॥ तव वा डोकरी सो वानें कही जो हमारे पास रोकड रुपैया तो हे नहीं ओर हमारे नायक पिता हे जासूं छाने आये हे ॥ सो हमारे पास ये मोतीकी कंठी हे सो इनकुं पेहेराय देइंगे ॥ सो सुनिके डोकरीने कहीके में पूछी आउं ॥ फेरि डोकरीने जायके कही जो इहांके नायक हे याकुं प्रसन्न राखियो एक मोतिकी कंठी तोकुं ठेराय आइ हों पांच हजारतें तो सवाइ डेढी हे ॥ फेरि हुं राजी होइंगे तो कछु सिखाय देइंगे ॥ तब वानें कही जो भलेइ पठावो ॥ तब वा डोकरीनें कही जो उपर जाओ ॥ सो वे उपर गयो तब ए साम्हे आइ हाथ पकडीके लेगइ अपने पलंगपें जायके बेठाये ॥ ओर रसरीतिकी बातें करीवे लगे ॥ फेरि

वा बाइने याको मोढो आछो तरेह देख्यो सो अपनो बेटा छे महिनाको छोड्यो हतो ताके अनुंहार देख्यो ॥ सो रोज आइ गयो, जो मेरो बेटा एतो होतो तो में ए दुकान काहेकुं मांडती ! फेरि वे रोज देखोके वानें पुछी जो तो कों रोज कयों आइ ? तब वानें कही जो कछु नहीं, ए तो मेरे ए-सेइ मनमें आइ गइ ॥ तब वानें कही जो ए बात केहेगी तब में बोलुंगो ॥ तब वा बाइने कही जो तुम्हारी अनुहार मेरे एक बेटा हतो, सो बनमें रही गयो हतो, सो वाकी सुधि आइ गइ ॥ तब वा वणजाराकूं हुं अपनी सुधि आइ जो ए नायककू हुं में बनमेंसूं पायो हुं तासों ए तो मेरी माता नहीं होय ? तब वानें बात कही जो में हूं छोटो बालक छ महिनाको हतो सो बनमेंतें नायककुं पायों हुं, एसे हमारे संग के लोग सब केहे हे॥ सो तासों तुं तो मेरी माता होयगी ! सो पीछे वाकुं मातुलभाव उत्पन्न भयो ॥ ओर वाकुं पुत्रभाव उत्पन्न भयो ॥ ओर कही जो बेटा ! ! बडी गजब भइ ! याको कछु शास्त्र दिखाओ ! पीछे वहांसुं वे छोरा वणझाराके पास आयो ओर बापसूं कही जो या शहेरमें मेरे नामुन करनो हे सो पंडितनकी सभा भेली करो ॥ ओर रुपैया रुपैया दक्षिणाको बांटुंगो ? ॥ बापने कही बहोत आछो, तेरी खुशीमें आवे सो करी ॥ फेरि वानें सब पंडितनकी सभा भेली करी ॥ फेरि वे पंडित परस्पर चर्चा करिवे लगे ॥ तब वणझाराके छोरानें कही जो एक प्रश्न में बी करुं ? तब सब पंडितनने कही जो भलेइ करो ॥ तब बानें कही जो कोइ भुले चुके माके उपर स्त्रीभाव करे ताको कहा प्राय-श्चित हे ? तब सब पंडितननें कही जो आगे एसी बात भइ हे, सो वे तो फक्त माकुं देखवेइ गये हते कोउने कही के तुम्हारी मा व्यभिचार करे हे, सो छानेंसे देखवे गये सो मा बेटा भगवद् वार्त्ता करत हते, सो देखीके धिक्कारी मनमें आइ, सो नदीके तीरपें पीपलाकी खोहमें बेठीके जरी मरे ॥ ओर माके उपर स्त्रीबुद्धि करीके गयो होय तो वे मा बेटाकों नदीकी ती रपें पीपलाकी खोहमें बेठीके जरनो चैये ॥ फेरि वानें सब पंडितनकी पूजा

करि रुपैया दोय दोय दक्षिणाके दिये ओर ब्राह्मणनकुं बिदा किये ॥ सो ब्राह्मण तो घर गये ओर वे छोरा रात्रिकुं सेलके मिष आपनी माकें पास आयो ॥ ओर सब वार्त्ता कही ॥ तब मानें कही अपने एसो इ करनो ॥ ॥ सो फेरि दोउजने नदीके तीरपें गये, जायके पीपलाके भीतर पेठिके जरे; सो नदीके तीरपें पीपला हतो वासें बेटा तो जरीके मर्यो, ओर मा तो आंच बुझि गइ तासों रही गइ ॥ सो पीपला बेहेतो बेहेतो कोइ गांमडानमें निकस्यो ॥ सो उहां ग्वालिया गाय चराय रहे हते, सो उननें देख्यो सो देखतेइ दोडे वामें एक मझेकी लुगाइ निकसी ॥ सो एक ग्वालियानें लुगाइ करी राखी ॥ फेरि एक ग्वालकी लुगाइके संग माथे मथनी धरिके छाछ बेचवे चली, सो पांच दस लुगाइ ओर हु संग हती, सो विनके हु माथेपें छाछके घडा हते, सो रपसनी जगे आइ सो सब रपस पडो, सबनके घडा ढलि गये, सो सब सोच करिवे लगी ॥ कोइ कहे मेरी सास लडेगी ! कोइ कहे मेरो धनी लडेगो ! कोइ कहे मेरी मथनीयां एसी सुंदर हती सो वाको सोच करवे लगी ॥ ओर ए बाइ तो घडी घडी हसे हें ॥ तब सबनने कही जो हम सबजनीकुं तो सोच भयो ओर तुं हसे क्यों हे ? तब वाने कहीजो में काहेको सोचकरुं ? सोचकुं तो डारि दीयो हे, ओर धैर्यता सिद्ध भइ हे ॥ धनी काढी देइगो तो भगवदीच्छा ॥ पीछे अपनी वार्त्ता ठेठसुं भइ सो सब विनसुं कहे सुनाइ ॥ ताको श्लोकः—हत्वानृप पति निरक्ष भुजंग दृष्टं, देशांतरे विधिवशात् गणिकास्मि जातः ॥ पुत्र पति समधिगंचितां प्रविष्ट सोच्यां गोप गृहणी कथमद्यतक्रं ॥ या श्लोक को भाव उपर आय गयो हे ॥ तासों जीवकुं धैर्यता न छोडनी ॥ जो आय पडे सो सहन करनो ॥ ए वार्त्तापें दुसरो पुष्टिमार्गीय वैष्णव गदाधरदासमिश्र भये ताके प्रसंगमें वार्त्ता प्रसिद्ध हें ॥ सो विचारनी ॥ ओर आधुनिक गौड संप्रदायमें वैष्णव शाहाजी कुंदनलाल ओर लीलाको नाम 'ललितकिशोरी' हे सो श्रीवृंदाबन वास करि

रहे हे ॥ सो विनको बेटा मरि गयो सो वाको कछु शोक न मान्यो, ओर वाइ दिन रास करवायो ॥ सो एसी धैर्यता रेहेनी बडी कठिन हे ॥ एसी धैर्यता राखे ताकों धैर्यवान् कहे ॥ ओर आश्रय तो प्रसिद्ध हे जो हे सो अपने श्रीगुरुदेवको दियो थको "श्रीकृष्णः शरणं मम" सोइ आश्रय दृढ करिके राखनो ॥ इनको निर्णय, निश्चयके ग्रंथ, तथा कीर्त्तन प्रसिद्ध हे तासो विशेष निरुपण नहीं कर्यो हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसो त्रण संपूर्ण ॥ १०३ ॥

 [वचनामृत १०४ मो.] 

अब एकसो चतुर्थ वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ ॥ जो श्रीवृन्दावनमें शाहाजीको मंदिर बाजे हे सो वे शाहाजी बडे भगवदीय गोडीया संप्रदाइ हते, जिनने बेटा मरे को कछु लौकिक विचार न राख्यो एसे वे भगवदी हते ॥ तब दासनें विनती करी जो शाहाजी कोन जात हते, कहां रेहेते, ओर एसी दशा क्यों भइ ॥ तब आपनें आज्ञा करे ॥ जो ए लखनौके बनिया चार भाइ, बडे द्रव्य पात्र हते, बहोत द्रव्यपात्र होय ताकुं शाहाजी केहेवे हे, तासों इनको सब कोइ शाहाजी केहेत हे ॥ सो इहां दोय भाइ आय रहे तामें बडे भाइको नाम तो कूंदनलाल, ओर छोटे भाइको नाम फूंदनलाल हे, ए दोउ भाइ अकस्मात लखनौं में ते श्रीवृंदावनमें आये ॥ सो श्रीराधारमणी गुसांइके सेवक भये ॥ ओर दोउ भाइनने[1] कीर्त्तन किये हे तामें "ललित किशोरीकी" छाप तो कुंदनलालकी हे ॥ ओर "ललितमाधुरी"की छाप तो फुंदनलालकी हे ॥ ओर फूंदनलाल जिये तहां तांइ रास नित्य भयो, सो बहोत सूंदर होतो ॥ नित्य नइ लीला होती ॥ तालीलाके कीर्त्तन शाहाजीनें किये हे ॥ सो कीर्त्तनानुसार लीला होती सदा याइ भावमें रेहेते ॥ ओर श्रीवृन्दावनमें जोडा

१. आवां कीर्तनो ललितकीशोरीनां बनावेलां "अभिलाष माधुरी" नामे पुस्तक हमारे त्यां मले छे. न्यो रु. ३—०—० हे

पेहेरीके तथा अस्वारीमें बेंठीके कबहु निकसे नहीं ॥ ओर श्रीमहाप्रभुजी-के बालकउपर बहोत भाव हे ॥ ओर जो बालक वृन्दावनमें पधारे उहां दर्शनकूं आवते, ओर रासके दर्शनकी विनती करते, सो दो तीन रास हमने बी देखे हैं ॥ तामें एक तो नटलीलाके, ओर एक मालीनलीलाके ॥ नटलीला में तो श्रीस्वामिनीजीके आगे श्रीठाकुरजोनें नटलीला करी सब नटके चरित्र करे ॥ ओर मालीनलीलामें श्रीठाकुरजी मालीन बने, ओर श्रीस्वामिनीजीके सब फुलके शृंगार सिद्ध करी, श्रीस्वामिनीजीके शृं-गार करे ॥ ओर एक शरदकी लीला श्रीयमुनाजीकी पुलिनमें भइ सो ए कसो आठ तो गोपी बनी, सबनके सुफेत शृंगार, ओर श्रीठाकुरजी श्री-स्वामिनीजीके सुफेत, सब वस्त्र, तथा आभूषण हीराके, ओर सब बिछोंना सुफेद, ओर जो कोइ दर्शनी आवे, तथा कीर्तनीया, बाजेवारे, सबनको सूफेद साज, एक सार ॥ ओर डेरामें सों श्रीठाकुरजी शृंगार करिके पधारे ता बिरियां एकसो आठ सखी आगे पीछे, कोइ छडिदार, कोइ चंवर लीये कोउ मुर्छल, कोउ घोटा, कोउ छांगी लीये, एसे अपने अपने साज लीये आगे पोछे चले हे, मध्यमें श्रीप्रिया प्रियतम गलबांही दिये पधारते हे ॥ सो गादी तकीयापें बिराजे सब सखी अपने अपने स्थानपें साज लीये ठाडी रही, फेरि रासके कीर्तन होवे लगे ॥ पीछे श्रीठाकूरजी नृत्य करवे लगे ॥ युगल स्वरूप गलबांही धरिके सब सखीनके मध्यमें नृत्य करवे लगे जो वा समयको सुख देखेइ बने कहेवेमें नहीं आवे ॥ सो बडे कठोर छातीवारे हुं गदगद कंठ होय गये, फेरि रास करिके बाहिर डेरामें पधारे ॥ अगाडी इनके संप्रदायमें रुपसनातन, हरिवंशजी, व्यासजी, हरिदासजी, कृष्णचैतन्यजी, भये सो तो देखे नहीं हते परंतु इनकुं देखे सो मांनु वि नमें के कोइ जनेमेंकों हे, एसे महानुभावो हते ॥ ओर श्रीप्रियाप्रियतम सानु-भाव होइंगे, एसे देखे ॥ अब इनके छोटे भाइ हे ॥ परंतु इनकी होड नहीं करे ॥ ओर रामानुज संप्रदायमें मथुराजी वारे शेठजीगोविंददास

सरीखे हुं होने कठिन हे, तामें आश्चर्य ऐइ जो केवल जैनमार्गीनमें तो जन्मलीयो सो वे जैनको धर्म छोडोके एसे वैष्णव भये जो अद्यापतांइ गुरुभक्ति एसी अनन्य हे जो केहेवेमें न आवे ॥ इनके छोटे स्वामी जित नें नाच नचावे सो सब कबुल करे हे ॥ ओर हाथ जोडिके ठाडे रहे हे ॥ ओर गोस्वामी बालक उपर तो नहीं परंतु हमारे उपर तो बहुत बडो भाव हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसो चतुर्थ संपूर्ण ॥ १०४ ॥

[वचनामृत १०५ मो.]

अब एकसो पांचमो वचनामृत आप आज्ञा किये जो पुष्टिमार्गके दश प्रकारके धर्म श्रीद्वारकेशजी महाराजने निरुपण करे हे ॥ सो कीर्त्तन ॥ राग इमन केदारो:—आशरो एक दृढ श्रीवल्लभाधिशको ॥ मानसी रीतिको मुख्य सेवा व्यसन लोक वैदिक त्याग शरण गोपीशको ॥१॥ दीनताभावगुण ज्ञान उद्बोध सो घोष त्रिय भावना उभयजाने ! कृष्ण नाम स्फुरे पल न आज्ञा टरे कृत बचन विश्वास मन चित्त आनें ॥ २ ॥ भगवदी जान सत्संगकुं अनुसरे न दिखे दोष ओर सत्य भाखे ॥ पुष्टि पथ मर्म दश धर्म यह विधि कहे सदा चित्तमें श्रीद्वारिकेश राखे ॥३॥ याको अर्थ जो प्रथम धर्म श्रीमहाप्रभूजीको आश्रय दृढ राखनो, तातें सकल मनोरथ सिद्ध होय ॥ गुरु भक्ति बिन अलौकिक भक्ति पदार्थ सिद्ध न होय, तासों दृढ आश्रय राखनों ॥२॥ जो "मानसी भक्ति रीतिको मुख्य सेवा व्यसन" याको अर्थ ॥ जो वैष्णवकुं ओर व्यसन न राखनो, भगवदासक्ति छुटे तातें मानसी रीतिकी मुख्य सेवाहे ताहिको व्यसन राखनो, यातें पुष्टिमार्ग सिद्ध होत हें ॥३॥ लोक वैदिक त्याग शरण गोपीशको" याको अर्थ ॥ जो लोक वैदिक त्याग करिके गोपीश जो प्रभुजी तिनके शरण जानो, जेसे व्रजभक्तन वेणुनाद सूनतहि लोक वेद जो पति पुत्र इत्यादिकको त्याग करिके प्रभूनके शरण गये, तेसे वामें प्रभून विषे तो शरणता हे, ओर ओरनके विषे शरणता

सिद्ध भइ ॥४॥ 'दिनभाव' याको अर्थ ॥ जो सर्वके विषे दिनताभाव राखनो, यासों श्रीठाकूरजो प्रसन्न रहे सोइ ॥५॥ 'गुणगान उद्बोध' सो याको अर्थ ॥ जो प्रभूनके गुणगान करनो, जो उद्बोध जो अर्थ विचारीके करनो, उद्बोध नाम अर्थ विचारवेकोइहे, तामें शुद्धाशुद्धको बोध राखनो, ओर रागको हूं समयानुसार बोध राखनो, तामें गोविंदस्वामीकी आख्यायिका ॥ जो एक समय गोविंदस्वामी एक मठमें चले गये, सो वे मठको बावाजी मनमें आवे तेसे विना रागको गातो हतो, सो गोविंदस्वामी वासों रीस करीके बोले जो तुं ठाकुरजीके आगे एसे कहा गावे हे ॥ तब वानें कह्यो जो तेरे कहा पड्यो हे, मैं तो मेरे रामकुं रिझाउं हुं ? तब फेरि गोविंदस्वामी बोले जो तेरो राम कहा मूर्ख हे जो रिझेगो ? यों कहीके निकसी चले ॥ तब छगनभाइनें प्रश्न कर्यो जो महाराज श्रीनाथजीको सिंधपोलिया रुपा पटेल हतो ते माहाडि नांइ गाया करतो हतो, तेमने एक दिवसे गोविंदस्वामी ए नांहि करी दीधी त्यारे ते गाता बंध थइ गया, त्यारे ते श्रीनाथजीये श्रीगुसांइजीने कह्युं जे आज मने निंद नथी आवी ॥ त्यारे आपे विनती करीके कृपानाथ ! केम ? त्यारे श्रीनाथजीए आज्ञा करी जो गोविंदस्वामीनें हमारी कहानी बंध करी दीनी ॥ तब मंगलभोग धरीने रुपा पोलियाने बोलावीने आज्ञा दीधी जो तुं नित्य गातो तेसो गा ॥ काहुको मानियो मति ॥ ओर गोविंदस्वामीकुं बुलायके आज्ञा दीनी के रुपापोलियाकुं तुम काहेको बरजे, श्रीनाथजी आखि रात जागे ॥ त्यारे गोविंदस्वामीए विनती कीधी के महाराज में यौं नही जानतो जो अपनें घरमें गुड खांड एक भाव हे ? ॥ जेराज ! हमारुं तो जेवुं तेवुं आप माने छे, हमनें शुं आवडे छे, तब आपने आज्ञा करी जो रुपापोलियाकी, कहांनो मानी हे ॥ कछु रागको स्वरुप तथा अपनो यशवर्णन नहि मान्यो हे, केवल का'नीरुपी इनकी सेवा मानी हे ॥ यामें कछु गोविंदस्वामीकी बराबरीतो न माने ॥ ओर रुपा पोलिया हूं परम भगवदीय हते सो इनकुं रासादिक लीलाके दर्शन होते, तासों

इनको सरलभाव देखीके श्रीनाथजी प्रसन्न भये, तासों आपनमें एसी सरल भावना कहां हे जो विनकी होड करे, तासों विनकों दृष्टांत तो सर्वथा आपनकुं दियो न चैये ॥ तासों गुणगान तो उद्बोध सो इ करनो ॥ जासों श्रीठाकुरजी प्रसन्न होय, उद्बोध विना गुणगान तो शूकवत् हे ॥ हृदयमें आनंद नही आवे, आनंद आये बिना भजनानंदको आनंद नहीं होवे हे ॥६॥ घोष त्रिय भावना उभय जाने. घोष भावना सो जो नंदालयकी बाललीला हे ओर त्रिय भावना सो तो श्रीस्वामिनीजीकी निकुंजलीलाकी किशोर लीलाकी हे सो उभय नाम दोयको हे सो जाननो तासों भगवद्लीला हृदयमें प्रवेश करे ॥७॥ कृष्ण नाम स्फुरे' याको अर्थ ॥ जो गुरुदेवनें कृष्णनामकी स्फुर्ति कराइ होय ताकुं भूलनो नहीं, न भूलेमें प्रभूके विषे आसक्ति होय ॥८॥ 'पल न आज्ञाटरे' याको अर्थ ॥ जो श्रीगुरुदेवकी आज्ञा क्षणमात्र उल्लंघन न करनी, उल्लंघन करे तो पुष्टिमार्ग हृदयमें ते जातो रहे, ओर नहीं उल्लंघन करे तो श्रीठाकुरजी प्रसन्न होय, जेसे लौकिक स्त्रीपुत्रादिक अपनो कह्यो न करे ताके उपर केसी रीस आवे हे, ओर कहे प्रमाण करे ताके उपर केसो हेत आवे हे ॥ स्त्रीपुत्रादिक जेसे न मिटे तेसे शरणपणो हु न मिटे, परंतु जो पुष्टिको दान हे सो न होय ॥ तासों बात येके आज्ञा उल्लंघन न करनी ए मुख्य सिद्धांत हे ॥९॥ 'कृत बचन विश्वास चित्त आने' याको अर्थ ॥ कृत वचन जो अष्टाक्षर पंचाक्षर तिनके विषे विश्वास राखनो, तिनकुं चित्तमें लायके हृदयमें पधरावने, ता विश्वासके उपर श्रीगुसांइजी आज्ञा करे हे ॥ सो श्लोकः— यदुक्तं तातचरणैः श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ अत एवास्ति मच्चित्तमैहिके पारलौकिके ॥१॥ याकों अर्थ ॥ जो हमारे तातचरण जो श्रीमहाप्रभुजी तिनको कह्यो जो "श्रीकृष्णः शरणं मम" सो इ या लोक परलोकमें हमारे निश्चे हे ॥ अब दुसरो श्लोकः— मम चित्तस्य विश्वासः श्रीगोपीजनवल्लभे ॥ यदा तदा कृतार्थोहं शोचनियो न कर्हिचित् ॥२॥ याको अर्थ ॥ हमकुं श्रीगोपिजनवल्लभकी विश्वास हे, तबहि हमारो कृतार्थ हे ॥

तासों कृत बचन विश्वास चित्त आने ॥ तासों कृत बचनपर विश्वास होय तब श्रीठाकुरजो हृदयमें पधारे ॥१०॥ "भगवदी जानि सत्संगकुं अनुसरे ना देखे दोष ओर सत्य भाखे" याको अर्थ ॥ जो भगवदीयको सत्संग करनो, तासों दुःसंग न लगे, दुःसंग न लगे तब श्रीप्रभु हृदयमें सदा बिराजे; ताके लिये सत्संग हे ॥ सो या प्रकार पुष्टिमार्गके दश धर्म हे सो मर्मरुपी दशोंक हे ॥ सो श्रीचंद्रमाजीवारे श्रीद्वारिकेशजी महाराज आज्ञा करेहे जो हम सदा ए धर्म चित्तमेंराखे हे तेसे हमारे मार्गके वैष्णव राखो तासों पुष्टिमार्गका फल सिद्ध होय ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोपांचमो संपूर्ण ॥ १०५ ॥

[वचनामृत १०६ मो.]

अब एकसो छठो वचनामृत आप आज्ञा करे ॥ जो ए कीर्तन श्रीद्वारिकेशजी महाराजने अपने लीये श्रीप्रभुनको मिलायवेके लीये सीढीरूप कर्यो हे ॥ सो ए दशधर्म, दशसीढीरुप जानने ॥ तामें प्रथम सीढी तो श्रीगुरुदेवको आश्रय ॥ दुसरी सीढी श्रीगुरुदेवके आश्रयतें, मानसी सेवा मुख्य सिद्ध होय ॥ तिसरी सीढी आश्रयतें तथा मानसी तें, शरण सिद्ध होय ॥ चतुर्थ सीढो आश्रयतें तथा मानसी सेवातें, शरण सिद्ध होयेतें दीनताभाव आवे ॥५॥ सीढी आश्रयतें, तथा मानसी सेवातें, तथा शरणतें, तथा दीनतातें, तो गुणगान उद्बोध सहित सिद्ध होय ॥ उद्बोधसों कीर्त्तनको अर्थ समजनो ॥६॥ सीढी जो आश्रय, तथा मानसी सेवा, तथा शरण, तथा दीनता भाव तें तथा गुणगान उद्बोधनतें, बाललीला किशोरलीला दोउनकी भावना सिद्ध होय ॥७॥ सीढी आश्रय, तथा मानसी सेवा, तथा शरण, तथा दीनता तें, गुणगान उद्बोधनतें, तथा उभयलीलाकी भावना सिद्ध भये तें, श्रीकृष्ण नामकी स्फुर्ति सिद्ध होय ॥८॥ अष्टमी सीढी जो आश्रय तें, तथा मानसी सेवा तें तथा शरण तें, तथा गुणगान उद्बोधनतें तथा उभयलीलाकी भावना सिद्ध भये तें, तथा श्रीकृष्णनामकी स्फु-

र्ति साध्य भये तें, श्रीहरिगुरुदेवकी आज्ञा सिद्ध दृढ होय ॥९॥ सीढी आश्रय तें, तथा मानसी सेवा तें, तथा शरण तें तथा दीनता तें, तथा गुणगान उद्बोधनतें, तथा उभयलीलाकी भावना तें, तथा श्रीकृष्णनामकी स्फुर्ति तें, तथा श्रीहरिगुरुदेवकी आज्ञा सिद्ध दृढ भये तें, श्रीअष्टाक्षर पंचाक्षरके उपर विश्वास आवे ॥१०॥ दशमी सीढी जोआश्रय, तथा मानसी सेवा, तथा शरण, तथा दीनताभाव, तथा गुणगान उद्बोधनतें तथा उभयलीलाकी भावना तें, तथा कृष्णनामकी स्फुर्ति तें, तथा श्रीहरिगुरुदेवकी आज्ञा दृढ भये तें, तथा श्रीअष्टाक्षर पंचाक्षरके उपर विश्वास तें, भगवदीयको सत्संग प्राप्त होय ॥ ए दश सीढी चढे तब पुष्टिमार्ग प्राप्त होय तासों आपनतो एक सीढीके पास हु नहीं गये हे ! तो आगे कहा दिशा होय गी ! आपनतो निःसाधन हे, जिनके लिये श्रीनाथजी या घोर कलियुगमें पधारे हे, सो वे सीढीके पास ले जाइंगे ए भरोंसो निश्चय हे ॥ इन सीढीनके नाम श्रीद्वारिकेशजी महाराजने बताये तासों खबर पडी हे ॥ तासों या कीर्त्तनको पाठ वैष्णवकूं सोवती बिरियां एक दो आवृत्ति जरूर करनो चैये ॥ या तें दुःस्वप्न नहिं आवे, तथा मार्गमें रुचि बढे, तथा मार्गको बोध होय ॥ एसे श्रीद्वारिकेशजी महाराजनें ओर हु कोर्त्तन करे हे सो रसरूप हे ॥ ओर आपनें मुलपुरूष हु कर्यो हे ॥ तामें श्रीमहाप्रभुजीको सबलीला तथा श्रीगुसांइजीको प्रागटय, तथा सातों बालकनके प्रागटय, तथा वहु बेटीनके नाम, सब निरूपण करे हे ॥ सो याको पाठ करे तें निरोध प्राप्त होय ॥ तेसे श्रीमद् भागवत दशमस्कंध हे सो निरोध प्राप्त के हे ॥ तेसे ए मुलपुरूषही हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोछमो संपूर्ण ॥ १०६ ॥

 [वचनामृत १०७ मो.] 

अब एकसो सातमो वचनामृत आप आज्ञाकरि ॥ जो कीर्तन, राग कान्हारोः—ताहिको सिर नाइये जो श्री वल्लभ सुत पदरज रति होय॥ कीजे

कहा आनि उंचे पद वासों कहा सगाइ मोय ॥१॥ सारासार विचारी मतो करि श्रुतिपथ गोरस लियो हे निचोय ॥ ते नवनीत प्रगट पुरुषोत्तम सहज हि गोरस लियो हे बिलोय ॥२॥ जाके मनमें उग्र भरम हे श्रीविट्ठल श्रीगिरिधर दोय ॥ ताको संग विषम विषहूंते भूले चतुर करो जीन कोय ॥३॥ तेज प्रताप देखि अपने चख अस्मसार जो भिदे न तोय ॥ कृष्णदास सुर तें असुर भये असुर तें सुर भये चरणन छोय ॥४॥ याको अर्थ जो ॥ कृष्णदास अधिकारी फेरि वैष्णव देह पायके लीलामें प्राप्त भये ॥ अब कीर्तनको अर्थः—'ताहिको सिरनाइये जो श्रीवल्लभसूत पदरज रति होय' श्रीवल्लभसूत जो श्रीगुसांइजो परम दयाल हे तिनके चरणकमल विषे जिनकी रति होय एसे जो भक्त, तिनकुं दंडवत् करने ॥ ओर सो नही जो कोउ बडाइ दिखावे जासों वैष्णवको प्रयोजन नही ॥ " कीजे कहा आनि उंचे पद वासों कहा सगाइ मोय" ॥ सार तथा असारताको विचार करिके हमनें येह निश्चय कर्यो हे जो 'श्रुतिपथ गोधन लीयो हे निचोय ॥ श्रुति पथ जो बेदकी श्रुति, तिनमेंसुं सार जो वर्णन कर्यो हे, सो दुग्ध रुप पुष्टिमार्ग श्रीमहाप्रभूजी श्रीगुसांइजीनें श्रुतिमें सो निचोइ लियो ओर इहां पुष्टिमार्गमें नवनीत रुप श्रीपुरुषोत्तम हे, सो आपहि श्रीगुसांइजी सहज इ गोरस बिलोय लियो हे ॥ कछू आपकुं परिश्रम नहि पड्यो हे ॥ एसे आप हे ताके भक्त एसे इ जानिके नमन करिवे योग्य हे ॥ जाके मनमें बडो भरम होय, जो श्रीनाथजी ओर श्रीविट्ठलनाथजी न्यारे न्यारे हे, एसो जाके मनमें होय ताकों संग सदा चतुर वैष्णवकुं एसेनको भुलेइ संग मति करनो ॥ तेज प्रताप अपनी आंखनसुं देखो, अस्मसार जो पाषाण जो हजारन वर्ष जलमें पड्यो रहे तो हूं जल भीदे नही ॥ तेसे अपने हृदयको मति राखो ॥ अब तेज प्रत्यक्ष आप दिखावत हे जो में पेहेले सुर हतो, जो श्रीमहाप्रभुजीको तो सेवक, ओर श्रीनाथजीको तो अधिकारी, परिमेंने छ महिना तांई श्रीनाथजी सों वियोग करवायो, तासों असुर होनो पड्यो

फेरि आपनें कृपा करि चरण छुवाइ के सुर कर्यो, ॥ ए बचन कृष्णदास-जीने कहे जो ॥ असुर ते सुरभयो चरणन छोइ ॥ सो श्रीगुरुनको अपराध एसे महानुभावीकुं हुं बाधकभयो तो अपनी कहा दिशा ! ! " या कीर्तनमें दोय बात सिद्ध भइ ॥ एक तो श्री श्रीठाकुरजीमें तथा श्रीगुरूदेवमें भिन्नभाव न करनो, ओर एक श्रीगुरुदेवको अपराध न करनो ॥ ॥ फेरि श्री गुसांइजीने इनको श्राद्ध ध्रुव घाटपें करवायो ॥ ओर कुवा अधुरो हतो सो पुरा करवायो ॥ सो कुवा कृष्णदासजीकोइ बाजे हे ॥ ओर वेरुखहूं कुवाके उपर हे तापें बेठे रेहेते ॥ सो कृष्णदासजीकी वार्तामें प्रसिद्ध हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसो सातमो संपूर्ण ॥

 [वचनामृत १०७ मो.] 

अब आपने एकसो आठमो वचनामृत आज्ञा करे ॥ जो श्रीद्वारिकेशजी महाराजनें अष्ट स्वरूपकी भावनाके कीर्त्तन करे हे ॥ तामें पेहेले श्रीनाथजीको कीर्त्तन ॥ राग बिलावलः—देख्योरीमें श्याम स्वरूप ॥ वामभूजा उंचि करी गिरिधर दक्षिण कर कटि धरत अनूप ॥ बांधी मुष्ट अंगुष्ट दिखावत सन्मुख दृष्टि सुहावे ॥ चरण कमल दोउ संग धरिके कुंजद्वार चित्त लावे ॥२॥ अति रहस्य कुंजनकी लीला हियमें सुमरण कीजे ॥ द्वारिकेश मन वचन अगोचर चरण कमल चित्त लावे ॥३॥ याको अर्थः—श्रीनाथजीके स्वरूपकी भावना ॥ जो श्याम स्वरुप आपको हे सों ' देख्योरी में श्याम स्वरूप ' श्रीद्वारिकेशजी महाराज एसे कहे हे जो ॥ वामभूजा उंची करिके श्रीगिरिराजको कंदरा हे ताकुं पकडे हे, ओर दक्षिण करकी मुठी भीडिके अंगुष्ट दिखावे हे, ओर आपकी दृष्टि सन्मुख हे, चरणकमल दोउ समधरे हे, सन्मुख दृष्टि व्रजभक्तन साम्हे करे हे, ओर कुंजद्वारपें आपको चित्त हे, तासों अति रहस्य कुंज हे ताकी लीलाको हियमें स्मरण करनो ॥ सो श्रीद्वारिकेशजी महाराज कहे हे, जो ए पदार्थ एसो हे जो जातें मनक्रमवचन अगोचर जो इन तिनमें नहीं आवे हे ॥ तब दासने विनती

करी ॥ जो कृपानाथ ! ए तिन मन क्रम वचन सिवाय तो जीवके पास हे नहिं ? तासों पार न पावे तो कछु हु उपाय होयगो ? ॥ तब आपनें आज्ञा करी ॥ जो चरण कमलमें चित्त दिये ते सकल मनोरथ सिद्ध होय हे एसे श्रीद्वारिकेशजी महाराजनें आज्ञा करी हे ॥ श्रीनाथजीके स्वरुपके विषे किशोरलीलाकी भावना हे ओर लीला गुप्त हे तासों टोपीके शृंगार नहीं होय हे ॥ अब श्रीनवनितप्रीयजीके घरमें श्रीनाथजीके शृंगार टिपारेको जानें कियो हे, सो श्रीविट्ठलरायजीके चतुर्थ पुत्र काका श्रीवल्लभजी भये हे तिननें हूं अष्ट स्वरुपके कीर्त्तन करे हे ॥ सो तामें प्रथम कीर्त्तनः—श्रीनाथजीको कर्यो हे ॥ सो पदराग बिलावलः—कुंजद्वार ठाडे सखी पिय देखी वदन चित्त चोरी लियो हे ॥ तनक विलोकि गड्यो तन हिय ॥१॥ वाम भूजा तन चित्त चोरी मोतन ॥ दक्षभुजा कटि मुठी संवारि वक्रभोंह चंचल अनियारे नेनबांन ज्यों डारत मारि ॥२॥ टेढी पाग अरूझी अलकावलि बरुहा चंद धुजा फेहेरात ॥ देखत बने केहेत नहि आवे सूंदर नागर सांवरे गात ॥३॥ कछु संकोच भयो गुरुजनको अब देखे बिन कल न परात ॥ सो उपचार करो मेरी सजनी निरखी दास वारने जात ॥४॥ याको अर्थः—'कुंजद्वार ठाडे सखी पोय' सो कुंजद्वार श्रीनाथजीकी पीठक हे, सो हे, तामें आप ठाडे हे, आपके श्रीमुखको दर्शन करत मात्र हमारो चित्त चोरी लियो हे, सो सुंदरता हृदयमें गडी गइ हे; वाम भुजा उंची करी ह मारो मन हरि लियो हे, ओर 'दक्षभुजा कटि मुठि संवारी' दक्षिण भुजा हे, सो कटिसों लगाय मुठि संवारी हे, ओर वक्र भोंह चंचल अनियारे' ॥ वक्र भोंह नाम तिरछी भोंह हे, ओर नेत्र बहोत चंचल अनियारे हे, सो मानु कामदेवके बाण हे, सो हमारे उपर आप चलावे हे ॥ ओर श्रीमस्तकपें टेढि पाघ हे, सो अलकावलि कुटिल केश पास बिथुरी रहे हे, ओर मोर चंद्रका हे, सो मानुं कामदेवकी ध्वजा हे ॥ सो शोभा वर्णन न होय शके, देखेइ बनि आवे ॥ आप कसेहे जो सूंदर नागर श्याम स्वरूप

हे ॥ फेरि कहे जो लोकलाजतें कछु संकोच गुरुजनको भयो परंतु अब तो देखे बिन कल नहीं परतहे, हे सखी ! अबतो देखवेको उपाय कछु करो ॥ एसे श्रीस्वामिनीजी ललितादि सखीनसों आज्ञा करे हे ॥ सब कीर्त्तनको भावार्थ सो दर्शन करिके कीर्त्तनके कर्त्ता जो काका श्रीवल्लभजी वारनें जाय हे ॥ या कीर्त्तन श्रीनाथजीकी किशोर लीलाको हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसो आठमो संपूर्ण ॥१०८॥

 [वचनामृत १०९] 

अब एकसो नवमो वचनामृत आप आज्ञा किये ॥ जो श्रीनवनित प्रियजीकी भावनाको पद ॥ पेहेले श्रीद्वारिकेशजी महाराजको कर्यो थको सो ॥ राग बिलावलः—नंद आंगन क्रीडत सुखरूप ॥ द्विभुज गौर मांखन कर लीने घुटुरुन चलत अनुप ॥१॥ व्रज युवतिन प्रतिबंध नेक नहि सब देखत उरलावे ॥ द्वारिकेश प्रभुकुं ले गोपी तनके ताप समावे ॥२॥ याको अर्थः—श्रीनंदरायजीके आंगनमें सुखदरूप खेलतहे, सो केसे हे, जो सुंदर गौर स्वरुप, द्विभुज हे, श्रीहस्तमें माखन लिये हे ॥ तासों नाम श्रीनवनितप्रियजी हे ॥ ओर घुटुरुन चले हे सो उपमाकों कोउ देवे लायक नहीं तासों अनुप वर्णन करे हे, बाललीलाहे तासों सब देखतें व्रजभक्त गोदीमें ले हे, उनकूं कोउको प्रतिबंध नहीं हे, विनके मनोरथ सकल सिद्ध करे हे, ताहोसों श्रीद्वारिकेशजी महाराज आज्ञा करे हे, जो गोपी श्रीनवनितप्रियजीकुं लेके तनके ताप समावत हे ॥ अब श्रीकाका वल्लभजीने वर्णन कर्यो हे सो पद ॥ राग बिलावलः—ले जु गयो चित्त मांखन प्यारो ॥ तनक कमल मुखमें द्वेदतियां इन आंखन तें होत न न्यारो ॥१॥रिंगनलीला भाव जनावत मर्यादा रहित ए रूप ॥ कटि किंकनी ओर पाय पेंजनी फिरि चितवत हसत बजत अनुप ॥२॥ देखी सखो लपटे भुजभीडत नखछत कुच कपोलकर परसत ॥ केहेत फिरत सबसों नंदरानी देखि मैया बावरो व्हे दरसत ॥३॥ मुग्धभाव गोपिनसों सोचत यह लीला कोउ अन्य न जाने

के जाने सेवा संयोगी ॥ दास भावादिक लेश बखाने ॥४॥ याकों अर्थः— हमारो चित्त जो नवनितको प्यारो हे सो ले गयो, कमलमुख हे तामें छोटी छोटी द्वेदतियां हे सो ए हमारी आंखनमेंतें न्यारे नहि होय हे ॥ आप बाल-लीला हे तहां मर्यादा नही हे, तासों मर्यादारहित ए रूप हे ओर कटिपें किंकणी तथा चरणारविंदमें नुपुर फिरते बजत हे, ओर देखते तथा हस-ते कटिमें किंकणी हे सो बजत हे ॥ ओर सखीकूं देखिके आप हसत हे लपटत हे. ओर अनेक इनके लीलाके मनोरथ सो सिद्ध करत हें ॥ ओर मातृ चरण श्रीनंदरानी जो श्रीयशोदाजीकूं देखिके बावरेसें दर्शन देत हे ॥ ओर मुग्ध जो बाललीलाको सूचना गोपीजनकुं करावत हे, ओर कोउ नही जानत हे यह लीला सेवासंयोगी होय साइ जानत हे ॥ के लेश नाम थोडोसो भाव दास जो श्रीवल्लभजी बखाने हे ॥ एसे दोय कीर्त्तन सों श्रो नवनितप्रियाजीकों स्वरूपमें बालभाव तथा किशोर लीलाको भाव दोइ प्रत्यक्ष दर्शन देत हे ॥ अब तिसरो कीर्त्तन ॥ राग बिलावलः—हों वारी नवनितप्रिय ॥ नित उठि देत उराहनो आवत चोरी लावत धोखत्रिया ॥१॥ तुम बलराम संग मिलिके सुत यह आंगन खेलो दोउ बारे ॥ निर-खि निरखि नेंन सचुपाउं प्राणजीवन धनसांवलीया ॥२॥ जो भावे सो लेहु मेरे मोहन माखन मिश्रि दुध घैया ॥ चत्रभूज गिरिधर काके घर तुमहुतें कछु अधिक श्रिया ॥३॥ याको अर्थ ॥ श्रीयशोदाजी श्रीठाकुरजीसों केहेत हे, जो हे नवनितप्रिये ! तिहारे वारने जाउं जो दूर खेलवे मति जाउ, ए व्रजकी स्त्री हे जो नित्य उराहनो लावे हे, तुम्हारी चोरीको, तासों तुम ओर बलराम इहांइ खेलो ॥ या आंगनमें खेलो सो में देखिके बहोत स चुपाउं; जो हमारे प्राणजीवन धन सांवलिया तुम हो, ओर तुमकुं अरोग वेकी इच्छा होय सों में मांखन मिश्रि दुधकी घैया इहांइ देउं, तुम सरिखे ओरनके कहाहे ॥ एसे मातृ चरण आज्ञा करे हे सो चतुर्भुजदास गाये हे ॥ यामें हुं बालकिशोर दोय लीला हे ॥ ओर सूरदास गाये हे सो पद

शोभित करनवनीत लिये ॥ घुटुरुं चलत रेंन तन मंडित मुख दधि लेप किये ॥१॥ चारू कपोल लोल लोचन छबि गोरोचनके तिलक दिये; लर लटकत मानु मत्त मधुपगन मादक मधुर पिये ॥२॥ कंठुलाकंठ वज्रकेहरिनख राजत हे सखी रुचिर हिये ॥ धन्य सूर एकोपल यह सुख कहा भयो शतकल्प जिये ॥३॥ याको अर्थः—जो श्रीहस्तमें नवनित लीये शोभित हे ॥ ओर घुटुरुन चलत हे, ओर श्रीअंगमें व्रजकी रज लगी रही हें, ओर श्रीमुख दधिसों भर्यो हे, सुंदर कपोल हे, ओर चपल नेत्र हे, ओर गोरोचनको तिलक श्रीमस्तकपें दियो हे, मोतिनकीलर तथा लटकन लटकी रह्यो हे, मत्तमधुप जो भंवरकोसी गति ओर गनहे सो आपके श्रीमुख कमलकी सुगंध सोइ मादक पीवें हे, ओर श्रीकंठमें कठुला तथा वज्रकेहरिनख जो वघनखा हृदय स्थलके उपर बिराजत हे ॥ एसी शोभा देखीके सूरदासजी कहे हे जो ए समयकी एक पलक धन्य हे, ओर बातमें शतकल्प जीवनो सो वृथा हे ॥ यह कीर्त्तन बालभावको पेहेलेइ सूरदासजी श्रीनवनितप्रियाजीके दर्शन करत मात्रहि निरूपण कर्यो हे ॥ सो या कीर्त्तनको भाव परम अलौकिक हे ॥ सो सुरदासजीनें जान्यो के जाके उपर श्रीमहाप्रभुजी कृपा करे सोइ जानें ॥ एसे श्रीनवनित प्रियाजीके स्वरूपको वर्णन चार कीर्त्तन सो भयो हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोनवमो संपूर्ण ॥१०९॥

[वचनामृत ११० मो.]

अब एकसो दशमो वचनामृत आप आज्ञा करे हे जो ॥ श्रीमथुराधीशको वर्णन श्रीद्वारिकेशजी महाराजनें कर्यो हे सो पद राग बिलावलः—या व्रजको रसरुप स्वरुप ॥ चार्यो भूजा चार आयुद्ध हे कमल स्वामिनी रूप ॥१॥ चक्र तेज चंद्रावलिजुको शंख श्रीयमुनाजी जानो ॥ गदा कुंमारी श्यामरूप धरि द्वारकेश पेहेचानों ॥२॥ याको अर्थः—ए जो व्रज हे ताको परम रसरुप स्वरुप ए श्रीमथुरेशजी हे ॥ सो चार भूजामें चार आयुद्ध धरे

हे, ताकी भावना करे हे ॥ जो श्रीहस्तकमल हे सो मुख्य श्रीस्वामिनीजीको भाव हे–स्वरुप हे, ओर चक्रहेय सो श्रीचंद्रावलीजीको तेजहे सो इ स्वरूप हे, शंख श्रीयमुनाजीको स्वरुप हे, ओर गदा हे सो कुमारिकाको स्वरुप हे, एसे चारों यूथ छिपायके आयुद्ध रुप सों निरंतर अपने पास राखे हे ॥ सो श्रीद्वारकेशजी महाराज केहेत हे जो हमने पेहेचाने हे ॥ अब श्रीकाका वल्लभजीने श्रीमथुरेशजी तथा श्रीद्वारिकाधीशको भेलो कीर्त्तन कर्यो हे सो पद ॥ राग बिलावल ॥ ब्रजमें ठाकुर दोय चतुर्भुज ॥ श्रीमथुरेश ओर श्रीद्वारकेश जु मुख्य मर्याद पुष्टिलीलाधुज ॥१॥ इन द्वे हस्तनेंनसों चांपत द्वेकर मुरली टेरि देत सुर ॥ पिया बिलखि मनमांझ लजानी ए तो बंसी दुर बजत भर ॥२॥ इत लीला करि मान मनावत इत लीला करि नेत्रन मेलन ॥ इन द्वे हस्त कुसुम मारग सजि द्वे कर डारि उंची सी मेलन ॥३॥ इन मनुहार करी प्यारी सों इन हसाय खिलाय रहे लसि ॥ द्वे स्वरुप दरशन बरखत रस पियो दास इन अखियन तरसत ॥४॥ याको अर्थ ॥ जो याव्रजमें ठाकुर दोयचतुर्भुज हे, एक तो श्री मथुराधीश एक श्रीद्वारिकाधीश. एक के मुख्य मर्याद एक पुष्टि लीलाजधुन रुपहे ॥ श्रीद्वारिकाधीश द्वे श्री हस्तसों श्रीस्वामिनीजीके नेत्रकमल मुंदे हे, ओर श्रीमथुराधीश वेणुनाद कर्यो द्वे श्रीहस्तसों, श्रीस्वामिनीजी मनमें सकुचायके कहो जो ए तो मुरली दूर वजत भर ॥ दूर बंसी बजो, तासों श्रीस्वामिनीजीने मान कर्यो ताको श्रीमथुराधीशनें निवारण कर्यो ओर श्रीद्वारिकाधीशनें नेत्र मुंदे हते सो लीला करिके छोडि दिये ॥ सो पद ॥ राग पुरवी ॥ पाछें ललिता आगे श्यामाप्यारी, ता आगे पिय मारग फुल विछावत जात ॥१॥ कठिन कलि बिनी बिनी करत हे न्यारी न्यारी प्यारीके चरण कोमल जानि कछुक सकुच गडिवेहु डरात ॥१॥ बिरधी लता उंची करि निरवारत उंचे ले डारत ...म पल्लव पान ॥ सूरदास मदनमोहन पीयको आधीनताइ देखतरी मेरे नेंन सिरात् ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोदशमो संपूर्ण ॥११०॥

 [वचनामृत १११ मो.]

अब एकसो एकादशमो वचनामृत आप आज्ञा करे हे ॥ जो श्रीमथुराधीशने तो पुष्टिको मार्ग सिद्ध कर्यो ओर श्रीद्वारिकाधीश बिरधि लता उंची करी निरवारत हे ॥ बिरधि जो बडिलता भूमिसों ऊको रही हे सो निरवारत हे ॥ श्रीद्वारिकाधीशनें तो मनुहारि करी ओर श्रीमथुराधीशनें मानको निवारण कर्यो ॥ हसाय खिलायके रिझाए एसे श्रीद्वारिकाधीश दोउ स्वरूप धरिके एक भावना करी हे तातें एक रुप जाननें तहां गाये हे ॥ जो द्वे स्वरुप दरशन बरषतरस ॥ सोदोउ स्वरुपके दर्शन मात्र तें रसवृष्टि भइ ॥ रस जो आनंद ताकी वृष्टि होत हे ॥ जो दास जो श्रीगोस्वामीकाका श्रीवल्लभजी महाराज कहे हे, जो "पियोदास इन अखियन तरसन" जो बहोत दिनाकी प्यासी हती सो दर्शन मात्र तें रस वृष्टि भइ सो पान करि लिये सो ए दोउ स्वरुपमें किशोरलीलाकी भावना हे ॥ किशोरलीला तो प्रगट हे, ओर बाललीला अति गूढ हे ॥ ओर श्रीमथुराधीशकी तथा श्रीद्वारिकाधीशकी रीति बहोतसी एक हि मिले हे ॥ ओर परस्पर शृंगार व्यवहार हे ॥ इति श्रीगिरिधरलालजी महाराजके वचनामृत एकसोएकादश संपूर्ण ॥ १११ ॥

 [वचनामृत ११२ मो.]

